
श्रीगणेशायनमः

चिन्ताहरणजंत्री

प्रवर्तक-पं. बचान प्रसाद त्रिपाठी, रमलसम्राट्, तांत्रिक शिरोमणि
कसमण्डा राज्य (सीतापुर)



अर्थात्

भाग्योदय पञ्चाङ्ग

सम्वत्
२०३३-२०३४वि०

सन् १९७७ई.

प्रकाशक- ठाकुर प्रसाद एण्ड सन्स बुकसेलर, राजादरवाजा, वाराणसी

मूल्य ४)२५ चार रुपया पचीस पैसा

…द्ध स्व० पं० श्रीबचानप्रसाद त्रिपाठी
ज्योतिष-शिरोमणि, रमल-सम्राट्, कसमण्डा राज्य
प्रवर्तक—चिन्ताहरण जंत्री

अखिल भारतीय ज्योतिर्विज्ञान-सम्मेलन—

…न जो अधिवेशन सहारनपुर उ०प्र०)में अक्टूबर सन् १९७… हुआ था, उसका संक्षिप्त विवरण सन् १९७५ ई० की 'चि…हरण जंत्री' के पृष्ठ २ पर प्रकाशित किया गया था। इस स…लन का द्वितीय अधिवेशन सन् '७६ की ता० १६ जून से १८ जून तक देहरादून (उ०प्र०)में अत्यन्त सफलता… सानन्द सम्पन्न हुआ। इस त्रिदिवसीय सम्मेलन के प्रथम… का प्रथम अधिवेशन फलित ज्योतिष के अन्तरराष्ट्रीय ख्या… प्राप्त विद्वान् श्री प्रो. बी. वी. रमन, संपादक 'एस्ट्रालॉजि… मैगजीन' के सभापतित्व में सम्पन्न हुआ था। दूसरे दि… प्रथम अधिवेशन इन पंक्तियों के लेखक के सभापतित्व में… मध्याह्नोत्तर दूसरी सभा मद्रास की सुप्रसिद्ध महिला ज्योति… सुश्री के. एन. सरस्वती की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। त… दिन के प्रथम अधिवेशन के सभापति थे वाराणसी के प्र… ज्योतिषी डॉ. जीवनाथ ओझा तथा मध्याह्नोत्तर की दूसरी… इस सम्मेलन के स्थायी सभापति भारत-प्रसिद्ध ज्योतिष-वि… श्री डी. सुब्बाराव के सभापतित्व में सञ्चालित होकर अ… उल्लास एवं पारस्परिक स्नेहसिक्त वातावरण में इस ज्यो…विज्ञान-सम्मेलन का समापन हुआ। इस सम्मेलन में दे… विभिन्न प्रान्तों से समागत, त्रिस्कन्ध भारतीय ज्योतिष… विभिन्न शाखाओं के विशेषज्ञ विद्वानों ने सर्वसम्मति से मु… 'ज्योतिष-शिरोमणि' की जो सम्मानित उपाधि प्रदान की, … लिए मैं उन सभी सम्मान्य विद्वानों, सम्मेलन के संयोजकों तथा सभा में समवेत सभी सम्माननीया बहनों तथा आदर… बन्धुओं के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता प्रकट करता हूँ। सम्मेलन से काशी वापस आने पर मेरा स्वास्थ्य उत्तरोत्तर बिग… गया और समुचित चिकित्सा के प्रति अपनी सहज उपेक्षावृत्ति के कारण अंततः मैं अत्यन्त अशक्त होकर रुग्ण-शैय्या… आश्रित हो गया। इस जंत्री के प्रकाशक-फर्म बा. ठाकुर प्रसाद एण्ड सन्स के वरिष्ठ संचालक श्रीगणेशप्रसादजी गुप्त… मेरे साथ उक्त सम्मेलन में सम्मिलित हुए थे; उनकी तथा मेरी हार्दिक इच्छा रही कि सम्मेलन में समागत समस्त वि… का चित्र-परिचय, भाषण, लेखादि की एक 'स्मारिका' ज्योतिष-जगत के उपकारार्थ यथाशीघ्र प्रकाशित की जाय तथा … सम्मेलन का विशद विवरण भी इस जंत्री में छापा जाय; किन्तु मेरे स्वास्थ्य की दशा चिंताजनक हो जाने के कारण… सब कार्य अबतक नहीं हो पाया, जिसके लिये हम तथा जंत्री के प्रकाशक महोदय समस्त ज्योतिष-जगत से खेदपूर्वक क्ष…प्रार्थी हैं। अब मेरा स्वास्थ्य क्रमशः सुधर रहा है और हमें आशा है कि सम्मेलन तथा ज्योतिष-जगत को हमसे जो अपे… हैं, उन्हें हम विश्वनाथजी की कृपा से पुरी कर सकेंगे।

—जगजीवनदास गुप्त, संप…

✻ विषय-सूची ✻

* नित्य-प्रार्थना *

मनुष्य अपने सच्चिदानन्द स्वरूप को भूल कर संसार में अनेक प्रकार के कष्ट सहता है और अविद्या के कालपाश में आबद्ध होकर असंख्य यन्त्रणाएँ भोगता रहता है। प्राणीमात्र को उसके दुःख से मुक्ति दिलानेवाली अमोघ शक्ति केवल "प्रार्थना" है जिसके द्वारा वह आत्म-शान्ति प्राप्त करता तथा अपने हृदयस्थ चेतन-केन्द्र में अवस्थित होकर चिर-काल के लिए मुक्त हो जाता है। इसलिए जो व्यक्ति चिन्ताओं से छुटकारा और अपने क्लेशों से मुक्ति चाहता है, लोक में सुख-समृद्धि अथवा भगवत्-प्राप्ति का अभिलाषी है, वह इस प्रार्थना को प्रतिदिन किया करे।

हिन्दूमात्रको निम्नलिखित प्रार्थना नित्य सायंकाल को सूर्यास्तके समय कर लेनी चाहिए। निश्चित समय पर, जिस स्थान पर जो जहाँ उपस्थित हों, उन्हें सात मिनट की प्रार्थनाका नियम अवश्य पूरा कर लेना चाहिए। सभी जातिकी स्त्री, पुरुष तथा बालकों के लिए प्रार्थना का व्रत लेना सब प्रकार से कल्याणकारी है। (पूज्यपाद महामना मालवीयजी)

साथ ही प्रत्येक पुरोहित, पुजारी का कर्त्तव्य है कि इस प्रार्थना का घर-घर में व्रत धारण करायें, व्यापक प्रचार करें। विशेष जानकारी के लिए 'प्रार्थना-समिति', ब्रह्मचर्य-आश्रम, नैमिषारण्य (सीतापुर) उ.प्र. को लिखें। प्रार्थना यह है—

* प्रार्थना *

जय जय सुरनायक जन सुखदायक प्रनतपाल भगवंता। गो-द्विज हितकारी जय असुरारी सिंधु-सुता प्रिय-कंता ॥
पालन सुर-धरनी अद्भुत करनी मरम न जानइ कोई। जो सहज कृपाला दीनदयाला करउ अनुग्रह सोई ॥
जय जय अविनासी सब घटवासी व्यापक परमानंदा। अविगत गोतीतं चरित पुनीतं मायारहित मुकुंदा ॥
जेहि लागि बिरागी अति अनुरागी बिगत मोह मुनि बृंदा। निसि बासर ध्यावहिं गुन-गन गावहिं जयति सच्चिदानंदा ॥
जेहि सृष्टि उपाई त्रिबिध बनाई संग सहाय न दूजा। सो करउ अघारी चिंत हमारी जानिय भगति न पूजा ॥
सो भव-भय-भंजन मुनि-मन-रंजन गंजन बिपति बरूथा। मन बच क्रम बानी छाँडि सयानी सरन सकल सुरजूथा ॥
सारद श्रुति-सेषा रिषय असेषा जा कहुँ कोउ नहिं जाना। जेहि दीन पियारे बेद पुकारे द्रवौ सो श्रीभगवाना ॥
भव-बारिधि मंदर सब बिधि सुन्दर गुनमंदिर सुख-पुंजा। मुनि सिद्धि सकल सुर परम भयातुर नमत नाथपद-कंजा ॥

* श्रीप्रयागराज में कुम्भमहापर्व *

चतुरः कुम्भांश्चतुर्धा ददामि (अथर्ववेद ४।३४।७) पूर्णः कुम्भोऽधिकाल आहितस्तं वै पश्यामो बहुधानु सन्तः। स इमा विश्वा भुवनानि कालं तमाहु परमे व्योमन्॥ (अथर्ववेद १९।५३।३) प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जयिनी(अवन्तिका) और नासिक इन चारों में-से प्रत्येक स्थान पर प्रायः हर बारहवें वर्ष विशिष्ठ ग्रहयोगवशात् कुम्भ महापर्व पड़ा करता है—देवानां द्वादशाहोभिर्मर्त्यैर्द्वादशवत्सरैः। जायन्ते कुम्भपर्वाणि तथा द्वादश संख्यया॥ (शंकर-संहिता) इस परम पवित्र पर्व का उल्लेख वेदों तक में मिलने से सिद्ध है कि यह वैदिक सनातन धर्म का अत्यन्त प्राचीन महान् पर्व है। ऋग्वेद का एक मंत्र है—जघान वृत्रं स्वधितिर्वनेव रुरोज पुरो अरदन्न सिन्धून्। बिभेद गिरिं नवमिन्न कुम्भमा गा इन्द्रो अकृणुत स्वयुग्भिः॥ अर्थात् कुम्भपर्व में जानेवाला व्यक्ति स्वयं अपने में फलरूप से प्राप्त होनेवाले स्नान-दान होमादि सत्कर्मों से काष्ठ काटनेवाले कुठारादि की भाँति अपने पापों का प्रक्षालन करता है। प्रयागराजमें कुम्भपर्व कब पड़ता है, इसके विषय में शास्त्र-वचन है—"मकरे च दिवानाथे वृषगे च बृहस्पतौ कुम्भयोगो भवेत्तत्र प्रयागे चातिदुर्लभे॥" इस वचनानुसार विगत सन् १८८२ ई० से सन् १९६६ ई० तक प्रत्येक १२ वर्ष के बाद प्रयागराज में कुम्भपव होता रहा है एवं प्रत्येक कुम्भ के अवसर पर माघी अमावस्या को स्पष्टगुरु वृषराशि में था; विगत सन् १९६६ ई० के कुम्भपर्व पर भी दृश्यगणित के अलावा सबीज सूर्यसिद्धान्तीय एवं मकरन्दीय-गणितानुसार भी स्पष्ट गुरु वृष में था; वस्तुतः मकरन्द की रचना सूर्यसिद्धान्त में बीज-संस्कार देकर की गई है; उपर्युक्त शंकर-संहिता के वचन नुसार विगत सन् १९६६ ई० के कुम्भ के १२ वर्ष बाद अब प्रयागराज मे अगला कुम्भपर्व सन् १९७८ ई० में होना चाहिए था; किन्तु उस वर्ष की माघ-अमावस्या को चंद्र-सूर्य के मकरस्थ रहने पर स्पष्टगुरु वृषराशि मे न होकर मिथुन राशि में रहेगा। सन् १९७७ ई० की माघी अमावस्या को मकरस्थ सू. चं. के योग मे मध्यम गुरु यद्यपि वृषराशि में ही रहेगा; किन्तु स्पष्ट गत्या वह मेष के २७°।४०'।१५" पर रहेगा। उक्त माघ की अमावस्या को मिथुन के गुरु मे प्रयागराज में कुम्भपर्व को मान्यता प्रदान करने-वाला कोई शास्त्रीय वचन नहीं मिलता, प्रत्युत् सौरवर्षमानापेक्षा गुरु का वर्षमान ४·२३ दिन कम अर्थात् सूर्य के द्वादश-भगणकाल की अपेक्षा गुरु का भगणकाल ५०·५ दिन कम होने के कारण गत ८ कुम्भपर्वों के बाद यह ९वाँ कुम्भपर्व १२ वर्ष के बजाय ११ वर्ष पर माघी अमावस्या को मेषस्थ गुरु में मनाने का आदेश शास्त्रकारों ने दिया है; यथा—माघे मेषगते जीवे मकरे चन्द्रभास्करौ। अमावस्या तदा योगः कुम्भाख्य तीर्थनायके॥ मकरे च दिवानाथे अजगे च बृहस्पतौ। कुम्भयोगो भवेत्तत्र प्रयागे ह्यतिदुर्लभः॥ यह योग सन् १९७७ ई० में सं. २०३३ की माघ कृष्ण अमावस्या बुधवार को पड़ रहा है। कुम्भपर्व पर त्रिवेणी-स्नान और त्रिवेणी-जलपान करने से समस्त पापों से मुक्ति होती है और कुल की सात पीढ़ियाँ पवित्र होती हैं; यथा—"कुम्भे स्नात्वा च पीत्वा च त्रिवेण्यां च युधिष्ठिरं। सर्वपापविनिर्मुक्तः पुनात्यासप्तमं कुलम्॥ श्रीप्रयागराज में कुम्भमहापर्व के ३ स्नान होते हैं जिनकी तिथि तारीखें नीचे दी जाती रही हैं—१—प्रथम स्नान—श्रीसंवत् २०३३ माघ कृष्ण अष्टमी गुरुवार को मकर-संक्रान्ति होगी, उसके द्वितीय दिन नवमी शुक्रवार को मकर-संक्रान्ति के पुण्यकाल में ता. १४ जनवरी सन् १९७७ ई० को कुम्भमहापर्व का प्रथम स्नान होगा। २—द्वितीय मुख्य स्नान—माघ कृष्ण ३० बुधवार मौनी अमावस्या ता. १९ जनवरी '७७ को होगा। ३—तृतीय स्नान—माघ शुक्ल ५ सोमवार बसन्त-पञ्चमी ता. २४ जनवरी'७७ को होगा। उपर्युक्त कुम्भ-स्नान में सर्वप्रथम स्नान निरञ्जनी अखाड़े का, द्वितीय स्नान निर्वाणी और तृतीय स्नान जूना अखाड़े का होता है। अनेक धर्मप्राण महानुभाव तो पूरे माघमास भर

तीर्थराज प्रयाग में कल्पवास कर कुम्भ-महापर्व के उपर्युक्त तीनों स्नान का अक्षय पुण्य-लाभ करते हैं। इस सुदुर्लभ अवसर पर देश के कोने-कोने एवं गिरि-कन्दराओं से सिद्ध महात्मागण, महामण्डलेश्वर, सर्व अखाड़ों के महन्तगण, नागा वैरागी वैष्णवादि संप्रदायों के धर्माचार्य एवं पूज्य साधु-सन्तों का अपूर्व समागम होता तथा विविध यज्ञानुष्ठान, भगवत्कथा प्रवचन कीर्तनादि का आयोजन होता है जिसमें अधिकाधिक जनता को सम्मिलित होकर तीर्थ-सेवन के नियमों का पूर्णतया पालन करते हुए अक्षय पुण्यार्जन करना चाहिए।

❁ पुरुषोत्तम मास के कर्तव्य ❁

संवत् २०३४ में अधिक मास 'श्रावण' है। अधिक मास को 'मलमास' और 'पुरुषोत्तम मास' भी कहते हैं। 'मलमास' के रूप में निन्दित इस मास को भगवान पुरुषोत्तम ने अपना नाम देकर कहा है कि अब मैं इस मास का स्वामी हो गया हूँ और इसके नाम से सारा जगत पवित्र होगा। मेरी साहश्यता प्राप्त कर यह मास अन्य सब मासों का अधिपति होगा। यह जगत्पूज्य एवं जगत्वंदनीय होगा और इसकी पूजा करनेवाले सब लोगों के दारिद्रय का यह नाश करनेवाला होगा। पुरुषोत्तम मास में नियम से रहकर भगवान् की विधिपूर्वक पूजा करने से भगवान अत्यन्त प्रसन्न होते हैं। भगवान् का यह पूजन करनेवाला यहाँ सब प्रकार के सुख भोगकर मृत्यु के बाद भगवान् के दिव्य लोक में वास करता है। महर्षि वाल्मीकि ने पुरुषोत्तम मास के नियमों के सम्बन्ध में कहा है कि इस मास में गेहूँ, चावल, सफेद धान, मूँग, जौ, तिल, मटर, बथुआ, शहतूत, पालक, ककड़ी, केला, घी, कटहल, आम, हर्रे, पीपल, जीरा, सोंठ, इमली, सुपारी, आंवला सेंधा नमक आदि हविष्यान्न का भोजन करना चाहिये। सब प्रकार के अभक्ष्य मांस, शहद, चावल का मांड़ चौलाई उड़द, राई, प्याज, लहसुन, नागरमोथा, नशे की चीजें, छत्री, गाजर, मूली, दाल, तिल का तेल, दूषित अन्न का त्याग करना चाहिये। किसी प्राणी से द्रोह नहीं करना चाहिये। पर-स्त्री का भूलकर भी सेवन नहीं करना चाहिये। देवता, वेद, ब्राह्मण, गुरु, गाय, साधु-संन्यासी, स्त्री और बड़े लोगों की निन्दा नहीं करनी चाहिये। ताँबे के वर्तन में गाय का दूध, चमड़े में रक्खा हुआ पानी और केवल अपने लिए पकाया हुआ अन्न दूषित माना गया है। अतएव इनका त्याग करना चाहिए। हो सके तो पूरे मास जमीन पर सोना और एक ही समय भोजन करना चाहिये। प्रातःकाल सूर्योदय से पहले अवश्य उठ जाना चाहिए। शौच, स्नान, सन्ध्या आदि अपने-अपने अधिकारानुसार नित्यकर्म कर भगवान का पूजन-भजन करना चाहिए। पुरुषोत्तम मास में श्रीमद्भागवत का पाठ करना महान् पुण्यदायक है। एक लाख तुलसी-पत्र से शालिग्राम भगवान् का पूजन करने से अनन्त पुण्य होता है। पुरुषोत्तम मास में 'गोवर्द्धनधरं बन्दे गोपालं गोपरूपिणम्। गोकुलोत्सवमीशानं गोविन्दं गोपिकाप्रियम्।' इस मन्त्र का एक महीने तक भक्तिपूर्वक बार-बार जप करने से पुरुषोत्तम भगवान् की प्राप्ति होती है। मन्त्र जपते समय श्रीराधिकाजी सहित द्विभुज, मुरलीधर, पीत-वस्त्रधारी श्रीपुरुषोत्तम भगवान् का ध्यान करना चाहिए।

श्रद्धा, भक्तिपूर्वक भगवान् का नाम-जप, स्थान-स्थान में भगवन्नाम-कीर्तन, गो-रक्षा के लिए दान, विधवा, अनाथ, असहाय लोगों की निष्काम सेवा तथा धर्माचरण का दृढ़तापूर्वक पालन इस मास में विशेषरूप से करना चाहिए, जिससे अपना और विश्व का सर्वविध कल्याण हो।

✻ सरकारी छुट्टियाँ सन् १९७७ ई० ✻

क्र. सं.	छुट्टी	दिन सं.	तारीख	वार
१	नववर्ष-दिवस	१	१ जनवरी	शनिवार
२	*मुहर्रम (ताजिया)	१	१ ,,	शनिवार
३	मकर-संक्रान्ति	१	१४ ,,	शुक्रवार
४	मौनी अमावस्या	१	१९ ,,	बुधवार
५	बसन्त-पंचमी	१	२४ ,,	सोमवार
६	भारतीय गणतंत्र-दिवस	१	२६ ,,	बुधवार
७	सन्त रविदास-जयंती	१	४ फरवरी	शुक्रवार
८	*चेहल्लुम	१	९ ,,	बुधवार
९	महाशिवरात्रि	१	१६ ,,	बुधवार
१०	*बारावफात (मिलादुवन्नवी)	१	३ मार्च	गुरुवार
११	होली	२	५-६ ,,	शनि. रविवार
१२	श्रीरामनवमी	१	२९ ,,	मंगलवार
१३	*ग्यारहवीं शरीफ	१	१ अप्रैल	शुक्रवार
१४	महावीर-जयंती	१	२ ,,	शनिवार
१५	गुडफ्राइडे	१	८ ,,	शुक्रवार
१६	वैशाखी	१	१३ ,,	बुधवार
१७	सूर्य-ग्रहण	१	१८ ,,	सोमवार
१८	बुद्ध-पूर्णिमा	१	३ मई	मंगलवार
१९	बैंकोंकी अर्धवार्षिकलेखाबंदी	१	३० जून	गुरुवार
२०	*शबेबरात	१	१ अगस्त	सोमवार
२१	स्वतंत्रता-दिवस	१	१५ ,,	सोमवार
२२	*रमजान (रोजा)	१	१७ ,,	बुधवार
२३	श्रीकृष्ण-जन्माष्टमी	१	५ सितम्बर	सोमवार
२४	*जमातुलविदा (रमजानका आखरी जुम्मा)	१	९ ,,	शुक्रवार
२५	*ईद-उल-फितर	१	१६ ,,	शुक्रवार
२६	विश्वकर्मा-पूजा	१	१७ ,,	शनिवार
२७	महात्मा गांधी-जयंती	१	२ अक्टूबर	रविवार
२८	पितृ-विसर्जन (महालया अमावस्या)	१	१२ ,,	बुधवार
२९	दशहरा (विजय दशमी)	१	२१ ,,	शुक्रवार
३०	भरत-मिलाप	१	२२ ,,	शनिवार
३१	दीपावली	३	१०,११,१२ नव.	गु.शु.श.
३२	*ईदुजुहा (बकरीद)	१	२२ ,,	मंगलवार
३३	कार्तिकी पूर्णिमा एवं गुरुनानक जन्म-दिवस	१	२५ ,,	शुक्रवार
३४	गुरुतेगबहादुर बलिदान-दि.	१	१४ दिसम्बर	बुधवार
३५	*मुहर्रम (ताजिया)	१	२१ ,,	बुधवार
३६	बड़ा-दिन	१	२५ ,,	रविवार
३७	बैंकोंकी वार्षिक लेखाबंदी	१	३१ ,,	शनिवार

नोट—*१. इन मुसलिम छुट्टियोंकी तारीख जिलाधीश स्थानीय चंद्र-दर्शन के अनुसार फिर से निर्धारित कर सकते हैं;
२. उपर्युक्त छुट्टियों को सरकारी गजट से मिला लेना चाहिए। किसी भूल का उत्तरदायित्व संपादक पर नहीं है।

❀ संवत्सर का फल ❀

अचिन्त्याव्यक्तरूपाय निर्गुणाय गुणात्मने । समस्त जगदाधार-मूर्तये ब्रह्मणे नमः ।।
तत्तद्गतिवशान्नित्यं यथा दृक्तुल्यतां ग्रहाः । प्रयान्ति तत् प्रवक्ष्यामि स्फुटीकरणमादरात् ।। (सूर्य-सिद्धान्त स्प.।।१४।।)
यस्मिन्पक्षे यत्रकाले येन दृग्गणितैक्यकम् । दृश्यते तेन पक्षेणकुर्यातिथ्यादि निर्णयम् ।। (महर्षि वशिष्ठ)

नवीनधारामवलम्ब्य चिन्ताहन्त्रीं नवां दृग्गणितैक्यसिद्धाम् ।
संभूय जन्त्रीममलां चकार बचान् प्रसादौ जगजीवनेन ।।
श्रेयसा-प्रेयसा चेयं नित्यं लोकहिते रता । शास्त्रमार्गमनुसृत्य ज्योतिः चक्रे विराजते ।।
प्राप्ते नूतनवत्सरे प्रतिगृहं कुर्याद ध्वजारोपणं, स्नानं मंगलमाचरेद् द्विजवरैः साकं सुपूजोत्सवः ।
देवानां गुरुयोषितां च विभवाऽलङ्कारवस्त्रादिभिः सम्पूज्यो गणकः फलं च शृणुयात्तस्माच्च लाभप्रदम् ।।
पारिभद्रस्य पत्राणि कोमलानि विशेषतः । सपुष्पाणि समादाय चूर्णं कृत्वा विधानतः ।।
मरीचि लवणं हिंगु जीरकेण च संयुतम्, अजमोदयुतं कृत्वा भक्षयेद् रोगशान्तये ।।

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को नूतन संवत्सर का आरम्भ होता है । इस दिन सबको चाहिये कि अपने घर अपने-अपने सम्प्रदायानुसार अथवा सन '५७ की जंत्री में जैसा चित्र छपा था, वैसा ध्वज लगावें । तोरणादि से गृह सुशोभित करें । मंगल-स्नान कर देवता, ब्राह्मण, गुरु और धर्म-ध्वजा की पूजा करें और उसके नीचे पंक्तिबद्ध बैठकर सभी एक स्वर से धर्म-ध्वजा-गीत का गायन करें । स्त्रियाँ शिशु आदि वस्त्राभूषणादि परिधान धारण कर उत्सव मनायें । ज्योतिषीजी का सत्कार कर उनसे नूतन संवत्सर का फल श्रवण करें ।

प्रातःकाल कटुनिम्ब की कोमल पत्तियाँ और फूल लावें । उनमें कालीमिर्च, हींग, सेंधा नमक, अजवाइन, जीरा और शक्कर मिलाकर चूर्ण बनायें ; कुछ इमली भी मिलायें और उसे भक्षण करें । इसके प्रयोग से अनेक रोगों का शमन होता है ।

पञ्चांगस्थ श्रीगणेश, ब्राह्मण और ज्योतिषीजी की पूजा और दक्षिणादि से सत्कार करें । याचकों को यथाशक्ति दानादि से प्रसन्न करें । मिष्ठान्न आदि भोजन करायें । गायन-वादन, कथा-श्रवण कर सम्पूर्ण दिन आनन्द से व्यतीत करें । गृहस्थों को विलासयुक्त आनन्दपूर्वक वर्षारम्भ का दिन व्यतीत करने से सम्पूर्ण वर्ष आनन्दमय जाता है ।


सृष्टि कालक्रम—सृष्टि (समस्त जगत) की उत्पत्ति, स्थिति और लय के कारण ब्रह्माजी हैं । ४ युग एक हजार बार निकल जाने पर ब्रह्माजी का एक दिन होता है ; इन्हीं दिनों के मान से उनकी आयु एक सौ वर्ष की होती है । इस समय ब्रह्माजी की आयु के ५० वर्ष व्यतीत होकर ५१वें वर्ष के प्रथम दिन का उदय है और इस दिन की १३ घटी ४२ पल ३ विपल ४३ प्रतिविपल बीत चुके हैं । मनुष्य-मान से ब्रह्माजी की आयु का विस्तार इस प्रकार है—चार युगों का एक महायुग होता है । उसकी सौर-मान से वर्ष-संख्या ४३,२०,००० है । इस प्रकार ब्रह्मा का एक दिन, एक हजार महायुगों का होता है । ब्रह्मा के इस एक दिन में जो १४ मन्वन्तर होते हैं, उनमें-से १ स्वायंभुव, २ स्वारोचिष, ३ उत्तम ४ तामस, ५ रैवत, ६ चाक्षुष ये ६ मनु व्यतीत हो गये हैं, अब सातवाँ वैवस्वत मन्वन्तर चालू है ; उसमें भी २७ महायुग गत होकर २८वें महायुग के ३ युग सतयुग, त्रेता, द्वापर व्यतीत हो गये हैं और यह २८वाँ कलियुग है ।

सतयुग—की उत्पत्ति कार्तिक शुक्ल नवमी बुधवार को हुई । उसकी आयु १७,२८,००० वर्ष की थी । इसमें भगवान् के १ मत्स्य, २ कच्छप, ३ वराह और ४ नृसिंह ये चार अवतार हुए । **त्रेतायुग**—वैशाख शुक्ल ३ सोमवार को आरम्भ हुआ । इसकी आयु १२,९६,००० वर्ष की रही । इसमें भगवान के वामन, परशुराम, रामचन्द्र ये तीन अवतार हुए । **द्वापरयुग**—का आरम्भ माघ कृष्ण ३० शुक्रवार को हुआ था । इसकी आयु ८,६४,००० वर्ष की थी । इसमें भगवान के श्रीकृष्ण, बलदेव ये दो अवतार हुए । **कलियुग**—का आरम्भ भाद्रपद कृष्ण १३ रविवार की अर्धरात्रि में हुआ । इसकी आयु ४,३२,००० वर्ष की है । इसमें भगवान के अवतार श्रीबुद्ध और श्रीकल्कि निष्कलंक हैं जिसमें श्रीबुद्धावतार तो हो चुका ; कल्कि-अवतार कलियुग के ८२१ वर्ष शेष रहने पर सम्भल ग्राम में विष्णुयश ब्राह्मण के घर होगा । इस अवतार द्वारा दुष्टों का नाश होकर पृथ्वी पर विलुप्त धर्म की पुनः संस्थापना होगी । कलियुग के ५०७८ वर्ष बीत चुके; अब ४,२६,९२२ वर्ष शेष रहे । कल्प के आरम्भ से १९,७,२९,४९,०७७ वर्ष, सृष्टि के आरम्भ से १,९५,५८,८५,-७८ वर्ष, विक्रम-राज्यकालीन संवत्सर से २०३४ वर्ष, शकारम्भ से १८९९ वर्ष, मुक्त हुए हैं । (कलिसंवत् और शके की भक्त संख्या ही वर्तमान कलियुगाब्द और शकाब्द कहलाती है ।) जंत्री में तिथ्यादि यावत् गणित सूक्ष्म दृग्गणितानुसार दिया गया है । यह बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय सिद्ध हुआ है ; अतः आगे भी जंत्री इसी गणितानुसार निर्मित होगी । गुरुमान से चान्द्र वर्षादि में 'प्रमोद' नामक संवत्सर प्रवर्तित है जिसके मेषार्ककालीन भक्त सौर मासादि ६।१२।५०।११ एवं भोग्य मासादि ५।१७।९।४९ हैं ; तदनुसार आश्विन कृष्ण ७ मंगलवार को काशी में इष्ट घट्यादि २।२४।४५ पर अर्थात् ता० ४ अक्टूबर १९७७ को भा. प्र. समय (स्टें. टा.) से घं. ६ मि. ५२ से. १३ बजे सौरपक्षीय मध्यम गुरु के मिथुन राशि-चारवशात 'प्रजापति' नामक संवत्सरारम्भ होगा । * वर्षादि ता० १-१-१९७७ ई० में स्वस्वीकृत चित्रापक्षीय दृश्य स्पष्ट अयनांश २३°-३२'-१७'' है । वार्षिक अयन-गति ५०''·२७ और सूक्ष्म शुद्ध निरयण सार वर्षमान ३६५ दि.६ घं.९ मि. ९·७ से. है । संवत्सर का फल अग्रिमोक्त है :—

* वर्ष-शुद्धि-विचारार्थ सन् १९६६ ई० की जंत्री अथवा "ज्योतिष-रहस्य" द्वितीय खण्ड पृष्ठ ३० देखिये ।

॥ सम्वत्सर का फल ॥

सम्वत्सर का फल--इस विक्रमीय सम्वत्सर २०३४ का नाम 'प्रमोद' है। यह प्रभवादि षष्ठि-सम्वत्सर-चक्र का और ब्रह्मबीसी का चौथा सम्वत्सर है। इसका स्वामी सूर्य है। वर्षा अल्प होगी। वर्षफल मध्यम होगा। कहीं छत्र-भंग हो।





पर्वतीय तलेटी में प्रजावृद्धि में न्यूनता होगी। तैलंगदेश में राज-विग्रह होगा। कोई देश में सत्ता परिवर्तन, देशोद्वास होगा। म्लेच्छ वर्ण का ह्रास होगा। चैत्र वैशाख में मँहगाई रहे। ज्येष्ठ में रोग-पीड़ा होगी। आषाढ़ श्रावण भाद्रपद में वर्षा अल्प होगी। आश्विन में कहीं कुछ वर्षा होगी। कार्तिक आदि चार महीनों में सब रसकस तेज होंगे। फाल्गुन में मध्यम फल होगा। राजासूर्य, मंत्री बुध में परस्पर सम मैत्री है। अतः इस सम्वत् में मैत्री-संचार में वृद्धि होगी। राज-प्रजा में प्रसन्नता बनी रहेगी।

१. **राजा सूर्य हैं**--अतः मेघ अल्प वर्षा करेंगे। देश में अन्नोत्पादन साधारण होगा। फलदार वृक्षों में फल भी कम लगेंगे। गायों के दूध कम हो। पशुओं में बिमारी फैले। चोर-डाकुओं एवं अग्निकांडों से जनता त्रस्त होगी। प्रशासन में कठोरता, उग्रता आयेगी। किसी बड़े नेता का अवसान होगा। पश्चिमी भाग में महाकष्ट, युद्धादि का योग है। कोई भू-खंड (देश) नष्ट भी हो जायेगा। वर्षान्त में ओला-पाला से कृषि में हानि होगी। व्यापारियों को जौ गेहूं चावल आदि वैशाख में क्रय करके श्रावण भादों में विक्रय करने से लाभ होगा। लाल रंग की वस्तुएँ खरीद कर रखने से भी लाभ होगा।

२. **मंत्री बुध हैं**--अतः स्त्रियां अपने पतियों के साथ बड़े आनन्दपूर्वक भोग-विलास में निरत होंगी। पृथ्वी पर बादल-वर्षा बहुत होगी। धन-धान्य की वृद्धि होगी। व्यापार में अच्छी घटा-बढ़ी चलेगी जिससे व्यापारियों को लाभ होगा। जौ चना मसूर आदि में तेजी रहे। किराना की वस्तुओं में मंदी हो।

३. **सस्येश (पूर्वधान्य) खरीफ के स्वामी शनि हैं**--अतः जनवर्ग राष्ट्रनेताओं से शोषित, पीड़ित और क्षुब्ध रहे एवं पारस्परिक विग्रह हो। राज-प्रजा संघर्ष, रोग-पीड़ा में वृद्धि एवं जनोपद्रव हों। दुष्टजनों का प्रभाव बढ़े। पृथ्वी पर धन-धान्य तृण आदि की कमी हो। श्रमिकों की शरारत से उत्पादन में कमी हो। जनता व्यर्थ के वाद-विवाद में लिप्त रहे।

४. **धान्येश (पश्चात् धान्य) रबी के स्वामी गुरु हैं**--अतः देश में सर्वत्र विप्रगण यजन-याजन और ब्रह्मविचार धर्मप्रचार में तत्पर रहें। मंगल-कार्य अधिक हों। कृषि-विकास एवं भूमि-सुधार कार्य में राज्य और जनता के सहयोग से अच्छी प्रगति होगी। जौ गेहूं चावल मूंग उड़द बकुनी तथा कोदो आदि अन्न की पैदावार में अधिकता और सस्ताई हो।

५. **मेघेश मंगल हैं**--अतः कहीं घोर वर्षा, कहीं अल्प वृष्टि हो। विप्रगण वेद-विचार से विहीन हों। जनता अनेक कष्टों से युक्त रहे। गर्मी बहुत अधिक पड़ेगी। जनवर्ग में अधार्मिक भावना और क्रोध कलह की वृद्धि होगी। सरकारी उद्योगों में अपव्यय की अधिकता से देश की आर्थिक स्थिति कमजोर हो। अनाज की पैदावार कम होगी और विदेशों से अन्नायात करना होगा। कृषि-कार्यों में अनेक विघ्न-बाधायें लगी रहें।

६. **रसेश चन्द्र हैं**--अतः मनुष्यों में कामवासना और नवीन युवतियों को प्राप्त करने की इच्छा बढ़ेगी। वर्षा अच्छी होने से रस-पदार्थ और धान्यादि का उत्पादन उत्तम होगा। गुड़ खांड़ आदि रसपदार्थ कभी तेज, कभी मंदे होंगे। विवाहादि शुभ कार्य अधिक होंगे।

७. **नीरेश शनि हैं**--अतः कच्चा लोहा एवं खनिज पदार्थ, काले रंग के वस्त्र, मशीनरी का सामान, काष्ठ, तृण, स्टेनलेस स्टील के बर्तनादि लौह पदार्थ, काले उड़द और काले रंग की वस्तुओं के मूल्य में वृद्धि होगी।

८. **फलेश मंगल हैं**--अतः वृक्ष लता पौधों में फल-फूल की कमी रहे। जनता में रोग-प्रकोप एवं द्वेषभावना से अशान्ति बढ़े। राज्यों में विग्रह होगा। अन्नादि का उत्पादन कम होगा जिससे जनमानस दुःखित होगा। यत्र-तत्र रोग-भय होगा। खाद्यपदार्थ तेज रहें।

९. **धनेश शुक्र हैं**--पृथ्वी पर सभी मनुष्यों को समान सुख की प्राप्ति होगी। व्यापार में लाभ अच्छा होगा। शासन का कार्य सुव्यवस्थित सुचारुरूप से चलेगा। सुख-शान्ति तथा आनन्द का विस्तार होगा। राज-प्रजा में शुभ भावना जाग्रत होगी।

१०. **दुर्गेश (दुर्ग या किलः का स्वामी) मंगल हैं**--अतः मनुष्य अनेक प्रकार के दुःख और वियोग से व्यथित होंगे। माल-सामान और रुपये-पैसे के लेन-देन में जोखिम और लाभ भी नहीं के तुल्य रहे। जन-विग्रह अधिक होंगे। विशेषतः पूर्वीय देशों में राज-प्रजा विग्रह, संघर्ष और अराजकता बढ़े। पृथ्वी पर धन-धान्य की कमी हो। सुरक्षा व्यय में वृद्धि हो।

स्तम्भ चतुष्टय-फल—चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र का योग रुपये में १४ पैसा है। अतः जलस्तम्भ साधारण रूप से बना है। वर्षा समय-समय पर साधारण हो संभव है। कहीं अनावृष्टि तो कहीं अतिवृष्टि एवं असामयिक वर्षा होगी। वैशाख शुक्ल प्रतिपदा को भरणी नक्षत्र का योग रुपये में ३३ पैसा है। अतः तृण का स्तम्भ भी सामान्य रूप से बना है। घास चारा पाट जूट सन का उत्पादन मध्यम होगा। ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदा को मृगशिरा नक्षत्र का योग नहीं हैं। अतः वायु-स्तम्भ नहीं बना हैं। वायु का वेग कम रहेगा; समयानुकूल वायु नहीं चलेगी। आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा को पुनर्वसु नक्षत्र का योग भी नहीं हैं। अतः अन्न का स्तम्भ टूट जाने से खाद्य-समस्या नहीं सुधरेगी। प्राकृतिक विपत्तियों के कारण कृषि में पूर्ण लाभ प्राप्त नहीं होगा। अन्न-समस्या के समाधानार्थ में विदेशों से आयात करना पड़ेगा।

नाग-फल—इस वर्ष द्वादश नागों में 'वासुकी' नाम का नागराज हैं। वर्षा समयानुकूल अच्छी होगी जिससे अन्न के उत्पादन में वृद्धि होगी। विदेशों से संधियाँ होंगी; मैत्री-व्यवहार बढ़ेगा।

मेघ-फल—नौ मेघों में इस वर्ष 'तम' नाम का मेघ है। धान्य में पोषक तत्व की कमी हो। मनुष्यों में क्रोध की मात्रा बढ़े और व्यर्थ का विरोध हो। राज-कर्मचारियों को लाभ हो।

रोहिणी-निवास—इस वर्ष रोहिणी का निवास 'समुद्र' में है। फल—अतीव वर्षणं भवेत्समस्त धान्यवर्द्धनम्। यह योग उत्तम है। दुर्भिक्ष का नाश हो। सुख-शान्ति एवं सुभिक्ष में वृद्धि हो। सूखाग्रस्त क्षेत्रों में भी देर-सबेर वर्षा हो जायेगी। कहीं बाढ़ से कृषि एवं जन-धन की हानि होगी। लिखा है—समुद्रे तु महावृष्टिः। अतः कहीं महावृष्टि होगी।

समय-निवास—इस वर्ष सम्वत् का निवास माली के घर में है। फल—सर्ववस्तु समर्घं स्यान्मालाकार गृहेऽब्दके। सभी प्रकार की वस्तुओं के भाव मंदी की तरफ रहे। वर्षा श्रेष्ठ हो। तृण रूई पाट शाक-सब्जी की उत्पत्ति बढ़े।

समय-वाहन—'अश्व' है। अतः इस वर्ष जनता और व्यापारी वर्ग पर शासकों का प्रभाव बढ़ेगा। जनता को दैनिक उपयोग की चीजें उपलब्ध कराने का शासक लोग पूर्णरूप से प्रयत्न करेंगे। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को गुरु कृत्तिका नक्षत्र में होने से सम्वत्सर(वर्ष) का नाम कार्तिक है। फल—मनुष्यों की बुद्धि पाप-परायण हो। देव-ब्राह्मणों की मान्यता कम हो। तस्करों द्वारा राज्य-कर का अपहरण हो। समय (वर्ष) विश्वा ५ है। यह शुभफलप्रद नहीं है। अन्नादि तेज रहें। शनि की दृष्टि दक्षिण दिशा में है। अतः दक्षिण दिशा में आधिभौतिक उपद्रवों की अधिकता रहे।

गुर्रा-फल—ता० २२ दिसम्बर सन् १९७६ गुरुवार को हिजरी सन् १३९७ के नये साल की पहली तारीख प्रारम्भ होगी। इसका स्वामी गुरु है। अतः गुर्रा का फलाधिपति गुरु के फलस्वरूप वर्षा उत्तम होगी जिससे कृषि-उत्पादन अच्छा होगा। वनस्पति तिल कपास दुग्ध खरबूजा अगर तगर आदि सुगंधित वस्तुओं की उत्पत्ति श्रेष्ठ होगी। पशु-पक्षी सुखी रहें। शीतवायु और बादलों का जोर रहे। व्यापारियों को लाभ प्राप्त हो। राज्यकर्मचारियों की उन्नति हो। प्रजा में सुख-समृद्धि बढ़े।

वर्षा आदि के विश्वा—वर्षा १७, धान्य ११, तृण ७, शीत १७, तेज ५, वायु १३, वृद्धि १५, क्षय १५, विग्रह ११, क्षुधा ५, तृषा ३, निद्रा ७, आलस्य ७, उद्यम ९, शान्ति १३, क्रोध ५, दम्भ ५, लोभ ३, मैथुन १५, रस ९, फल १३, उत्साह ११, उग्रता १, पाप ९, पुण्य ७, व्याधि १७, व्याधि-नाश ९ आचार ३, अनाचार ३, मृत्यु १३; जन्म १, देशोपद्रव ३, देशस्वास्थ्य ५, चोर-भय ९, चोर-भय-नाश १७, उद्‌भिज ९, जरायुज ३, अंडज ११, स्वेदज ५।

नं० १ विन्ध्योत्तर निवासियों के लिये—विंशोत्तरी मतानुसार लाभ-खर्च का विवरण।


राशि	मे·	वृ·	मि·	क·	सि·	कं·	तु·	वृ·	ध·	म·	कुं·	मी·	योग
लाभ	१४	८	१४	८	११	१४	८	१४	११	५	५	११	१२३
खर्च	११	५	२	१४	११	२	५	११	२	५	५	२	७५


नं० २ विन्ध्य से दक्षिण निवासियों के लिये—अष्टोत्तरी मतानुसार लाभ-खर्च का विवरण।


राशि	मे·	वृ·	मि·	क·	सिं·	कं·	तु·	वृ·	ध·	म·	कुं·	मी·	योग
लभ	२	११	१४	८	११	१४	११	२	५	८	८	५	९९
खर्च	१४	५	२	५	११	२	५	१४	५	१४	१४	५	९३

लाभ-खर्च मालूम करने की रीति—अपनी राशि के उपरोक्त लाभ-खर्च के अंकों को जोड़ें। जोड़ में १ अंक कम करके शेष को ८ से भाग दें। १ शेष बचे तो लाभ, २ से सौख्य, ३ से क्लेश, ४ से रोग, ५ से लोकापवाद, ६ से सम्मान, ७ से विजय, ८ से यानी ० से हानि का योग वर्ष में होता है। सारांश १, २, ६ या ७ बचे तो इस वर्ष में लाभ; भाग्योदय, नौकरी-धन्धे में तरक्की होगी। यदि ३, ४, ५ अथवा ० शेष रहे तो वर्ष में खर्च बढ़ेगा, मानसिक चिन्ता बनी रहेगी।

वर्ष-लग्न-कुण्डली, काशी, शनिवार	जगल्लग्न-कुण्डली, काशी, बुधवार	आर्द्रा-प्रवेश-लग्न-कुण्डली, काशी, मंगल.
ता.२०।३।७७ई.भा.स्टैं.टा. घं.० मि.३	ता.१३।४।७७ई.भा.स्टैं.टा. घं.२०मि.०	ता.२१।६।७७ई.भा.स्टैं.टा. घं.२३ मि.२
इष्ट सांपातिक काल घं.११मि.५३से.४५	इष्ट सांपातिक काल घं.९ मि. २८ से.५८	इष्ट सांपातिक काल घं.१७ मि.३ से.११







आर्द्रा-प्रवेश-फल—श्रीसंवत् २०३४ शके १८९९ आषाढ़ शुक्ल ४ मंगलवार को काशी के स्पष्टार्कोदयात् इष्ट घट्यादि ४४।३२।३०पर, तदनुसार दिनांक २१ जून सन् १९७७ई० को भा.प्र. समय (स्टैं. टा.)से घं.२३मि.२२ बजे कुम्भ लग्न के १७°अंश पर भगवान् भुवनभास्कर आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। उस समय तात्कालिक वार मंगल, तिथि पञ्चमी, नक्षत्र मघा, योग वज्र, करण बालव होगा एवं चंद्रमा सिंह राशि में रहेगा। तिथि-फल उत्तम, नक्षत्र-फल एवं करण-फल नेष्ट, योगफल राष्ट्रों में विग्रहकारक एवं वार के फलस्वरूप राष्ट्रनायकों की शस्त्राघात से मृत्यु हो। समय फल—'रात्री-स्थिता सर्वसुखामलोके', लग्न-कुण्डली की ग्रहस्थिति-जन्य फल—सूर्य त्रिकोण में, चं. सप्तम कृषि-स्थान में शुभ फलकारक है; किन्तु लग्नेश छठे वारेश मं. की नीच राशि (कर्क) में मं. से पूर्णतः दृष्ट भी है; अतः सन् ७७ में भी वर्षा-बाढ़ की विभीषिका का सरकार तथा उससे भी अधिक स्वयंसेवी संस्थाओं को बड़ा मुकाबिला करना होगा। कृषि-सिंचाई एवं बाढ़-नियंत्रण में भारी धन व्यय से कृषि-उत्पादन में पूर्वापेक्षा सामान्य वृद्धि होगी।

* सन् १९७७ ई० के ग्रहण *

सन् '७६ की भाँति सन् १९७७ ई० में भी कुल ३ ग्रहण हैं, जिनमें दो सूर्य-ग्रहण और एक चन्द्र-ग्रहण है; इनके अतिरिक्त इस वर्ष भी एक मांद्य चन्द्र-ग्रहण पड़ रहा है। **चन्द्र-ग्रहण** ता. ४ अप्रैल को खण्डग्रास होगा जो भारत में दिखाई न देगा। उसके स्पर्शकालादि का विवरण निम्न तालिका में दिया जा रहा है।

श्रीसंवत् २०३४ शके १८९९ चैत्र शुक्ल पूर्णिमा सोमवार ता० ४ अप्रैल १९७७ ई० को भारत में अदृश्य

* खण्डग्रास चन्द्र-ग्रहण का स्पर्शादि एवं पर्वान्तकालीन गणित *

भारतीय प्रमाणित समय (स्टैं.टा.) से—	घं.	मि.
ग्रहण-स्पर्श	९	०
ग्रहण-मध्य (परम ग्रास)	९	४८
ग्रहण-मोक्ष	१०	३६
ग्रहण-पर्वकाल	१	३६
चंद्र-बिम्बमान	१२ अंगुल	० व्यंगुल
खण्डग्रासमान	२ अंगुल	२३ व्यंगुल
पर्वान्तकाल स्टैं. टा.		घं. ९ मि. ३९
चंद्र-शर (कलादि)	दक्षिण	५५'।२१"
चंद्र-भोग (राश्यादि)		५।२०°।४४'
विराहु-चंद्र (अंशादि)		११°।२०'।०३"
चंद्र-सूर्य का विषुवांतिश-प्रयुति-काल स्टैं. टा.		घं. १० मि.१८
चंद्र-क्रांति (अंशादि)	दक्षिण	६°।३६'।११"
चंद्र-क्रांति की होरागति (कलादि)		−११'।९"
सूर्य-क्रांति (अंशादि)	उत्तर	५°।३८'।२५"
सूर्य-क्रांति की होरागति (कलादि)		+०'।५७"
चंद्र-परम लम्बन (कलादि)		६०'।२०"
सूर्य-परम लम्बन (कलादि)		०'।८"'·८
स्फुट चंद्र-बिम्बार्ध (कलादि)		१६'।२६"
स्फुट सूर्य-बिम्बार्ध (कलादि)		१५'।५९"
स्फुट भू-भा-बिम्बार्ध (कलादि)		४५'।१७"
चंद्र-विषुवांश		१९३°।१०'।००"
सूर्य-विषुवांश		१३°।१०'।००"
चंद्र-विषुवांश की होरागति (कलादि)		३५'।२५"'·६
सूर्य-विषुवांश की होरागति (कलादि)		२'।१६"'·८
ग्रहण-मध्यकालीन क्षति (कलादि)		५५'।१०"

पहला सूर्य-ग्रहण ता. १८ अप्रैल को सार्वभौमिक दृष्ट्या कंकणाकृति तथा दूसरा सूर्य-ग्रहण ता. १२-१३ अक्टूबर को खग्रास होगा। ता. १८ अप्रैल के **सूर्य-ग्रहण** की कंकणाकृति पोर्चगीज, पूर्वीय अफ्रीका और रोडेशिया के कई स्थानों से दृश्य होगी। इनके अलावा हिंद महासागर और दक्षिण अटलांटिक महासागर के भागों से भी उक्त ग्रहण की कंकणाकृति दिखलाई देगी; बाकी भू-मण्डल के अति उत्तर-पश्चिमी भाग, श्रीलंका में, भारत में २४-२५ अक्षांश के दक्षिणी भाग में तथैव पाकिस्तान के भी २४-२५ अक्षांश के दक्षिणी इलाकों में, बंगला देश तथा बर्मा के सुदूर दक्षिण-पश्चिमी भाग, ईरान के दक्षिणी भाग, परशियन गल्फ, अरब के दक्षिणी भाग, माडागास्कर, मॉरिशस, मिश्र के दक्षिणी हिस्से, अबिसीनिया, युगांडा, केनिया, जांबिया, अंगोला, दक्षिणी अफ्रीका, अफ्रीका के दक्षिण-पश्चिम किनारे एवं दक्षिण-अमेरिका के दक्षिण-पूर्वीय किनारे के प्रदेशों में यह ग्रहण खण्डग्रास के रूप में दृश्य होगा।

भारतवर्ष में यह ग्रहण खण्डग्रास के रूप में दिखाई देगा; उसमें भी लखनऊ, दिल्ली, देहरादून, शिमला, सिलीगुड़ी, गौहाटी, इत्यादि उत्तर अक्षांश के प्रदेशों में यह बिल्कुल दृश्य न होगा। गत वर्ष (१९७६) की कंकणाकृति सूर्य-ग्रहण की

भाँति इस सूर्य-ग्रहण के खण्डग्रास की भी स्पर्श, मध्य और मोक्ष तीनों स्थितियां संपूर्ण भारत में नहीं दिखाई देंगी। कहीं केवल ग्रहण का स्पर्श और मध्य दृश्य होगा और ग्रहण-मोक्ष के पहले ही सूर्यास्त हो जायेगा। कई स्थानों में ग्रहण की स्पर्श, मध्य और मोक्ष तीनों ही स्थितियां दृश्य होंगी। ऐसे ही स्थानों में वाराणसी भी है। उपर्युक्त दोनों प्रकार के मुख्य शहरों की सूची आगे दी जा रही है, जिनमें ग्रहण के स्पर्शादि पर्व-काल एवं परम ग्रास के अंगुलादि मान दिये गये हैं। वाराणसी में इस ग्रहण के स्पर्श-कालादि का विवरण निम्न तालिका में दिये जा रहे हैं :—

* ता० १८ अप्रैल १९७७ ई० का सूर्य-ग्रहण *

जिन मुख्य शहरों में सूय-ग्रहण का केवल स्पर्श, मध्य दृश्य होगा और ग्रहण-मोक्ष के पहले ही सूर्यास्त हो जायेगा, उन शहरों के नाम एवं ग्रहण के स्पर्शादि-काल का विवरण निम्नलिखित तालिका में दिया जा रहा है—

शहर	स्पर्श घं. मि.	मध्य घं. मि.	सूर्यास्त घं. मि.	पर्व-काल घं. मि.	ग्रासमान अं. व्यं.
अगरतला	१७–४४	— —	१७–४४	०– ०	– —
कलकत्ता	१७–२९	— —	१७–५४	०–२५	– —
कांचीपुरम्	१६–५५	१७–५४	१८–२१	१–२६	४–३४
कोदाइकनाल	१६–४८	१७–५४	१८–२८	१–४०	५–३७
कोलम्बो	१६–४६	१७–५४	१८–१६	१–३०	६–३७
चटगांव	१७–३२	— —	१७–४१	०– ९	– —
ढाका	१७–४०	— —	१७–४८	०– ८	– —
त्रिवेन्द्रम्	१६–४५	१७–५३	१८–२८	१–४३	६–१४
पांडिचेरी	१६–५३	१७–५४	१८–२०	१–२७	४–५२
पोर्टब्लेअर	१७– ३	— —	१७–२८	०–२५	– —
बंगलौर	१६–५३	१७–५३	१८–२९	१–३६	४–३९
भुवनेश्वर	१७–१८	१७–५२	१८– २	०–४४	१–३७
मद्रास	१६–५६	१७–५२	१८–१९	१–२३	४–२७
हैदराबाद	१७– ३	१७–५३	१८–३०	१–२७	३– २

टिप्पणी–(१) इस तालिका में प्रत्येक शहर के लिए ग्रहण का स्पर्श, मध्य एवं सूर्यास्त-काल भारतीय प्रमाणित समय (स्टैं. टा.) में दिये गये हैं। (२) जिन स्थानोंके लिए ग्रहण का मध्य-काल नहीं दिया गया है, वहाँ ग्रहण-मध्यसे पूर्व ही सूर्यग्रस्त हो जायेगा। (३) इस तालिका में प्रत्येक शहर का जो सूर्यास्त-काल दिया गया है, वह किरण-वक्रीभवन-संस्कार रहित सूर्य-अर्धबिम्ब के अस्त का स्टैं. टा. है। इस प्रकार का स्पष्टार्कोदयास्त ही धर्मकृत्योपयोगी होता है। अतः तदनुसार ही तालिका के प्रत्येक शहर के लिए इस ग्रहण के पर्व-काल घं. मि. में दिये गये हैं। (४) तालिका में दिए गए प्रत्येक शहर के लिए इस ग्रहण का ग्रासमान ग्रहणके मध्य-काल का अर्थात् वहाँ दिखाई देनेवाला अधिकतम ग्रासमान अंगुल, व्यंगुल में है। 'नादेश्योऽङ्गुलाल्पो रविन्दोः' (ग्रहलाघव) अर्थात् किसी शहरमें ग्रहणका शुद्ध दृग्गणितागत ग्रासमान एकअङ्गुलसे अल्प होनेपर वहाँ ग्रहणपरक स्नान दानादि धार्मिक विधि-विधान मान्य नहीं होते।

जिन मुख्य शहरों में सूर्य-ग्रहण का स्पर्श, मध्य और मोक्ष की तीनों ही स्थितियां दृश्य होंगी, उन शहरों के नाम एवं ग्रहण के स्पर्शादि-काल का विवरण निम्नलिखित तालिका में दिया जा रहा है—

शहर	स्पर्श घं. मि.	मध्य घं. मि.	मोक्ष घं. मि.	पर्वकाल घं. मि.	ग्रासमान अं. व्यं.
अहमदाबाद	१७–१३	१७–५०	१८–२४	१–११	१–२३
इलाहाबाद	१७–४३	१७–५०	१७–५८	०–१५	०–४३
उज्जैन	१७–१८	१७–५०	१८–२१	१– ३	१–११
करांची	१७–१४	१७–४६	१८–१६	१– २	०–५८
जबलपुर	१७–२३	१७–५१	१८–१८	०–५५	०–५८
जोधपुर	१७–३४	१७–४८	१८– ३	०–२९	०–१२
नागपुर	१७–१४	१७–५२	१८–२७	१–१३	१–४२
पणजी	१६–५३	१७–५२	१८–४५	१–५२	३–५८
पूना	१७– ०	१७–५१	१८–३८	१–३८	२–५४
बम्बई	१७– ०	१७–५१	१८–३७	१–३७	२–४७
भोपाल	१७–२०	१७–५१	१८–२०	१– ०	१– ४
वाराणसी	१७–४३	१७–५०	१७–५७	०–१४	०– ३

श्रीसंवत् २०३४ शके १८९९ वैशाख कृष्ण ३०
सोमवती अमावस्या को

* काशी में खण्डग्रास अङ्गुलाल्पसूर्य-ग्रहण *

समय	भारतीय प्रमाणित समय स्टैं. टा. से घं. मि.	काशी में सूर्य घड़ी से घं. मि. से.	काशी में स्पष्टार्कोदयात् इष्ट घटी पल
स्पर्श	१७-४३	१७-४५-५२	३०-१५
मध्य	१७-५०	१७-५३-४	३०-३३
मोक्ष	१७-५६	१७-५९-१०	३०-४८

सूर्य बिम्बांगुल १२, काशी में दृश्य अधिकतम ग्रासांगुल० व्यं.३

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि वाराणसी में इस ग्रहण के स्पर्श से मोक्ष-काल तक की अधिकतम स्थिति ३३। पल तक रहेगी और सूर्य-बिम्ब पर मात्र ३ व्यंगुल (१ अंगुल = ६० व्यं.) ग्रास दिखाई देगा। सूर्य-सिद्धान्त के छेद्यकाधिकार का वचन है—**स्वच्छत्वाद् द्वादशांशोऽपि ग्रस्तश्चंद्रस्य दृश्यते। लिमात्रयमपि ग्रस्तं तीक्ष्णत्वान्न विवस्वतः ॥** अर्थात्—चन्द्र-बिम्ब कीस्वच्छता के कारण उसका यदि १२वाँ भाग ग्रहण से ग्रस्त होता है तो सामान्य दृष्टि से दिखाई देता है और सूर्य-तेज की तीक्ष्णता के कारण सूर्य-बिम्ब पर ३ कला का ग्रहण-ग्रास होने पर भी वह दृष्टिगोचर नहीं होता; ऐसा ही बृद्ध वसिष्ठ का भी वचन है—**ग्रस्तं शशांकस्य कलाद्वय चेत्कलात्रयं भानुमतो न लक्ष्यम्** . . . . . । श्रीम[illegible] में लिखते हैं—

इंदोर्भाग: षोडश: खण्डितोऽपि तेज:पुञ्जच्छन्न भावान्न लक्ष्यः । तेजस्तैक्ष्ण्यात्तीक्ष्णगोर्द्वादशांशो नादेश्योऽतोऽल्पो ग्रहो, बुद्धिमद्भिः ॥३७॥ ब्रह्मस्फुट-सिद्धान्त के सूर्य-ग्रहणाधिकार में आचार्य ब्रह्मगुप्त लिखते हैं—वक्रनादि शशिवदन्यद् ग्रहणं तैक्ष्ण्याद्रवेरनादेश्यम् । द्वादश भागादूतं स्वच्छत्वात् षोडशादिन्दो: ॥ २० ॥ श्रीगणेश दैवज्ञ ग्रहलाघव के सूर्य-ग्रहणाधिकार में लिखते हैं—मर्दादेवं मीलन्मीलने स्तो ग्रासो नादेश्योऽङ्गुलाल्पो रवीन्द्वोः ॥ ६ ॥ उपर्युक्त भास्कराचार्य और ब्रह्मगुप्त के वचनानुसार सूर्यबिंब का बारहवां भाग ग्रहण से ग्रस्त होने पर भी उसके तीक्ष्ण प्रकाश के कारण नहीं देखा जा सकता । अतः उससे अल्प ग्रासवाले ग्रहण का आदेश न करे तथा गणेश दैवज्ञके कथनानुसार सूर्य-चंद्र-बिंब पर अंगुलाल्प ग्रहणग्रास होने पर उस ग्रहण का आदेश न करना चाहिए । प्रस्तुत सूर्य-ग्रहण का काशी में ग्रासमान ·८४७७ अर्थात् सूर्य बिम्बांगुल १२ तो ग्रासमान २·९ व्यंगुल अथवा सूर्य-बिम्बमान ३२' कला तो ग्रासमान ७''·७ विकला-मात्र है ; अतएव उपर्युक्त समस्त वचनानुसार इस सूर्य-ग्रहणपरक स्नान दानादि यावत् धार्मिक कृत्य केवल उन्हीं स्थानों पर शास्त्रविहित हैं जहाँ सूर्य पर १ अंगुल या उससे अधिक ग्रासमान दृश्य होगा । जिन स्थानों में सूर्य पर १ अंगुल से अल्प ग्रास लगेगा अथवा ग्रहण की दृश्य-सीमा से परे होने के कारण जिन स्थानों में ग्रहण बिलकुल दिखाई न देगा, वहाँ तत्सम्बन्धी कोई धार्मिक विधि-विधान मान्य नहीं होगा । वाराणसी में भी इस सूर्य-ग्रहण सम्बन्धी कोई धार्मिक विधि निषेध मान्य नहीं होगा ; किन्तु उस दिन सोमवती अमावस्या का अति पुनीत पर्व भी पड़ रहा है जो स्नानादि में महत्पुण्यदायी माना गया है—अमावस्या भौम सोमवारयुता स्नानदानादौ महापुण्यदा (धर्मसिंधु) । स्त्रियों के लिये तो विशेषतः इस पर्व का महत्त्व है ; उन्हें पीपल-वृक्ष के मूल में विष्णु भगवान की मूर्ति स्थापित कर उसकी विधिवत् पूजा एवं प्रदक्षिणा करनी चाहिए । इससे उनके पति की आयु-वृद्धि होती है तथा सर्व प्रकार के सुख-सौभाग्य की प्राप्ति होती है । काशी में तो इस दिन कपिलधारा तीर्थ में पितृश्राद्ध करने का अत्यधिक महत्त्व है । स्वयं भगवान् शंकर का वचन है—सोमवार अमावस्या तिथि को यहाँ (कपिलधारा तीर्थ में) श्राद्ध करने से अक्षय फल प्राप्त होता है । प्रलय-काल में समुद्र का भी जल सूख जाता है ; परन्तु सोमवती अमावस्या में इस कपिलधारा तीर्थ पर अनुष्ठित श्राद्ध का कभी क्षय नहीं होता । यदि सोमवती अमावस्या में यहाँ श्राद्ध किया जाय तो फिर गया-क्षेत्र अथवा पुष्कर(अजमेर) में श्राद्धानुष्ठान का क्या प्रयोजन है ? बहुत क्या कहूँ, स्वर्ग, अन्तरिक्ष क्या भू-मण्डल के जितने तीर्थ हैं, सो सब सोमवती अमावस्या के पर्व पर कपिलधारा-तीर्थ में विराजमान रहते हैं । सूर्य-ग्रहण के समय कुरुक्षेत्र, नैमिषारण्य और गंगासागर के संगम में पिण्डदान करने से जो फल मिलता है, वही फल इस वृषभध्वज तीर्थ (कपिलधारा) में भी मिलता है ; प्रत्युत सोमवती अमावस्या को यहाँ श्राद्ध करने से गयाश्राद्ध का आठ गुणा अधिक पुण्य होता है और जो लोग इस पर्व पर पितरों की तृप्ति-कामना से यहाँ ब्राह्मण-भोजन करायेंगे, उनका किया हुआ श्राद्ध तो अनन्त फल-दायक होगा—सूर्येन्दुसङ्गमे यत्र पितृणां तृप्ति कामकाः । ब्राह्मणान्भोजयिष्यन्ति तेषां श्राद्धममन्तकम् । (काशी-खण्ड अ० ६२) अतः इस दिन सूर्य-ग्रहण यहाँ दृश्य न होने पर भी उपर्युक्त सर्व धर्मकृत्य के विधिवत् अनुष्ठान द्वारा अक्षय पुण्यार्जन करना चाहिए । इस कंकणाकृति सूर्य-ग्रहण के आद्य-भू-मण्डलीय स्पर्शादि का सब विवरण आगे दिया गया है । यह ग्रहण अश्विनी नक्षत्र, मेष राशि पर लग रहा है ; तदनुसार इसका १२ राशियों का फल निम्नांकित है—

रा.	मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	कं.	तु.	वृ.	ध.	म.	कुं.	मी.
ग्रहण-फल	घात	हानि	लाभ	सिद्धि	मानभंग	रोग	स्त्री-चिन्ता	सौख्य	चिन्ता	क्लेश	धन-लाभ	हानि

श्रीसंवत् २०३४ शके १८९९ वैशाखकृष्ण ३० सोमवार ता० १८ अप्रैल सन् १९७७ ई० को कङ्कणाकृति(काशी में खण्ड-ग्रास दृश्य)

* सूर्य-ग्रहण का पर्वान्तकालीन गणित *

सूर्य-चंद्र का विषुवांश-युतिकाल स्टैं. टा. घं. १५ मि. ४७से. ५९		
सूर्य-चंद्र का विषुवांश		२९°।१५'।१८"
सूर्य-विषुवांश की स्फुट होरागति		२'।२०"
चंद्र-विषुवांश की स्फुट होरागति		२९'।३०"
सूर्य-क्रांति	उत्तर	१०°।५१'।२६"
चंद्र-क्रांति	उत्तर	१०°।२८'।५८"
सूर्य-क्रांति की होरागति		+०'।५२"
चंद्र-क्रांति की होरागति		+८'।७"
स्पष्ट-पर्वान्तकाल	स्टैं. टा. घं. १६ मि. ५	
सूर्य-चंद्र का राश्यादि भोग		०।४°।४४'
चंद्र-शर कलादि	दक्षिण	२१'।४५"
विराहु चंद्र राश्यादि		६।४°।०'
सूर्य का क्षैतिज लम्बन		

चंद्र का क्षैतिज लम्बन	५४'।२८"·१
सूर्य-बिम्बार्ध	१५'।५५"
चंद्र-बिम्बार्ध	१४'।५१'
ग्रहण का भू-मण्डलीय आद्य-स्पर्श स्टैं. टा.	घं. १३ मि. ३
ग्रहण का भू-मण्ड. सम्मीलन (कंकणाकृति)	घं. १४ मि. १३
ग्रहण का भू-मण्डलीय मध्य(परम-ग्रास)	घं. १६ मि. १
ग्रहण का भू-मण्डलीय उन्मीलन	घं. १७ मि. ४९
ग्रहण का भू-मण्डलीय मोक्ष	घं. १८ मि. ५९
कंकणाकृति की परमावधि	मि. ६ से. ५९
परम ग्रासमान	११ अंगुल २१ व्यंगुल
सूर्य-बिम्बमान	१२ अंगुल
काशी में दृश्य अधिकतम खण्डग्रासमान	० अंगुल ३ व्यंगुल

श्रीसंवत् २०३४ शके १८९९ आश्विन कृष्ण ३० बुधवार ता. १२/१३ अक्टूबर '७७ को

❀ भारत में अदृश्य खग्रास सूर्य-ग्रहण का पर्वान्तकालीन गणित ❀

सूर्य-चंद्र का विषुवांश-युतिकाल स्टैं.टा. घं. १ मि.४४ से.२८		
सूर्य-चंद्र का विषुवांश		१९७°।५३'।४२"
सूर्य-विषुवांश की स्फुट होरागति		२'।१९"
चंद्र विषुवांश की स्फुट होरागति		३४'।३७"
सूर्य-क्रांति	दक्षिण	७°।३५'।१८"
चंद्र-क्रांति	दक्षिण	७°।११'।३३"
सूर्य-क्रांति की होरागति		– ०'।५९"
चंद्र-क्रांति की होरागति		–१०'।२९"
स्पष्ट पर्वान्त-काल स्टैं. टा.		घं. २ मि. १
सूर्य-चंद्र का राश्यादि भोग		५।२५°।५१'
चंद्र-शर कलादि	उत्तर	२२'।५१"
विराहु-चंद्र अंशादि		४°।१२"
सूर्य का क्षैतिज-लम्बन		०'।८"।८

चंद्र का क्षैतिज-लम्बन		५९'।२९"
सूर्य-विम्बार्घ		१६'।२"
चंद्र-विम्बार्घ		१६'।१३"
ग्रहण का भू-मण्डलीय आद्य-स्पर्श स्टैं. टा.		घं. २३ मि. १८
ग्रहण का भू-मण्डलीय सम्मीलन		घं. ० मि. १९
ग्रहण का भू-मण्डलीय मध्य (परमग्रास)		घं. १ मि. ५७
ग्रहण का भू-मण्डलीय उन्मीलन		घं. ३ मि. ३५
ग्रहण का भू-मण्डलीय मोक्ष		घं ४ मि. ३६
खग्रास की परमावधि		मि. २ से. ३७
परम ग्रासमान		१२ अंगुल ८ व्यंगुल
सूर्य-विम्ब		१२ अंगुल
खग्रासाङ्गुल		० अंगुल ८ व्यंगुल

दूसरा सूर्य-ग्रहण ता. १२ अक्टूबर १९७७ ई० आश्विन कृष्ण ३० सर्वपैत्री अमावस्या को राहुकृत खग्रास ग्रहण होगा। आज से १९ वर्ष पूर्व सन् १९५८ ई० में भी राहुदेव की कृपा से खग्रास सूर्य-ग्रहण हुआ था ; वह भी ठीक इसी ता. १२ अक्टूबर एवं इसी तिथि सर्वपैत्री अमावस्या को लगा था। उसका अमान्त-काल अर्ध-रात्रि के बाद स्टैं. टा. घं. २ मि. २२ बजे था ; इस सूर्य-ग्रहण का अमान्तकाल यानी चन्द्र सूर्य की भू-केंद्रीय युति का भा. स्टैं. समय अर्ध-रात्रि के बाद घं. २ मि. १ बजे है ; उस समय सूर्य भूगोल के पश्चिमी गोलार्घ में होने के कारण यह पृथ्वी के पूर्वीय गोलार्ध में कहीं भी दृश्य न होगा। इसके भू-मण्डलीय आद्य स्पर्शादि का यावत् विवरण निम्न तालिका में दिया गया है, वहाँ देखिए। यह ग्रहण उत्तरी अमेरिका और दक्षिण-अमेरिका के उत्तरी भाग में, एशिया खण्ड के साइबेरिया में उत्तर ध्रुव के निकटवर्ती अति पूर्वीय भाग में ही दृश्य होगा। खग्रास-ग्रहण का छाया-पथ अधिकांशतः प्रशांत महासागर तथा दक्षिण-अमेरिका के कुछ भाग से गुजरता है। अतः दक्षिण-अमेरिका के अति उत्तर-पश्चिमी किनारे पर सूर्यास्त के समय कतिपय स्थानों से इस ग्रहण का खग्रास रूप दिखाई देगा।

सन् १९७७ ई० में उपर्युक्त ग्रहणों के अलावा ता. २७ सितंबर, भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा मंगलवार को चंद्रमा का एक मांद्य-ग्रहण भी होगा जिसे छायाकल्प ग्रहण भी कहते हैं; सूर्य के प्रकाश में पृथ्वी की जो छाया अंतरिक्ष में गिरती है उसे घनछाया या भूभा कहते हैं ; उसमें चंद्रबिंब के पूर्णतया प्रविष्ट होने पर चंद्र का सर्वग्रास या खग्रास ग्रहण लगता है और यदि चंद्रबिंब का कुछ भाग उक्त भूभा के बहिर्गत रहता है तो संपूर्ण चंद्रबिंब ग्रस्त न होने के कारण खण्डग्रास चंद्र-ग्रहण लगता है; इसी भाँति उक्त भूभा के चारो तरफ उसकी जो प्रतिच्छाया यानी विरल छाया फैली रहती है, उसमें चंद्रबिंब के पूर्णतः प्रविष्ट होने से संपूर्ण चंद्रबिंब पर धूसर छाया आती है अर्थात् पूरे चंद्रबिंब का कांतिमालिन्य होता है। किन्तु कभी-कभी चंद्रबिंब का कुछ भाग उक्त विरल छाया यानी भू-भाभा के बहिर्गत रहता है तब खण्ड मांद्य-ग्रहण लगता है अर्थात् संपूर्ण चंद्रबिंब का कांतिमालिन्य नहीं होता, उसका भू-भाभा से बहिर्गत भाग स्वच्छ प्रकाशमान रहता है ; यह मांद्य चन्द्र-ग्रहण भी इसी प्रकार का है जिसका संपूर्ण विवरण निम्न तालिका में दिया गया है। उक्त दिन चं. सू. की भू-गर्भीय युति अर्थात् पूर्णिमान्त-काल भा. स्टैं. टा. से घं. १३ मि. ४७ बजे (दिन में) होने के कारण भारत के दृश्याकाश में चन्द्रमा के न रहने से यह मांद्य-ग्रहण भी यहाँ दिखाई न देगा।


श्रीसंवत् २०३४ शके १८९९ भाद्रपद शुक्ल १५ मंगलवार ता० २७ सितम्बर १९७७ ई० को

❊ काशी में अदृश्य मांद्य चंद्र-ग्रहण ❊

भा. स्टैं. टा. से—	घं.	मि.	काशी के स्पष्टार्कोदयात् इष्ट घटी	पल
कांति-मालिन्यारम्भ	११	४८	१४	५०
परम कांति-मालिन्य	१३	५९	२०	१८
निर्मला-कांति	१६	१०	२५	४५

चंद्र-बिम्बांगुल १२, अधिकतम मलिन चंद्र-बिम्बांगुल ११, व्यंगुल ७

❀ सन् १९७७ ई० के बाद संवत् २०३४ के ग्रहण ❀



१–खग्रास चन्द्रग्रहण–सन् १९७७ ई० के बाद संवत् २०३४ वि० में दो पर्वान्त पड़ते हैं, १. फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा तथा २. चैत्र कृष्ण अमावस्या। दोनों ही दिन क्रमशः चन्द्र और सूर्य-ग्रहण पड़ रहे हैं; फाल्गुनी पूर्णिमा को खग्रास चन्द्र-ग्रहण तथा चैत्री अमावस्या को खण्डग्रास सूर्य-ग्रहण होगा। फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा शुक्रवार ता. २४ मार्च सन् १९७८ ई० को उ. फा. एवं हस्त नक्षत्र तथा कन्याराशि में खग्रास चंद्र-ग्रहण होगा। उक्त दिन चंद्र-सूर्य का भू-गर्भीय प्रतियोग यानी पूर्णिमान्त भा. स्टैं. टा. से घं.२१मि.५० बजे होगा एवं चंद्र-बिम्ब के भारतीय दृश्याकाश में उदित रहने के कारण इस ग्रहण की स्पर्श, सम्मीलनादि संपूर्ण चमत्कृति यहाँ दृश्य होगी जिसके समयादि का विवरण ग्रहण-परिलेख सहित ऊपर दिया गया है।

ता० २४–३–१९७८ ई०			
समय	काशी में इष्ट घटी पल	काशी में सूर्य घटी घं. मि.	भा.स्टैं. टाइम घं.मि.
स्पर्श	३५।३	१९।५८	२०।३
सम्मीलन	३७।४३	२१।२	२१।७
मध्य	३९।३५	२१।४७	२१।५२
उन्मीलन	४१।३०	२२।३३	२२।३८
मोक्ष	४४।१०	२३।३७	२३।४२
पर्वकाल	९।७	३।३९	३।३९

❀ ग्रहण का राशिफल ❀

राशियाँ	मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	कं.	तु.	वृ.	ध.	म.	कुं.	मी.
ग्रहण-फल	सौख्य	चिन्ता	व्यथा	श्री-क्षति	क्षति	घात	हानि	लाभ	सुख	मान-नाश	मृत्यु	स्त्री-पीड़ा

२–खण्डग्रास सूर्य-ग्रहण–चैत्र कृष्ण अमावस्या शुक्रवार ता. ७ अप्रैल सन् १९७८ ई० को रेवती नक्षत्र एवं मीन-राशि में खण्डग्रास सूर्य-ग्रहण होगा। उस दिन भा. प्र. समय (स्टैं. टा.) से घं. १७ मि. ३० बजे केतकरीय अहर्गण १८२८, सूर्य-क्रांति उत्तर ६°।४८', चन्द्रक्रांति उत्तर ५°।२३' चन्द्रशर दक्षिण ०°।४४' तथा सूर्य का राश्यादि भोग ११।२३°।४५'।२३'' उसकी तात्कालिक अर्धदैनिक गति २९'।३०'' एवं चन्द्रमा का राश्यादि भोग ११।२२°।५'।४६'' उसकी तात्कालिक अर्धदैनिक गति ९°।३४'।१०'' होगी; तदनुसार सूर्य-चन्द्र की भू-गर्भीय युति अर्थात् अमान्त भा. स्टैं.टा. से घं. २० मि. ४५ बजे होगा। उस समय सूर्य पश्चिम-क्षितिज के नीचे (अस्त) रहनेके कारण यह ग्रहण यहाँ दृश्य न होगा; सन् १९७८ ई० के उपर्युक्त दोनों ग्रहणों का विशेष विवरण अगले वर्ष '७८ ई० की जंत्री में दिया जायेगा।

॥ श्रीसंवत् २०३४ सन् १९७७ ई० में खाता(बसना) और श्रीमहालक्ष्मी-पूजन-मुहूर्त ॥

श्रीरामनवमी—इस वर्ष मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान रघुकुलभूषण विश्व-नियन्ता विष्णु-रूप श्रीरामचन्द्र की जन्म-तिथि परमपुण्यमयी मध्याह्न कालव्यापिनी रामनवमी ता० २९ मार्च सन् १९७७ भौमवार को पुनर्वसु नक्षत्र से युक्त लग-भग सूर्यास्त तक रहेगी। इस पुनीत तिथि को बहुत व्यापारीगण खाता(बसना) का पूजन करते हैं। पुनर्वसु नक्षत्र **"स्वात्यादित्ये श्रुति स्त्रीणि चन्द्रश्चापि चरं चलम्"** इत्यादि वचनों से चरसंज्ञक नक्षत्र है, अतएव व्यापार-कार्य में यह नक्षत्र और भौमवार भी विहित नहीं है तथापि अनेक व्यापारीगण इस परम पवित्र तिथि रामनवमी के दिन अपनी परम्परा के अनुसार खाता(बसना) का पूजन करते हैं। तब उन्हें तिथि और वार का दान करके पूजन करना चाहिये। इससे अपनी परम्परा-निर्वाह के साथ भगवत् तिथि में पूजन पूर्ण फलदायी होगा। सुमुहूर्त-विचार से व्यापारादि कार्य में स्थिर लग्न उत्तम होता है। 'वृष' स्थिर लग्न है। उसका भोग उस दिन घं. ८ मि. २० बजे प्रारम्भ होकर घं. १० मि. १७ बजे तक रहेगा। वृष राशि का गुरु उत्तम फलदायक है। **"ये ये भावाः सिताज्ञा मरपतिभि संयुता विचिता वा नान्यैः दृष्टा न युक्ताः यदि भवति यदा तस्य भावस्य वृद्धिः"** इत्यादि वचनानुसार लग्न बलयुक्त है। लग्न-स्वामी शुक्र यद्यपि वक्री है; किंतु अपनी उच्च राशि में एवं उच्चाभिलाषी सूर्य तथा नीचगत बुध से युक्त होकर लाभ भाव में स्थित है। सूर्य केन्द्रेश एवं बुध त्रिकोणेश के साथ लग्नेश शुक्र का स्थान-संबंध राजयोगकारक अर्थात् लग्नेश द्वितीयेश और चतुर्थेश का यह योग शुभ फलकारक है। तृतीया भाव का शनि, छठे राहु उत्तम है। व्यापारेश भौम यद्यपि लग्नेश भी है; किंतु राज्य में बैठकर लग्नस्थ मित्र गुरु को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है। केवल द्वादश स्थान शुद्ध नहीं है; अतः द्वादस्थ केतु का दान कर खाता(बसना) पूजन करना चाहिये। उसके बाद स्थिर लग्न "सिंह" घं. १४ मि. ४८ बजे से घं. १७ मि. २ बजे तक रहेगा। सिंह लग्न पर सप्तम भौम की पूर्ण दृष्टि उत्तम नहीं है। लग्नेश सूर्य, द्वितीयेश लाभेश बुध, तृतीयेश शुक्र का अष्टम (मृत्यु) भाव में चले जाना नेष्ट है; किंतु दशम का गुरु सभी दोषों का विनाशक है—**"किं कुर्वन्ति ग्रहाः सर्वे यस्य केन्द्रे बृहस्पतिः। मत्तमातंग यूथानां शतं हन्ति च केशरी॥"** नवम केतु मध्यम है। द्वादश शनि चन्द्र उत्तम नहीं है। अतः इनका

दान करके ही इस लग्न में खाता(बसना) का पूजन हितावह होगा। बहुत लोग 'अभिजिन्मुहूर्त' में पूजन करते हैं; इस दिन अभिजिन्मुहूर्त घं. ११ मि. १७ बजे से घं. १२ मि. ३ बजे तक रहेगा जिसमें यावत् शुभकृत्य सिद्ध होता है; परन्तु इसमें मध्याह्न-काल का ८ मिनट त्याग कर देना चाहिये। चौघड़िया के विचार से घं. १० मि. ३१ बजे से घं. १२ मि.३ बजे तक 'लाभ' बेला रहेगी। इसमें यद्यपि द्विस्वभाव मिथुन लग्न रहेगा; किंतु घं. ११ मि. १७ बजे अभिजिन्मुहूर्त आरंभ हो जायेगा। अतः तब से घं.१२ मि.३ बजे तक दोनों का संयुक्त काल खाता(बसना)पूजनार्थ स्वर्ण में सुगन्ध के समान है। उसके बाद घं. १२ मि. ३ बजे से घं. १३ मि. ३४ बजे तक 'अमृत' बेला भोग करेगी। इसमें घं. १२ मि. ३० बजे से कर्क लग्न का प्रवेश हो जायेगा। कर्क चर लग्न है; उसमें वक्री शनि स्थित है, साथ में चन्द्रमा भी चर राशि में है; अतः इस चौघड़िया का उपयोग न करना ही उत्तम पक्ष है। तत्पश्चात् पूर्वोक्त स्थिर लग्न सिंह में घं. १५ मि. ६ बजे से घं. १६ मि. ३७ बजे तक शुभ चौघड़िया का संयोग विशेष फलदायक होगा। दोनों ही व्यापार कार्यार्थ अति उत्तम हैं। अतः इस 'शुभ' बेला और सिंह लग्न के संयुक्त काल में खाता(बसना) का पूजन विशेष लाभप्रद एवं शुभकारी होगा।

अक्षय तृतीया—श्रीरामनवमी की भाँति अक्षय तृतीया भी भगवदावतार की तिथि होने से इस दिन विशेषतः खाता(बसना) का पूजन किया जाता है। इसी अक्षय पुण्य-तिथि को भगवान का श्रीपरशुरामजी के रूप में अवतार हुआ था। अक्षय तृतीया युगादि तिथि होने से भी परम पुनीत है। इस वर्ष यह ता० २१ अप्रैल सन् १९७७ ई०, वैशाख शुक्ल ३ गुरुवार को पड़ रही है, वार अति शुभद है; किंतु नक्षत्र कृत्तिका साधारण है जो उस दिन घं. १५ मि.१९ बजे तक रहेगा, उसमें वणिक-वर्ग को परम्परया खाता(बसना) पूजनार्थ स्थिर लग्न 'वृष' घं. ६ मि. ५० बजे से घं. ८ मि. ४६ बजे तक प्राप्त होगा। लग्न में आयेश, पराक्रमेश का गुरु-चांद्री योग हो रहा है—**"सर्वाभिमान् स्पृदंश माली लग्नस्थित प्रशमयेत्सुरराज मंत्री। एको बहूनि दुरितः सुदुस्तराणि भक्त्या प्रयुक्त शूलधर प्रणाम"** इस वचनानुसार लग्न का गुरु सभी प्रकार के दोषों को नष्ट कर सर्वविध कार्यसाधक होगा। उसमें भी गुरु के साथ उच्च का चन्द्र होने से गुरु-चान्द्री योग का महत्त्व बहुत बढ़ जाता है। तृतीय(उपचय-स्थान) में गया शनि शुभ फल को अधिक प्रबल बना रहा है। उसी तरह षष्ट भाव में राहु, एकादश में स्वोच्च राशि का शुक्र और मित्र-राशि का मंगल भी शुभफल के अभिवृद्धिकारक हैं। अष्टम स्थान शुद्ध है; किंतु द्वादश में सूर्य एवं वक्री बुध और केतु का योग उत्तम नहीं है। अतः इनका दान कर उक्त 'वृष' लग्नकाल में खाता(बसना) का पूजन अति उत्तम शुभफल-विधायक होगा। इसके बाद स्थिर लग्न 'सिंह' घं. १३ मि. १७ बजे से घं. १५ मि ३१ बजे तक रहेगा। सिंह लग्न में तृतीयस्थ राहु की स्थिति व्यवसाय को बढ़ानेवाली है, परन्तु अष्टम में वक्री शुक्र मंगल तथा द्वादश में शनि का योग उत्तम नहीं है; इनका दानादि करना चाहिये। इससे इन ग्रहों की शान्ति हो जायगी। नवम भाव में केतु का योग मध्यम, किन्तु लग्नेश का आयेश-घनेश बुध से योग शुभद है। दशम भाव में गुरु चान्द्री योग सभी प्रकार के दोषों को विनष्ट करनेवाला है। अतः अपनी परम्परा के अनुसार इस स्थिर 'सिंह' लग्न में खाता(बसना)पूजनादि कृत्य लाभ शुभकारक होगा। इस दिन अभिजिन्मुहूर्त घं.११ मि.९ बजे से घं.११ मि.५७ बजे तक प्राप्त होगा। चौघड़िया-बेला के विचार से से प्रथम 'शुभ' बेला घं. ५ मि. ३५ बजे से प्रारम्भ होकर घं. ७ मि. ११ बजे तक रहेगी। इसमें स्थिर लग्न 'वृष' का भी योग घं. ६ मि. ५० बजे से आरम्भ हो जायेगा; अतः इन दोनों के संयुक्त काल का महत्व गत वर्षों की जंत्री में सप्रमाण बताया जा चुका है; अतः पुनरुक्ति अनावश्यक है; इस दिन खाता (बसना) पूजन अत्युत्तम रहेगा। उसके बाद 'लाभ' बेला घं. ११ मि. ५७ बजे से घं.१३ मि. ३३ बजे तक रहेगी अर्थात् अभिजिन्मुहूर्त के बाद ही यह लाभ-बेला आरम्भ होकर १॥ घंटे तक रहेगी जिसमें खाता(बसना) पूजनादि कृत्य भलीभाँति सुसम्पन्न किया जा सकता है। इसमें भी बहुत वणिक्-वर्ग खाता(बसना) का पूजन करते हैं; तत्पश्चात् 'अमृत' बेला घं. १३ मि. ३३ बजे से घं. १५ मि. ८ बजे तक रहेगी जो स्थिर लग्न सिंह से पूर्णतः व्याप्त रहेगी। अतः सिंह लग्न में 'अमृत' बेला का योग खाता(बसना)पूजनार्थ स्वर्ण में सुगन्ध के समान है। इसके बाद चौघड़िया-मुहूर्त के प्रेमियों को घं. १६ मि. ४३ बजे से घं. १८ मि.१९ बजे तक पुनः 'शुभ' बेला प्राप्त होगी, उसके बाद गोधूलि भी रहेगी। **'गोधूलि' सा मुनिभिरुक्ता सर्वकार्येषु शस्ता"** इत्यादि वचनानुसार अति प्रशस्त है तथा प्रदोषकाल श्रीपरशुराम भगवान् के जन्मोत्सव का समय होने से वह काल भी खाता(बसना)पूजनार्थ अति उत्तम होगा।

रथयात्रा—इस वर्ष आषाढ़ शुक्ल २ शनिवार ता० १८ जून १९७७ ई० को है। द्वितीया उस दिन सूर्योदय से आधी रात के बाद घं. ३ मि. ४७ बजे तक रहेगी; किंतु उस दिन वार शनि एवं आर्द्रा नक्षत्र घं. ११ मि. ५९ बजे तक उत्तम नहीं है। अतएव इन दोनों का विधिवत दान पूजा करके स्थिर लग्न सिंह में खाता(बसना) पूजन करना चाहिए। 'सिंह' लग्न घं.९ मि.२७ बजे से आरम्भ होकर घं. ११ मि. ४५ बजे तक रहेगा। लग्नेश सूर्य उपचय लाभ-भाव में स्थित है। अतः व्यापार में उत्तम लाभदायक है। द्वितीय धन भाव में राहु नेष्ट है; अतः इसका दान करना चाहिये। अष्टम द्वादश दोनों शुद्ध नहीं है; अतः अष्टमस्थ केतु का भी दान कर देना आवश्यक है। लक्ष्मी-स्थान में स्वगृही बलवान भाग्येश केंद्रेश मंगल का राज्येश शुक्र का योग, केन्द्रस्थान व्यापार-भाव में बुध एवं गुरु का योग सभी प्रकार के दोषों का विनाशक है। **"केन्द्रे कोणे मदनरहितं दोषशतकं हरेत्सौम्यो द्विगुणमपि भृगु तथा लक्षं सुरगुरु"** इत्यादि वचनानुसार ये समस्त प्रकार के दोषों को शमन कर व्यापारोन्नति में सहायक होंगे। एकादश उपचय में सूर्य के साथ चंद्र की स्थिति भी उत्तम है। अतः इस लग्न में पूर्वोक्त दान पूजा करके खाता(बसना) का पूजन श्रेयस्कर होगा। अभिजिन्मुहूर्त के विचार से


जल-संकट, प्रजा का नाश, मंत्रिमण्डल में उलट-फेर हो सकता है। आज गेहूँ गोला मिर्च तेल अलसी अरण्डा मूँगफली मंदी रहेगी। ता. १६ भौमवार को चं.-दर्शन होगा। श्वेत वस्तुएँ रूई कपास सूत अलसी गेहूँ तेज, चाँदी मंदी हो। आज ही सिंह-संक्रांति भी है। सूर्य जबतक सिंह पर सवार रहते हैं, तब तक सभी प्रकार का अनाज तिल तेल हल्दी गुड़ खाँड़ आदि रसपदार्थ तेज रहते हैं। श्रावण सुदी में संक्रांति होने से वर्षा की कमी रहेगी। भौमवार के कारण वायु का जोर, मूँग उड़द चना चावल ज्वार बाजरा मकई का नाश हो। वर्षा हो जाय तो धान्य की उपज उत्तम हो, परंतु बीमारी फैले। ता. १८-१९ को बाजार मंदा रह कर, ता. २० को गल्ला तिलहन घी तेल शेयर्स तेज, रूई मंदी हो; रात को बुध वक्री हो जायेगा। जौ गेहूँ चना गुड़ शक्कर लोहा ताँबा जस्ता आदि धातुएँ तेज करेगा। मिथुन का मंगल गुरु से मेल करेगा। वर्षा ऋतु में गुरु मंगल साथ हों तो वर्षा बंद हो जाय; बादलों का जोर रहे तथा लाल रंग के सभी पदार्थ अलसी सरसों गुड़ लालमिर्च मसूर गेरू लाल चंदन तेज हों। ता. २३ को कर्क का शुक्र और पश्चिम में बुधास्त सोना चाँदी रूई कपास सूत घी गल्ला में तेजी लाएगा। ता. २५ को घी तेज, किराना गुड़ गेहूँ मंदा हो, संचयखोरों पर छापे पड़ें, उनकी व्यापक गिरफ्तारी हो। सुदी १३ का क्षय घी तेज करेगा। कार्तिक में मन्त्रिम डल भंग हो सकता है। पूनम रविवारी और शनि का उदय तेजीकारक हैं।

भाद्रपद मास—वदी १ को शतभिषा है। अतः इस पक्ष में गल्ला तेज रहेगा। राजस्थान में वर्षा हो, सोना चाँदी रूई सूत मंदा होकर ता. ३० को बाजार तेज हो जायेगा। मूँग चावल सब्जी लहसन चाँदी लोहा रबड़ और बिजली का सामान मोटर फर्नीचर तेज, रूई मंदी होगी।

सितम्बर मास—आर्द्रा का भौम मूँगफली सरसों तिल अरण्डा आदि में अच्छी तेजी चलेगी। **सावधान!** ता. ३ को बाजार में घट-बढ़ रहेगी। ता. ५ को जन्माष्टमी रोहिणीयुता शुभद है। ता. ६ से शनिदेव सिंह राशि पर गमन करेंगे। मघा नक्षत्रगत शनि से मालवा में तेजी हो; गेहूँ का स्टॉक लाभकारी रहेगा। तिलहन गुड़ लोहा मोटर ट्रक उड़द ऊन तेज हों। पूर्वीय देशों में उपद्रव चौपायों (पशुओं) का नाश, युद्ध-विप्लव दुर्भिक्ष गुड़ गेहूँ चना चावल मसूर अन्न के व्यापार में लाभ हो। ता. ८ से रूई कपास सूत सन में मोटी मंदी हो। ता. १० को सरसों आदि तिलहन गल्ला घी तेल बारदाना लोहा जस्ता तेज रहे। ता. ११ को पूर्व में बुध का उदय-अस्तकाल के प्रथम सप्ताह की लाइन दूसरे सप्ताह में पलट जायेगी। अमावस्या मंगलवारी तेजीकारक है; शनि अंगारक योग अच्छी तेजी का वातावरण बनायेगा। कई प्रकार की दुर्घटनाएँ भी हो सकती हैं। सुदी १ बुधवारी है। इस पक्ष में अन्न दालें मसालें गुड़ खाँड़ घी तेल आलू अदरक प्याज सभी प्रकार की शाक-सब्जी तेज रहेगी। आलू के व्यापारियों को लाभ होगा। रात को बुध मार्गी बाजार की लाइन बदल देगा। ता. १५ को गल्ला सरसों खोपरा मूँगफली सरसों अलसी मंदी हो आज का चंद्र-दर्शन रूई कपास चाँदी काँसा एलमोनियम चावल चीनी तेज करेगा। युद्ध की आशंका से बाजार में काफी हलचल रहेगी। ता. १६ को

सोना चाँदी ताँबा पीतल मंदा रहेगा। तथा कन्या-संक्रांति से नारियल तिल तेल मंजीठ आदि लाल रंग के पदार्थ तेज होंगे। किराना कोयला भी तेज होगा। गल्ला मंदा रहे। ता. १७ को सिंह के शुक्र से वर्षा में रुकावट, सोना तथा लाल रंग की चीजें एवं गल्ला तेज हों। पञ्चमी का क्षय इस पक्ष की तेजी का एलान है। रविवारी षष्ठी गल्ला और रस-पदार्थ तेज करेगी। आज अनुराधा नक्षत्र श्रेष्ठ है। नेष्ट-फल दूर करेगा, सुभिक्षकारी है। ता. २० से सोना चाँदी आदि धातुएँ रूई सूत सन तेज हों। ता. २२-२३ को चीनी खाँड़ लाख चपड़ा नमक धातुएँ अनाज मंदा रहें। ता. २४ क गल्ला गुड़ चाँदी रूई लाख चपड़ा तेज, पशुओं में बीमारी फैले। ता. २६ को जौ गेहूँ चना मंदा हो; हस्त का रवि अन्न गुड़ खाँड़ तिल हींग कपूर हल्दी हरड़ किराना में तेजी की लाइन बनायेगा। ता. २७ की पूर्णिमा तेजीकारक है। पू.भा. का अभाव आगे भी तेजी करेगा। आज शनि अंगारक योग भी है। घोर तेजी तथा दुर्घटनायें होंगी।

आश्विन मास--वदी १ बुधवारी है। गत पक्ष की भांति इस पक्ष में भी समस्त खाद्य-पदार्थ तेज रहेंगे। शाक-सब्जी अधिक तेज रहेंगी। ता.३० को बुध कन्या में चलेगा; सोना और शर्करा (खाँड़) में छः मास तक तेजी के कारण लाभ देगा ; फिर भाव गिर जायेंगे।

अक्टूबर मास--वदी ५ रविवारी है। माघ में घी तेज रहेगा, नोट कर लें ! ता. ३ को पूर्व में ४३ दिन के लिये प्राकृत गति से बुध अस्त होगा। उत्तम वर्षा, चोरों का भय, किराना तेज, घी गल्ला मंदा, सोना चाँदी रूई में एक बार तेजी फिर ५।६ दिन में मंदी होगी। आज रोहिणी नक्षत्र है; कपास का स्टॉक फाल्गुन में लाभ देगा, यह भी नोट कर लें ! रूई कपास चाँदी चावल मंदा रहे। अष्टमी बुधवारी तेजीकारक है। मघा के दूसरे चरण पर शनिचार किराना तेज करेगा। ता. ६ को "हस्ते बुधे सुभिक्षंस्याद् धान्यसारोग्यम बुद्:" आरोग्य-वृद्धि, धान्य मंदा, सुभिक्ष तथा वर्षा हो। वदी दशमी की वृद्धि घी रूई कपास में तेजी, उपरान्त एकादशी पशुओं में भी तेजी करेगी। ज्वार का स्टॉक आगे लाभ देगा। चांस है। ता. १० को चित्रा के सूर्य से गल्ला गेहूँ चना अरहर रूई लाख चपड़ा तेज, ज्वर का जोर, घी तेज हो। ता. ११ से कन्यागत शुक्र खेती में हानिकारक होगा। सभी धान्य तेज, चावल विशेष तेज होगा। बुधवारी अमावस्या गल्ला मंदा करेगी। पञ्च-ग्रही योग पशुओं की हानि करेगा। वर्षा अथवा युद्ध, दोनों में कोई एक हो। रात को कर्क में भौम के जाने से २१ अगस्तवाला योग समाप्त होगा। वर्षा आरंभ होगी। गल्ला ईख गन्ना रस-पदार्थ भैंस तेज हों। ता. १४ अक्टूबर का चन्द्र-दर्शन गल्ला और तिलहन तेज करेगा। ता. १५ को रूई कपास सोना चाँदी ताँबा पीतल अलसी अरण्डी तिल मंदा रहेगा। ता. १६ को रविवारी चौथ है ; घी बेचें और अन्न खरीदें, लाभकारी चांस है। तुला-संक्रांति तीसरे वार में होने से तेजीकारक रहेगी। सोना और सभी प्रकार के अन्न तेज, हाथियों की हानि होगी। ता. १७ के बारह बजे से ता. १८ के बाजार खुलने तक अनाज का स्टॉक करें, आगे लाभ होगा। यह भी एक चांस है। ता. १९ को घी का स्टॉक करना लाभदायक होगा। पुष्य के भौम से राज्यों में परस्पर विरोध, चोरों का आतंक, सोना तेज हो। ता. २१ से रूई मंदी, गल्ला गुड़ तेज होगा। ता. २३ को स्वाती का रवि सोना चाँदी रूई सूत गुड़ लाख चपड़ा सन तेज करेगा। ता. २५ को गुरु वक्री होगा। सुख-शांति और मंदी का वातावरण बन जायेगा; परन्तु ताँबा पीतल धातु-बाना पशु और किराना तेज होगा। बुधवारी पूनम विशेष तेजी करेगी।

कार्तिक मास--गुरुवारी एकम मन्दीकारक है ; परन्तु एकम की वृद्धि तेजी ही करेगी। वदी तीज रविवार को रोहिणी होने से आगे वर्षा बद हो। चित्रा का शुक्र बम्बई गुजरात में वर्षाकारक रहेगा।

नवम्बर मास--ता. १ को आर्द्रा है। आगे वर्षा में कमी और घास चारे में तेजी रहेगी। ता. ३ को बाजार मंदा, अष्टमी में पुष्य होने से आगे रूई कपास तेज रहेगी। ता. ३ को रूई कपास सूत सन चाँदी चावल मंदा, रात को तुला का शुक्र चाँदी में मंदी की लाइन बना देगा। ता. ५ को वृश्चिक के बुध से घी तेल तिलहन में तेजी, अन्न मंदा प्रजा में सुख-शांति रहे। मघा नक्षत्र सुपारी सूत सन तेज करेगा। ता. ६ से विशाखा का सूर्य सोना चाँदी रसकस रूई शेयर्स तेज करेगा। दक्षिणी देशों में उपद्रव हो। ता. ८ को गुड़ खाँड़ तिलहन अनाज तेज हो। आज हस्त नक्षत्र ज्वार का स्टॉक करने की सलाह देता है; आगे लाभ होगा। ता. १० को स्वातीगत शुक्र बाजार में तेजी का जोश भर देगा। चोर-डाकुओं से कष्ट होगा। रात को श्रीलक्ष्मी-पूजन होगा। पौने छः बजे से पौने आठ बजे तक वृष लग्न में पूजन करना चाहिये। ता. ११ को गोवर्धन पूजा होगी। स्वाति में दीपावली और विशाखा में गौ-पूजा हो तो राज्यों में युद्ध हो अथवा फसल में काफी नुकसान हो। दीपावली और गोवर्धन-पूजा दोनों दिन शुभवार हैं। अनिष्ट-योग कमजोर हो गया है। सुदी १२ एक रोज होना गड़बड़ करेगा। शनिवारी चंद्र-दर्शन से गल्ला मंदा तथा दक्षिण में उपद्रव होगा। आज रूई सोना चाँदी तिल तेल गेहूँ गोला मंदा रहेगा। ता. १५ को बुधदेव पश्चिम में उदय हो जायेंगे, सोना चाँदी रूई गुड़ गेहूँ में मंदी से तेजी होगी। आज ही वृश्चिक-संक्रांति है। रूई कपास चाँदी चावल लाल मिर्च लौंग लाल चंदन ऊनी वस्त्र मंदे हों, इनका संग्रह छः

मास पीछे लाभ देगा। संक्रान्ति सोमवारी है; अन्न तथा रस-पदार्थों में दो मास में ही लाभ होगा। घास चारा का स्टॉक करें। १७। ८ दोनों दिन अच्छी घटा-बढ़ी के हैं। ता. २० को रविवारी दशमी सुभिक्षकारी है। ता. २२ को गल्ला गुड़ सोना चाँदी ताँबा तेज हो। ता. २४।२५ को मंदी, पूर्णिमा को कृत्तिका नक्षत्र सुभिक्षकारी है।

"कृत्तिका कार्तिक पूर्णिमा चारो मास सुभिक्ष"
(भविष्य-भारती)

कार्तिक में ५ गुरु तथा ५ ही शुक्रवार होने से रोगों का विशेष प्रकोप होगा।

मार्गशीर्ष मास—प्रतिपदा को रोहिणी नक्षत्र इस पक्ष में तेजी रखेगा। आज कपास गुड़ चाय तमाखू शराब भाँग तेज रहे। ता. २८ को बाजार मंदा, आर्द्रा की स्थिति सुभिक्षकारी है। प्रजा में सुख-शांति रहेगी। बदी २ की वृद्धि है। मार्गशीर्ष की बदी में तिथि वृद्धि युद्ध का कारण होती है। प्रजा को भी कष्टकारी होती है। ता. ३० से आश्लेषा का भौम वर्षा में रुकावट, अन्न में तेजी, कृषि में हानि, टिड्डी और चूहों का जोर रखेगा।

दिसम्बर मास—ता. १ को सोना चाँदी रूई गुड़ गेहूँ मूंगफली मंदी रहेगी। पशुओं की वृद्धि, घी दूध दही चावल मंदा रहेगा। ता. २ को ज्येष्ठा का सूर्य सोना चाँदी रूई सूत कपड़ा अन्न चावल सरसों तेज और कफ रोग (नजला जुकाम श्वास खांसी आदि) बढ़ायेगा। ता. ५ से अन्न सोना आदि धातुएँ तथा नशीले पदार्थ तेज रहेंगे। ता. ७ को चित्रा नक्षत्र है। रूई कपास सूत कपड़ा उर्द मूंग सोना मंदा करेगा; परन्तु बुधवारी एकादशी रूई सूत कपड़ा आगे तेज करेगी। त्रयोदशी के क्षय से सभी वस्तुएँ मंदी परन्तु घी तेज होगा। अमावस्या शनिवारी वर्षा और उपज में कमी करेगी। ता. ११ को बुध शनि दोनों वक्री होंगे। गुरु पहले ही वक्री हैं। फल फूट तेज, चाँदी सोना गुड़ खाँड़ रूई में आरजी (अस्थाई) तेजी होगी। मूल नक्षत्र का क्षय पशुओं में बीमारी फैलायेगा। वक्री शनि प्रजा को नाना प्रकार से उत्पीड़ित; वर्षा पशु और धन-धान्य की हानि करेगा। आज चंद्र-दर्शन एक मास में अन्न तेज करेगा। ता. १२ को सोना चाँदी रूई कपास गुड़ किराना मंदा, मूंग मोठ बाजरा मकई तेज रहेगा। ता. १३ को हिजरी सन् १३९८ का आरंभ होगा; गुर्रा का मालिक मंगल है। वर्षा कम, वायु अग्नि का प्रकोप, दक्षिण में तेजी, उत्तर में रोग-प्रकोप, फलों की उपज कम, सोना चाँदी आदि धातुएँ मंदी, गुड़ शक्कर तेज हों। प्रायः हिजरी सन् मुसलमानों में प्रचलित है, फल भी इस्लामी देशों में। ता. १५ को गुरुवारी धनु-सक्रांति है, शतभिषागत सं. युग प्रलयकारी है। मृगशीर्ष में दुर्भिक्षकारी होती है। गल्ला तिल तेल तेज होगा। वक्री बुध भी तेजीकारक है। वक्री भौम अन्न-नाश, ज्वार बाजरा मूंग मोठ उर्द मूंगफली चावल हल्दी लाल रंग के पदार्थ तेज करेगा। ता. १६ को सोना चाँदी ताँबा रूई सूत कपड़ा तेज; परन्तु आगे शुक्रवारी सप्तमी उपरोक्त सभी वस्तुएँ मंदी करेगी। सोमवारी दशमी से अन्न मंदा, परन्तु रेवती नक्षत्र वर्षा की कमी और अग्नि-भयकारक होगा। दशमी की वृद्धि से ... हो। ता.

२२ को मूल धनु के शुक्र से सोना चाँदी रूई कपास गेहूँ तेज, प्रजा में संगठन भावना बढ़ेगी। पूर्णिमा रविवारी तेजीकारक है। मृगशीर्ष शुक्लपक्ष में चार ग्रहों का वक्री होना जोरदार घट-बढ़ से तेजी की लाइन बनायेगा।

पौष मास—बदी १ को पौष में बुध का उदय अनावृष्टि, दुर्भिक्ष, भावों में तेजी, गायों में रोगकारक होता है। शुक्र का अस्त, स्त्रियों को पीड़ा, गल्ला में तेजी, राज्यों में झगड़ा-फसाद, धातुएँ तेज, रूई मंदी करता है। देवगण में अस्त होने से, गल्ला तेज होकर मंदा हो; सोना चाँदी तेज, कहीं रोग-प्रकोप हो; मालवा में भय, मारवाड़ में दुर्भिक्ष हो। ता. २८ से पू. षा. का रवि सर्दी बढ़ायेगा। सोना चाँदी गुड़ तिल तेल हल्दी कपड़ा ऊनी वस्त्र तेज होगा। सुदी ४ गुरुवारी मूंग मोठ उड़द ज्वार गुवार बाजरा मकई मंदी करेगी, नोट करें! ता. ३१ को गल्ला और तिलहन में तेजी रहेगी।

ता. १ जनवरी १९७८ को मार्गी बुध बाजार की चालू लाइन परिवर्तन करेगा। ता. २ को पू. षा. का शुक्र तिलहन चावल चीनी चाँदी मंदी करेगा। बदी त्रयोदशी शनिवारी है गेहूँ का स्टॉक लाभ देगा। यह एक चांस है। आज बाजार में दुनफी घटा-बढ़ी रहेगी। ता. ८ को घं. १३ मि. २० बजे उपरान्त अमावस्या तेजीकारक और सोमवार को पौने ३ घटे तक सोमवती अमावस्या मदीकारक रहेगी। अमावस्या को मूल नक्षत्र केवल ४॥ घटी होने से संवत् का एक पाया कमजोर हो गया है।

सूचना—हमारे लेखों से व्यापारियों ने लाभ उठाकर हमें प्रशंसापत्र भेजे हैं। यह लेख बहुत संक्षेप में लिखा है; खुलासा जानने के लिये सन् १९७७ का "भविष्य फल प्रकाश" मँगायें। उसमें सभी वस्तुओं के घटते-बढ़ते भाव तेजी-मंदी के योग, लाइनें तारीखें, पीरियड, मासिक वार्षिक चांस लिखे हैं। खरीदने, बेचने की लाभकारी तारीखें, माल स्टॉक करने का उचित अवसर, राशि-फल, नजराने की तारीखों के साथ ही अनेक उपयोगी बातें लिखी हैं। हम चांसों का धंधा नहीं करते, पुस्तक में ही लिख देते हैं। यह भारत में सबसे सस्ता व्यापारिक मार्ग-दर्शक ग्रन्थ है। मूल्य १५), रियायती १२) है। वी० पी० खर्च बहुत बढ़ गया है। वी० पी० से १५) ५ पैसे लगेंगे, इसलिये १३) भेजकर मँगायें, हम रजिस्ट्री से भेज देंगे।

"भविष्य-भारती"—तेजी-मंदी के अनेक ग्रन्थों का सार लेकर अपने अनुभूत योगों को सरस दोहों में लिखा है। समझाने के लिये सरल भाषा-टीका भी लिखी गई है। व्यापारियों तथा ज्योतिषियों के बड़े काम की पुस्तक है। प्रति वर्ष नहीं छपती; एकबार मंगाकर आयु-भर लाभ उठावें; मूल्य ८) है। पेशगी १०) भेजकर मँगायें; दोनों ग्रन्थों के लिए २२) भेजें। वी० पी० से हम २४)७५ पैसे में भेजेंगे। अपना और हमारा पता स्पष्ट अक्षरों में लिखें।

पता—प्रकाश पुस्तकालय, खोरी,
P.O. KHORI ... (REWARI) हरियाणा
pin . 123101

भगवानदासजी मित्तल, भृगु-ज्योतिष-पुस्तकालय, नया बाजार, मथुरा द्वारा लिखित—

सन् १९७७ ई० के लिये आपका भविष्य

[प्रिय पाठक वृन्द ! प्रत्येक व्यक्ति की जन्म-कुण्डली के ऊपर दो प्रकार से ग्रहों का असर जिन्दगीभर होता रहता है। इसमें मुख्यतया असर जन्मकालीन ग्रहों का होता है, जैसाकि जन्म-कुण्डलियों के सम्बन्ध में हमने अपनी पुस्तक "विशाल भृगुसंहिता-पद्धति' के अन्दर नौ ग्रहों का लिखा है और दूसरा असर आकाश-मार्गी ग्रहों का होता है, जैसाकि हम हर नवीन वर्ष की 'चिन्ताहरण जन्त्री' द्वारा आपकी सेवा में देते रहते हैं। अतः पाठकों को दोनों प्रकार से ही अपने भाग्य का विचार सदैव करते रहना चाहिये ; वैसे, भविष्य के पूर्ण द्रष्टा तो केवल भगवान् ही हैं]

मेष लग्नवालों को—ता. १-१-७७ से मंगल बुध नवें, सूर्य मंगल दसवें और शुक्र ग्यारहवें चलेंगे। गुरु लग्न में सूर्य ग्यारहवें चलेंगे। इसलिये ता. १९-२-७७ तक मान-प्रभाव और लाभ-प्राप्ति का योग रहेगा। भाग्य की सफलता रहेगी। आगे ता. २२-२-७७ से गुरु दूसरे चलेंगे। ता. २७-२-७७ से सूर्य बुध ग्यारहवें, शुक्र बारहवें चलेंगे। अतः १३-३-७७ तक साधारणतया लाभ रहेगा। ता. १५-३-७७ से सूर्य बुध बारहवें, मंगल ग्यारहवें और शुक्र लग्न में चलेंगे जिससे ता. १९-४-७७ तक खर्च कुछ अधिक रहते हुये भी लाभ होता रहेगा। ता. २०-४-७७ से शुक्र मंगल बारहवें, सूर्य बुध लग्न में रहेंगे। अतएव खर्चा ज्यादा रहेगा ; किन्तु ता. १-५-७७ से राहु छठें और केतु बारहवें चलेंगे; इसलिये कुछ पुरानी दिक्कतों से छुटकारा मिलने लगेगा। ता. ३०-५-७७ से शुक्र मंगल बुध लग्न में चलने से ता. ८-८-७७ तक इज्जत मान-प्रभाव और स्वाभिमान बढ़ेगा; आगे समय सामान्य रहेगा। ता. १८-७-७७ से गुरु तीसरे तथा ता. २८-७-७७ से शुक्र भी तीसरे चलेंगे; इसलिये पुरुषार्थ से इज्जत बढ़ेगी तथा भाग्य की सफलता रहेगी। आगे ता. २४-८-७७ से मंगल गुरु तीसरे, शुक्र शनि चौथे और सूर्य बुध पांचवें चलेंगे जिससे ता. १०-१०-७७ तक मान-प्रभाव सुख-सफलता और साहस-शक्ति बढ़ेगी। ता. १२-१०-७७ से शुक्र छठें और मंगल चौथे नीच के तथा ता. १७-१०-७७ से सूर्य भी नीच के चलेंगे। इसलिये समय परेशानी का रहेगा। ता. ५-११-७७ से शुक्र सातवें अच्छे रहेंगे, अतः कुछ सफलता मिलेगी। ता. १६-११-७७ से सूर्य बुध भी आठवें चलने से दिमागी परेशानी रहेगी। ता. १६-१२-७७ से सूर्य बुध नवें चलेंगे जिससे ता. ३१-१२-७७ तक बुद्धि-बल और पुरुषार्थ के द्वारा भाग्योदय होगा। साहस-शक्ति बढ़ेगी।

वृषभ लग्नवालों को—ता. १-१-७७ से सूर्य बुध मंगल आठवें चलेंगे। अतः ता. ५-२-७७ तक समय कमजोर रहेगा। ता. ६-२-७७ से बुध मंगल नवें चलेंगे, शुक्र ग्यारहवें उच्च के चलेंगे जिससे ता. ८-३-७७ तक आर्थिक लाभ और कार्य की सफलता रहेगी। ता. ९-३-७७ से शुक्र बारहवें, आगे मंगल दसवें और सूर्य बुध ग्यारहवें चलेंगे। इसलिये सामान्य समय रहेगा। ता. २४-३-७७ से शुक्र लाभ में उच्च के चलेंगे; सूर्य बुध भी ग्यारहवें चलेंगे जिसके फलस्वरूप ता. १३-४-७७ तक लाभ-योग ठीक रहेगा। ता. १४-४-७७ से सूर्य बुध बारहवें, आगे मंगल ग्यारहवें चलेंगे जिससे खर्च कुछ अधिक होगा। ता. ३०-५-७७ से शुक्र मंगल बुध बारहवें चलेंगे। अतएव ता. ३०-६-७६ तक कुछ बेजा तरीके का खर्च परेशानीदायक रहेगा। ता. २-७-७७ से गुरु शुक्र लग्न में चलेंगे। इसलिये ता. २७-७-७७ तक मान-प्रभाव कुछ बढ़ेगा। ता. २८-७-७७ से गुरु शुक्र दूसरे चलने से धन के लिये विशेष प्रयत्न करना होगा। ता. २२-८-७७ से मंगल गुरु शुक्र दूसरे और शुक्र बुध शनि चौथे चलेंगे। फलतः सुख-प्राप्ति के साधन रहते हुये, धन के मामले में नफा-नुकसान दोनों होता रहेगा। ता. १२-१०-७७ से मंगल शुक्र नीच के और ता. १७-१०-७७ से सूर्य भी नीच के रहेंगे। अतः ता. १५-११-७७ तक समय परेशानी का रहेगा। ता. १६-११-७७ से सूर्य सातवें और ता. ५-११-७७ से बुध भी सातवें चलेंगे। इसलिये ता. १५-१२-७७ तक घर-गृहस्थी एवं रोजी-रोजगार में कुछ सुख-सफलता मिलेगी। ता. १६-१२-७७ से सूर्य बुध आठवें चलने से ता. ३१-१२-७७ तक सुख-सफलता की कमी रहेगी।

मिथुन लग्नवालों को—ता. १-१-७७ से सूर्य मंगल बुध सातवें और गुरु ग्यारहवें चलेंगे जिससे ता. ५-२-७७ तक घर-गृहस्थी और रोजी-रोजगार में सुख-सफलता और धन-लाभ रहेगा। ता. ६-२-७७ से मंगल बुध आठवें रहेंगे। इसलिये परेशानियाँ रहेंगी। ता. २२-२-७७ से गुरु बारहवें चलने से उन्नति के मार्ग में परेशानी लम्बी चलेगी ; किन्तु ता. २७-२-७७ से सूर्य बुध नवें चलेंगे ; अतः भाग्योदय में पुरुषार्थ से सफलता मिलेगी। ता. १५-३-७७ से सूर्य बुध दसवें, मंगल नवें चलेंगे ; और ता. २४-३-७७ से शुक्र गुरु का स्थान-सम्बन्ध होगा। इसलिये ता. २९-५-७७ तक नफा के साथ नुकसान भी हो सकता है। ता. ३०-५-७७ से मंगल बुध शुक्र ग्यारहवें चलने से लाभ-योग अच्छा रहेगा। ता. ७-६-७७ से बुध गुरु बारहवें तथा मंगल शुक्र ग्यारहवें चलेंगे जिससे

आमदनी और खर्च दोनों में तेजी रहेगी। ता. ८-७-७७ से मंगल गुरु शुक्र बारहवें रहने से खर्च अधिक रहेगा। ता. २८-७-७७ से शुक्र गुरु लग्न में तथा मंगल बारहवें चलेंगे। फलतः परिस्थियों में कुछ सुधार होगा। ता. २४-८-७७ से गुरु मंगल लग्न में, शुक्र शनि धन-भाव में और सूर्य बुध तीसरे चलेंगे। इसलिये मान-प्रभाव साहस-शक्ति बढ़ेगी। ता. १२-१०-७७ से मंगल नीच के होकर दूसरे, शुक्र नीच के होकर चौथे तथा ता. १७-१०-७७ से सूर्य नीच के होकर पाँचवें चलेंगे। अतएव ता. १६-११-७७ तक ज्यादा परेशानियाँ रहेंगी, इसके बाद परेशानी कुछ कम होने लगेगी; धन की चिन्ता रहेगी। ता. १६-१२-७७ से सूर्य बुध सातवें और ता. २३-१२-७७ से शुक्र भी सातवें चलेंगे एवं गुरु लग्न में रहेंगे। इसलिये ता. ३१-१२-७७ तक समय प्रायः सुधार का रहेगा।

कर्क लग्नवालों को—ता. १-१-७७ से सूर्य मंगल बुध छठे और गुरु दसवें चलेंगे। इसलिये कुछ दिक्कतों के साथ प्रभावपूर्ण समय चलेगा। ता. १-२-७७ से मंगल सातवें, शुक्र नवें उच्च के चलेंगे जिससे ता. १०-३-७७ तक घर-गृहस्थी, रोजी-रोजगार की अच्छी उन्नति रहेगी। ता. ११-३-७७ में मंगल आठवें, सूर्य बुध नवें और शुक्र दसवें चलेंगे; अतः साधारण सफलता मिलती रहेगी। ता. २०-४-७७ से मंगल शुक्र नव, सूर्य बुध दसवें चलेंगे। आगे ता. ३०-५-७७ से शुक्र मंगल दसवें तथा सूर्य बुध गुरु ग्यारहवें चलेंगे। फलस्वरूप भाग्योदय और उन्नति का समय चलेगा। ता. १५-६-७७ से सूर्य बारहवें चलने से खर्च बढ़ेगा; किन्तु मंगल शुक्र दसवें और ता. १-७-७७ से शुक्र गुरु ग्यारहवें तथा ता. ८-७-७७ से मंगल भी ग्यारहवें चलेंगे। इसलिये ता. २५-७-७७ तक प्रायः लाभ और सफलता रहेगी। ता. २८-७-७७ शुक्र गुरु बारहवें चलने से खर्च की अधिकता रहेगी और मंगल से लाभ भी रहेगा। ता. २३-८-७७ से शुक्र शनि लग्न में, मंगल गुरु बारहवें चलेंगे इसलिये खर्च बढ़ा रहेगा और घरेलू सुख रहेगा। ता. १२-१०-७७ से मंगल नीच के होकर लग्न में, शुक्र नीच के होकर तीसरे और ता. १७-१०-७७ से सूर्य भी नीच के होकर चौथे चलेंगे जिससे सुख-शान्ति में बाधा रहेगी। ता. ५-११-७७ से शुक्र चौथे, ता. १६-११-७७ से सूर्य पाँचवें चलेंगे; अतः सुख-प्राप्ति के लिये शक्ति बढ़ेगी। ता. १६-१२-७७ से सूर्य छठे और ता. २३-१२-७७ से शुक्र भी छठे चलेंगे। इसलिये ता. ३१-१२-७७ तक धन-लाभ का समय कमजोर रहेगा।

सिंह लग्नवालों को—ता. १-१-७७ से सूर्य मंगल बुध पाँचवें चलेंगे। इसलिए बुद्धि और सन्तानपक्ष से अच्छी सफलता रहेगी। ता. १-२-७७ से मंगल सूर्य छठे, शुक्र आठवें चलेंगे जिससे कुछ दिक्कतों से कार्य-संचालन होता रहेगा। ता. २७-२-७७ से बुध सूर्य सातवें चलने से रोजी-रोजगार एवं घर-गृहस्थी में सुख-सफलता रहेगी। ता. १५-३-७७ से सूर्य बुध आठवें खराब चलेंगे तथा मंगल सातवें अच्छे चलेंगे। अतः कार्य-क्षेत्र में सफलता और परेशानी दोनों चलेगी। ता. २०-४-७७ से शुक्र मंगल आठवें तथा सूर्य बुध नवें चलेंगे जिससे उन्नति और परेशानी दोनों ही चलेंगी। ता. १-५-७७ से राहु दूसरे और केतु आठवें चलेंगे। यह लम्बे समय के लिये परेशानी के सूचक हैं। ता. ३०-५-७७ से मंगल शुक्र बुध नवें और सूर्य गुरु दसवें चलेंगे। फलतः भाग्य की ताकत से सफलता मिलेगी। ता. ९-७-७७ से मंगल शुक्र गुरु दसवें चलेंगे। अतः मान-प्रतिष्ठा की प्राप्ति और भाग्य की अनुकूलता रहेगी। ता. २८-७-७७ शुक्र गुरु ग्यारहवें और मंगल दसवें चलेंगे। इसलिये धन-लाभ और भाग्योदय में सफलता मिलेगी। ता. २३-८-७७ से शुक्र शनि बारहवें, मंगल गुरु ग्यारहवें तथा सूर्य बुध लग्न में चलेंगे। फलस्वरूप खर्च की वृद्धि रहते हुये भी भाग्योन्नति और मान-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी। ता. २०-९-७७ से शुक्र बुध शनि लग्न में और मंगल गुरु ग्यारहवें चलेंगे। अतः लाभ-सुख और मान-प्रभाव की वृद्धि रहेगी। ता. १२-१०-७७ से मंगल नीच के बारहवें, शुक्र नीच के दूसरे और ता. १७-१०-७७ से सूर्य भी नीच के तीसरे चलेंगे जिससे ता. ३१-१२-७७ तक भाग्य कमजोर रहते हुये यत्किञ्चित् सफलता मिलेगी।

कन्या लग्नवालों को—ता. १-१-७७ से सूर्य बुध मंगल चौथे और गुरु आठवें चलेंगे। इसलिये घरेलू वातावरण में अशान्ति रहने पर भी कभी-कभी सुख प्राप्त होता रहेगा। ता. १-२-७७ से मंगल सूर्य पाँचवें, शुक्र सातवें उच्च के चलेंगे जिससे दिमागी परेशानी के रहते हुये भी घर-गृहस्थी के मामलों में अनुकूलता रहेगी। ता. ११-३-७७ से मंगल छठे, शुक्र आठवें तथा सूर्य बुध छठे सातवें चलेंगे। अतः यह समय भाग्य की कमजोरी का रहेगा। ता. २१-४-७७ से शुक्र मंगल सातवें और सूर्य बुध आठवें चलेंगे जिससे थोड़ी सफलता प्राप्ति के साथ-साथ परेशानी लगी रहेगी। ता. ३०-५-७७ से शुक्र मंगल बुध आठवें, सूर्य गुरु नवें चलेंगे। इसलिये भाग्योन्नति में दिक्कतें रहेंगी। ता. १-७-७७ से शुक्र गुरु नवें, सूर्य बुध दसवें चलेंगे। अतएव भाग्य की अनुकूलता होगी। ता. २८-७-७७ से शुक्र गुरु दसवें, मंगल नवें और सूर्य शनि ग्यारहवें चलेंगे जिससे भाग्योदय में सफलता रहेगी। ता. २३-८-७७ से शुक्र शनि ग्यारहवें, सूर्य बुध बारहवें तथा मंगल गुरु दसवें चलेंगे। फलतः लाभ-खर्च दोनों का क्रम चलेगा। ता. १७-९-७७ से शुक्र बुध शनि बारहवें चलने से कुछ अनावश्यक तरीके से ज्यादा खर्च होगा। ता. १२-१०-७७ से मंगल

नीच के ग्यारहवें, शुक्र नीच के लग्न में चलेंगे और ता. १७-१०-७७ से सूर्य भी नीच के धन स्थान में चलेंगे। इसलिये धन के पक्ष से कुछ परेशानी रहेगी। ता. १६-११-७७ से सूर्य तीसरे, शुक्र दूसरे एवं गुरु दसवें चलेंगे। अतः भाग्य में सुधार होगा, सफलता मिलेगी। ता. ३०-१२-७७ से शुक्र सूर्य तीसरे, आगे ता. २३-१२-७७ से सूर्य शुक्र चौथे चलेंगे जिससे ता. ३१-१२-७७ तक पुरुषार्थ के द्वारा एवं घरेलू सहयोग से सुख-सफलता मिलेगी।

तुला लग्नवालों को—ता. १-१-७७ से सूर्य मंगल बुध तीसरे, गुरु सातवें चलेंगे। इसलिये पुरुषार्थ के द्वारा सफलता मिलेगी; साहस-शक्ति बढ़ेगी। ता. १-२-७७ से सूर्य मंगल चौथे और ता. ६-२-७७ से बुध भी चौथे चलेंगे जिससे घरेलू वातावरण में सुख-सफलता का योग चलेगा। ता. २७-२-७७ से सूर्य बुध पांचवें चलने से विद्या-बुद्धि और सन्तानपक्ष से सफलता रहेगी। ता. १५-३-७७ से सूर्य बुध छठे, गुरु आठवें चलेंगे। अतएव भाग्य की प्रतिकूलता से परेशानी रहेगी। ता. १४-४-७७ से सूर्य बुध सातवें चलेंगे जिससे घर-गृहस्थी में कुछ सुख-सफलता रहेगी। ता. १-५-७७ से राहु बारहवें केतु छठें चलेंगे। इसलिये पुरानी परेशानियों से थोड़ी राहत मिलने लगेगी। ता.३०-५-७७ से शुक्र मंगल बुध सातवें चलेंगे। फलतः रोजी-रोजगार एवं घर-गृहस्थी में सुख-सफलता रहेगी। ता. १-७-७७ से शुक्र आठवें और ता. ८-७-७७ से मंगल भी आठवें चलेंगे। अतः कुछ परेशानी रहेगी। ता. २४-८-७७ से शुक्र शनि दसवें मंगल गुरु नवें तथा सूर्य ग्यारवें चलेंगे। फलस्वरूप भाग्योन्नति, लाभ और सफलता रहेगी। ता. १७-९-७७ से शुक्र शनि बुध ग्यारहवें, सूर्य बारहवें चलेंगे। इसलिये खर्च से लाभ ज्यादा रहेगा, भाग्य मजबूत रहेगा। ता.१२-१०-७७ से मंगल नीच के दसवें, शुक्र नीच के बारहवें चलेंगे और ता. १७-१०-७७ से सूर्य भी नीच के लग्न में चलेंगे जिससे समय अशान्तिदायक चलेगा। ता. ५-११-७७ से शुक्र लग्न में और बुध धन-भाव में चलेंगे तो स्थिति में कुछ सुधार होगा। ता. २९-११-७७ से बुध तीसरे, शुक्र सूर्य दूसरे और गुरु भाग्य में चलेंगे। अतः ता. ३१-१२-७७ तक पुरुषार्थ शक्ति से भाग्योन्नति एवं सफलता रहेगी।

वृश्चिक लग्नवालों को—ता. १-१-७ से सूर्य मंगल बुध दूसरे तथा गुरु छठें चलेंगे। इसलिये पुरुषार्थ और भाग्यशक्ति से धनपक्ष में सफलता रहेगी। ता. १-२-७७ से सूर्य मंगल तीसरे, शुक्र पाँचवें चलेंगे जिससे बुद्धि-बल और पुरुषार्थ से सफलता मिलेगी तथा प्रभाव एवं साहस-शक्ति बढ़ेगी। ता. २६-२-७७ से गुरु सातवें, सूर्य बुध चौथे तथा मंगल तीसरे चलेंगे। अतएव घर-गृहस्थी व रोजी-रोजगार में सुख-सफलता रहेगी। ता. १५-३-७७ से सूर्य बुध पाँचवें, मंगल चौथे और शुक्र छठें चलेंगे, फलस्वरूप बुद्धि व देह-पक्ष से सुख-सफलता रहेगी। ता. १४-४-७७ से सूर्य बुध छठें चलने से कुछ परेशानी व परिश्रम से लाभ होगा। ता. १५-५-७७ से सूर्य गुरु सातवें और ता. ३०-५-७७ से मंगल शुक्र बुध छठें चलेंगे। अतः कुछ दिक्कतों से समय प्रभावयुक्त चलेगा। ता. १५-६-७७ से सूर्य आठवें, ता. २३-६-७७ से बुध आठवें, मंगल शुक्र छठें, गुरु सातवें चलेंगे। इसलिये अधिकतर दिक्कतों से थोड़ी सफलता मिलती रहेगी। ता. १८-७-७७ से गुरु लंबे समय के लिये आठवें स्थान पर धन एवं संतानपक्ष में खराब चलेंगे। ता. २३-८-७७ से शुक्र शनि नवें, सूर्य बुध दसवें और मंगल आठवें चलेंगे जिससे स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानी के रहते हुये भाग्य में कुछ सुधार होगा। ता. १७-९-७७ से शुक्र शनि बुध दसवें, सूर्य ग्यारहवें तथा मंगल गुरु आठवें चलेंगे। अतः कई दिक्कतों के रहते हुए भी लाभ और मान-प्रभाव बढ़ेगा। ता. १-१०-७७ से सूर्य बुध ग्यारहवें चलने से अर्थ-लाभ में सफलता अच्छी रहेगी। ता. ५-११-७७ से सूर्य शुक्र बारहवें, बुध लग्न में रहेंगे। इसलिये खर्च ज्यादा रहेगा। ता.१६-११-७७ से सूर्य बुध लग्न में चलेंगे जिससे मान-प्रभाव बना रहेगा; लाभ होगा। ता.१६-१२-७७ से सूर्य बुध दूसरे चलेंगे। इसलिये ता. ३१-१२-७७ तक धन-पक्ष में सफलता और प्रभाव-वृद्धि रहेगी।

धनु लग्नवालों को—ता. १-१-७७ से सूर्य मंगल और बुध लग्न में चलेंगे और गुरु पाँचवें चलेंगे। इसलिये बुद्धि-बल और कर्म-योग से भाग्योदय होकर मान-प्रभाव बढ़ेगा। संतान-पक्ष में सुख-सफलता रहेगी। ता. १-२-७७ से सूर्य मंगल दूसरे, शनि आठवें चलेंगे जिससे धन के पक्ष में कुछ हानि होने की बात बन सकती है। अतः ता. १२-३-७७ तक धन के पक्ष में सावधानी बरतनी चाहिये। ता. १५-३-७७ से सूर्य बुध चौथे और मंगल तीसरे चलेंगे। अतएव भाग्य में कुछ सुधार रहेगा। ता.१४-४-७७ से सूर्य बुध पाँचवें, शुक्र चौथे उच्च के चलने से घर के वातावरण में सुधार तथा संतानपक्ष से सुख-लाभ होगा। ता. १५-५-७७ से गुरु सूर्य छठे चलेंगे। अतः शत्रुपक्ष में प्रभाव-वृद्धि और सफलता रहेगी। ता. ३०-५-७७ से मंगल शुक्र बुध पाँचवें चलेंगे। बुद्धि और संतानपक्ष में ह्रास, लाभ-खर्च दोनों में झंझट लगा रहेगा। ता. १५-६-७७ से सूर्य सातवें, ता. २३-६-७७ से बुध भी सातवें चलेंगे। अतएव रोजी-रोजगार और घर-गृहस्थी में सौभाग्य-शक्ति बढ़ेगी, सफलता मिलेगी। ता. १८-७-७७ से बुध आठवें चलने से उन्नति में कुछ बाधा रहेगी। ता. २८-७-७७ से गुरु शुक्र सातवें, बुध नवें चलेंगे। इसलिये भाग्य की अनुकूलता एवं गृहस्थी में सफलता

रहेगी। ता. १७-८-७७ से सूर्य बुध नवें अच्छे चलेंगे। ता. २३-८-७७ से शुक्र शनि आठवें और मंगल सातवें चले जिससे कुछ दिक्कतों के साथ-साथ भाग्य समय पर सहायक होता रहेगा। ता. १७-९-७७ से शुक्र शनि बुध नवें औ शुक्र दसवें चलेंगे। इसलिये भाग्योन्नति रहेगी। ता. १२-१०-७७ से मंगल नीच के आठवें, शुक्र नीच के दसवें चलें ता. १७-१०-७७ से सूर्य भी नीच के ग्यारहवें चलेंगे। फलतः भाग्योदय में बड़ी परेशानियाँ रहेंगी। ता. ५-११-७७ शुक्र सूर्य ग्यारहवें, बुध बारहवें चलने के कारण उन्नति में कमजोरी रहेगी। ता. १६-११-७७ से सूर्य बुध बारहवें चलेंगे इसलिये भाग्य कमजोर रहेगा, खर्च ज्यादा होगा। ता. १६-१२-७७ से सूर्य बुध लग्न में चलने से ता. ३१-१२-७ तक भाग्यशक्ति एवं मान-प्रभाव की वृद्धि रहेगी।

मकर लग्नवालों को—ता. १-१-७७ से सूर्य मंगल बुध बारहवें, गुरु चौथे चलेंगे। इसलिये खर्च ज्याद बढ़ेगा। ता. १-२-७७ से मंगल सूर्य लग्न में और शुक्र तीसरे चलेंगे जिससे पुरुषार्थ की सफलता और आमदनी रहेगी ता. २७-२-७७ से सूर्य बुध दूसरे, मंगल पहिले, गुरु पाँचवें चलेंगे। अतः कुछ विशेष सफलता रहेगी। ता. १५-३-७७ सूर्य बुध तीसरे, मंगल दूसरे, शुक्र चौथे चलने से साहस-शक्ति बढ़ेगी; सुख-सफलता रहेगी। ता. २०-४-७७ से शु मंगल तीसरे और ता. १-५-७७ से केतु भी तीसरे चलेंगे। इसलिये पुरुषार्थ शक्ति से विशेष सफलता रहेगी। ता ३०-५-७७ से शुक्र मंगल बुध चौथे चलेंगे। घरेलू सुख-सम्बन्धों में एवं घर-बैठे सफलता पाने में भाग्य का अच्छ सहयोग रहेगा। ता. ९-७-७७ से शुक्र मंगल गुरु पाँचवें चलेंगे। फलतः बौद्धिक शक्ति से संतान-पक्ष से सफलता प्रा होगी। ता. २८-७-७७ से शुक्र गुरु छठे एवं मंगल पाँचवें चलेंगे। कुछ परेशानी और सफलता का समय साथ-सा चलेगा। ता. २३-८-७७ से शुक्र शनि सातवें, मंगल गुरु छठे और सूर्य बुध आठवें चलेंगे जिसके फलस्वरूप घर-गृहस् में सुख-सफलता और प्रभाव बढ़ेगा। ता. १७-९-७७ से शुक्र शनि बुध आठवें; मंगल गुरु छठें चलेंगे। अतः सम परेशानी का रहेगा। ता. १२-१०-७७ से मंगल सातवें नीच के, शुक्र नवें नीच के और ता. १७-१०-७७ से सूर्य भी दस नीच के चलेंगे। इसलिये भाग्य की कमजोरी रहेगी। ता. १६-११-७७ से सूर्य बुध ग्यारहवें और शुक्र दसवें चलेंगे जिस लाभ, भाग्योन्नति और सफलता रहेगी। ता. १६-१२-७७ से सूर्य बुध बारहवें चलेंगे। इसलिये ता. ३१-१२-७७ त खर्च बहुत ज्यादा हो जायेगा।

कुम्भ लग्नवालों को—ता. १-१-७७ से सूर्य मंगल बुध ग्यारहवें, गुरु तीसरे चलेंगे। इसलिये धन-लाभ सफलता और साहस-शक्ति की वृद्धि रहेगी। ता. १-२-७७ से सूर्य मंगल बारहवें, शुक्र दूसरे, गुरु केतु तीसरे चल जिससे लाभ-खर्च दोनों ठीक चलेंगे। ता. २७-२-७७ से सूर्य बुध लग्न में, गुरु चौथे और मंगल बारहवें चलेंगे अतः समय प्रभावयुक्त रहेगा। ता. १२-३-७७ से मंगल लग्न में, शुक्र केतु तीसरे, गुरु चौथे और सूर्य बुध दूसरे चलेंगे मान-प्रभाव की वृद्धि एवं भाग्योन्नति में सफलता रहेगी। ता. २०-४-७७ से मंगल शुक्र दूसरे, सूर्य बुध केतु तीसरे चलें इसलिये धन के पक्ष में सफलता और प्रभाव की स्थिरता रहेगी। ता. १-५-७७ से राहु आठवें, केतु दूसरे, दोनों खिला चलेंगे। ता. ३०-५-७७ से मंगल शुक्र बुध तीसरे और सूर्य गुरु चौथे चलेंगे जिससे प्रबल पुरुषार्थ के द्वारा भाग्य उन्नति होगी। ता. २-७-७७ से शुक्र गुरु चौथे, मंगल तीसरे रहेंगे। इसलिये सुख और सफलता प्राप्त होगी। ता ९-७-७७ से मंगल गुरु शुक्र चौथे चलने से घरेलू सुख-आनन्द रहेगा। ता. २८-७-७७ से शुक्र गुरु पाँचवें, मंगल चौथे चलेंगे। अतएव बुद्धि और संतानपक्ष से सफलता एवं धन-लाभ से सुख-वृद्धि रहेगी। ता. २३-८-७७ से मंगल गु पाँचवें, शुक्र शनि छठे और सूर्य बुध सातवें चलेंगे जिससे बुद्धि और संतान-पक्ष से सफलता, गृहस्थ-सुख औ प्रभाव की वृद्धि रहेगी। ता. १९-९-७७ से शुक्र शनि बुध सातवें, सूर्य आठवें तथा मंगल गुरु पाँचवें चलेंगे। इसलिये घर गृहस्थी व रोजी-रोजगार में अधिकांश सफलता और लाभ रहेगा। ता. १२-१०-७७ से मंगल छठें नीच के रहेंगे और ता १७-१०-७७ से सूर्य भी नवें नीच के चलेंगे; फलतः भाग्योदय के मार्गों में अड़चनें एवं परेशानी रहेगी। ता. १६-११-७७ से सूर्य बुध दसवें, शुक्र नवें, गुरु पाँचवें चलने से भाग्य अनुकूल होगा। ता. १६-१२-७७ से सूर्य बुध ग्यारहवें ता. २३-१२-७७ से शुक्र भी ग्यारहवें चलेंगे। इसलिये ता. ३१-१२-७७ तक धन-लाभ का क्रम अच्छा रहेगा।

मीन लग्नवालों को—ता. १-१-७७ से सूर्य मंगल बुध दसवें, गुरु दूसरे चलेंगे। इसलिये सुख-सौभाग्य और मान-प्रभाव की वृद्धि रहेगी। ता. १-२-७७ से मंगल सूर्य ग्यारहवें और बुध दसवें, शुक्र लग्न में चलेंगे जिससे धन-लाभ के साथ मान-प्रभाव बढ़ेगा। ता. २७-२-७७ से सूर्य बुध बारहवें, गुरु तीसरे और शुक्र लग्न में मंगल ग्यारह चलेंगे। अतएव खर्च ज्यादा रहते हुये भी मान-प्रभाव स्थिर रहेगा। ता. १५-३-७७ से मगल बारहवें, सूर्य बुध लग्न और शुक्र दूसरे चलेंगे। इसलिये धन का खर्च ज्यादा रहेगा। ता. २०-४-७७ से मंगल शुक्र लग्न में और सूर्य बुध के दूसरे चलेंगे। फलतः मान-प्रभाव अच्छा रहेगा। ता. १-५-७७ से लग्न में केतु और सातवें राहु कुछ परेशानी देते चलेंगे ता. ३०-५-७७ से मंगल शुक्र बुध दूसरे और सूर्य गुरु तीसरे चलने के कारण धन-पक्ष में कठिनाइयों के साथ सफलता मिलेगी। ता. १-७-७७ से गुरु शुक्र तीसरे, सूर्य बुध चौथे और मंगल दूसरे चलेंगे। इसलिये अधिकांश सफलता रहेगी। प्रभाव और हिम्मत-शक्ति बढ़ेगी। ता. २८-७-७७ से शुक्र गुरु चौथे, मंगल तीसरे चलेंगे; अतएव पुरुषार्थ की सफलता और सुख की प्राप्ति होती रहेगी। ता. २३-८-७७ से शुक्र शनि पाँचवें, मंगल गुरु चौथे, सूर्य बुध छठे चलेंगे जिस घरेलू वातावरण में सुधार और भाग्य जागृत होगा। कुछ प्रभाव-वृद्धि और कुछ परेशानी भी रहेगी। ता. १२-१०-७७

से मंगल पाँचवें, शुक्र सातवें नीच के चलेंगे और ता. १७-१०-७७ से सूर्य भी आठवें नीच के चलेंगे। इसलिये नित्य जीवन में परेशानी चलेगी। ता. १६-११-७७ से सूर्य बुध नवें, शुक्र आठवें और गुरु चौथे चलने से भाग्य अधिकतर अनुकूल रहेगा। ता. १६-१२-७७ से सूर्य बुध दसवें, गुरु चौथे रहेंगे; ता. २३-१२-७७ से शुक्र भी दसवें चलेंगे। इसलिये ता. ३१-१२-७७ तक मान-प्रभाव की वृद्धि एवं कार्यों में सफलता रहेगी।

सूचना--जनता को जन्म-कालीन नौ ग्रहों और वर्तमान में आकाशमार्गी गोचर नौ ग्रहों में-से कोई-न-कोई २-४ ग्रह प्रायः खराब फल देनेवाले बनते रहते हैं। इसलिये ऐसे ग्रहों की शान्ति के लिये सदैव निम्नलिखित सरल उपायों को करते रहना चाहिये।

१--रोजाना सुबह सूर्यनारायण और शंकरजी को जल और गुलाब का फूल चढ़ाकर श्रद्धापूर्वक नमस्कार करना चाहिये।
२--रोजाना पक्षियों को अनाज और कच्छ-मच्छों को आटे की गोलियाँ डालते रहना चाहिये।
३--रोजाना भोजन से पहिले गुड़ रोटी गऊ माता को खिलाकर प्रणाम करना तथा उनकी परिक्रमा करनी चाहिये।
४--हर शनिवार को प्रातःकाल पीपल वृक्ष की साधारण पूजा, परिक्रमा करनी चाहिये।
५--रोजाना प्रातः भगवान का भजन पूर्व-मुख होकर करना चाहिये।
६--यथाशक्ति कुछ दान-पुण्य करते रहना चाहिये।
७--प्राणि-मात्र से यथासम्भव स्नेह और आदर का बर्ताव करना चाहिये।

दैवज्ञ की दृष्टि में व्यापार-चक्र सन् १९७७ ई०

लेखक—ज्योतिषरत्न पं० राजाराम जैन अर्घकाण्ड-वाचस्पति,

प्रणेता—वार्षिक "भविष्य-दर्पण," ११६ कटरा स्ट्रीट, मैनपुरी (उ० प्र०)

जनवरी मास—१ जनवरी सन् १९७७ का प्रारम्भ शनिवार को होने से किसान-मजूरवर्ग का वर्चस्व बढ़ाता जावेगा। ता० ३ को वृश्चिकांशे राहु-शुक्र-बुध ता० ४ तक उ० प्र०, पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश में वर्षा लावें तो ही होगा। पौषी पूर्णिमा को आर्द्रा नक्षत्र तेजीकारक है; किन्तु रात से धनांशे गुरु-शुक्र ता० ७ तक वर्षाकारक हैं। ता० को सूर्य-बुध की अन्तर्युति १ सप्ताह पूर्व से अच्छी मन्दी लावेगी। ता० ७ को चाँदी दलहन तेज होंगे। जब-कभी पूर्णिमा को बादल होते हैं तो आगे अच्छी मन्दी लाते हैं, सुपरीक्षित है।

माघ मास में ५ गुरुवार मन्दीकारक हैं। उपर्युक्त क्षेत्रों में दक्षिणी वायु जोर से चलते ही अच्छी वर्षा होती पूर्वीय वायु जोर चले तो सरसों में कीड़ा लग जाता है। कृष्णा २।३ शुक्र शनिवारी से प्रजा-विग्रह तो कहीं युद्ध हो; ति दलहन तेज, ता० १० को प्रातः सायन मकर के भौम के प्रभाव से सभी खाद्य वस्तुयें मन्दी हों; किन्तु आज ही सवेरे शी०प्र का भौम चाँदी के साथ सभी वस्तुओं में तेजी का समर्थक है, खुलते बाजार से ही रुख का पता चल सकेगा। ता० १२ को सूर्य-गुरु के अंशात्मक त्रिकोणयोग एवं पूर्वोदयी बुध से बादल-वर्षा हो तो मन्दा, वायु-वेग ओला-पाला से ते वस्तुओं की चलती लाइन में खतरनाक परिवर्तन होगा। कृष्णा ९ को उपर्युक्त क्षेत्रों में जहाँ भी आकाश निर्मल र वहाँ आगे वर्षा-काल में क्षुद्र नदी, तालाब, पोखरे कुएँ तक सूखने लगेंगे। अतः बादल वर्षा होना ही उत्तम होता गुरुवार की रात्रि में ता० १४ को मकर का रवि होते ही शनि से प्रतियोग, (कर्क-मकर-संक्रान्ति गुरुवारी) धनु राशि में दृष्ट भौम+बुध योग से तिलहन दलहन ज्वार-बाजरा मक्का में अच्छा मन्दा, बढ़े भाव तेज वस्तुएँ बेचना। ता० १ कृष्णा ११ का क्षय मन्दीकारक है; किन्तु आज ही शनि-दृष्ट गुरु मार्गी, ता. १६ को प्लूटो वक्री, ता० १७ को गुरु-दृष्ट मार्गी से बादल वर्षा होते ही अच्छा मन्दा हो; किन्तु ओलापात या पाला पड़ेगा तो तेजी भी आ सकेगी अथवा ता० दिसम्बर ७६ से चली लाइन बदल भी सकेगी; चाँदी सोना सर्व धातु में भी तूफानी चाल निकलेगी। कृष्णा १२।१ बादल बिजली गर्जन हो तो उत्पत्ति की महान् श्रेष्ठता के कारण तिलहन-दलहन के साथ किराना में भी भयानक आ सकेगी। ता० ११।१२ को वस्तुओं की चली लाइन ता० १७ की शाम से एकदम बदलेगी।

गुजराती माघी मास में ५ गुरुवार शुभ है, प्रजा सुखी हो। शुक्ला १ को वायुवेग या वर्षा हो तो घी तेल गुड़ खाँड़ होंगे, रूई रेशम पाट कागज सूत कपड़ा नारियल श्वेत वस्तुएँ तेज, शुक्ला २।३ शुक्र-शनिवारी से तिलहन-दलहन प्रजा-विग्रह तो कहीं युद्धादि-काण्ड होंगे। शुक्ला ७ से चतुर्दशी पर्यन्त उ० प्र०, पंजाब, राजस्थान, म० प्र० में अन्यत्र जहाँभी बादल वर्षा होगी, उस क्षेत्र में आगे वर्षाकाल भी निश्चित रूप से श्रेष्ठ रहेगा, परीक्षित योग हैं। २६ को भौमोदय (गुरु से दृष्ट) बादल-वर्षा वायुवेग शीतवृद्धि, चावल गुड़ खाँड़ में अच्छी तेजी, अमेरिका के वि क्षेत्रों में भी घोर वर्षा, व्यापारिक वस्तुओं में भयानक चाल (टर्निङ्ग प्वाइण्ट) से व्यापारी हैरान होंगे। आज ही रात भौम-दृष्ट मीन के शुक्र से गुड़ खाँड़ सोना-चाँदी सर्व धातु तेज, रूई रेशम पाट ऊन सूत कपड़ा कागज में मन्दी भी सकेगी। ता० २७ की रात को उ. षा. के भौम से सभी वस्तुयें तेज, शुक्ला ११।१२ की वृद्धि से सभी वस्तुओं में अ मन्दा होगा।

फरवरी मास—ता. १ फरवरी को भौम अतिचारी गति से मकर में आकर सूर्य से योग शनि से प्रतियोग क बादल वर्षा वायुवेग या शीतवृद्धि, तिलहन तेल घी सोना चाँदी ताँबा लाख चपड़ा सुपारी कत्था दालचीनी तेज, गुआर (बटाला) तुअर चना गेहूँ धान्यादि मन्दा करेगा, रूई के साथ की वस्तुयें विशेष मन्दी हो सकेंगी। शुक्ला पूर्णिमा को नक्षत्र आगे तेजीकारक है।

फाल्गुन मास—कृष्णा ३ के क्षय से मन्दा, ता० ६ को बुध मकरस्थ होगा; सूर्य+अतिचारी मंगल+बुध यो सभी वस्तुओं में इकतरफा भयानक चाल, सोना चाँदी सर्व धातु में तेजी तो तिलहन दलहन गुड़ खाँड़ में वि चाल होगी। ता० ७ को मंगल-राहु का अंशात्मक केन्द्र सभी वस्तुओं को तेज करेगा। ता. ९ कृष्णा ६ को चित्रा न आगे मन्दी लायेगा, जो १५ दिन या ३ मास तक या तीसरे मास में घोर मन्दा करेगा। कृष्णा ८ शुक्रवारी उड़द मोठ बाजरा में तेजी लावेगी। ता० १२ को रवि कुम्भ में आते ही शनि से प्रतियोग करके अतिचारी मंगल+बुध यो तिलहन-दलहन मसूर में तेजी [illegible] करेगा। सोना चाँदी सर्व धातु गुड़ खाँड़ में कोई चाल जोर से निकलेगी। ता० १३ को हर्षल वक्री सभी वस्तुओं में जबर्दस्त चाल देगा। ता० १४ को सभी वस्तुयें मन्दी, हर्ष

वक्रत्व से चाँदी में तूफानी चाल, अन्य सब वस्तुयें भी प्रभावित होंगी। शिव चतुर्दशी से प्रायः प्रतिवर्ष इकतरफा चाल निकलती है; बाजार-रुख देखकर व्यापार करें। कृष्णा ३० शुक्रवारी सुभिक्षकारी होती है।

गुजराती फाल्गुन मास में शुक्ला १ को शतभिषा नक्षत्र सुभिक्षकारी है। ता० २२ फरवरी को सायं वृष के गुरु से बादल वर्षा वायु-वेग, ८ जुलाई ७६ से विपरीत चाल देगा। रूई पाट तेज, चाँदी में मन्दी की आशा है। ता० २४ को वक्री शनि का वक्री हर्षल से अंशात्मक महाकेन्द्र योग के कारण प्रजा-विग्रह अथवा युद्धादि-काण्ड, महोत्पात, नेताओं का पतन अवसान यान-दुर्घटना, डिस्ट्रिक्ट बोर्ड म्युनिसिपल बोर्ड पर संकट, सैन्ट्रल एवं प्रान्तीय क्लर्क्स के वेतन में साम्यता सम्भव है। यह योग सन् १९३०।३१।४४।५१।५२ (अभी ५ अक्टूबर ७५ तथा २ जुलाई ७६) के पश्चात् यहाँ भी बनेगा। इसी योग से ६ फरवरी ५२ को ब्रिटेन-नरेश की मृत्यु होते ही २३ दिन में विश्व पर आर्थिक संकट आकर, योग बनने के २ मास पूर्व से ही भयानकतम मन्दा ला चुका है, व्यापार-जगत में इतनी थोड़ी अवधि में इतनी बड़ी मन्दी पहली ही बार आयी थी। अतः बहुत सोच-समझ कर व्यापार करना उचित है। ता० २५ को भौम-शनि की प्रतियुति तथा भौम-हर्षल का अंशात्मक केन्द्र-योग सारे विश्व में खलबली, भूकम्पादि भय से जनता में त्राहि-त्राहि करानेवाला महान् दुष्ट योग है। शुक्ला ८ रोहिणी संयोगी आगे दूसरे-तीसरे मास में अच्छी तेजी लानेवाला परीक्षित योग है। रोहिणी नक्षत्र वाले दिन वैधृत योग रूई रेशम पाट बोरी कालीमिर्च ऊन कागज में खतरनाक मन्दी लानेवाला सुपरीक्षित योग है। ता० २६ को सायं कुंभ के बुध होकर सूर्य+बुध योग से मसूर मटर (बटाला) दलहन मन्दे होंगे। ता० २८ को पूर्व में बुधास्त बादल वर्षा वायुवेग सभी वस्तुओं में भीषण मन्दी लावे तो आश्चर्य नहीं। यहीं पर प्रति वर्ष राजकीय बजट आता है जो सभी मार्केट्स को प्रभावित करता है।

मार्च मास—३ मार्च को धनिष्ठा के अतिचारी भौम से गुड़ खाँड़ के साथ सभी अन्य खाद्य वस्तुएँ मन्दी होंगी। ता० ४ को मकरांशे गुरु-बुध घं. २।३७ बजे से ता० ६ तक बादल-चाल तो कहीं बूँदाबाँदी भी होगी। ता० ५ को शनिवार की रात्रि में पू. फा. नक्षत्र में होलिका-दहन होगा। वार-फल नेष्ट, नक्षत्र-फल श्रेष्ठ है। होली जलते समय उपस्थित सज्जन परीक्षा करके देखें। यदि उ० प्र० पंजाब राजस्थान म० प्र० में इस समय बादल वर्षा हो तो आगे तिलहन दलहन अन्नादि विशेष तेज, किन्तु जहाँ केवल पूर्व-उत्तर-पश्चिम की वायु चलेगी, वहाँ आगे भी उपज श्रेष्ठ, अन्य दिशाओं की वायु नेष्ट फल करेगी। साथ ही जहाँ वायु शान्त होकर अग्नि की लपट सीधी जायगी, वहाँ प्रजा-विग्रहादि से नर-संहार महोत्पात भी अवश्य होंगे, सुपरीक्षित योग है।

नोट—फाल्गुन मास में जब-कभी अधिक मन्दा आता है तो चैत्र मास में तेजी का दौर चला करता है।

चैत्र मास—में ५ रविवार से प्रजा को कष्ट और आगे वर्षाकाल में वर्षा की सर्वत्र कमी की सूचना मिलती है। वृषस्थ गुरु के प्रभाव से चैत्र मास में देशी घी तेल, तेल के बीज तेज रहते हैं। ८ मार्च को बादल-चाल, ता० ९ को मेष के शुक्र होते ही केतु+शुक्र योग (भौम शनि से संदृष्ट) से उपज की श्रेष्ठता पर सभी वस्तुयें मन्दी अन्यथा तेज होंगी। सोना चाँदी सर्वधातु तेज, रूई रेशम पाट बोरी कागज कालीमिर्च में मन्दी होगी। कृष्णा ७ शुक्रवारी के क्षय से सभी वस्तुयें मन्दी, यदि उपर्युक्त क्षेत्रों में घटाटोप बादल होंगे तो लाल वस्तुयें गेहूँ गुड़ खाँड़ मसूर लाल रंग तिल तेल मूँगफली लालमिर्च ताँबा मन्दे होंगे। यहाँ उपर्युक्त क्षेत्रों में ता० १०।११ को बादल-चाल अवश्य ही दिखाई देगा। ता० १२ को शीघ्री भौम के कुम्भ में आते ही सूर्य+बुध+भौम योग से बादल वर्षा वायुवेग सोना चाँदी सर्वधातु से खाद्य वस्तुओं में विपरीत चाल बड़े ही जोर-शोर से निकलेगी। अतः बाजार की चाल देखकर सावधानी से व्यापार करें। ता० १४ को मीन के रवि, ता० १५ को मीन के बुध होनेपर सूर्य+बुध योग तिलहन-दलहन रूई पाट रेशम सूत कपड़ा कालीमिर्च क्लाथ शेयर्स में अच्छा मन्दा पेश करेगा। ता० १६ को शनि-दृष्ट वक्री शुक्र से बादल वर्षा वायु-वेग प्रायः सभी वस्तुओं में तेजी का उछाला लायेगा। सोना चाँदी सर्वधातु में भी तेजी की ही आशा है। ता० १६ को नेपच्यून वक्री भी समर्थक है। कृष्णा ३० शनिवारी आगे विशेष तेजी का ही संकेत करती है।

विक्रम संवत् २०३४ का शुभारंभ (चैत्र शुक्ला १) रविवार को होने से वर्षेश रवि है; अतः वायु-प्रकोप, चाँदी ३ दिन में तेज, हल्दी लालरंग घी गुड़ बाजरा तेल तेज, आश्विन तक चना विशेष तेज, अन्नादि वैशाख शुक्ल में खरीद कर श्रावण भाद्रपद में बेचने से इस वर्ष में विशेष लाभ होगा। शुक्लपक्ष में इस वर्ष भी वर्षा के योग हैं। ता० २० मार्च को शतभिषा के भौम से सोना गुड़ खाँड़ तेज, फसल की सभी वस्तुयें मन्दी होंगी। शुक्ला ४ की वृद्धि से उड़द मूँग मोठ लोबिया गत वर्ष की भाँति तेज, अन्य सभी खाद्य वस्तुयें मन्दी होंगी। ता० २३ को वक्री शुक्र के मीन में आने से गुरु शुक्र का राशि-परिवर्तन २७ जनवरी से विपरीत चाल देगा अथवा तेजी भी ला सकेगा। ता० २९ को ता० २६ से चली लाइन बदलेगी, पश्चिमोदयी बुध मीनांशे बुध-शुक्र रामनवमी से बादल-वर्षा, वायुवेग, बाजार के चलते रुख में भयानक परिवर्तन करेगा।

ता. ३०को सायं ३॥ बजे शीघ्री बुध के मेष में आते ही शनि-दृष्ट केतु+बुध योग, साथ ही मीन का सूर्य+शुक्र योग वायुप्रकोप करके तेजी करेगा। ता. ३ अप्रैल को रात घं. ६ मि. १२ बजे से सायन मिथुन का गुरु सभी वस्तुओं में भयानक चाल देगा।

अप्रैल मास--ता० ४ चैत्री पूर्णिमा को मीन राशि में वक्री हुआ शुक्र (धूलिद्वार-तीसरे मण्डल-देवगण-अजवीथी दक्षिण मार्ग) पश्चिम में अस्त (बुधोदय के पश्चात् शुक्रास्त) वर्षा-नाशक है। मालवा गुजरात कर्नाटक पर संकट, छः मास तक प्रति मास असामयिक विचित्र वर्षा, लोकसभा में खलबली, नेताओं का पतन या अवसान, सोना चाँदी सर्वधातु में घोर तेजी, रूई पाट रेशम कालीमिर्च कागज तिलहन दलहन चावल घी गुड़ खाँड़ में तूफानी चाल से तुमूहल होकर ता० ८ से चाल बदलेगी। चैत्री पूर्णिमा को कुम्भांशे शुक्र-गुरु से कहीं-कहीं वर्षा और तेजी जोर से हो सकेगी।

वैशाख मास--कृष्णा २ का क्षय मन्दीकारकहै। कृष्णा ३ को विशाखा नक्षत्र गत वर्ष की भाँति ग्रीष्मकाल में ही उपज की सभी वस्तुओं में लाभ दिखा देगा। ता० ६ को पू.भा. का भौम सभी वस्तुओं में सायं ४ बजे से तेजी लावेगा। ८ अप्रैल को सायं ६ बजे पूर्वोदयी शुक्र (राक्षसगण-मृगवीथी-राजद्वार-हेमद्वार, ५वाँ मण्डल) से पचरंगी कपड़ा छींट धोती खोपरा तेज, नेताओं का पतन या अवसान, गुजरात में दुर्भिक्ष, चीन व सिन्ध में विग्रह अथवा उत्पात हो। ता० ११ को शनि मार्गी होने से बादल वर्षा वायुवेग, गत वर्ष सोना चाँदी सर्वधातु मन्दे, तिलहन दलहन आलू लालमिर्च चावल में तेजी लाया था। कृष्णा ६।११ को उ० प्र० पंजाब राजस्थान म० प्र० में शिखरदार या घटाटोप बादल होंगे तो सभी खाद्य वस्तुओं में तुरन्त ही अच्छा मन्दा होगा। ता० १३ की रात को बुधवार में श्रीसूर्यदेव गत संक्रान्ति से वारात् ३ नक्षत्रात् ४ माहेन्द्रमण्डल में(३० मुहूर्ता) केतु-बुध से युक्त, शनि से संदृष्ट तथा गुरु-शुक्र के शुभ मध्यत्व को प्राप्त करके मेष राशिस्थ होंगे। साथ ही गुरु-शुक्र का राशि-परिवर्तन २२ फरवरी के पश्चात् पुनः बनेगा। संक्रान्ति-फल से तिलहन दलहन में तेजी का उछाला, गुड़ खाँड़ में अच्छा मन्दा भी चल सकेगा, बाजार की चाल पर कार्य करें। कृष्णा १३ शनिवारी से रोगोपद्रव, गुड़ खाँड़ नमक पान लालरंग लाल चन्दन सुपारी लालमिर्च तेज होंगी। कृष्णा ३० सोमवारी सभी वस्तुओं में तुरन्त ही मन्दा लाती है। ता० १८ को सोमवार को अश्विनी नक्षत्र (मेष राशि)में सार्वभौमिक दृष्ट्या कंकणाकृति सूर्य-ग्रहण होगा; किंतु यह ग्रहण संपूर्ण भारत में नहीं लगेगा। भारत तथा उसके पड़ोसी देशों के कितने भू-भाग में यह ग्रहण लगेगा, और कितने में नहीं, तथा कितने भाग में यह ग्रस्तास्त होगा और कितने में स्पर्श से मोक्षपर्यन्त दिखाई देगा, यह सब विवरण ग्रहण सम्बन्धी लेख में दिया गया है, वहीं देखिए। यह सूर्य-ग्रहण भारतीय उपमहाद्वीप के जितने भूभाग में दृष्ट होगा, उसमें सब जगह न्यूनाधिक रूप में इसका खण्डग्रास ही दृष्टि गोचर होगा, संपूर्ण कंकणाकृति कहीं से नहीं दिखाई देगी। ग्रहण जहाँ प्रत्यक्ष दृष्टिगोचर होता है, उन्हीं जगहों में न्यूनाधिक ग्रासमान के अनुरूप ही उसका फल घटित होता है। मास-फल से रूई सूत कपड़ा तिल तैल घी मूंग उड़द तेज तथा अन्नादि मंदे हों। वार-फल से तिलहन दलहन अन्नादि तेज होंगे, अतः मंदी में संग्रह करना चाहिए। कलकत्ता मद्रास की ओर ग्रहण ग्रस्तास्त होने से उधर के नेता और प्रजा को अनेकः कष्ट होंगे। शनि से संदृष्ट ग्रहण आगे वर्षा-नाशक होगा। काला धान्य बाजरा उड़द कुलथी लोहा तेज, १२वें मास में पुनः ग्रहण जगत को भयकारी होगा। कृष्णा ८ को जो-जो निमित्त अर्थात् बादल वर्षा वायु-वेग होंगे, वे ही ग्रहण-काल में भी दिखाई देंगे।

गुजराती वैशाख मास में शुक्ला १ से ज्येष्ठी अमावस तक ५ मंगलवार होने से अग्नि एवं वायु-प्रकोप, घी-बाजार तेज होगा। ता० १६ अप्रैल को शीघ्री भौम के मीनस्थ होते ही शुक्र+भौम योग से चाँदी मन्दी होकर तेज, फसल की वस्तुओं में मन्दा होगा। ता०२०को वक्री बुध से बादल वर्षा वायुवेग सभी वस्तुओं में जबर्दस्त चाल, ता० २१ को शीघ्री गुरु रोहिणी में आकर रूई सूत वस्त्र पाट गुड़ खाँड़ चाँदी सोना में मन्दा करेगा। रात को पश्चिमास्त बुध से बादल वर्षा वायुवेग, सभी खाद्य वस्तुयें मन्दी होंगी, शुक्ल २ बुधवारी, शुक्ला ६ रविवारी, शुक्ला १० गुरुवारी से घी तेल-तिलहन दलहन मन्दे, शुक्ला ३ गुरुवारी कृत्तिका संयोगी आगे वर्षा की कमी से उपज को कम कर देगी। शुक्ला ५ शनिवारी से किराना एकदम तेज, ता० २३ की रात को उ. भा. के शीघ्री भौम से सोना सुगन्धि द्रव्य गुड़ खाँड़ खली घी चावल तेज, शुक्ला ६ की वृद्धि से आज सभी वस्तुयें मन्दी, शुक्ला ८ मंगलवारी आगे फसल की वस्तुओं अन्नादि में भयानक तेजी लायेगी, **परीक्षित** योग है। ता० २७ को शुक्र मार्गी हो जाने से बादल वर्षा वायुवेग, सभी वस्तुओं में तुरन्त तूफानी मन्दी लायेगा। ता. २८ को आश्लेषा में शनि २६ अगस्त ७६ के पश्चात् पुनः आया है, वहाँ से चली लाइन यहाँ बदले अथवा उड़द तिल तेल के बीज रूई पाट रेशम कालीमिर्च कागज दलहन के साथ सभी वस्तुओं में अच्छा मन्दा, चाँदी भी विशेष मन्दी, सोना ४ मास में अथवा चौथे मास में विशेष तेज हो सकेगा। गत वर्ष शुक्ला १० रविवारी के फलस्वरूप ४ मास में चाँदी विशेष तेज होने का संकेत मिला था। ता. ३० की रात को कन्या में राहु, मीन में केतु आयेंगे। डेढ़ वर्ष में गुड़ खाँड़ अलसी एरण्डा सींगदाना तिल सरसों तिलहन विशेष मन्दे, सुगन्धि द्रव्य दो मास में तेज, रूई रेशम सूत कपड़ा कालीमिर्च कागज विशेष तेज होंगे। वृष राशि में शीघ्री गुरु भी समर्थक है। शुक्ला १२ के क्षय से आज सभी वस्तुयें तेज होंगी।

मई मास--१ मई को शुक्ला १३ रविवारी गुड़ खाँड़ लालमिर्च को तेज करेगी। वैशाखी पूर्णिमा को स्वाती नक्षत्र आगे तेजी करेगा। किसी पञ्चाङ्ग में ४ मई को कन्यायां राहु, मीने केतु प्रकाशित है; फल ३० अप्रैल के अनुसार होगा। ज्येष्ठ मास में ५ बुधवार से रोगोपद्रव, शेयर्स चाँदी में अन्य वस्तुओं के साथ अच्छी तेजी हो सकेगी। ता० ९ मई को पूर्वोदयी बुध से आँधी, तूफानादि का प्रकोप, कहीं बादल वर्षा भी सम्भव है, वस्तुओं के भावों में खलबली या तेजी हो; यहाँ से चली लाइन ता. १२ को बदलेगी। ता.११ को कृत्तिका के रवि से ता.२४ मई तक उ०प्र० पंजाब राजस्थान म०प्र०में बादल-चाल बूँदा-बाँदी होना श्रेष्ठ है। आज ही रेवती के भौम से ग्रीष्म-प्रकोप, किराना तेज होगा। यह रूई पाट रेशम के साथ अन्य वस्तुओं में तेजो तो कभी मन्दी भी लाता है। ता. १३ को मीनस्थ शुक्र+भौम+चन्द्र-योग कल तक सभी खाद्य वस्तुयें, अन्न तेज करेगा। शाम को शनि-दृष्ट मार्गी बुध से बादल वर्षा वायुवेग, वस्तुओं के भावों में खलबली अथवा मन्दी हो। ता. १४ को सायं वृष का रवि होते ही गुरु+सूर्य योग(शनिवारी वृष-संक्रान्ति)से १० दिन में वर्षा-योग उपर्युक्त क्षेत्रों में चलेगा। तेल के बीज मन्दे, तुअर चना सोना गुड़ खाँड़ लालमिर्च विशेष तेज, रूई पाट रेशम में भी तेजी होगी। ता० १६।१७ को मेष के बुध+चन्द्र योग से वर्षा, चाँदी में तेजी सम्भव है। अमावस की वृद्धि से खाद्य वस्तुओं में तेजी, रूई पाट रेशम कालीमिर्च चाँदी में आज मन्दी होगी। मंगलवारी अमावस अग्निकाण्ड, आगे ५।६ मास में सभी अन्न खाद्य वस्तुएँ चावल में विशेष तेजी भी करेगी, परीक्षित योग है। १ मास में तेल के बीज विशेष तेज होंगे।

गुजराती ज्येष्ठ मास के शुक्ला १ में गुरुवारा ४५ मुहूर्ता चन्द्रोदय सभी वस्तुओं में तुरन्त मन्दा, शुक्लपक्ष में ३ बुधवार का समावेश सभी वस्तुओं में अच्छी तेजीकारक है; प्रतिपदा बुधवार संयोगी आलु प्याज लहसुन अदरख सोंठ हल्दी तिलहन दलहन में ३ मास तक अच्छी तेजी लानेवाला परीक्षित योग है। ता.२४ मई की रात को गुरुपश्चिमास्त से बादल-वर्षा वायुवेग, संवत् २०२२ की भाँति भयानक तेजी, गुड़ खाँड़ कालीमिर्च कागज रूई पाट सूत रेशम में तेजी, सोना चाँदी सर्वधातु में मन्दा भी सम्भव है। ता० २५ से रोहिणी का रवि ७ जून तक उ० प्र० पंजाब राजस्थान म०प्र०में सूर्य जितना तपेगा, तदनुरूप आगे श्रेष्ठ वर्षा होगी; यहाँ से १३ दिन में जहाँ भी वर्षा होगी, वहाँ वर्षाकाल नेष्ट रहेगा। शुक्ला १० शनिवारी आगे वर्षा-नाशक कुयोग है। ता. २८ को सायं शीघ्री मेषे भौम, ता. २९ की रात में मेषे शुक्र होकर शनि-दृष्ट बुध+भौम+शुक्र योग, साथ ही शनि-भौम के पारस्परिक दृष्टियुक्त केन्द्र-योग के कारण सोना चाँदी सर्वधातु के साथ सभी वस्तुओं में टर्निङ्ग-प्वाइण्ट से तूफानी चाल निकलेगी। शुक्ला १४ के क्षय से सभी वस्तुयें तेज, रूई पाट रेशम चाँदी में मन्दा सम्भव है।

जून मास--१ जून को ज्येष्ठी पूर्णिमा में अनुराधा नक्षत्र आगे वर्षा की कमी करेगा, किन्तु दक्षिण-पूर्वीय हिन्द में मानसून आने का भी यही समय है।

आषाढ़ मास--कृष्णा १ गुरुवारी से उड़द तिल तेज, ६ जून की रात को वृष के बुध होने पर गुरु+सूर्य+बुध-योग से दक्षिण-पूर्वीय हिन्द में वर्षा प्रारम्भ हो जाने से इधर भी मन्दा, अन्यथा तेजी होगी। यहीं से मेष राशि में शनि-दृष्ट मंगल + शुक्र योग से सोना चाँदी सर्वधातु के साथ तिलहन-दलहन भी मन्दे हो सकेंगे। कृष्णा ७ के पश्चात् अष्टमी बुधवारी (वौहरा अष्टमी) से मन्दा हो। आज उ० प्र० पंजाब राजस्थान मध्य प्रदेश में जहाँ भी सूर्य-चन्द्र बादलों में ही रहें अथवा बादलों से निकलें तो उस क्षेत्र में वर्षाकाल श्रेष्ठ रहेगा, परीक्षित है। ता० १४ की रात को अग्नि-मण्डल में मिथुन का रवि होते ही शीघ्री गुरु + बुध योग से दक्षिणी पूर्वीय हिन्द में घोर वर्षा सम्भव है। मिथुनस्थ रवि-काल में कन्या के राहु से खेती का नाश, सोना-चाँदी सर्वधातु रूई पाट रेशम कालीमिर्च कागज सूत कपड़ा हल्दी घी आलू प्याज लहसुन दाल एवं अन्नादि में तेजी तो तिलहन में मन्दी भी आ सकेगी। ता० १५ को शीघ्री भौम भरणी में आकर तिलहन दलहन गुड़ खाँड़ में तेजी ला सकेगा। कृष्णा १४ रोहिणी संयोगी से जनता को कष्टकारी ; किन्तु गुरुवारी अमावस मृगशिरा संयोगी सुभिक्षकारी है।

गुजराती आषाढ़ मास--१८ जून को उच्चांश में पूर्वोदयी गुरु से बादल वर्षा वायुवेग, सभी खाद्य वस्तुयें मन्दी, चावल तेज, चाँदी रूई पाट रेशम कालीमिर्च सूत कपड़ा सोना हल्दी में मन्दी सम्भव है अथवा २५ मई से चली लाइन यहाँ बदलेगी। यहाँ से मंगल के साथ शनि भी शीघ्री गति पर आकर ६० दिन तक मन्दी की चाल देंगे। ता० १८ को मृगे गुरु से सोना चाँदी सर्वधातु में अच्छा मन्दा, साथ ही रूई पाट रेशम कालीमिर्च सूत कपड़ा मन्दे होंगे। ता० १९ को पूर्वं में बुधास्त से बादल वर्षा वायुवेग, रूई के साथ की वस्तुओं में उछाला, सोना चाँदी सर्वधातु में मन्दा सम्भव है; बढ़े भाव बेचना। शुक्ला ४ की वृद्धि से देशी घी मूँग उड़द मोठ लोबिया मन्दे हों। ता० २१ को प्लूटो मार्गी होकर वस्तुओं की चलती लाइन को एकदम [illegible] आर्द्रायां रवि का वार, नक्षत्र-फल नेष्ट, रात को लगने से उत्तम, कुम्भ लग्न में केन्द्रस्थ चन्द्र-गुरु सामान्य शुभ हैं। ता० २३ को मिथुन के बुध

होने पर सूर्य + बुध योग से सोना चाँदी सर्वधातु के साथ दलहन भी मन्दे होंगे । गुरु का रश्यन्त सभी वस्तुओं में आगे घोर तेजी ला सकेगा । चलते रुख का व्यापार करें । शुक्ला ९ शनिवारी दुर्भिक्षकारी है । यदि आज उ० प्र० पंजाब राजस्थान म० प्र० में बादल वर्षा हो, सूर्य चन्द्र बादलों में ही रहें या बादलों से निकले तो वहाँ आगे भी वर्षा श्रेष्ठ होगी, किन्तु जहाँ भी खुला रहे तो वहाँ वर्षा की कमी से आगे घोर तेजी होगी, परीक्षित है । यहीं शनि-भौम के अंशात्मक केन्द्र-योग से महोत्पात होंगे; गुड़ खाँड़ के साथ अन्य वस्तुयें भी तेज होंगी । शुक्ला ११ (देवशयनी) सोमवारी महा श्रेष्ठ है । उपर्युक्त क्षेत्रों में यदि वर्षा होगी तो १२।१३ दिन में अच्छा मन्दा भी हो सकेगा । ता० ३० को सायं वृष का शुक्र होकर शीघ्री गुरु+शुक्र योग से ग्रीष्म का भीषण प्रकोप तो ८ दिन में कहीं बादल वर्षा, युद्धादि-काण्ड, सभी खाद्य वस्तुओं में मन्दी का झटका आकर तेजी, रूई पाट रेशम सूत कपड़ा कालीमिर्च कागज में अच्छी तेजी, गुड़ खाँड़ मन्दे, सोना चाँदी सर्वधातु में भी कोई जबर्दस्त चाल निकलेगी । आज ही सूर्यास्त पर आषाढ़ी पूर्णिमा आ जाने से ज्योतिषी, चतुर व्यापारी, अनुभवी किसान वायु-परीक्षण करेंगे । बादल सहित पूर्व, पूर्वोत्तर कोण, उत्तर पश्चिम की वायु जहाँ चलेगी, वहाँ आगे वर्षाकाल श्रेष्ठ, अन्य दिशा की वायु चले या खुला रहे तो वहाँ निश्चित रूप से वर्षा की कमी होगी । वायु का घुमाव पूर्व-दक्षिण-पश्चिमोत्तर का, सव्य गति से, श्रेष्ठ; विपरीत घुमाव नेष्ट, वर्षानाशक; किन्तु बम्बई की ओर दक्षिण-पूर्व एवं दक्षिण-पश्चिम कोण की वायु से; कलकत्ता की ओर दक्षिण-पूर्व कोण की तथा मद्रास की ओर पश्चिमी वायु चलने से वहाँ आगे वर्षा-काल श्रेष्ठ रहेगा । सूर्य-चन्द्र निर्मल रहना सर्वत्र नेष्ट, बूँदाबाँदी सर्वत्र श्रेष्ठ ; किन्तु जहाँ आज घोर वर्षा होगी, वहाँ आगे एक मास में घोर तेजी होगी । यह पूर्णिमा गुरुवारी होना तो उत्तम है ; किन्तु त्रिपाद मूल नक्षत्र भूकम्प लाकर कहीं अन्नादि की कमी से त्राहि-त्राहि करायेगा ।

जुलाई एवं शुद्ध श्रावण कृष्णपक्ष--बरगदकी जटाओं में अँकुर बहुत निकलें; नीममें निमोली बहुत आवें, पके फूलें, ढेरों टपकें, वहाँ वर्षा कालश्रेष्ठ, सूखी लटकी रहें तो वहाँ वर्षा का नाश होगा । १जुलाई को कृष्णा १ का क्षय मन्दीकारक है । इस मास में उ० प्र० पंजाब राजस्थान म०प्र० में जहाँ भी पश्चिम एवं पश्चिमोत्तर की वायु जितनी जोर से चलेगी, उतनी ही जोर से वर्षा भी होगी; किन्तु दक्षिणी वायु चलते ही वर्षा ऐसे बन्द हो जाती है कि जैसे आती हुई ट्रेन को लाल झण्डी दिखा दी गई हो । ता० ४ को शीघ्री भौम के कृत्तिका में आने से प्रायः सभी वस्तुयें तेज; कृष्णा ५ को वायुवेग हो तो घोर तेजी, यहाँ से पञ्चक के ५ नक्षत्रों में उपर्युक्त क्षेत्रों में जहाँ भी वर्षा होगी, वहाँ उपज श्रेष्ठ अन्यथा कमी होगी । ता० ७ को १२ बजे शीघ्री बुध के कर्क में आने पर शी० शनि+बुध योग से शेयर्स तिलहन-दलहन में अच्छी तेजी हो, ता०८ को सायं शीघ्री भौम के वृष में आने पर शी० गुरु + शी० भौम+शुक्र योग से बादल वर्षा हो तो गुड़ खाँड़ में भयानक मन्दा भी सम्भव है ; व्यापार की सभी वस्तुओं में मन्दी का धमाका आ सकेगा । कृष्णा ९ शनिवारी नेष्ट, आश्विनान्त में दुष्परिणाम प्रत्यक्ष होगा । कृष्णा ११ को कृत्तिका से तेजी, घनघोर गर्जना हो तो भयानक तेजी होगी । आज ही रात को पश्चिमोदयी बुध बादल वर्षा वायुवेग, ता० ९ को चली लाइन में एकदम परिवर्तन अथवा घोर तेजी कर देगा । कृष्णा १२ की वृद्धि समर्थक है । ता० १४ को हर्शल मार्गी जबर्दस्त चाल देगा । कृष्णा ३० शनिवारी को श्रीसूर्यदेव वारात् ५ नक्षत्रात् ५ (४५ मुहूर्ता) वायु-मण्डल के नक्षत्र में शनि बुध से युक्त होकर कर्क राशिस्थ होंगे । फलतः सभी वस्तुओं में वायुवेग होते ही गुड़ खाँड़ तिलहन दलहन चना चावल में दोतर्फा चाल होकर जोरदार तेजी होगी । सोना चाँदी सर्वधातु रूई पाट रेशम कालीमिर्च सूत कपड़ा में मन्दी की आशा है ; चलती लाइन का उपयोग करें । ता० १४ से हर्शल मार्गी हो जायेगा; अतः वायदे की वस्तुओं पर गली अवश्य ही लगायें ।

अधिक श्रावण शुक्लपक्ष (गुजराती श्रावण मलमास)–शुक्ला १ से द्वितीय श्रावण कृष्ण अमावस तक ५ रविवार सभी खाद्य वस्तुओं में तेजीकारक है, जबकि श्रावण मास का लोंद सभी खाद्य वस्तुओं में घोर तेजी लाता है । ता० १८ जुलाई को मिथुन का गुरु होते ही वृष राशि में शुक्र+शी० भौम वर्षानाशक है; अन्न तेज, तिलहन मन्दे हों; वर्षा हो तो सभी खाद्य वस्तुओं में मन्दी भी सम्भव है, एक वर्ष में रूई पाट रेशम सूत कपड़ा कागज कालीमिर्च गुड़ खाँड़ तिलहन दलहन मन्दे, सोना चाँदी कपड़ा घी तेल ५ मास तक तेज होंगे । ता. २२ की रात को शीघ्री भौम के रोहिणी में आने से चना दाल-अन्नादि में मन्दी सम्भव है, अन्य सभी वस्तुयें तेज होंगी । ता. २४ को सिंह के बुध होते ही कर्क राशि में शीघ्री शनि + सूर्य से चाँदी ताँबा पीतल शेयर्स मन्दे, रूई रेशम पाट कालीमिर्च गुड़ खाँड़ सोना खट्टे पदार्थ नींबू इमली अमचूर तिलहन तेज, ता० २६ को पश्चिम में शन्यस्त से बादल वर्षा सम्भव, रूई तेज, चाँदी पीतल ताँबा जस्ता मन्दे हों । आज ही शुक्ला ११ का क्षय (कृष्णा १२ की वृद्धि) सभी खाद्य वस्तुओं को तेज करेगा । ता० २८ को मिथुन का शुक्र होनेपर गुरु + शुक्र योग से कहीं घोर गर्मी, कहीं घोर वर्षा तो कहीं भूकम्प, युद्धादि-काण्ड रूई रेशम पाट सूत कपड़ा कालीमिर्च कागज गुड़ खाँड़ में अच्छा मन्दा, सोना चाँदी सर्वधातु तिलहन दलहन में चलते रुख का व्यापार करें ।

अगस्त एवं अधिक श्रावण कृष्णपक्ष--में ५ रविवार से घोर गर्मी और तेजी हो। अगस्त मास में २ अगस्त की रात को सार्पं रवि में श्रेष्ठ वर्षा मन्दी का कारण होती है। ता० ३ को सभी वस्तुयें मन्दी, ता० ११ को शीघ्री भौम के मृगस्थ होने से तिलहन दलहन गुड़ खाँड़ सोना चाँदी सर्वधातु तेज हो। कृष्णा ३० रविवारी आगे तेजीकारक है। मन्दी का रियक्शन पहले आकर सभी वस्तुयें तेज होंगी।

शुद्ध श्रावण शुक्लपक्ष--१९ अगस्त को श्रीसूर्यदेव गत संक्रान्ति से वारात् ४ नक्षत्रात् ५ (३० मुहूर्ता) अग्नि-मण्डल के नक्षत्र में सायंकाल बुध से युक्त होकर सिंह राशिस्थ होंगे। आज उ०प्र० पंजाब राजस्थान मध्यप्रदेश में वर्षा होना इष्ट है; शुक्ला ५।६।७ को जहाँ वर्षा हो, वहाँ आगे वर्षाकाल भी श्रेष्ठ रहेगा। संक्रान्ति-फल से घोर सूखा और तेजी के चमत्कार से जन-जीवन संत्रस्त होगा। ता० २१ की रात को मिथुन का भौम होते ही गुरु + भौम योग बनेगा जो वर्षाकाल में वर्षानाशक तो कभी जल-प्रलयकारी होता है। वर्षा हो जाय तो मन्दी, गुड़ खाँड़ के साथ सभी वस्तुओं में तूफानी चाल निकलेगी। ता० २४ को सायं सायन कर्क का गुरु सभी वस्तुओं में तेजी लाये तो आश्चर्य नहीं। शुक्ला ७ (तुलसी-जयन्ती) को सूर्य चन्द्र बादलों से निकलें तो उस क्षेत्र में आगामी वर्षाकाल भी श्रेष्ठ रहेगा। ता०२३ को नेप्च्यून मार्गी, बुध वक्री से बादल वर्षा वायु-वेग सोना चाँदी ताँबा जस्ता पीतल तिलहन दलहन तेज होगा। आजही कर्के शुक्र होकर शीघ्री शनि + शुक्र योगसे तिलहन-दलहन शेयर्स के साथ अन्य वस्तुओं में भी घोर तेजी होगी। ता० २२ को आर्द्रा के गुरु से गेहूँ चना सरसों अलसी गुड़ खाँड़ सोना चाँदी सर्वधातु नारियल सुगन्धित द्रव्य तेज, देशी घी चावल रूई पाट रेशम कालीमिर्च मन्दे होंगे। शुक्ला १३ के क्षय से देशी घी अन्नादि तेज, सोना चाँदी सर्वधातु तेल के बीजों में विशेष चाल निकलेगी। ता० २७ को चली व्यापारिक वस्तुओं की लाइन ता० ३१ को बदलेगी। श्रावणी पूर्णिमा को धनिष्ठा नक्षत्र उपज को इस वर्ष ५०% प्रतिशत ही कर देगा। आज उपर्युक्त क्षेत्रों में जहाँ भी आकाश बादलों से ढँका रहे, बूंदा-बाँदी हो, वहाँ उपज श्रेष्ठ होगी।

भाद्रपद मास--ता० २९ अगस्त को अगस्त्योदय, बुधास्त पश्चिम में, पूर्वीय वायु चलते ही इस मास में घोर वर्षा, वस्तुओं के चलते रुख में एकदम परिवर्तन होगा। ता०२३से चली लाइन आज बदलेगी। ता० ३० को ढाई बजे से पू.फा. के रवि में पूर्वीय वायु चलते ही १३ दिन तक उ० प्र० पंजाब राजस्थान मध्यप्रदेश में श्रेष्ठ वर्षा होती रहेगी। ता० ३१ को पूर्वोदयी शनि कहीं घोर वर्षा तो कहीं वर्षा-नाश, व्यापारिक वस्तुओं की २६ जुलाई से चली लाइन को यहाँ से बदल देगा। सोना चाँदी सर्वधातु तेज, तेल के बीज दाल एवं अन्नादि मन्दे, गुड़ खाँड़ में कोई अच्छी चाल निकलेगी।

सितम्बर मास--ता० १ को आर्द्रा के भौम (आर्द्रा नक्षत्र में गुरु-भौम) से पश्चिमी हिन्द में घोर वर्षा तो कहीं सूखा, तिलहन-दलहन चना तुअर गुड़ खाँड़ सोना चाँदी सर्वधातु तेज होगी; किन्तु सायन कर्क का भौम आज सभी खाद्य वस्तुयें मन्दा करेगा। ता० ३ को सायं हस्त के ४ चरण राहु का रूई पाट रेशम कपड़ा सूत कागज चावल गुड़ खाँड़ तेज, अन्नादि मन्दा करेगा। कृष्णा ७ रविवारी की वृद्धि से तेजी चले, साथही गेहूँ जौ चना हल्दी गुड़ तेल नमक धनियाँ हींग जीरा आगे मार्गशीर्ष मास में भी तेज होने की सूचना है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी सोमवारी से सन सूत कपास बिनौला श्वेत वस्त्र चाँदी घी शक्कर तेज होगी। रोहिणी संयोगी सदैव की भाँति उपज की कमी-वेशी पर कोई चाल देगी। ता० ७ को शीघ्री शनि के सिंह पर आने से घोर वर्षा, सोना चाँदी ताँबा जस्ता पीतल किराना रूई पाट रेशम कालीमिर्च गुड़ खाँड़ में खतर-नाक चाल निकलेगी, ढाई वर्ष में यह रूई के भावों को आधा तक कर सकेगा; तेल के बीज गुड़ खाँड़ में तेजी, पैसे की तंगी, भूमि मकानादि का मूल्य घटायेगा। दक्षिणी हिन्दपर नाना प्रकार के संकट, बैंक-ब्याज बढ़ेगा। कृष्णा ३० मंगल-वारी (संक्रान्ति अमावस एकवारी) सोना चाँदी सर्वधातु तिलहन-दलहन तेज करेगी।

गुजराती भाद्रपद मास-- शुक्ला १ से आश्विन अमावस तक ५ बुधवार से आलू प्याज लहसुन अदरख सोंठ हल्दी सूत तथा लाल वस्तुयें तेज, शुक्ला १ बुधवारी से आलू प्याज लहसुन अदरख सोंठ हल्दी तिलहन दलहन तेज, देशी घी मन्दा होगा। ता० १४ सितम्बर को मार्गी बुध से बादल वर्षा, रूई पाट रेशम कालीमिर्च कागज के साथ अन्य वस्तुयें भी मन्दी हो सकेंगी। शुक्ला २ को उ० प्र० पंजाब राजस्थान म० प्र० में सूर्य चन्द्र जहाँ भी बादलों में ही ढँके रहें, वहाँ उत्पत्ति श्रेष्ठ; आज से शुक्ला ६ तक इन्हीं क्षेत्रों में बादल वर्षा हो तो उत्पत्ति श्रेष्ठ, तुरन्त ही अच्छा मन्दा, न हो तो एकदम घोर तेजी होगी। ता० १६ को सायं कन्या के रवि होते ही भौम-दृष्ट राहु + सूर्य-योग से रूई पाट रेशम सूत कपड़ा कालीमिर्च कागज में अच्छा मन्दा, सोना चाँदी सर्वधातु तेज होगी। ता० १७ को सिंह का शुक्र होते ही बुध + शनि + शुक्र योग से चाँदी मन्दी, सोना तेज हो सकेगा। कृष्णा ७ की वृद्धि के पश्चात् शुक्ला ५ का क्षय तेजीकारक है। शुक्ला ६ अनु-राधा संयोगी से उपर्युक्त क्षेत्रों में जहाँ भी वर्षा होगी, वहाँ उपज श्रेष्ठ, तुरन्त ही अच्छा मन्दा, सूखा रहे तो एकदम घोर तेजी होगी। शुक्ला ४।५।७।८।१५ को बादल-बिजली गर्जना हो तो तुरन्त ही अच्छी वर्षा होती है। शुक्ला ८ (राधा-

ष्टमी) मूल-संयोगी सोना सन पाट कृष्ण हैशियन बारदाना ५ मास में अथवा पाँचवें मास में विशेष तेज करेगी। आज उपर्युक्त क्षेत्रों में अहाँ आकाश खुला रहे, वहाँ पाँचवें मास में सभी खाद्य वस्तुयें विशेष तेज होंगी। ता० २४ को पुनर्वसु के भौम से सभी वस्तुयें तेज, वर्षा हो तो मन्दा होगा। पूर्णिमा उ० भा० संयोगी श्रेष्ठ है; उपर्युक्त क्षेत्रों में जहाँ भी आज सूर्य चन्द्र बादलों में ही रहें, बादल-चाल, वर्षा हो तो आगे अच्छा मन्दा होगा, परीक्षित है।

आश्विन मास—में पूर्वोत्तर की वायु से उ० प्र० पंजाब राजस्थान मध्य प्रदेश में उत्तम वर्षा, किन्तु दक्षिण-पूर्व-कोण की चलने पर घोर गर्मी होते हुये भी वर्षा नहीं हो पाती। इस मास में ५ बुधवार होने से सोना चाँदी सर्वधातु में इकतरफा खतरनाक चाल, अथवा घोर तेजी सभी खाद्य वस्तुओं को साथ लेकर उपज की कमी-वेशी पर होगी कि व्यापारी हैरान होंगे। गुड़ खाँड़ में तेजी की आशा है। कृष्णा १ को सभी वस्तुयें मन्दी, ३० सितम्बर की रात को कन्या का बुध होनेपर राहु+सूर्य+बुध योग से गुड़ खाँड़ चाँदी सोना हल्दी विशेष तेज होगी।

अक्टूबर मास—ता० १ को कृष्णा ४ शनिवारी से गुड़ खाँड़ आज मन्दे, आज ही पूर्व [में ४० दिन का बुधास्त बादल वर्षा वायुवेगकारी है जो सभी खाद्य वस्तुओं के मूल्य को घटायेगा। आज से चली व्यापारिक वस्तुओं की लाइन ता० ५ को बड़े जोर-शोर से बदलेगी। कृष्णा ५ रविवारी, आगे माघी अमावस से घी तेज करेगी। रूई के स्टॉक से फाल्गुन मास में लाभ होगा। कृष्णा १० की वृद्धि से देशी घी अन्नादि तेज, कृष्णा १३ के क्षय से सोना चाँदी सर्वधातु तिलहन दलहन गुड़ खाँड़ मन्दे होंगे। कृष्णा ३० बुधवारी होना श्रेष्ठ है। आज ही ता० १२ को शीघ्री शुक्र के कन्या पर आते ही राहु+सूर्य+बुध+चन्द्र+शुक्रयोग(पंचग्रही)से बादल वर्षा वायु-वेग, शीत-वृद्धि, विक्रम संवत् २०१५ की भाँति सोना चाँदी सर्वधातु तेज, तिलहन दलहन मक्का अच्छा मन्दा होगा।

गुजराती आश्विन मास—शुक्ला १ से दिवाली तक ५ गुरुवार मन्दीकारक है। १३ अक्टूबर को कर्क (नीच)के भौम से साढ़े सात मास (३१ मई ७८) तक सभी वस्तुओं में मन्दा हो तो आश्चर्य नहीं; शुक्ला २ का शुक्रवारा ४५ मुहूर्ती उत्तर-शृंगी चन्द्र-दर्शन सभी वस्तुयें मन्दा करेगा। शुक्ला ३ शनिवारी से ग्रीष्म-प्रकोप, खाद्य वस्तुओंमें तेजी सम्भव है। शुक्ला ४रविवारी से देशी घी १५ दिन में तेज हो जानेपर बेचो, १५ दिन में अन्नादि मन्दे हो जाने पर खरीदो; यह योग विक्रम सं० २०१३ में बना था। ता० १७ को दिल्ली में सूर्योदय से ३ मिनट पूर्व श्रीसूर्यदेव रविवार को वारात् ३ नक्षत्रात् ४ (माहेन्द्र-मण्डल)में शनि-संहष्ट तुला के रवि से सोना चाँदी सर्वधातु गुड़ खाँड़ में तुरन्त मन्दी, तेल के बीज दाल-अन्नादि के भावों को यह मासार्ध के पश्चात् बढ़ायेगा। इस संक्रान्ति में बादल वर्षा भी होगी। ता० १८ को तुला का बुध होकर सूर्य+बुध तथा कन्या के राहु+शुक्र योग से तिलहन दलहन रूई पाट रेशम चाँदी मन्दे, बुधाष्टमी के क्षय से चाँदी के साथ सभी वस्तुयें तेज, देशी घी के स्टॉक से आगे कार्तिक मास में लाभ होगा। ता० २० को पुष्य के भौम से चाँदी रूई पाट रेशम कालीमिर्च मन्दे, सोना के साथ तिलहन दलहन तेज हों। ता० २५ को गुरु वक्री से बादल वर्षा वायु-वेग शीत-वृद्धि, रूई पाट रेशम कालीमिर्च चाँदी सोना किराना पीतल हल्दी के साथ अन्य वस्तुयें भी तेज होंगी। आश्विनी पूर्णिमा को अश्विनी नक्षत्र आगे सुख-सुभिक्ष करेगा।

कार्तिक मास—कृष्णा १ को सूर्य-चन्द्र पर कुण्डल हो तो तिलहन विशेष तेज होते हैं। कृष्णा १ की वृद्धि से सभी खाद्य वस्तुयें तेज, ता. ३०।३१ अक्टूबर को सभी वस्तुयें मन्दी होंगी।

नवम्बर मास—ता०५ नवम्बर को शीघ्री शुक्र के तुला पर आते ही सूर्य+शी०शुक्र से वायु-वेग, रूई रेशम पाट कालीमिर्च तेज, सायं वृश्चिक का बुध तिलहन तेज, गुड़ खाँड़ दलहन अन्नादि मन्दे करेगा। २० अंश पर कन्या का राहु विक्रम संवत् २०१५ की भाँति चाँदी में तेजी की चाल दिखायेगा। कृष्णा १२ को हस्त नक्षत्र से सं. २०१५।१८ की भाँति तुअर ज्वार के संग्रह से आगे महान् लाभ होगा। ता० १० को पश्चिम में बुधोदय से बादल-वर्षा वायु-वेग शीत-वृद्धि वस्तुओं की चलती लाइन में जबर्दस्त परिवर्तन, यहाँ से उपज की कमी-वेशी पर जोरदार इकतरफा चाल निकलेगी। आज ही दीपावली गुरुवारी मन्दीकारक है; किन्तु आज तेजी या मन्दी रहे तो वही चाल मकर-संक्रान्ति लगने तक सीधी चलेगी। स्वाती नक्षत्र में दीपोत्सव, विशाखा में गोवर्धन पूजा कभी घोर तेजी तो कभी भयानक मन्दी भी लाती है। दीपक जलते समय वायु-वेग हो तो तेजी, मौसम शान्त होकर गर्मी-सी जान पड़े तो आगे सभी खाद्य वस्तुओं में अच्छा मन्दा होगा। शुक्ला २ के क्षय से आज मन्दी, आजही उत्तर शृङ्गी चन्द्र-दर्शन भी श्रेष्ठ हैं; यदि आज उ०प्र० पंजाब राजस्थान मध्य प्रदेश में सन्ध्या भी फूले तो आगामी शीतकाल में अच्छी वर्षा, यदि शुक्ला २।३ को इन्हीं क्षेत्रों में वर्षा हो तो आगामी दोनों ही उपज श्रेष्ठ होंगी। शुक्ला ६ मंगलवारी से रोगोपद्रव, आगामी माघी अमासव भी मंगलवारी होने से चाँदी गुड़ खाँड़ तेज, रूई पाट रेशम कालीमिर्च तिलहन-दलहन अन्नादि आगामी शीतकाल में तेज हो सकेंगे। आज ही मंगलवार की आधी रात के बाद ता० १६ को सूर्योदय से पूर्व घं. ६ मि. ११ बजे श्रीसूर्यदेव बुध से युक्त होकर वारात् ३, नक्षत्रात् ४ (४५ मुहूर्ती) वृश्चिकारूढ़ होंगे। रात्रि को लगी संक्रान्ति घोर मन्दीकारक है, यदि आज वर्षा हो तो कहना ही क्या है ? कार्तिकी पूर्णिमा शुक्रवारी कृत्तिका संयोगी है; यदि आज बादल भी रहे तो शीत-काल में वर्षा और भयानक मन्दा होगा, परीक्षित है।

मार्गशीर्ष म.स—ता० २६ नवम्बर को सिंह पर ७ अंश पर शनि-चार से रूई मन्दी में खरीदो ; गुरुसे सप्तमस्थ सवेरे धनु के बुध से शीत-वृद्धि, गुड़ खाँड़ रूई पाट रेशम कालीमिर्च में मन्दी, सोना चाँदी सर्वधातु में चलती लाइन बदले या तेजी भी हो सकेगी। कृष्णा १ शनिवारी रोहिणी संयोगी से अन्नादि तेज अथवा किसी देश या नेता का पतन (अवसान) हो। संवत् २०१८ में गोआ का पतन हुआ था। कृष्णा ३।४ की वृद्धि से आज तेजी, किन्तु आर्द्रा-संयोगी तीज आगे मन्दी-कारक है। कृष्णा ४ मंगलवारी से गाँवों में अग्निकाण्ड हो। ता० २६ को शीघ्री शुक्र के वृश्चिक में आनेपर सूर्य+शीघ्री शुक्र योग से वायुवेग, शीत-वृद्धि होगी। चाँदी बेचना। शनि सिंह के ७।८ अंश पर रूई पाट रेशम कालीमिर्च के चलते रुख में परिवर्तन अथवा अच्छा मन्दा लाता है। ता० २८ को आश्लेषा के भौम से रूई पाट रेशम कालीमिर्च सूत कपड़ा सोना चाँदी सर्वधातु मन्दे, तिलहन दलहन गुड़ खाँड़ अन्नादि तेज होंगे।

दिसम्बर म.स—में जाड़ा कम पड़े तो शीत-काल में निश्चित रूप से अच्छी वर्षा बार-बार होती रहती है। ता० ८ को कृष्णा १३ के क्षय से रूई पाट रेशम सूत ऊन कपड़ा सोना चाँदी सर्वधातु तिलहन दलहन गुड़ खाँड़ में आज अच्छा मन्दा रहे। कृष्णा १३ को पहाड़ों पर बर्फ गिरे तो पृथ्वी धन-धान्य से पूर्ण होगी। कृष्णा १४।३० को सूर्य-चन्द्र बादलों में ही रहे तो उपज श्रेष्ठ, ४ मास पश्चात् तिलहन दलहन अन्नादि में अच्छा मन्दा होता है।

गुजराती मार्गशीर्ष मास—शुक्ला १ से पौषी अमावस तक ५ रविवार होने से देशी घी तेज, कपड़ा कागज तेज होगा। ता० १२ को मूल के बुध तथा मघा के वक्री शनि से ओलापात या हिमपात या बादल वर्षा वायुवेग शीतवृद्धि, तिलहन दलहन तुरन्त मन्दे; फिर आगे महान तेजी; किन्तु गुरु पहले से वक्री है (गुरु-शनि दोनों वक्री), रूई पाट रेशम ऊन सूत कपड़ा कागज में अच्छा मन्दा, तिलहन दलहन अन्नादि विशेष तेज हों। ता० १३ को यवन सन् १३९८ का प्रारम्भ मंगलवार को होने से मंगल-वारा गुर्रा है; दक्षिण में तेजी, धातुयें सस्ती, अन्य सभी वस्तुयें इस वर्ष में तेज हों। सार्वभौम वक्री (चार ग्रह वक्री होने) से महोत्पात्, नेताओं का पतन या अवसान, युद्धादिकाण्ड, सारे विश्व में खलबली, सोना चाँदी सर्वधातु तिलहन दलहन गुड़ खाँड़ में भयानक मन्दा, बाजार की चाल पर कार्य करना उचित होगा; कारण, यहाँ से लखपति कंगाल तथा कंगाल माला-माल होंगे। संवत् १९९८ में सोना चाँदी सर्वधातु रूई पाट रेशम ऊन सूत कपड़ा में खतरनाक मन्दी आई थी। शुक्ला ५ के क्षय से तेजी सम्भव है ; किन्तु गुरुवारी पंचमी ५ मास तक अथवा ५वें मास में तिलहन-दलहन को विशेष मन्दा कर देगी। मिथुनस्थ गुरु के प्रभाव से इस मास में मन्दी आ जाने पर खाद्य वस्तुयें खरीदें, आगे वैशाख मास में बेचने से लाभ होगा। यह योग संवत् २०२२ में बना था। ता० १५ को पश्चिम में बुधास्त बादल वर्षा वायुवेग शीतवृद्धि सभी वस्तुओं में मन्दीकारक है। रात को श्रीसूर्यदेव गत संक्रान्ति से वारात् ३, नक्षत्रात् ४ (१५ मुहूर्ता), बुध से युक्त, गुरु से प्रतियोग करते हुए धनु राशिस्थ होंगे। फलतः वर्षा से शीत-प्रकोप, तिलहन दलहन गुड़ खाँड़ मन्दे होंगे। शुक्ला १० की वृद्धि से देशी घी के साथ सभी खाद्य वस्तुयें मन्दी होंगी। ता० २३ को धनु के शुक्र होनेपर बुध+सूर्य+शुक्र योग में उ० प्र० पंजाब राजस्थान म० प्र० में बादल वर्षा हो तो सभी खाद्य वस्तुएँ मन्दी, खुला रहे तो तेजी होगी। पूर्णिमा में मृगशिरा ता० २४ को चाँदी मन्दी करेगा। ता० २५ का बड़ा दिन बादल सहित दिखाई देगा।

पौष मास—में दक्षिणी वायु चलते ही उपर्युक्त क्षेत्रों में उत्तम वर्षा होती है। ५ सोमवार होने से चाँदी सोना सर्वधातु तेज, वक्री शनि का प्रभाव लेकर इकतरफा चाल अथवा घोर तेजी होगी। ता० २७ को पूर्वोदयी बुध बादल-वर्षा वायुवेगकारक है। आज ही रात को पुष्य नक्षत्र में गुरु-दृष्ट शुक्र के पूर्वास्त (मेघद्वार-देवगण-ऐरावत वीथी में अस्त) से बादल-वर्षा हो, १२।१३ दिसम्बर से चली वस्तुओं की लाइन बदले या तेजी हो अथवा खाद्य वस्तुयें मन्दी, धातु-मात्र तेज हो सकेगी। कृष्णा ४ को आश्लेषा, पंचमी को मघा, षष्ठी को पू०फा० नक्षत्र आगामी सं० २०३५ में आषाढ़ शुक्ला ४।५।६ को वर्षा होने की सूचना दे रहा है। कृष्णा ५।६।७ को क्रमशः शुक्र-शनि-रविवार होने से कहीं युद्धादिकाण्ड अथवा आगे भाद्रपद मास में गेहूँ घी मूँग तेज हों ; विशेष को तो सर्वज्ञ ही जाने ! अतः लाभ-हानि का पूर्ण उत्तरदायित्व प्रयोक्ता महोदय अपने ही ऊपर जानकर बाजार की स्थिति को भी देखते हुये अपनी शक्ति के ही अनुकूल कार्य करें।

विशेष द्रष्टव्य—देखिये सन् १९७६ की इसी जंत्री में पृष्ठ ११४, पंक्ति ७, वर्षेश बुध के प्रभाव से मध्य लोक की गवर्नमेण्ट के कड़े कानून रहते हुये भी आकाशी गवर्नमेण्ट की कृपा से आषाढ़ सं० २०३३ में गेहूँ को छोड़कर सभी खाद्य वस्तुओं के मूल्य में ४० प्रतिशत की तेजी आ ही गई; अब सन्निकट संवत् २०३६ में बुध पुनः वर्षेश बनेगा। सन् १९७७ की प्रथम शरद एवं ग्रीष्मकालीन उपज प्रायः सर्वत्र उत्तम सुनाई देगी, साथ ही समाचार पत्र भी साक्षी होंगे।

चेतावनी—सोना चाँदी ताँबा जस्ता पीतल राँगा सीसा स्टैनलेस स्टील ऐलमोनियम रूई पाट रेशमी धागा बोरी नारियल का जटा रस्सी मूँज पतेल कागज तेल के बीज सींगदाना तोरिया सरसों एरण्ड अलसी खोपरा खली, धान की पालिश उड़द, मूँग मोठ रमास लोबिया (बटोला) मटर गुआर बेसारी तेवड़ा चना ज्वार बाजरा मक्का धान चावल गुआर शेयर्स देशी घी गुड़ खाँड़ तथा किराना में लौंग कत्था सुपारी हल्दी सोंठ धनियाँ अजवायन लाल व कालीमिर्च

सौंफ जीरा लाख चपड़ा पोस्ता आदि में-से किसी भी एक वस्तु की हाजर स्टॉक की वार्षिक भेंट ३०३)५०, छः मास की १७७)५०, तीन माह की १०३)५०, वायदे में किसी भी वस्तु की वार्षिक भेंट ४५३)५०, छह माह की २४३)५०, तीन माह की १२७)५०, इसमें ३१३ दिन के चान्स होंगे। वायदे की १ माह की दैनिक स्पेशल रिपोर्ट (चान्स) ५३)५०, पाक्षिक २९)५०, साप्ताहिक १७)५०, तथा सभी वस्तुओं की दैनिक ३१३ दिन की साप्ताहिक पाक्षिक मासिक व लम्बी लाइन का वार्षिक सारांश सहित तेजी-मन्दी-प्रदर्शक वार्षिक "भविष्य-दर्पण" कार्तिक शुक्ला १ संवत् २०३३ से दीपावली संवत् २०३४ तक का मूल्य १७)५०, तथा जन्म-पत्री से १२ मास की १२ कुण्डलीवाला वर्ष-फल फुलस्केप साइज में मुद्रित फार्म पर भेंट २३)५०, विस्तृत मुद्दआ दशा समेत ३३)५०, जन्म-दिनांक से डेढ़ मास पूर्व जन्म-पत्री की नकल के साथ मनीऑर्डर पहले ही भेजने पर यथासमय भेजा जायेगा। जन्म-स्थान कहाँ ? और अब निवास कहाँ है ?--यह अवश्य ही लिखें। सन् १९७७ में जन्मे बच्चों का शुद्ध टेवा बनवाने हेतु जन्म-दिन तारीख टाइम रात या दिन के साथ यदि जन्म गाँव का है तो वहाँ से प्रसिद्ध नगर की दूरी और दिशा (पूर्व दक्षिण पश्चिमोत्तर, कितने मील) रेलवे स्टेशन आदि अवश्य लिखें। २)५० का मनीऑर्डर पाकर पोस्टकार्ड पर जन्मस्थानीय एवं स्टैण्डर्ड टाइमानुसार सूर्योदयारत एवं जन्मस्थानीय उसी दिन का पूर्ण पञ्चाङ्ग-संस्कार करके भेजा जायेगा। बड़े बच्चों का टेवा या रोग व दारिद्र्यनाशक उपाय, टोटका तन्त्र धातु रत्न पत्थर जड़ी आदि धारण-मुहूर्त सहित ५) भेंट पाकर लिखा जायेगा। वी० पी० किसी भी वस्तु की नहीं की जाती। मनीऑर्डर के सबसे नीचेवाले कूपन पर अपना पूरा पता अवश्य ही ऐसा लिखें कि जो अच्छी तरह से पढ़ा जा सके। पत्रोत्तर जवाबी कार्ड भेजकर ही उत्तर पाने की आशा करें; इकले पोस्टकार्ड का उत्तर नहीं दिया जाता, ध्यान रखिये !

नोट :-यहाँ आनेवाले पहले जवाबी कार्ड भेजें, उसका उत्तर पाते ही यहाँ आने का कष्ट करें। पता तार व पत्र :-

राजाराम जैन ज्योतिषी, मैनपुरी (उ० प्र०) सन्निकट मकान-(डा० कपूर, मुहल्ला कटरा) फोन :---पी० पी० ४२१

* विंशोत्तरी महादशा की प्रत्येक अन्तर्दशा में भुक्त समय-कोष्ठक *

१. ☉ सूर्य-दशा वर्ष ६ में अन्तर्दशा
नक्षत्र-कृत्तिका, उ. फा., उ. षा.

दशा	सू.	चं.	मं.	रा.	गु.	श.	बु.	के.	शु.
वर्ष	०	०	०	०	०	०	०	०	१
मास	३	६	४	१०	९	११	१०	४	०
दिवस	१८	०	६	२४	१८	१२	६	६	०
जोड़ व.	०	०	१	२	२	३	४	५	६
जोड़ मा.	३	९	१	०	१०	९	७	०	०
जोड़ दि.	१८	१८	२४	१८	६	१८	२४	०	०

२. ☽ चन्द्र-दशा वर्ष १० में अन्तर्दशा
नक्षत्र-रोहिणी, हस्त, श्रवण

दशा	चं.	मं.	रा.	गु.	श.	बु.	के.	शु.	सू.
वर्ष	०	०	१	१	१	१	०	१	०
मास	१०	७	६	४	७	५	७	८	६
दिवस	०	०	०	०	०	०	०	०	०
जोड़ व.	०	१	२	४	५	७	०	९	१०
जोड़ मा.	१०	५	११	३	१०	३	१०	६	०
जोड़ दि.	०	०	०	०	०	०	०	०	०

३. ♂ मंगल-दशा वर्ष ७ में अन्तर्दशा
नक्षत्र-मृगशीर्ष, चित्रा, धनिष्ठा

दशा	मं.	रा.	गु.	श.	बु.	के.	शु.	सू.	चं.
वर्ष	०	१	०	१	०	०	१	०	०
मास	४	०	११	१	११	४	२	४	७
दिवस	२७	१८	६	९	२७	२७	०	६	०
जोड़ व.	०	१	२	३	४	४	६	६	७
जोड़ मा.	४	५	४	५	५	१०	०	५	०
जोड़ दि.	२७	१५	२१	०	२७	२४	२४	०	०

४. ☊ राहु-दशा वर्ष १८ में अन्तर्दशा
नक्षत्र-आर्द्रा, स्वाती, शतभिषा

दशा	रा.	गु.	श.	बु.	के.	शु.	सू.	चं.	मं.
वर्ष	२	२	२	२	१	[illegible]	०	१	१
मास	८	४	१०	६	०	०	१०	६	०
दिवस	१२	२४	६	१८	१८	०	२४	०	१८
जोड़ व.	२	५	७	१०	११	१४	१५	१६	१८
जोड़ मा.	८	१	११	६	६	६	५	११	०
जोड़ दि.	१२	६	१२	०	१८	१८	५	१२	०

५. ♃ गुरु-दशा वर्ष १६ में अन्तर्दशा
नक्षत्र-पुनर्वसु, विशाखा, पू. भा.

दशा	गु.	श.	बु.	के.	शु.	सू.	चं.	मं.	रा.
वर्ष	२	२	२	०	२	०	१	०	२
मास	१	६	३	११	८	९	४	११	४
दिवस	१८	१२	६	६	०	१८	०	६	२४
जोड़ व.	२	४	६	७	१०	११	१२	१३	१६
जोड़ दि.	१	८	११	१०	६	४	८	७	०
जोड़ मा.	१८	०	६	१२	१२	१०	०	६	०

६. ♄ शनि-दशा वर्ष १९ में अन्तर्दशा
नक्षत्र-पुष्य, अनुराधा, उ. भा.

दशा	श.	बु.	के.	शु.	सू.	चं.	मं.	रा.	गु.
वर्ष	३	२	१	३	०	१	१	२	२
मास	०	८	१	२	११	७	१	१०	६
दिवस	३	९	९	०	१२	०	९	६	१२
जोड़ व.	३	५	६	९	१०	१२	१३	१६	१९
जोड़ मा.	०	८	९	११	११	६	७	५	०
जोड़ दि.	३	१२	२१	२१	३	३	१२	१८	०

७. ☿ बुध-दशा वर्ष १७ में अन्तर्दशा
नक्षत्र-आश्लेषा, ज्येष्ठा, रेवती

दशा	बु.	के.	शु.	सू.	चं.	मं.	रा.	गु.	श.
वर्ष	२	०	२	०	१	०	२	२	२
मास	४	११	१०	१०	५	११	६	३	८
दिवस	२७	२७	०	६	०	२७	१८	६	९
जोड़ व.	२	३	६	७	८	९	१२	[illegible]	१७
जोड़ मा.	४	४	२	१	६	५	०	३	०
जोड़ दि.	२७	२४	२४	०	०	२७	१५	२१	०

८. ☋ केतु-दशा वर्ष ७ में अन्तर्दशा
नक्षत्र-अश्विनी, मघा, मूल

दशा	के.	शु.	सू.	चं.	मं.	रा.	गु.	श.	बु.
वर्ष	०	१	०	०	०	१	०	१	०
मास	४	२	४	७	४	०	११	१	११
दिवस	२७	०	६	०	२७	१८	६	९	२७
जोड़ व.	०	१	१	२	२	३	४	[illegible]	७
जोड़ मा.	४	६	११	६	११	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
जोड़ दि.	२७	२७	३	३	०	१८	२४	३	०

९. ♀ शुक्र-दशा वर्ष २० में अन्तर्दशा
नक्षत्र-भरणी, पू. फा., पू. षा.

दशा	शु.	सू.	चं.	मं.	रा.	गु.	श.	बु.	के.
वर्ष	३	१	१	१	३	२	२	२	१
मास	४	०	८	२	०	८	२	१०	२
दिवस	०	०	०	०	०	०	०	०	०
जोड़ व.	३	४	६	७	१०	१२	१६	१८	२०
जोड़ मा.	[illegible]	[illegible]	०	२	२	१०	०	१०	०
जोड़ दि.	०	०	०	०	०	०	०	०	०

द्वादश राशियों का माहवारी फल सन् १९७७ ई०

जनवरी

मेष:—मासारम्भ में भय, मानहानि, राजकीय उलझन का योग है। रोजगार-धन्धे में शिथिलता, मन में उद्विग्नता रहेगी। अभीष्ट पदार्थों की हानि होगी। ता० १४ के बाद दशमस्थ सूर्य के प्रभाव से स्थिति सुधरेगी। धन स्वास्थ्य मित्र कुटुम्ब-सुख, घर में बड़े लोगों का समागम होगा। राज-नेताओं की प्रसिद्धि बढ़ेगी। घर-गृहस्थी में आनन्द और अभीष्ट लाभ होगा है। ता० २६ से व्ययस्थ शुक्र खर्च बढ़ायेगा। ता० ६-७-१५-१६-२४-२५ नेष्ट हैं।

बृष:—तीसरे शनि, छठे राहु उत्तम है। आरोग्य-लाभ, घरेलू सुख की वृद्धि, अभीष्ट कार्यों में सफलता, पद-पोजीशन द्रव्य एवं सुदृढ़ आर्थिक आधार की प्राप्ति होगी। साहस, पराक्रम और पुरुषार्थ की वृद्धि होगी। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी; किन्तु सूर्य-दोष के कारण आत्मबल की कमी रहेगी। दौड़-धूप श्रम अधिक करना पड़ेगा। काम-धन्धे में कोई परिवर्तन करना उचित नहीं है। ता० १-९-१०-१७-१८-२६-२७-२८ नेष्ट हैं।

मिथुन:—मानसिक क्लेश, अकारण झगड़े-झंझट का योग है। स्वजनों से वैर-विरोध, द्रव्य की आकस्मिक हानि, कर्म-क्षेत्र में असफलता की आशंका है। मित्र-कुटुम्बियों से मतभेद होगा। स्त्री-सन्तान को रोग-सन्तप्त होना पड़ेगा। यात्रा में कष्ट, उदर-व्याधि से पीड़ा होगी। नवम शुक्र से परेशानियों में कमी हो जायेगी और रोजी-रोजगार यथावत् चलता रहेगा। इस मास की ता० २-३-११-१२-१९-२०-२१-२९-३० खराब हैं।

कर्क:—आनन्द-लाभ, कार्य-सिद्धि होगी। शरीर स्वस्थ रहेगा। अन्न-वस्त्रादि सुरुचिकर पदार्थों की प्राप्ति, शत्रुओं का नाश, धन-सम्पदा की वृद्धि, सम्मान-लाभ, घरेलू सुख पूर्ववत् रहेगा। उत्तरार्द्ध में समय-परिवर्तन, भाग्य-संघर्ष, अप्रिय घटना का चक्र चलेगा। बन्धन एवं घुटन जैसी स्थिति का अनुभव करेंगे। काम-धंधे में मन नहीं लगेगा। अस्वाभाविक भोग-वासना बढ़ेगी। ता० ४-५-१३-१४-२२-२३-३१ नेष्ट हैं।

सिंह:—शारीरिक अशक्ति, मन की व्यग्रता, मित्रों से असुविधा, धन की हानि होगी। चित्त में अस्थिरता, शत्रु एवं रोग-भय होगा। घर-गृहस्थी की समस्यायें बढ़ेंगी। अशुभ कर्म में रुचि, नवीन प्रयत्नों के सुपरिणाम मिलने में सन्देह होगा। भ्रमण के लिए मन उतावला रहेगा। सूर्य-मन्त्र के जप एवं दान-पुण्यादि कर्म से कष्ट-निवारण तथा अभीष्ट-सिद्धि होगी। इस मास की ता० ६-७-१५-१६-२४-२५ अशुभ हैं।

कन्या:—मानसिक एवं शारीरिक व्यथा, घर में रगड़े-झगड़े का योग है। दौड़-धूप और अस्त-व्यस्तता बनी रहेगी। घरेलू सुखों की हानि, कुत्सित भोजन, व्यसन, यात्रा में असुविधा से कष्ट होगा। भूमि भवन वाहन-सुख में बाधायें आयेंगी। मासोत्तरार्द्ध में परिस्थिति में सुधार की आशा कर सकेंगे। गंभीर परिस्थितियों में धैर्यपूर्वक सुसमय की प्रतीक्षा करें। इस मास की ता० १-९-१०-१७-१८-२७-२८ अशुभ हैं।

तुला:—मास-फल उत्तम है। रोग ऋण से मुक्ति, घरेलू सुख, आनन्द-लाभ और मित्रों से स्नेह-सम्मान मिलेगा। पुत्र-सुख, अभीष्ट-लाभ, शत्रुओं की पराजय, लक्ष्मी-कृपा की प्राप्ति होगी। स्वभाव में विनम्रता, आचरण में पवित्रता, बुद्धि में स्थिरता होगी। भाग्योदय, कर्मक्षेत्र की प्रगति, दूरवर्ती भ्रमण का योग है। विभिन्न समस्याओं का निराकरण होगा। इस मास की ता० २-३-११-१२-१९-२०-२१-२९-३० ठीक नहीं हैं।

बृश्चिक:—दुर्जनों की संगति, स्वाभाविक दुर्बलता, मानसिक व्यथा का योग है। सिर नेत्र में पीड़ा, अज्ञात भय की आशंका, कृषि एवं वाणिज्य की हानि होगी। ता० १४ के बाद महत्त्वपूर्ण कार्यों की सिद्धि, सामान्य सफलता की प्राप्ति, स्थाई साधनों के अतिरिक्त एकाध अन्य मार्ग से धन-द्रव्य का लाभ होगा। बकाया रकम की प्राप्ति, मानसिक प्रसन्नता एवं यात्रा का अवसर मिलेगा। भाग्यावरोध दूर होगा। ता० ४-५-१३-१४-२२-२३-३१ नेष्ट हैं।

धनु:—उदर-रोग, शरीर-पीड़ा, मानसिक व्यथा, भोजन में अबेर-सबेर से कष्ट होगा। मित्र-कुटुम्बियों से रगड़ा-झगड़ा, यात्रा में परेशानी होगी। राज्येश पंचम गुरु आपकी रक्षा कर रहा है। उत्तरार्द्ध में लहना-तकाजा से राहत मिलेगी। शारीरिक-सुख की कमी रहते हुए भी आत्मबल और इच्छा-शक्ति प्रबल होगी। स्वजनों से कलह-वैमनस्य का निवारण होगा। ता० ६-७-८-१५-१६-२४-२५ अशुभ हैं।

मकर:—मास-फल मध्यम है। स्थान-परिवर्तन, भ्रमण, दौड़धूप की अधिकता से शरीर कृष-क्लान्त रहेगा। किसी कुटुम्बी के वियोग का दुःख होगा। अशुभ दशावालों के कार्य एवं पद की हानि होगी। व्ययाधिक्य, कठिनाइयों की वृद्धि, अपमान का अंदेशा है। श्रीहनुमानजी की उपासना में रत व्यक्तियों को अधिक कष्ट न होगा। उत्तरार्द्ध में आर्थिक एवं मानसिक स्थिति में सुधार होगा। ता० १-९-१०-१७-१८-२६-२७-२८ नेष्ट हैं।

कुम्भः—अभीष्ट-लाभ, धन-प्राप्ति, उत्तम भोजन-शयन का सुख मिलेगा। नवीन पद अधिकार, स्वास्थ्य, कर्म साफल्य का सुयोग बनेगा। बड़ों के अनुग्रह की प्राप्ति, गृह में किसी आनन्दोत्सव से सुख होगा। विशेष व्यय एवं द्रव्य-हानि से बचते रहेंगे। भाग्य साथ देगा। कर्म-शक्ति का विकास, शारीरिक-सुख, सम्मान-प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी। नौकरीवालों की पदोन्नति होगी। ता० २-३-११-१२-१९-२०-२१-२९-३० कष्टप्रद हैं।

मीनः—धन स्वास्थ्य मित्र एवं कौटुम्बिक-सुख का लाभ होगा। राजनेताओं के पद-प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी। प्रगति का अवसर मिलेगा। घर में श्रेष्ठ लोगों का समागम, आनन्द-लाभ और अभीष्ट-सिद्धि होगी। द्रव्य-संचय, ऋण मुक्ति, मानसिक व्याधियों का निवारण होगा। भ्रमण मनोरंजन व्यावसायिक यात्रा, पितृ-कुल की मर्यादा-वृद्धि होगी। मारकेश दशावालों को स्वास्थ्य रक्षा का समुचित उपाय करना चाहिये। ता० ४-५-१३-१४-२२-२३-३१ अशुभ हैं।

फरवरी

मेषः—मास-फल उत्तम है। व्यावसायिक सफलता, धन-वृद्धि, प्रताप-प्रभाव का विकास होगा। दीर्घकाल से रुके कार्य की पूर्ति होगी। जीविका का आधार मिलेगा। उत्तम भोजन वस्त्रादि का लाभ; धार्मिक रुचि की वृद्धि, महिलाओं को विशेष प्रसन्नता की प्राप्ति होगी। कुटुम्बियों एवं बड़े लोगों से समागम, मित्रवर्ग से सहयोग एवं राजकीय संकट का निवारण होगा। ता० ३-४-११-१२-२०-२१ नेष्ट हैं।

वृषः—मासारम्भ में शरीर-पीड़ा, मानसिक-व्यथा, द्रव्य-हानि, शत्रु-भय, दैहिक निर्बलता का योग है। पत्नी को स्वास्थ्य-बाधा, उपचार निमित्त द्रव्य का अति व्यय होगा। मासोत्तरार्द्ध में गुप्त शत्रुओं का पराभव, अन्य परिस्थिति सुधरेगी। मन में शुभ विचारों का उदय, अन्न धन सम्मान एवं स्वास्थ्य का लाभ होगा। राशीश शुक्र एकादश में उत्तम लाभ देनेवाला है। ता० ५-६-१३-१४-१५-२२-२३-२४ नेष्ट हैं।

मिथुनः—इच्छित पदार्थों का लाभ, उत्तम वस्त्रादि एवं सुरुचिकर वातावरण की प्राप्ति। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार में साधारण लाभदायी सुयोग मिलता रहेगा। लाभस्थ वृहस्पति से अभीष्ट सिद्धि, कानूनी विवाद में विजय, व्यक्तित्व का विकास, होगा। नौकरीवालों की पदोन्नति होगी। साहस उत्साह पराक्रम पुरुषार्थ की वृद्धि होगी। अपव्यय से बचें। ता० ७-८-१६-१७-२५-२६ नेष्ट हैं।

कर्कः—घरेलू-सुख की वृद्धि, दीर्घकालीन दुःखों की निवृत्ति एवं संतोषजनक द्रव्य-लाभ होगा। यात्रा में प्रसन्नता, अन्न धन वस्त्रादि की प्राप्ति होगी। गृह में आनन्दोत्सव का सुख होगा। शत्रु पराजित होंगे। देवाराधना में तत्पर रहना आवश्यक है। स्त्री-सन्तानपक्ष से सम्बन्ध सानुकूल रहेगा। रोग शोक क्रोध का निवारण होगा; उत्तरार्द्ध में सिर नेत्र-पीड़ा संभव है। ता० १-२-९-१०-१८-१९-२७-२८ अशुभ हैं।

सिंह—अब आपके दुर्दिन समाप्ति पर है। धन की प्राप्ति, सुख की वृद्धि, श्रेष्ठजनों को स्वर्ण रत्नादि-लाभ होगा। कीर्ति-लाभ, आनन्द-वृद्धि एवं शत्रु-भयरहित शुभ विचारों का उदय होगा। राज्याधिकारियों से सहयोग मिलेगा। कार्य की सिद्धि, सुदूरवर्ती यात्रा, स्वास्थ्य-लाभ का सुन्दर योग है। शत्रुओं का शमन होगा। साहस उत्साह की वृद्धि होगी; किन्तु वृथा विवाद से बचें। ता० ३-४-११-१२-२०-२१ नेष्ट हैं।

कन्या :—रोग-वृद्धि, धन-हानि, भोजन में अतिकाल, पापकर्म में हठात् रुचि होगी। द्युतिहीनता, शत्रुओं से पीड़ा, सन्तानपक्ष से क्लेश होगा। पत्नी के कारण शोक-वृद्धि, जननेन्द्रिय-रोग का भय, अपमानित होने का अन्देशा एवं बड़ी कठिनाई से परिश्रमपूर्वक जीविका-निर्वाह होगा। प्रयास करने पर गृहस्थ-जीवन का सुख और द्रव्य-लाभ का अवसर मिल सकता है। ता० ५-६-१३-१४-१५-२२-२३-२४ अशुभ हैं।

तुला :—शत्रु-पक्ष से हानि, शत्रु-वृद्धि, गुप्त शत्रु अकारण परेशान करेंगे। हिस्सेदारों से झगड़ा, सन्तान से मनोव्यथा, अभीष्ट वस्तुओं की प्राप्ति में विलम्ब होगा। स्वजनों से विरोध, अशुभ कार्यों में निरति, मानसिक भय, ज्वर रुधिर-विकार तथा उदर-रोग से पीड़ा होगी। उत्तरार्द्ध में पराक्रम पुरुषार्थ के प्रयोग से अन्न वस्त्र द्रव्य एवं सम्मान का लाभ होगा। ता० ७-८-१६-१७-२५-२६ अशुभ हैं।

वृश्चिक :—सुभोज्य पदार्थों का लाभ, धन-आरोग्य अन्न-वस्त्रादि की प्राप्ति, शत्रुओं का पराजय होगा। पुत्र-स्त्री-कुटुम्ब से प्रीति, घर में नौकरों की वृद्धि, नौकरीवालों की उन्नति होगी। आनन्द-प्राप्ति, घरेलू सुख की वृद्धि, मित्रों का सुख-सहयोग मिलेगा। चित्त की अस्थिरता दूर हो जायेगी, सद्ग्रन्थावलोकन, सत्संगत आदि सुयोग प्राप्त होगा। दान-पुण्य में निरति अनिवार्य है। ता० १-२-९-१०-१८-१९-२७-२८ कष्टकारक हैं।

धनु :—धन की प्राप्ति, मित्र स्त्री कुटुम्ब का पूर्ण सुख मिलेगा। क्रोध जोश की वृद्धि होगी। मंगल-दोष के कारण ज्वर व्रण रक्त पित्तादि-विकार से शरीर-कष्ट होगा। वचन की कठोरता का त्याग करें एवं दुर्जनों की संगति से

बचते रहें। उत्तरार्द्ध में राजकीय विवाद निवृत्त होंगे। मानसिक आनन्द, अभीष्ट-सिद्धि, भ्रमण में प्रसन्नता, शुभ दशा-वालों को विशेषतः लाभ होगा। ता० ३-४-११-१२-२०-२१ नेष्ट हैं।

मकर :—मास-फल अशुभ है। पत्नी से अनबन, कुटुम्बियों से मतभेद, ज्वर व्रण से शरीर-कष्ट होगा। गुप्त शत्रु हानि पहुँचाने की चेष्टा करेंगे। शत्रु-भय, रोजी-रोजगार में गड़बड़ी, द्रव्य-क्षय और व्यवसाय में पूँजी की हानि होगी। विविध कठिनाइयों के निवारणार्थ श्रीहनुमानजी की उपासना आवश्यक है। उत्तरार्द्ध में मानसिक प्रसन्नता, अर्थ-लाभ, अव्यर्थ उत्साह की वृद्धि होगी। ता० ५-६-१३-१४-१५-२२-२३-२४ नेष्ट हैं।

कुम्भ :—सन्तोषजनक द्रव्य-लाभ होगा। रुके हुए द्रव्य की प्राप्ति, स्त्री सन्तान-सुख, सम्मान की वृद्धि होगी। शरीर में स्फूर्ति, आरोग्य-लाभ, उत्तम वस्त्रादि सांसारिक सुखों की उपलब्धि होगी। कुटुम्बीजनों का सहयोग, नौकरी में पदोन्नति, स्त्री की रोग-बाधा का निवारण होगा। सांसारिक सुखोपभोग की बाधाएँ निवृत्त होंगी। व्यय नियंत्रित और मस्तिष्क सन्तुलित रहेगा। ता० ७-८-१६-१७-२५-२६ चिन्तनीय हैं।

मीन :—शत्रुओं का नाश, घरेलू सुख और धन की बारम्बार प्राप्ति होगी। विजय आनन्द आरोग्य, अन्न-वस्त्रादि का लाभ होगा। मित्रों से सहानुभूति, राजकीय कामों में सफलता एवं शोहरत की वृद्धि होगी। नौकरीवालों का स्थानान्तरण-योग चल रहा है। विद्यार्थियों एवं महिलाओं के लिए उत्तम समय है; किन्तु राजनीतिक रुचि कष्टकर हो सकती है, तदर्थ सतर्कता अनिवार्य है। इस मास की ता० १-२-९-१०-१८-१९-२७-२८ नेष्ट हैं।

मार्च

मेष :—शरीर स्वस्थ रहेगा। धन ख्याति और सांसारिक सुखों का लाभ होगा। रोजी-धन्धे की उन्नति होगी। शत्रु-भय का निवारण होगा। दान-पुण्य धर्म-कृत्यादि में रुचि होगी। जय आरोग्य यश का लाभ, कुटुम्बियों से प्रीति, सहयोग की वृद्धि होगी। सन्त-समागम से चित्त प्रसन्न रहेगा। व्यक्तित्व का विकास और यात्रा में सफलता का योग है। वृथा विवाद से बचें। ता० २-३-११-१२-१९-२०-२१-२९-३०-३१ नेष्ट हैं।

वृष :—किसी नये पद अधिकार की प्राप्ति होगी। वाक्पटुता से बिगड़े कार्य बनेंगे। शत्रुओं के पराजय से सुख होगा। जन्म-स्थान में गुरु के पदार्पण से कुछ मानसिक व्यथा होगी। विशेष परिश्रम से अभीष्ट-लाभ, यात्रा में सफलता और द्रव्य-लाभ होगा। व्यवसाय में प्रगति तथा श्रीसंवर्धन का योग है। प्रयत्नपूर्वक स्वास्थ्य की रक्षा करनी चाहिये। ता० ४-५-१३-१४-२२-२३ अशुभ हैं।

मिथुन :—मासारम्भ में मानसिक अशान्ति, नेत्र-रोग, कार्य एवं पद की हानि संभव है। रोग, ऋण एवं रिपु-बाधा से चित्त खेदग्रस्त रहेगा। मास-मध्य में नौकरीवालों के स्थान-परिवर्तन का योग है। मासान्त में पारिवारिक जीवन सुखी रहेगा। स्वास्थ्य सुन्दर रहेगा। वाक्पटुता से कानूनी विवाद निवृत्त होगा। महिलाएँ सुखी एवं प्रसन्न रहेंगी। ता० ६-७-८-१५-१६-२४-२५ अशुभ हैं।

कर्क :—अष्टम सूर्य बुध के साथ ता० ११ से मंगल की युति कष्टदायक होगी। शस्त्रप्रियता, परदेशवास, कुटुम्बियों से अनबन, भोजन में अबेर-सबेर होगा। सम्बन्धी मित्र एवं कुटुम्बीजन से विवाद का योग है। उत्तरार्द्ध में द्रव्य-लाभ की अनुकूलता प्राप्त होगी। बकाया रकम मिलेगा। श्रेष्ठजनों की पदोन्नति और प्रतिष्ठा-वृद्धि भी होगी। यात्रा-योग भी है। ता० १-९-१०-१७-१८-२६-२७-२८ अशुभ हैं।

सिंह :—व्यर्थ दौड़धूप परिभ्रमण से शरीर-कष्ट होगा। विशेष व्यय और हानि से बचना कठिन होगा। उच्चाधिकारी वर्ग प्रतिकूल रहेंगे। बुद्धिभ्रंश, प्रमादवश कोई गलती कर बैठेंगे। टैक्स-विभाग से परेशानी होगी। शरीर अस्वस्थ रहेगा; चोट-चपेट दुर्घटना का भय है। ता० १४ के बाद कठिनाइयाँ बढ़ेंगी। सूर्य-मंगल का जप दान व्रत एवं श्रीदुर्गाजी का दर्शन पूजन जरूरी है। ता० २-३-११-१२-२०-२१-२९-३० अशुभ हैं।

कन्या :—मास-फल उत्तम है। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी। शत्रुवर्ग सक्रिय होकर अपयश फैलाने की विफल चेष्टा करेंगे। मित्र-कुटुम्बीजन से पूर्ण सुख सहयोग की आशा है। दाम्पत्य जीवन का सुख मिलेगा, अविवाहितों का विवाह होगा। प्रेम-सम्बन्ध में सफलता मिलेगी। रोजी-धन्धे की प्रगति को एक नवीन दिशा प्राप्त होगी। गणपति-आराधना श्रेयस्कर है। ता० ४-५-१३-१४-२२-२३ नेष्ट हैं।

तुला :—परदेश-वास, पदच्युति, स्वजन-वियोग, मित्र-असहयोग का सामना करना पड़ेगा। चोर-उच्चकों से सतर्कता जरूरी है। अष्टम बृहस्पति के तंत्रोक्त उपचार से अभीष्ट लाभ होगा। व्यवसाय में सामान्य प्रगति, यात्रा में सफलता, साहस उत्साह की वृद्धि होगी। सरस्वती उपासकों को विशेष आर्थिक बौद्धिक कठिनाई झेलनी पड़ेगी। राजनीतिज्ञों का जीवन संत्रस्त रहेगा। ता० ६-७-८-१५-१६-२४-२५ नेष्ट हैं।

वृश्चिकः—कार्य की हानि, मान-हानि, स्त्री सन्तान, भाई-कुटुम्बीजनों से असन्तोष होगा। द्रव्य का अतिव्यय ऋण का अवलम्बन स्वीकार करना पड़ेगा। कर-अदायगी की चिन्ता होगी। उत्तरार्द्ध में बुद्धि चातुर्य उच्चाधिकारियों की नाराजगी दूर होगी। व्यावसायिक प्रयासों में सावधानीपूर्वक प्रगति की जा सकेगी। पूर्ण धार्मि रुचि से मानसिक चिन्ताओं का निवारण होगा। ता० १-६-१०-१७-१८-२६-२७ कष्टप्रद हैं।

धनुः—शुभ कर्मों में रुचि बढ़ेगी। स्त्री-सन्तान मित्र-कुटुम्बीजन का सुख प्राप्त होगा। शुभ दशावालों भूमि-लाभ या गृह-निर्माण का सौभाग्य मिलेगा। दान होम जप आदि धार्मिक क्रियाएँ संपादित होंगी। राजकीय औ सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। सभी प्रकार से कल्याण, अभीष्ट वस्तुओं की प्राप्ति और श्रेष्ठजनों को स्वर्ण-लाभ होगा वाहन के उपयोग में सतर्कता रखें। ता० २-३-११-१२ २०-२१-२९-३० अशुभ हैं।

मकरः—सुख, धर्म-बुद्धि और कीर्ति की आंशिक वृद्धि होगी। आनन्दयुक्त घरेलू वातावरण, द्रव्य-लाभ, संचय विद्योपार्जन, शत्रु-बाधाओं पर विजय, स्त्री-सन्तानादि का सुख मिलेगा। शारीरिक स्वास्थ्य साधारण रहेगा। सामाजि कार्यों में यश की वृद्धि होगी। व्यापारियों को किसी आकस्मिक हानि से खेदग्रस्त रहना पड़ेगा; समय के सदुपयो पर ध्यान दें। ता० ४-५-१३-१४-२२-२३ अशुभ हैं।

कुम्भः—घरेलू-सुख और आनन्द की प्राप्ति होगी। दान-पुण्य की चेष्टा में संलग्न रहेंगे। देश-प्रेम की भाव पैदा होगी। शुभ दशावालों को वस्त्र वाहन भूषण स्वर्ण मणि-मुक्ता आदि की प्राप्ति संभव है। राजनेता-मन्त्रियों सम्मान एवं कोष की वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को अध्ययन एवं परीक्षा में परिश्रमपूर्वक सफलता मिलेगी। उत्तरार्द्ध कष्टकर यात्रा संभव है। ता० ६-७-१५-१६-२४-२५ नेष्ट हैं।

मीनः—चित्त में उत्साह, वाहन भूषण वस्त्रादि का सुख, स्त्री-सन्तानादि से प्रीति बढ़ेगी। चालू खर्च के लि संचित द्रव्य का उपयोग करेंगे। उत्तम भोजन-शयन, स्टैण्डर्ड रहन-सहन के उपकरण में अति व्यय होगा। मासोत्तरा में सूर्य मंगल-दोष से उत्साह-भंग, दिनचर्या अव्यवस्थित होगी; मानसिक अस्थिरता का सामना करेंगे। सूर्य मंगल का ज दान-दर्शन आवश्यक है। ता० १-९-१०-१७-१८-२६-२७ अशुभ हैं।

अप्रैल

मेषः—चित्त में अस्थिरता, स्थान-त्याग, कुटुम्बियों से वियोग, कार्य एवं पद की हानि संभव है। घरे कठिनाइयों की वृद्धि, द्रव्य का अति व्यय होगा। उदर-रोग, शरीर-पीड़ा, मानसिक-व्यथा, सिर-नेत्र में कष्ट, भोज शयन में अबेर सबेर मित्र एवं सम्बन्धीजनों से तकरार होगा। यात्रा का विचार स्थगित करें; वर्ना कष्ट बढ़ेगा। सू के उपचार से शान्ति सुलभ होगी। ता० ७-८-१५-१६-१७-२५-२६-२७ नेष्ट हैं।

वृषः—व्यावसायिक लाभ की दृष्टि से मास-फल उत्तम है। नवीन व्यवसाय का शुभारंभ भी संभव है। धर्म कर्म अनुष्ठानादि कार्यों का संपादन होगा। सन्तानपक्ष की प्रगति, आमदनी की वृद्धि, मित्रों की सहानुभूति प्राप्त होगी स्वयं का स्वास्थ्य-सम्वर्द्धन; पत्नी के स्वास्थ्य में न्यूनता रहेगी। उत्तरार्द्ध में विशेष दौड़-धूप से आलस्य-थका का अनुभव करेंगे। ता० १-२-९-१०-१८-१९-२८-२९ चिन्तनीय हैं।

मिथुनः—शारीरिक कष्ट का निवारण होगा। सुख-स्वास्थ्य धन-समृद्धि का उत्तम योग है। यशस्वी जीव का लाभ उठायेंगे। ता० १४ के बाद गुप्त लाभ, भाग्य-वृद्धि, कर्मठ, व्यक्तित्व व्यावसायिक कामों में सफलता प्राप्त होगी राजनीतिज्ञों का जीवन विपत्तिमय व्यतीत होगा। अर्थ-संचय की मनोवृत्ति जगेगी। उत्तम भोजन, नवीन पद अधिकार गृह में आनन्दोत्सव का सुख होगा। ता० ३-४-११-१२-२०-२१-२२-३० अशुभ हैं।

कर्कः—निर्विघ्न यात्रा संपादित होगी। धन स्वास्थ्य मित्र कुटुम्ब-सुख का लाभ होगा। श्रेष्ठजनों के समाग से चित्त प्रसन्न रहेगा। ता० १४ तक अत्यधिक श्रमरत रहने से शरीर क्लान्त रहेगा; उत्तरार्द्ध में आनन्द-लाभ अभीष्ट सिद्धि का योग है। व्यवसायी एवं राज्य-कर्मचारी प्रगति का अनुभव करेंगे। शुभ समाचारों की प्राप्ति, लेखन भाषण की योग्यता बढ़ेगी। ता० ५-६-१३-१४-२३-२४ नेष्ट हैं।

सिंह :—राश्येश सूर्य के अष्टम-नवम प्रभाव से स्वास्थ्य बाधायुक्त रहेगा। कानूनी विवाद एवं शत्रु-संघर्ष जीवन संत्रस्त रहेगा। सुदूरवर्ती यात्रा से बचना चाहिये, वाहन-दुर्घटना का भय है। उद्योग-धन्धे में विघ्न-बाधा मानसिक अशान्ति, पारिवारिक अवरोध-विरोध, धन एवं व्यक्तित्व की हानि होगी। श्रीशिवजी की पूजा एवं 'ॐ नम शिवाय' मंत्र का नित्य जप करें। ता० ७-८-१५-१६-२६-२७ अशुभ हैं।

कन्या :—उदर-रोग से शरीर-पीड़ा होगी। बुद्धि-भ्रंश, नेत्र-दोष, द्रव्य-हानि, स्थान-च्युति, शत्रु-वृद्धि, भ्रमर और कुटुम्बियों से असुविधा प्राप्त होने का दुर्योग है। चोर-अग्नि एवं राज-भय की संभावना रहेगी। वाक्य में कठोरता शारीरिक कष्ट, रोग-शोक की वृद्धि होगी। दीन-दुखियों को अन्न-दान दें, ... की सेवा में संलग्न रहें तो कल्याण होगा। ता० १-२-९-१०-१८-१९-२८-२९ खराब हैं।

तुला :—आर्थिक स्थिति अनुकूल रहेगी। प्रतिष्ठा-प्राप्ति, प्रिय-दर्शन, आयु-वृद्धि, राजकीय सम्मान के लाभ का योग है। सन्त-दर्शन, स्त्री सन्तान का सुख, ऋण मुक्ति एवं सन्तोषजनक विशिष्ट कार्यों का सम्पादन होगा। द्रव्य-संचय-सुख की प्राप्ति, शत्रुओं का दुष्प्रभाव निवृत्त होगा। विद्यार्थियों को अच्छी सफलता मिलेगी। मासान्त में शुभ-समाचार सुलभ होगा। ता० ३–४–११–१२–२०–२१–३० कष्टप्रद हैं।

वृश्चिक :—प्रभावशाली कार्य करने का अवसर मिलेगा। शत्रु-नाश, वस्त्र अन्न स्वर्ण-भूषण का लाभ, वाक्पटुता से विवादों में विजय प्राप्त होगी। दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी। श्रेष्ठजन की संगति सहायता से अभ्युदय एवं शिक्षा का विकास होगा। ख्याति बढ़ेगी। दाम्पत्य जीवन का सुख-आनन्द मिलेगा। पुत्र का भाग्योदय होगा; मासान्त में भोजन-शयन बाधित होगा। ता० ५–६–१३–१४–२३–२४ खराब हैं।

धनु :—सन्तानपक्ष से उद्विग्नता, स्त्री को शारीरिक कष्ट, यात्रा में परेशानी, दुश्मनों के षड्यन्त्र से हानि होगी। हिस्सेदारों से झगड़ा-झंझट या अलगाव भी संभव है। षष्ठस्थ गुरु के दान व्रत जप एवं पुखराज रत्न के धारण से अभीष्ट-सिद्धि होगी। उत्तरार्द्ध में सांसारिक सुखों की प्राप्ति, मित्र-मिलाप, आमोद-प्रमोद, व्यावसायिक सफलता एवं भ्रमण-मनोरंजन का आनन्द मिलेगा। ता० ७–८–१५–१६–१७–२६–२७ नेष्ट हैं।

मकर :—आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। मनोकामना पूर्ण होगी। दुःख-जाल की निवृत्ति, शुभ समाचारों की प्राप्ति, मान-प्रतिष्ठा की वृद्धि, यात्रा में प्रवृत्ति का योग है। दान पुण्य धर्म इत्यादि का संस्कार बढ़ेगा। धनागम तथा विविध कार्यों में सफलता का उत्तम सुयोग है; अशुभ दशावालों को स्त्री-जनित विशेष पीड़ा संभव है। आलस्य-प्रमाद से बचना आवश्यक है। ता० १–२–९–१०–१८–१९–२८–२९ अशुभ हैं।

कुम्भ :—यश पराक्रम की वृद्धि होगी। चित्त में प्रसन्नता, प्रेमीजनों से मिलन, शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। नौकरीवालों की विशेष प्रगति न हो सकेगी। आयुर्बल बढ़ेगा। विशेष परिश्रम से जीविका निर्वाह होगा। उत्तरार्द्ध में स्वास्थ्य बाधा, दिमागी परेशानी, कौटुम्बिक सहयोग का अभाव रहेगा। श्रीहनुमद् आराधना से स्वास्थ्य की रक्षा एवं आत्मशान्ति मिलेगी। ता० ३-४-११-१२-२०-२१-३० नेष्ट हैं।

मीन :—आमवात, उदर-दोष से कष्ट होगा। पारिवारिक नवीन समस्याएँ उत्पन्न होंगी। राश्येश गुरु का बल प्राप्त हो रहा है, इसलिए आगत विघ्न-बाधाओं का शमन होगा। धर्मावलम्बन की वृद्धि, मान-प्रतिष्ठा, धन-धान्यादि की समृद्धि, कान्ति बल प्रसन्नता का लाभ होगा। बुद्धि में चमत्कारिक प्रभाव पैदा होगा, व्यावसायिक स्थिति में सुधार का स्रोत मिलेगा। ता० ५-६-१३-१४-२३-२४ नेष्ट हैं।

मई

मेषः—राश्येश मंगल व्ययस्थ होकर परेशानी बढ़ा रहा है। उदर-रोग, शरीर-पीड़ा, मानसिक-व्यथा, यात्रा में कष्ट का योग है। भोजन-शयन में अबेर-सबेर, इष्ट-मित्र सगे-सम्बन्धियों से चिन्ता होगी। अशुभ दशावालों को स्थानच्युति एवं स्त्रीजनित पीड़ा का विशेष अनुभव होगा। षष्ठस्थ राहु के प्रवेश से आगत विघ्न-विवादों का निवारण होगा। जीविका-निर्वाह का आधार मिलेगा। ता० ४–५–१३–१४–२२–२३–२४ अशुभ हैं।

वृषः—संघर्ष की समाप्ति, उचित समाधान की प्राप्ति, अस्वाभाविक भोग-वासना की वृद्धि होगी। स्त्री सन्तान और कुटुम्बियों का सहयोग मिलेगा। कानूनी विवाद में सफलता प्राप्त होगी। आयुर्बल की वृद्धि होगी। पदोन्नति एवं व्यावसायिक सफलता के लिए हरिद्रा-गणेश का मन्त्र-जप आवश्यक है। एकादश में केतु का प्रवेश कल्याण-मार्ग प्रशस्त करेगा; बाधाएँ-निवृत्ति होंगी। ता० ६–७–१५–१६–१७–२५–२६ नेष्ट हैं।

मिथुनः—राज-सम्मान की प्राप्ति, बुद्धि में चमत्कारिक प्रभाव पैदा होगा। सूर्य-दोष के कारण उत्तरार्द्ध में कठिनाइयाँ और व्यय की वृद्धि होगी। साढ़ेसाती शनि का अन्तिम चरण है जिससे आर्थिक उतार-चढ़ाव देखना पड़ेगा। चिन्ताओं से भोजन-शयन बाधित होगा। पुत्र के मनमानी प्रवृत्ति से क्रोध-शोक की वृद्धि होगी। श्रीसुन्दरकाण्ड-रामायण के नित्य पाठ से शान्ति मिलेगी। ता० १–८–९–१८–१९–२७–२८–२९ अशुभ हैं।

कर्कः—व्यावसायिक स्थिति में सुधार होगा। स्त्री सन्तान भ्रातृ-वर्ग का सुख मिलेगा। द्रव्य-लाभ, संचय की स्थिति सामान्य होगी। मान-प्रतिष्ठा, कान्ति-बल, आनन्द की समृद्धि उत्तरार्द्ध में होगी। हृदय में सुन्दर विचारशीलता और धार्मिक बुद्धि जागृत होगी। तृतीय में राहु के प्रवेश से बिगड़ी परिस्थिति सुधरेगी। बुद्धि भाग्य और कर्म-शक्ति का विकास निश्चितरूप से होगा। ता० २–३–१०–११–१२–२०–२१–३०–३१ खराब हैं।

सिंहः—मास पर्यन्त सूर्य शनि का दोष व्याप्त रहेगा। बध-बन्धन, रोग-शोक, चोर-अग्नि एवं इष्ट-मित्र-कुटुम्बियों से क्षति की आशंका है। द्रव्य का अति व्यय होगा। रोजी-रोजगार में विघ्न-बाधा का दुर्योग है। धनाभाव, उष्णता, सेवकों से हानि होगी। साथी-सहयोगी विमुख हो जायेंगे। विशेष शत्रु-बाधा की स्थिति में बगलामुखी के मन्त्र-जप से कल्याण होगा। ता० ४–५–१३–१४–२२–२३–२४ खराब हैं।

कन्याः—राज्याधिकारी वर्ग से क्षति की आशंका है। वृद्धजन को पारलौकिक सुखों की प्राप्ति होगी। दुःख दारिद्रय, मानसिक तनाव, द्रव्य का अतिव्यय, गुप्तांग में रोग एवं नवीन समस्याओं की उत्पत्ति होगी; फिर भी उत्तरार्द्ध में कठोर परिश्रम से अर्थ-लाभ, जीविका-निर्वाह, भाग्यवानों को तीर्थाटन का सुयोग मिलेगा। श्रीरामरक्षास्तोत्र का नित्य पाठ करें। ता० ६–७–१५–१६–१७–२५–२६ खराब हैं।

तुलाः—सर्दी-गर्मी से शरीर कष्ट होगा। वाक्य में कठोरता, स्वजनों से अपवाद, क्रोध-लोभ की वृद्धि होगी। कोई मित्र शत्रुवत् हानि पहुँचाने की चेष्टा करेगा। अभीष्ट-कार्य की हानि, दीनता, उद्यम-हीनता, मनोव्यथा, स्त्री सन्तान को रोग-भय होगा। षष्ठस्थ केतु मंगल से कष्टकर स्थिति का शमन, द्रव्य-लाभ, शत्रुओं पर विजय एवं अपव्यय पर नियन्त्रण होगा। ता० १–८–९–१८–१९–२७–२८–२९ खराब हैं।

वृश्चिकः—उत्तम भोजन, आरोग्य एवं विविध सुखों का भोग प्राप्त होगा। धातु-व्यवसायी, शिक्षकगण का जीवन कुछ संकटापन्न रहेगा। शुभ दशावालों को मित्र-मिलाप, भ्रमण मनोरंजन का आनन्द मिलेगा। विचारशीलता एवं धर्मावलम्बन की वृद्धि होगी। एकादश में राहु के प्रवेश से आलस्य प्रमाद की निवृत्ति, स्फूर्ति का जागरण, आत्मबल की वृद्धि और लाभदायी अवसर की प्राप्ति होगी। ता० २–३–१०–११–१२–२०–२१–३०–३१ खराब हैं।

धनुः—धन-लाभ, स्त्री पुत्रादि-सुख, बौद्धिक विकास एवं शत्रुओं का नाश होगा। राजकीय प्रतिष्ठा, विरोधी वातावरण पर विजय, अनेक उद्यमों से मुद्रा-लाभ होगा। मासारम्भ में पित्तजनित रुधिर-प्रकोप तथा पीड़ा का भय है; मासान्त में स्वास्थ्य की रक्षा होगी। नवीन गृह-निर्माण का सुयोग है। साहस पराक्रम उत्साह यशोभिवृद्धि होगी। शान्ति और धैर्य से कर्मक्षेत्र में जुटे रहें निश्चित सफलता मिलेगी। ता० ४–५–१३–१४–२३–२४ नेष्ट हैं।

मकरः—तृतीय मंगल केतु के प्रभावस्वरूप आर्थिक लाभ, पुरुषार्थ-सिद्धि पराक्रम एवं साहस की वृद्धि होगी। शासकीय कामों में सफलता की प्राप्ति, लेखन सम्पादन भाषण की क्षमता बढ़ेगी। स्त्री पुत्र बन्धुओं का सुख, वाहन-लाभ का सौभाग्य प्राप्त होगा। मासान्त में वाहन-दुर्घटना से सतर्कता अनिवार्य है। व्यवसाय में किसी प्रकार का परिवर्तन उचित न होगा। गृहस्थ-जीवन में व्यय की अधिकता रहेगी। ता० ६–७–१५–१६–२५–२६ नेष्ट हैं।

कुम्भः—चतुष्पद-लाभ, पुत्र-सुख, शत्रु-नाश एवं यश की उपलब्धि होगी। अभीष्ट फल की सिद्धि, नवीन अधिकार सम्पत्ति का लाभ; किन्तु सम्पत्ति के मामलों में झगड़े-झंझट का भी दुर्योग है। उपासना-मार्ग के अवलम्बन से व्यवसाय-नौकरी की विघ्न-बाधाएँ निवृत्त होंगी। कोमल शरीरवालों के लिए शारीरिक निर्बलता का योग है। महिलाओं की जीवनचर्या अव्यवस्थित रहेगी। इस महीने की ता० १–८–९–१८–१९–२७–२८ खराब हैं।

मीनः—बुद्धि का विकास होगा। धन-लाभ, रोग-व्याधियों का नाश, व्यावसायिक प्रयत्नों में सफलता मिलेगी। विरोधियों पर विजय, आनन्द आमोद-प्रमोद भ्रमण का सुअवसर प्राप्त होगा। प्रताप-प्रभाव की वृद्धि, अभीष्ट-सिद्धि, उत्तम भोजनादि का लाभ होगा। साधु-स्वभाव बनाये रखना आवश्यक है। गृहस्थ-जीवन सुखी रहेगा, सामाजिक जीवन में थोड़ी परेशानी होगी। ता० २–३–१०–११–२०–२१–३०–३१ अशुभ हैं।

जून

मेषः—आर्थिक उतार-चढ़ाव की स्थिति रहेगी। शत्रु-वृद्धि, रुके हुए द्रव्य-प्राप्ति में बाधा, परदेश-यात्रा से कष्ट का योग है। विभिन्न प्रकार की समस्याएँ पैदा होंगी। समाधान का राह नहीं मिलेगा। समाज एवं पड़ोसियों के बीच अनादर, धातु-क्षय से निर्बलता, आत्म-बल की हानि होगी। उत्तरार्द्ध में सूर्य-कृपा से परिस्थिति सुधरेगी। प्रयत्नपूर्वक बिगड़े कार्य को बनाया जा सकेगा। ता० १–२–९–१०–१९–२०–२८–२९ नेष्ट हैं।

वृषः—गृहस्थ-जीवन अभावों का शिकार बनेगा। अभीष्ट कार्यों में बाधा, नेत्र उदर हृदय में पीड़ा, कुटुम्बियों से अनबन का दुर्योग है। मन में अशान्ति, श्रम और उद्यम में अरुचि होगी। अस्वाभाविक तृष्णा व्यसन दुर्भावना एवं भोग-कामना की वृद्धि पर नियन्त्रण जरूरी है। उत्तरार्द्ध में स्त्री सन्तान को रोग-भय होगा। व्यवसाय में किसी परिवर्तन का निश्चय हानिप्रद होगा, वृथा विवाद से बचें। ता० ३–४–११–१२–१३–२१–२२–३० नेष्ट हैं।

मिथुनः—जय आरोग्य अन्न धन वस्त्रादि का लाभ होगा। आनन्द-प्राप्ति, अभीष्ट-सिद्धि एवं विभिन्न कार्यों में सफलता मिलेगी। परिचय का क्षेत्र बढ़ेगा। प्रताप-प्रभाव मान-मर्यादा की वृद्धि होगी। आमोद-प्रमोद-प्रियता, वस्त्रादि की प्राप्ति, अदालती कामों में सफलता मिलेगी। धुन के पक्के लोग उद्योग-धंधे में विशेष सफल होंगे। व्यक्तित्व में गंभीरता का समावेश होगा। ता० ५–६–१४–१५–२३–२४–२५ खराब हैं।

कर्कः—उत्तम धन-लाभ होगा। वाक्पटुता से बिगड़े कार्य बनेंगे। कर्मठ व्यक्तित्व से इज्जत-शोहरत बढ़ेगी। आपकी नवीन सूझ-बूझ लाभदायक सिद्ध होगी। श्रेष्ठजन को किसी नये पद-प्रतिष्ठा-अधिकार की प्राप्ति होगी। उत्तरार्द्ध में सरकारी अवकृपा से कुछ धन-क्षति, स्वास्थ्य-हानि एवं [illegible] का योग है। 'ॐ नमो भगवतेवासुदेवाय' मंत्र के नित्य जप से यह बाधा दूर होगी। ता० ७–८–१६–१७–१८–२६–२७ अशुभ हैं।

सिंह :—शारीरिक निर्बलता, स्त्रीपक्ष से दुःख, शत्रु-भय एवं कुटुम्बियों से झगड़े का भय है। शस्त्र अग्नि चोर से क्षति की आशंका, बुद्धि-भ्रंश, निस्तेज शरीर एवं सभी कार्यों में विघ्न-बाधा का दुर्योग है। उत्तरार्द्ध में व्यापारिक स्थिति सुधरेगी। शुभ दशावालों को अदालती कार्यों में सफलता मिलेगी। शत्रु पराभूत होंगे। चिर-परिचितों से मुलाकात होगी। किसी विशेष कार्य में हैसियत से अधिक खर्च करना पड़ेगा। ता० १-२-९-१०-१९-२०-२८-२९ नेष्ट हैं।

कन्या :—कान्तिक्षय, मिथ्यापवाद, अकारण धन और पुण्य की हानि होगी। जीविका-निर्वाह में बाधा आयेगी। विभिन्न रोगों से शरीर पीड़ित रहेगा। मानसिक चिन्ताएँ बढ़ेंगी। ता० १४ के बाद सूर्य बुध शुक्र की अनुकूलता से देव-कृपा, मित्र-लाभ और स्वास्थ्य-सुधार का योग है। पराक्रम, पुरुषार्थ एवं उत्साह की वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा में सफलता सुलभ होगी। इस मास की ता० ३-४-११-१२-१३-२१-२२-३० खराब हैं।

तुला :—मास-फल अशुभ है। शत्रु-संघर्ष से जीवन संत्रस्त रहेगा। स्त्री असन्तुष्ट रहेगी। दुर्वचन, लोकापवाद, ज्वर खांसी रक्तचाप से शरीर-पीड़ा, मानसिक पश्चाताप होगा। आमदनी की कमी, अकारण धन और पुण्य की हानि, कान्तिक्षय का योग है। भाग्य-बाधा, आलस्य-प्रमाद और व्यय की अधिकता रहेगी। कुत्सित भोजन एवं यात्रा में विघ्न-बाधाएँ कष्टप्रद होंगी, गरीबों को अन्न-दान दें। ता० ५-६-१४-१५-२३-२४-२५ अशुभ हैं।

वृश्चिक :—राश्येश मंगल के छठे स्थान में प्रवेश से शारीरिक दुर्बलता अवश्य होगी; परन्तु अन्न धन स्वर्ण-वस्त्रादि की प्राप्ति एवं विघ्न-बाधाओं का निवारण होगा। आनन्द-लाभ, ख्याति-वृद्धि, शत्रु-भयरहित शुभ विचारों का उदय होगा। जटिल रोगों की निवृत्ति, ऋण-मुक्ति, मित्र-मिलाप, पुत्र-सुख एवं अभीष्ट लाभ होगा। उत्तरार्द्ध में मित्रों से असुविधा रहेगी। ता० ७-८-१६-१७-१८-२६-२७ अशुभ हैं।

धनु—शत्रुओं का पराजय होगा। लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होगी। कोई महत्वपूर्ण शुभ घटना होगी। धार्मिक आस्था बढ़ेगी। पराधीनता की समाप्ति, आकस्मिक यात्रा, हर्षदायक समाचार की उपलब्धि होगी। ता० १४ के बाद श्रीमतीजी का स्वास्थ्य ढीला रहेगा। आधुनिक उपकरणों के निमित्त अति व्यय करना पड़ेगा। राश्येश गुरु के प्रसन्नार्थ नारायण-कवच का नित्य पाठ, केले के वृक्ष का पूजन करें। ता० १-२-९-१०-१९-२०-२८-२९ अशुभ हैं।

मकर :—शारीरिक मानसिक शिथिलता का अनुभव होगा। धर्म-कर्म में रुचि एवं तत्परता के परिणामस्वरूप महत्वकांक्षाएँ, उत्साह और स्वबाहुबल की वृद्धि होगी। पारिवारिक स्थिति उत्तम रहेगी। प्रयासों में स्वल्प लाभहोगा। कुछ विरोधी मित्र बन जायेंगे। उत्तरार्द्ध में पुराने सहयोगियों से पुनः सम्पर्क स्थापित होगा; किंतु आराम की कमी और श्रम की अधिकता रहेगी। धन के दुर्विनियोग से बचें। ता० ३-४-११-१२-१३-२१-२२-३० अशुभ हैं।

कुम्भ :—मंगल की अनुकूलता से द्रव्य-लाभ, उत्तम भोज्य पदार्थों की प्राप्ति एवं शत्रुओं का पराजय होगा। आरोग्य-लाभ एवं वस्त्रादि-क्रय के निमित्त अधिक द्रव्य व्यय करेंगे। प्रयासों में सफलता मिलेगी। नेतृत्व की प्रवृत्ति का अभ्युदय, सामाजिक मान-प्रतिष्ठा, जन-प्रियता की वृद्धि होगी। आगत-अनागत बाधाओं का समाधान, आमोद-प्रमोद भ्रमण का अवसर मिलेगा। ता० ५-६-१४-१५-२३-२४-२५ अशुभ हैं।

मीन :—सुख-सुविधापूर्वक प्रगति की राह मिलेगी। कामनाएँ पूर्ण होंगी। स्वतन्त्र धन्धे का कार्य-विस्तार होगा। विद्यार्थियों को विपरीत बुद्धि से बचना चाहिये। उच्च कक्षा में दिक्कत से प्रवेशाधिकार मिलेगा। महिलाओं को घरेलू सुख-सहयोग की आशातीत उपलब्धि होगी। तस्कर व्यापारी सही मार्ग पर आयेंगे। गुरुवार के व्रत, गोपालसहस्र-नाम के नित्य पाठ से आत्मिक और बौद्धिक विकास देगा; द्रव्याभाव नहीं रहेगा। ता० ७-८-१६-१७-१८-२६-२७ अशुभ हैं।

जुलाई

मेष :—प्रताप-प्रभाव की वृद्धि होगी। उत्सव एवं अन्य श्रेष्ठ कार्यों में सम्मिलन का सौभाग्य मिलेगा। व्यावसायिक जीवन में प्रगति का एक नया मोड़ मिलेगा। आकस्मिक लाभ, नवीन वस्त्र वैभव सम्पदा-प्राप्ति की आशा रहेगी। वैवाहिक-सुख, दाम्पत्य-जीवन सुन्दर रहेगा। शिक्षकों के स्थान-परिवर्तन एवं आय-वृद्धि का सुयोग है। मासोत्तरार्द्ध में स्वास्थ्य-रक्षा पर ध्यान देते हुए लोकापवाद से सतर्क रहें। ता० ६-७-८-१६-१७-२५-२६ नेष्ट हैं।

वृष :—मानसिक असन्तोष, सर्दी-गर्मी से शरीर-पीड़ा, नेत्र-रोग, खाद्यान्न व्यवसायियों को मर्माहत होना पड़ेगा। शत्रु-चिन्ता नहीं है; मास-मध्य में स्वयं एक समाधानपूर्ण स्थिति तक पहुँच जायेंगे। पारिवारिक कौटुम्बिक समस्याओं का निवारण होगा। सभी कार्य पराक्रमपूर्वक लाभ व सफलता के साथ सम्पादित होगा। भोजन-शयन की दिनचर्या पर ध्यान रखने से स्वास्थ्य रक्षा होगी। ता० १-९-१०-१८-१९-२७-२८ नेष्ट हैं।

मिथुन :—चित्त में चंचलता, पेचिश, गैस्ट्रिक ट्रबुल, व्यवसाय के आरम्भ में बाधा, सुखाद्य भोजन की प्राप्ति होगी। ता० १९ के बाद आनन्द-लाभ, आय-वृद्धि, सुखोपभोग की उपलब्धि होगी। परिश्रम की अधिकता से घबड़ायें

नहीं, यथेष्ट लाभ और सफलता मिलेगी। परिवार के रगड़े-झगड़े समाप्त होकर शुभ कार्यों का सम्पादन होगा स्त्री से सुख एवं सहयोग मिलेगा। ता० २-३-११-१२-२०-२१-२२-२९-३०-३१ नेष्ट हैं।

कर्क :—झगड़े-झंझट का कुयोग है। देश-त्याग, सन्तान से मतभेद, उन्नति-मार्ग में विघ्न तथा चित्त में अ रता रहेगी। पुत्र की मनमानी प्रवृत्ति से कष्ट होगा। विद्यार्थियों के लिए स्वप्नदोष(धातु-क्षय) से निर्बलता का है। परदेशवासी स्वदेश लौटेंगे। खर्च बढ़ेगा। ता० ८ से एकादश में मंगल का प्रवेश नाम, यश और ऐश्वर्य बढ़ाये बेकारों को आजीविका का साधन मिलेगा। ता० ४-५-१३-१४-१५-२३-२४ अशुभ हैं।

सिंह :—वाक्पटुता से रुके द्रव्य की प्राप्ति, परिचय के क्षेत्र की वृद्धि और अभीष्ट कार्य की सिद्धि होगी। धा बुद्धि बनी रहेगी। जय, आरोग्य, अन्न धन वस्त्रादि-लाभ और कर्म-क्षेत्र में सफलता मिलेगी। पुत्र-सुख एवं बढ़ेगा। ख्याति-वृद्धि, व्यक्तित्व का विकास, उत्तम ग्रन्थों के पढ़ने का अवसर मिलेगा। मासान्त में उदर-पीड़ा, कु भोजन की प्राप्ति, कान्तिक्षय एवं अपवादग्रस्त होना पड़ सकता है। ता० ६-७-८-१६-१७-२५-२६ अशुभ हैं।

कन्या :—धन, स्वास्थ्य मित्र कुटुम्ब-सुख का लाभ होगा। राज-नेताओं एवं बड़े लोगों के समागम से प्रसन्न होगी। आनन्द-लाभ, अभीष्ट-सिद्धि, शारीरिक शिथिलता का निवारण होगा। व्यवसाय में पूँजी बढ़ाने की चेष्टा स होगी। गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा। विरोधियों पर विजय, अध्ययन-अध्यापन यात्रा सत्कर्म-सिद्धि की आशा रहे नौकरीवालों की पदोन्नति एवं स्थानान्तरण का योग है। ता० १-९-१०-१८-१९-२७-२८ अशुभ हैं।

तुला :—राज-भय, वस्त्रादि की हानि, सन्तान से मतभेद, उदर-रोग एवं व्यवसाय में हानि का योग है। त १६ से दशम का सूर्य परिस्थितियों में सुधार लायेगा। राजनीतिज्ञों के अतिरिक्त अन्य सभी क्षेत्र के व्यक्ति प्र सफल होंगे। रुका हुआ कार्य भी एकाएक संपादित हो जायेगा। शत्रुओं पर विजय, आरोग्य, द्रव्य अन्न वस्त्रादि लाभ होगा, खर्च नियन्त्रित रहेगा। ता० २-३-११-१२-२०-२१-२२-२९-३०-३१ अशुभ हैं।

वृश्चिक :—शस्त्र-प्रियता, परदेशवास, कर्म-निष्फलता, रक्तचाप एवं हृदय रोग की संभावना है। कान्तिक्ष व्यर्थ दोषारोपण, पदच्युति, रोग ऋण रिपु-भय की आशंका है। नौकरीवालों को विशेष परेशानी न होगी। उत्स पूर्वक कर्मक्षेत्र में जुटे रहने से रोजी-रोटी की समस्या हल होगी। ऋण का लेन-देन न करें, लिखा-पढ़ी हस्ताक्षर वगै में सतर्क रहें। श्रीहनुमद्-आराधना से कल्याण होगा। ता० ४-५-१३-१४-१५-२३-२४ खराब हैं।

धनुः—शत्रु-वृद्धि, स्वजनों से विरोध, मानसिक अशान्ति, ज्वर-व्रण-पित्त रोग का भय होगा। द्रव्य-कष्ट, शस्त्र चोर एवं अग्नि-भय, अशुभ दशावालों को राज-कोप का भाजन बनना पड़ेगा। कोर्ट-कचहरी के दौड़-धूप से परेश होगी। साधु- बभाव बनाये रखना आवश्यक है। ता० ८ से छठे मंगल एवं ता० १८ से सप्तम गुरु का विशेष अनुकूल फ मिलेगा। अशुभ प्रभावों का निवारण होगा। ता० ६-७-८-१६-१७-२५-२६ नेष्ट हैं।

मकरः—धन-लाभ, सुरुचिकर भोज्य पदार्थों की प्राप्ति, उच्च शिक्षार्थियों के लिए विदेश-यात्रा का योग है विरोधियों पर विजय, नाम यश ऐश्वर्य का संवर्धन, बड़ा-से-बड़ा कार्य भी हाथ में लेते ही सफल होगा। गृह-निर्मा नये व्यवसाय का शुभारम्भ, परिवार में मंगल कार्यों का संपादन होगा। सुख-सम्मान एवं आरोग्य का लाभ होगा सफल यात्रा, बौद्धिक विकास, उपासना में रुचि बढ़ेगी। ता० १-९-१०-१८-१९-२७-२८ नेष्ट हैं।

कुम्भः—रोजी-रोजगार की स्थिति सन्तोषप्रद रहेगी। स्त्री-सौख्य के निमित्त अति व्यय होगा। विभिन्न कार्यक्रमों में अच्छी सफलता मिलेगी। गृह-मरम्मत, नयी आजीविका का अंगीकरण, देव-प्रतिष्ठा, राजकीय सफलता के लिए यह एक उत्कृष्ट और आदर्श काल है। उच्च अधिकारी अनुकूल रहेंगे। अभीष्ट-सिद्धि, मित्र कुटुम्ब-सुख श्रेष्ठजनों के सहयोग से भाग्योदय एवं सत्कर्मोदय होगा। ता० २-३-११-१२-२१-२२-२९-३० नेष्ट हैं।

मीनः—रोग दुख विघ्न-बाधाओं का शमन होगा; कुटुम्बियों से कुछ अनबन के अतिरिक्त अन्य सभी फल उत्त होगा। अच्छे लोगों की संगति प्राप्त होगी। उचित लाभ उठाने की तैयारी पहले से ही कर लेनी चाहिये। स्था परिवर्तन, पुण्य कार्यों में विशेष प्रवृत्ति रहेगी। ता० ८ से तृतीय में मंगल का प्रवेश उन्नति के मंगलमय पथ पर अग्रस करेगा। उत्तरार्द्ध में विश्वासपात्रों से धोखे का भय है। ता० ४-५-१३-१४-२३-२४ नेष्ट हैं।

अगस्त

मेष :—मित्रों से सहयोग मिलेगा। शत्रु पराजित होंगे। रोजी-रोजगार मध्यम, आर्थिक उतार-चढ़ाव की स्थि रहेगी। सामाजिक मर्यादा के विकास की दृष्टि से मास-फल उत्तम है। नित्योपयोगी पदार्थ अन्न-वस्त्रादि का लाभ होगा मासारम्भ में स्वास्थ्य और [illegible] स्थिति ठीक रहेगी। ता० २१ से तृतीय में मंगल का प्रवेश हृदय में साहस पंचार करेगा। छोटी-मोटी यात्राएँ सम्पादित होंगी। ता० ३-४-१२-१३-२२-२३-३०-३१ नेष्ट हैं।

वृषः—सत्कर्म-लाभ, भाग्य-वृद्धि, साहस-पुरुषार्थ का विस्तार होगा। व्यवसाय में न्यायोचित लाभ होगा। सहयोगियों से पूर्ण सहानुभूति रहेगी। वृद्धजन को तीर्थाटन का सुयोग, किसी-किसी को पारलौकिक सुख मिलेगा। अत्यधिक कार्य-व्यस्तता से शरीर क्लान्त रहेगा। नूतन वस्त्रादि मान, यश एवं प्रतिष्ठा का लाभ होगा। आदर-सत्कीर्त्ति-द्रव्यागम, मस्तिष्क में चमत्कारिक बुद्धि की उपज होगी। ता० ५-६-१४-१५-२४-२५ अशुभ हैं।

मिथुनः—विद्या-बुद्धि, लेखन-भाषण की क्षमता बढ़ेगी। यश ख्याति सुकृत्य का लाभ होगा। राजाश्रय की प्राप्ति, द्रव्यागम, सम्मान-वृद्धि, मकान वाहन भूमि आदि का सुख मिलेगा। उत्तरार्द्ध में रुका हुआ काम पूरा होगा। मानसिक चिन्ता-व्यथा दूर होकर चित्त प्रसन्न रहेगा। स्वाध्याय पूजा-पाठ की रुचि बढ़ेगी। सट्टे, जुए एवं मादक द्रव्य के सेवन से बचते हुए धन और स्वास्थ्य की रक्षा करनी चाहिये। ता० ७-८-९-१६-१७-१८-२६-२७ कष्टप्रद हैं।

कर्कः—अन्न धन वस्त्रादि की कमी खलेगी। माता-पिता को शरीर कष्ट होगा। शत्रु-भय, रोग-वृद्धि, आत्म-शोक, स्त्री के लिए अधिक कष्टकारक समय है। अभीष्ट कार्य में विघ्न-बाधा, धन एवं कान्ति की हानि, कुटुम्बियों से रगड़े-झगड़े का योग है। स्थाई वैभव क्षीण होगा। कुत्सित भोजन की प्राप्ति, स्वजन-वियोग से चिन्ता, संगति-दोष से दुःखसाहसिक कामों में प्रवृत्ति संभव है। ता० १-२-१०-११-१९-२०-२१-२८-२९ चिन्तनीय हैं।

सिंह :—स्वजन-वियोग, वस्त्र-अन्नादि पदार्थों का अभाव, स्वास्थ्य व कान्ति का क्षय होगा। रोग, दुःख, अपौष्टिक पदार्थों का भोजन, राज-भय तथा हर काम में नानाविध अड़चनों का सामना करना पड़ेगा। यात्रा में असुविधा होगी। दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी, खर्च बढ़ेगा। ता० २१ से एकादश में मंगल का प्रवेश साहस शक्ति प्रदान करेगा। उद्यमहीनता दूर होगी। मन प्रसन्न रहेगा। ता० ३-४-१२-१३-२२-२३-३०-३१ खराब हैं।

कन्या :—लहने-तकाजे की चिन्ता दूर होगी। गृह में किसी आनन्दोत्सव का सुख होगा। व्यवसाय, नौकरी में उत्तम सफलता, डाक्टर वकीलों की चाँदी रहेगी। द्रव्य-लाभ-संचय नवीन पद सुस्वास्थ्य और बड़ों के अनुग्रह का लाभ होगा। उत्तरार्द्ध में शत्रु वदी की चेष्टा करेंगे। शक्ति विनायक के दर्शन-पूजन से अशुभ का निवारण तथा सत्कर्मों का अभ्युदय होगा। अपव्यय से बचें। ता० ५-६-१४-१५-२४-२५ अशुभ हैं।

तुला :—मासारम्भ में पत्नी सन्तान का सुख, आकस्मिक द्रव्य-लाभ एवं कानूनी विवाद का निवारण होगा। आरोग्य-लाभ, शारीरिक आकर्षण की वृद्धि, सुदूरवर्ती शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। प्रतियोगी पराभूत होंगे। रोजी-रोजगार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। श्रेष्ठजन को भूमि भवन वाहनादि का लाभ होगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी। लेन-देन में सावधानी रक्खें। ता० ७-८-९-१६-१७-१८-२६-२७ नेष्ट हैं।

वृश्चिक :—उत्साह ठंडा पड़ जायेगा। कर्म-क्षेत्र से असन्तोष बना रहेगा। रोग ऋण एवं शत्रु-बाधा की विशेष चिन्ता होगी। स्त्री सन्तान के स्वास्थ्य पर ध्यान देना अनिवार्य रहेगा। भाग्यवादी जीव हतोत्साहित रहेंगे; आलस्य प्रमाद त्यागकर कर्मनिष्ठ बनना आवश्यक है। मासोत्तरार्द्ध में नौकरी व्यवसाय की प्रगति होगी। साहसिक कामों में प्रवृत्ति एवं सत्कर्म उदित होगा। ता० १-२-१०-११-१९-२०-२१-२८-२९ नेष्ट हैं।

धनुः—आर्थिक कठिनाइयाँ बढ़ेंगी। संचित सामान बेचना पड़ सकता है। अदालती कामों में परेशानी, भोजन-शयन में अतिकाल, शस्त्रास्त्र चोर एवं अग्नि-भय की आशंका है। व्यवसाय में लाभ के बजाय हानि होगी। दुर्जनों की संगति, मलिन विचारधारा, स्त्री-पुत्र के सम्बन्ध में विशेष चिन्ता होगी। शान्तिपूर्वक मृतसंजीवनी मन्त्र-जप में लग जाना कल्याणप्रद होगा। ता० ३-४-१२-१३-२२-२३-३०-३१ नेष्ट हैं।

मकरः—राज-कोप, ज्वर व्रण से कष्ट, कुटुम्बियों से मतभेद, व्यय की अधिकता रहेगी। शत्रुबाधा, उद्योग-धन्धे में विघ्न-बाधा, अव्यवस्थित जीवन रहेगा। भ्रातृवर्ग एवं सहयोगियों से मनमुटाव होगा। संघर्ष के क्षण में भी स्वाभिमान की रक्षा करेंगे। मास-मध्य में द्रव्य-लाभ होगा। ता० २१ से छठे मंगल का प्रवेश अटके हुए कार्य की पूर्त्ति करेगा। दीर्घकालीन चिन्ता-व्यथा निवृत्त होगी। समय के सदुपयोग पर ध्यान दें। ता० ५-६-१४-१५-२४-२५ नेष्ट हैं।

कुम्भः—मास-फल उत्तम है। रुके द्रव्य की प्राप्ति होगी। दिनचर्या संयमित रहेगी। रोजी-रोजगार में बरक्कत, भाग्य-दोष का निवारण होगा, यात्रा में सफलता, धार्मिक बुद्धि उपजेगी। सुख-सम्मान की प्राप्ति, रोग-मुक्ति, व्यवसाय-नौकरी की स्थिति में मंगलमय परिवर्तन होगा। उत्तरार्द्ध में गृह-स्वामियों को किरायेदारों से तकलीफ होगी; विवाद से बचना आवश्यक है। ता० ७-८-९-१६-१७-१८-२६-२७ अशुभ हैं।

मीनः—शरीर अस्वस्थ रहेगा। मनमानी प्रवृत्ति से कष्ट होगा। रोजी-रोजगार में घाटे की स्थिति पैदा होगी। अनियमित नित्य कर्म, उदर सिर नेत्र हृदय-रोग से पीड़ा होगी। नेतागिरी का शौक घातक होगा। उन्नति की चेष्टा विफल होगी। चुगुलखोरों से सतर्क रहें हानि संभव है। राशीश गुरु के प्रसन्नार्थ नारायण-कवच और गोपाल-सहस्रनाम का नित्य पाठ करें तो निश्चित कल्याण होगा। ता० १-२-१०-११-१९-२०-२१-२८-२९ खराब हैं।

सितम्बर

मेषः—साहस उत्साह की कमी रहेगी। आर्थिक स्थिति साधारण रहेगी। उत्तम वस्त्र-भोजन और शय्या का आनन्द-सुख मिलेगा। किसी-किसी को कर्म-च्युति एवं उद्यमहीनता का आभास होगा। स्त्री-जनित सुख उत्तम रहेगा। उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति होगी। बौद्धिक विकास, सफल यात्रा, सवारी-सुख, परोपकार में प्रवृत्ति होगी। उत्तरार्द्ध में शत्रु-बाधा की निवृत्ति होगी; किन्तु कुछ ऋण लेना पड़ सकता है। ता० ९-१०-१८-१९-२७-२८ नेष्ट हैं।

वृषः—आर्थिक असुविधा, बौद्धिक अशान्ति, बारंबार क्रोध और खीझ का अनुभव होगा। व्यर्थ के कामों में समय का दुरुपयोग, प्रयासों में विफलता, विष बन्धन शस्त्र अग्नि एवं चोर से क्षति की आशंका है। कठिनाई से जीविका निर्वाह होगा। श्रमहीनता, अशुभ कर्म में प्रवृत्ति का योग है। ता० ६ से ढैय्या शनि का प्रवेश कष्टदायी है। नौकरी व्यवसाय की स्थिति असन्तोषपूर्ण रहेगी। उच्चाधिकारी प्रतिकूल रहेंगे। ता० १-२-३-११-१२-१३-२०-२१ २९-३० अशुभ हैं।

मिथुनः—साढ़ेसाती शनि से मुक्त होकर आप निश्चित कल्याण-मार्ग प्राप्त करेंगे। आरोग्य-लाभ, घरेलू सुख, विभिन्न कार्यों में सफलता, धन सम्पत्ति-लाभ, नवीन पद अधिकार एवं न्यायाधिकरण की प्राप्ति होगी। आचरण में पवित्रता बनाये रखना अनिवार्य है। डूबे हुए रकम की पुनर्प्राप्ति, चित्त में प्रसन्नता, कान्ति-लाभ, धैर्य एवं गंभीरता की वृद्धि, अभीष्ट सिद्ध होगा। ता० ४-५-१४-१५-२२-२३ खराब हैं।

कर्कः—क्लेश-वृद्धि, बिना बात का झगड़ा-झंझट, स्वजनों से वैर-विरोध, धन की हानि एवं कार्य में निष्फलता का योग है। मानसिक असन्तोष, उदर-रोग, नेत्र-रोग, निकृष्ट भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। मासोत्तरार्द्ध में शुभ-दशावालों को धन-लाभ, अन्न-वस्त्रादि की वृद्धि, आरोग्य-सुख, चित्त में प्रसन्नता पैदा होगी। शत्रुपक्ष से विशेष हानि का भय नहीं रह जायेगा। ता० ६-७-८-१६-१७-२४-२५-२६ अशुभ हैं।

सिंहः—रोजी-रोजगार मध्यम रहेगा। स्त्री पुत्र-चिन्ता, क्रोध और उतावलापन बढ़ेगा। महत्त्वपूर्ण कार्यों में कठोर परिश्रम से कुछ सफलता मिलेगी। सट्टे-वायदे का सौदा मँहगा पड़ेगा। मन में बड़ी अशान्ति रहेगी। अनपेक्षित आगन्तुकों पर अति व्यय होगा। भोजन-शयन में अतिकाल, अधिकारच्युति, अकारण धन और पुण्य की हानि होगी। पित्तजनित पीड़ा से शरीर कष्ट होगा। ता० ९-१०-१८-१९-२७-२८ नेष्ट हैं।

कन्याः—स्थानच्युति, पदावनति, कार्य में विफलता, रोग ऋण रिपु-भय की आशंका है। उतावलेपन से बनता हुआ कार्य बिगड़ जायेगा। प्रिय कुटुम्बी से वियोग, पदाधिकार की हानि, अधिक व्यय और कठिनाइयों की वृद्धि होगी। उदर नेत्र कमर एवं पैर में वायुजनित पीड़ा संभव है। ता० ६ से साढ़े साती शनि का प्रवेश मानसिक शारीरिक एवं आर्थिक व्यवधान पैदा करेगा। विरोधी बढ़ेंगे। ता० १-२-३-११-१२-१३-२०-२१-२९-३० अशुभ हैं।

तुलाः—धन की प्राप्ति, रोग-मुक्ति, किसी उच्च अधिकार का लाभ एवं स्त्री सन्तानादि-सुख सुलभ रहेगा। नौकरीवालों की पदोन्नति एवं स्थानान्तरण का योग शुरू हो रहा है। रोजी-रोजगार में उन्नति की अनपेक्षित दिशा प्राप्त होगी। इष्ट मित्र-कुटुम्बियों के समागम से प्रसन्नता का योग है। सर्वोत्तम भोजन शयन वस्त्रादि का सुख मिलेगा। ता० १६ के बाद आकस्मिक खर्च बढ़ेगा। ता० ४-५-१४-१५-२२-२३ नेष्ट हैं।

वृश्चिकः—दुःख, मानसिक व्यथा, पापकर्म में प्रवृत्ति, नौकरी एवं रोजी-रोजगार में विघ्न-बाधा का योग है। दुःख-दारिद्रय-निर्धनता, हृदय-रोग से शरीर-पीड़ा भी संभावित है। अधिक चिन्ता करने से मानसिक उन्माद बढ़ सकता है; ग्रहराज सूर्य की उपासना से आपका दुःख-दारिद्रय दूर होगा। प्रयत्नपूर्वक रोजी-धन्धे में प्रवृत्त रहें। मासोत्तरार्द्ध में लाभ और सफलता की आशा है। ता० ६-७-८-१६-१७-२४-२५-२६ नेष्ट हैं।

धनुः—आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। दुख, रोग, शत्रु-वृद्धि, स्त्री एवं सन्तानपक्ष से कभी सुख तो कभी असुविधा होगी। राज-भय, अन्न-वस्त्रादि की हानि, शान-शौकत में द्रव्य-व्यय की वृद्धि, सन्तानपक्ष से मतभेद, उदर-रोग, व्यावसायिक प्रतिकूलता एवं किसी-किसी को परदेश-भ्रमण का अवसर मिलेगा। ता. १६ के बाद सूर्य-कृपा से अधिक विपत्ति नहीं रह जायेगी, स्वल्प लाभ भी होगा। ता० ९-१०-१८-१९-२७-२८ नेष्ट हैं।

मकरः—शरीर-पीड़ा, द्रव्य-हानि, कर्म क्षेत्र में विफलता, अव्यवस्थित जीवन एवं रोगोपद्रव का भय है। विशेषतः गैस्ट्रिक ट्रबुल, वायु-दोष, कमर में अकड़न आदि से परेशानी होगी। बौद्धिक विकास में बाधा, अधिक बुद्धि का प्रयोग हानिकर होगा। द्रव्य-प्राप्ति में भी बाधा आयेगी। ता. ६ से ढैया शनि का प्रवेश भूमि-भवन वाहनपक्ष के सुखों की हानि करेगा। अधिकारियों से वैमनस्य बढ़ेगा। ता. १-२-३-११-१२-१३-२०-२१-२९-३० नेष्ट हैं।

कुम्भः—परदेश-वास, मानसिक व्यथा, धन-हानि का योग है। गृह में प्रेत-बाधा का लक्षण दिखाई देगा। स्वास्थ्यभंग, अधिकार-च्युति, मन में उदासीनता और अपने ही घर में पराधीनता की अनुभूति होगी। मासारम्भ में

सप्तमस्थ सूर्य शनि की युति एवं पंचमस्थ मंगल का अधिक अशुभ फल मिलेगा। ता. १६ के बाद कन्या राशि में सूर्य के प्रवेश से आयु धर्म और मर्यादा की रक्षा होगी। ता० ४-५-१४-१५-२२-२३ नेष्ट हैं।

मीन :—अन्न धन वस्त्रादि-संचय का सुयोग मिलेगा। पारिवारिक-सुख की वृद्धि होगी। शत्रु पर विजय, रोग-बाधा का शमन, स्त्री, सन्तानादि कुटुम्बियों का समुचित सहयोग सुलभ होगा। ख्याति-लाभ, आनन्द की वृद्धि, पागलपन की निवृत्ति, पौष्टिक भोजन की प्राप्ति होगी। शिष्टजन के सहयोग से उन्नति का द्वार खुलेगा। अवसर मिलने पर परदेश-यात्रा करके लाभ उठा सकते हैं। ता. ६-७-८-१६-१७-२४-२५-२६ नेष्ट हैं।

अक्टूबर

मेष :—रोगमुक्ति, सुख और आनन्द की वृद्धि, महत्वपूर्ण कामों में सफलता की प्राप्ति होगी। समाज के बीच आदर-सत्कार बढ़ेगा। प्रेम-सम्बन्ध की सिद्धि, श्रम की अधिकता, आरोग्य मध्यम, अन्न द्रव्य वस्त्रादि का लाभ होगा। ता. १६ के बाद अहितकर यात्रा संभव है। स्त्री सन्तान के स्वास्थ्य पर ध्यान देना अनिवार्य है। भजन-पूजन में ध्यान लगाये रखने से आत्म-शान्ति मिलेगी। ता. ६-७-८-१५-१६-२४-२५ अशुभ हैं।

वृष :—व्यसनों की वृद्धि, अपव्यय, दिमागी अस्थिरता, स्थानान्तरण भ्रमण की संभावना रहेगी। उद्योग-धंधा में विघ्न-बाधा, मानसिक तनाव की वृद्धि के कारण समय पर ठीक निर्णय नहीं ले सकेंगे। भूमि भवन वाहन के सुख में बाधा आयेगी। साहस-उत्साह और पराक्रम ठंडा पड़ जायेगा। ता. १२ से तृतीयस्थ मंगल उत्तम फल देगा। स्वास्थ्य में सुधार, बड़ों के अनुग्रह का लाभ, स्वल्प द्रव्य-लाभ होगा। ता. ९-१०-१७-१८-१९-२६-२७ खराब है।

मिथुन :—लोकापवाद, रोग व्याधि, चिन्ताशोक की वृद्धि होगी। कुटुम्बियों से झगड़ा एवं धन-हानि का दुर्योग है। उद्योग-धन्धे में व्यवधान, एजेन्सी और दलाली किस्म के धन्धे में व्यर्थ दौड़-धूप, परेशानी बढ़ेगी; परिणाम असंतोष-जनक होगा। साझेदारी का व्यवसाय भी हानिकर होगा। मलिन विचारधारा का त्याग करें। गौ-ब्राह्मण, दीन-दुखियों की सेवा में संलग्न रहें तो कल्याण होगा। ता. १-२-३-११-१२-२०-२१-२८-२९-३० खराब हैं।

कर्क :—रोग शोक क्रोध का शमन होगा। स्वजनों से कलह का निवारण होगा। भाग्योन्नति की दिशा में एक नया मोड़ उपस्थित होगा। शिक्षा-क्षेत्र में संलग्न व्यक्तियों का व्यक्तित्व प्रकाशमान होगा। व्यवसायी वर्ग भी उज्वल भविष्य की आशा रख सकते हैं। घरेलू सुख-सम्मान बढ़ेगा। इष्ट-मित्र समागम से प्रसन्नता प्राप्त होगी। उत्तरार्द्ध में शीत-ज्वर-प्रकोप से स्वल्पकालिक कष्ट होगा। ता. ४-५-१३-१४-२२-२३-३१ खराब हैं।

सिंह :—इच्छाशक्ति प्रबल रहेगी। श्रेष्ठ धन-लाभ, कर्मचारियों से प्रसन्नता, उलझनों की निवृत्ति होगी। शत्रुओं से मित्रता का हाथ बढ़ेगा। गृहस्थ-जीवन में रुचि, व्यावसायिक सफलता, भूमि भवन वाहन का सुख मिलेगा। निवास-स्थान की सुव्यवस्था पर ध्यान देंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। आत्मचिन्तन में अधिक प्रवृत्ति रहेगी। उत्तरार्द्ध में सन्तान को शरीर कष्ट होगा। ता. ६-७-८-१५-१६-२४-२५ नेष्ट हैं।

कन्या:—अतिव्यय, शारीरिक पीड़ा, स्त्री-जनित विशेष कष्ट होगा। वृद्धजनों का आयुष्य संकटासन्न रहेगा। विद्या-बुद्धि की हानि, भोजन-शयन में अबेर-सबेर, अशुभ दशावालों की आर्थिक कठिनाइयाँ बढ़ेंगी। अनियमित दिनचर्या से खेदग्रस्त रहना पड़ेगा। धैर्य एवं गम्भीरता से कार्य करें। ता. १२ से एकादश मंगल कल्याण-मार्ग प्रशस्त करेगा। अशुभ प्रवृत्तियों का निवारण होगा। शत्रु पराभूत होंगे। ता.९-१०-१७-१८-१९-२६-२७ नेष्ट हैं।

तुला:—अर्थ-लाभ में बाधा, भूमि भवन वाहनपक्ष से कष्टकर योग है। वाणी में कठोरता, स्वाभिमान पर आघात, पदाधिकार की प्राप्ति में विघ्न उपस्थित होगा। कल्पना-शक्ति बढ़ेगी। भावुकता का त्याग कर निश्चित कर्म में प्रवृत्ति से सफलता प्राप्त कर सकते हैं। सामाजिक जीवन आपके लिए कुछ लाभकारी सिद्ध होगा। यात्रा के अवसर को टाल देना उचित है, वर्ना परिणाम प्रतिकूल होगा। ऋण के लेन-देन से सतर्क रहें। ता० १-२-३-११-१२-२०-२१ २८-२९-३० खराब हैं।

वृश्चिक :—मासफल मध्यम है। व्यापारिक स्थिति मध्यम रहेगी। मित्रों से विरोध, स्वास्थ्य की प्रतिकूलता, विद्यार्थियों को पारिवारिक असहयोग का सामना करना पड़ेगा। मास मध्य में इष्ट-मित्र-कुटुम्बियों से बिगड़े सम्बन्ध सुधरेंगे। आध्यात्मिक भावना जगेगी। भ्रातृवर्ग के विवाद से बचना अनिवार्य है। अधिक जन-सम्पर्क हानिकर होगा। मासान्त में द्रव्य एवं स्वास्थ्य का दुर्विनियोग होगा। ता० ४-५-१३-१४-२२-२३-३१ नेष्ट हैं।

धनु :—शुभफलों की वृद्धि, उच्चजन से मैत्री सम्पन्नता, व्यापार में पूर्ण सफलता का योग है। निवास स्थान के साज-सज्जा-सफाई आदि पर ध्यान केन्द्रित होगा। वाक्सिद्धि, धार्मिक प्रवृत्ति, स्त्री-सन्तान-सौख्य की उपलब्धि होगी। सम्पत्ति एवं ख्याति-लाभ के लिए मास-फल उत्तम है। मासान्त में स्वार्थपरता बढ़ेगी। जन-सम्पर्क की वृद्धि, व्यक्तित्व का विकास होगा। मारकेश दशावालों को पारलौकिक सुख मिलेगा। ता० ६-७-१५-१६-२४-२५ नेष्ट हैं।

मकर :—प्रत्येक क्षेत्र में शुभकारी प्रभाव मिलेगा। सुरुचिपूर्ण कलात्मक प्रवृत्ति, चित्त उत्साहपूर्ण रहेगा। वाणी का सदुपयोग, राजकीय कामों में सफलता, अत्यधिक व्यस्त जीवन का योग है। शत्रु विनष्ट होंगे। मन्त्रोपासना की रुचि पनपेगी। द्रव्य-लाभ संचय-सुख, नियन्त्रित व्यय, मानसिक अस्थिरता का निवारण, भूमिपक्ष से सौख्य की वृद्धि होगी। चिर परिचितों से मिलन, सहयोग एवं सहानुभूति प्राप्त होगी। ता० ९-१०-१८-१९-२६-२७ खराब हैं।

कुम्भ :—व्यक्तित्व में गिरावट, कार्य-सिद्धि में वारंवार रुकावट का अनुभव होगा। धन का अति व्यय, उलझनों की वृद्धि, उपासना में अरुचि का योग है। स्वास्थ्य नरम रहेगा। मित्रों से विरोध, वायु पित्त-दोष से शरीर-पीड़ा, औषधियों का अधिक प्रयोग हानिकारक होगा। ता० १२ को छठें मंगल के प्रवेश से समस्त विघ्न-बाधाओं का निवारण, सत्कर्म का उदय एवं चित्त प्रफुल्ल रहेगा। ता० १-२-११-१२-२०-२१-२९-३० नेष्ट हैं।

मीन :—गुप्त उलझनों की उत्पत्ति होगी। साहस-उत्साह की कमी, नौकरी-व्यापार की प्रगति में बाधा, क्रोधावेश वश गलत कामों में प्रवृत्ति संभव है। सामाजिक सम्मान की कमी एवं प्रत्येक कार्य में आकस्मिक विघ्न-बाधाओं से खेद-ग्रस्त रहना पड़ेगा। स्त्री सन्तान एवं स्वयं के भी स्वास्थ्य पर ध्यान रखना अनिवार्य है। नियम-संयम एवं धर्माचरण से राहत मिलेगी। ता० ४-५-१३-१४-२२-२३-३१ नेष्ट हैं।

नवम्बर

मेषः—मासारम्भ में सप्तम सूर्य शुक्र की युति अशुभ है। प्रयत्न विफल होते रहने से चित्त खेदग्रस्त रहेगा। गृह-प्रपंच से परेशानी होगी। साझेदारी से हटने का योग है। चिन्ता, शोक-वृद्धि, रोजी-रोजगार मन्दा चलेगा। समाज, मित्र एवं पड़ोसियों के बीच अनादर का भय है। दुर्जनों से बचकर रहना ही अच्छा है। चौथे सप्ताह में शुभ दशावालों की कुछ उन्नति होगी। ता० ३-४-१२-१३-२०-२१-२९-३० अशुभ हैं।

वृषः—विशिष्ट प्रयासों में सफलता मिलेगी। अधिक श्रम करने का सुअवसर मिलेगा। सहयोगियों से मतभेद दूर होगा। बकाया रकम की प्राप्ति, मान-प्रतिष्ठा, जनप्रियता एवं प्रताप-प्रभाव की वृद्धि होगी। भूमि-वाहन का सुख मिलेगा। प्रियजन-समागम, व्यावसायिक लाभ, भाग्योदय, कर्मठ व्यक्तित्व का विकास होगा। सफल प्रयत्नों से चित्त प्रसन्न रहेगा। शनि का जप-दान आवश्यक है। ता० ५-६-१४-१५-२२-२३-२४ नेष्ट हैं।

मिथुनः—सर्वतोमुखी आनन्द, रुके हुए धन एवं इच्छित पदार्थों की प्राप्ति होगी। अच्छे लोगो की संगति से अभ्युदय, सन्मार्ग-लाभ, मित्र-मिलन, पितृ-कुल की वृद्धि होगी। अन्न वस्त्रादि-लाभ, उत्तम ग्रन्थावलोकन का सुअवसर मिलेगा। सन्तानपक्ष से सुख की वृद्धि होगी। नवीनपद-अधिकार की प्राप्ति, वाणी में चतुराई, बुद्धि का विकास, शत्रु-पराजय से सुख मिलेगा; पत्नी का स्वास्थ्य ढीला रहेगा। ता० ७-८-१६-१७-२५-२६ नेष्ट हैं।

कर्कः—स्त्री सन्तान सम्बन्धी शोक, विद्याध्ययन में अरुचि, दिमागी उलझन की अधिकता रहेगी। शारीरिक कष्ट, आचरणहीनता, स्वाभाविक क्रोध की वृद्धि होगी। व्यायाम की नवीन रुचि पैदा होगी। मासोत्तरार्द्ध में प्रिय-दर्शन, ईश्वर-भक्ति, जाति-प्रियता, आयुर्बल की वृद्धि होगी। बाधाओं के बावजूद भी स्वल्पकालिक उन्नति होगी। श्रेष्ठजन को धन-लाभ, कोष-संचय, पैतृक सम्पदा का सुख मिलेगा। ता० १-२-९-१०-११-१८-१९-२७-२८ नेष्ट हैं।

सिंहः—आकस्मिक लाभ, सट्टेबाजी में रुचि, मानसिक चिन्ताओं का निवारण होगा। शत्रु-विनष्ट होंगे। मनोत्साह की जागृति होगी। धार्मिक रुचि बनी रहेगी। व्यापार में यथेष्ट सफलता, स्त्री-सौख्य, काव्य-संगीत में रुचि, इष्ट-मित्र परिजनों का सहयोग मिलेगा। शिक्षार्थियों के लिए विदेश-गमन का योग है। स्वर्ण-रत्न उत्तम वस्त्रादि, मान-सम्मान सुलभ होगा। सूर्य की उपासना अनिवार्य है। ता० ३-४-१२-१३-२०-२१-२९-३० खराब हैं।

कन्या:—मास-फल उत्तम है, स्वास्थ्य में सुधार, विरोधियों पर विजय, धार्मिक कामों में व्यय, भ्रमण तीर्थाटन-दान-पुण्यादि-संस्कार बढ़ेगा। श्रेष्ठजन की संगति सहायता से अभ्युदय होगा। दीर्घकाल से अटका हुआ काम सफल होगा। नित्योपयोगी पदार्थ, अन्न-धन-वस्त्रादि का लाभ होगा। आत्म-बल की वृद्धि, मानसिक शान्ति, कर्म-क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन, परिश्रम की अधिकता सफल होगी। ता० ५-६-१४-१५-२२-२३-२४ कष्टप्रद हैं।

तुलाः—स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक दुर्वलता, आत्मशक्ति की क्षीणता, सिर नेत्र उदर-पीड़ा का योग है। जीवनीशक्ति सुरक्षित रहेगी। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। उत्तरार्द्ध में दिमागी उलझनों का निवारण होगा। पैतृक सम्पत्ति कुटुम्ब-सुख, राज-भय की निवृत्ति, संगीन साहित्य कला में रुचि बढ़ेगी। शिवोपासना से आकस्मिक संकट दूर होकर उन्नति का नवीन मार्ग प्राप्त हो सकता है। ता० ७-८-१६-१७-२५-२६ चिन्तनीय हैं।

वृश्चिकः—मासारम्भ में द्वादशस्थ सूर्य शुक्र की युति अशुभ है। व्यक्तित्व में गिरावट, पुष्टता का अभाव रहेगा। स्वाभिमान की रक्षा कठिन हो जायेगी। प्रयत्नपूर्वक यश-प्रतिष्ठा की रक्षा करनी चाहिये। उत्तरार्द्ध में वाणी सौष्ठव का विकास होगा। सत्कार्यों में सद्व्यय होगा। मनः शक्ति का उत्थान, भोज्य सामग्री की उपलब्धि, भोग-विलास का सुख मिलेगा। बड़े भाई-बहन का स्वास्थ्य बाधित रहेगा। गृह में मांगलिक कार्यों का सम्पादन होगा। ता० १-२-९-१०-११-१८-१९ २७-२८ अशुभ हैं।

धनु :—भाई-बहनों का सुख सहयोग मिलेगा । योग-विज्ञान में रुचि बढ़ेगी, तेजस्विता, सज्जनता और शालीनता, वृद्धि का सुन्दर योग है । स्वबाहुबल से बिगड़ा कार्य बनायेंगे । घर-मकान के सजावट एवं मरम्मत पर द्रव्य-व्यय होगा । ता. ५ से एकादश शुक्र का प्रवेश गुप्त लाभ देगा । धन-कोष, प्रताप-प्रभाव की वृद्धि, विभिन्न कार्यों में आशातीत सफलता, सुपाच्य भोजनादि का लाभ होगा । बाधाएँ निवृत्त होंगी । ता० ३-४-१२-१३-२०-२१-२९-३० नेष्ट हैं ।

मकर—पराक्रम का लाभ, हिम्मत की वृद्धि, साहसिक कामों में रुचि होगी । प्रभाव का विस्तार, स्वभाव में भावुकता का समावेश होगा । पुरुषार्थ सिद्धि का सुन्दर अवसर है । घरेलू-जीवन सुखी रहेगा । आरोग्य-प्राप्ति, सामाजिक आनन्दमग्नता, अतिथि-आगमन से प्रसन्नता होगी । रचनात्मक कार्यों में प्रवृत्ति, दरिद्रता का निवारण, स्फूर्ति-लाभ मनोहर वातावरण प्राप्त करेंगे । ता० ५-६-१४-१५-२३-२४ नेष्ट हैं ।

कुम्भ :—शौर्य-धैर्य के अभाव से परेशानी होगी । ख्यातिहीनता, सौन्दर्य इष्ट-मित्र पड़ोसियों से विवाद का भय है । श्वाँस-नलियों में खराबी, गृह भूमि वाहन सुख में बाधा, अव्यवस्थित घरेलू जीवन से संत्रस्त रहना पड़ेगा । मानसिक शान्ति की कोई राह नहीं मिलेगा । श्रीगणपति आराधना श्रेयस्कर है, दीन-दुखियों को अन्न-दान दें, गौ-ब्राह्मण की सेवा में संलग्न रहें । ता० ७-८-१६-१७-२५-२६ अशुभ हैं ।

मीन :—अधिक वीरता का प्रदर्शन हानिकर होगा । नेतृत्व शक्ति कमजोर रहेगी । शिल्पी कलाकारों एवं शिक्षार्थियों को रोग-भय होगा । श्रम की अधिकता रहेगी । छोटी-मोटी यात्राओं में सामान्य सफलता का भी योग है । उत्तरार्द्ध में मानसिक शान्ति प्राप्त होगी । ता० ५ से अष्टम में शुक्र का प्रवेश लाभदायी होगा । दुःखों की समाप्ति, सुख-वृद्धि और धन प्राप्ति होगी; फिर भी स्वास्थ्य की रक्षा अनिवार्य है । ता० १-२-१०-११-१८-१९-२७-२८ नेष्ट हैं ।

दिसम्बर

मेष :—बने-बनाये काम बिगड़ेंगे । वायु पित्त-प्रकोप से शरीर कष्ट बढ़ेगा । मानसिक तनाव, रोग-वृद्धि, उद्योग धंधा में विघ्न-बाधा; यात्रा न करना ही उत्तम होगा । दैनिक सुख-सुविधा और दिनचर्या में बाधा आयेगी । शत्रु-प्रकोप, मान-हानि, सन्तान से मतभेद, स्त्री-सुख बाधित रहेगा । उत्तरार्द्ध में यश-सम्मान की प्राप्ति, भाग्यावरोध की निवृत्ति से कुछ राहत मिलेगी । ता० १-९-१०-१८-१९-२७-२८-२९ खराब हैं ।

वृष :—क्रय-विक्रय के व्यवसाय में विशेष लाभ होगा । सुख-सम्पति, आनन्द की प्राप्ति, मित्र बन्धु-सुख, सद्गुण-कीर्ति और बुद्धि का विकास होगा । धार्मिक कार्यों में प्रवृत्ति बढ़ेगी । तीर्थयात्रा दान-पुण्य का सुयोग मिलेगा । भाग्योदय, विद्योन्नति, मान-सम्मान का लाभ और राजपक्ष से अभीष्ट सिद्धि होगी । किसी महत्वपूर्ण कार्य में श्रेष्ठ सफलता सुलभ होगी । वृद्धजनों के लिए यह मास कष्टकर होगा । ता० २-३-४-११-१२-१९-२०-२१-३०-३१ नेष्ट हैं ।

मिथुन :—भोजन-शयन में असुविधा, मानसिक अशान्ति, किसी-किसी को अपवाद, और दुर्वचन का भाजन बनना पड़ेगा । मास मध्य में स्वास्थ्य-लाभ, सुखोपलब्धि, धनागम, कुटुम्बियों से समुचित सहयोग सुलभ होगा । ख्याति-वृद्धि, व्यावसायिक उन्नति, शत्रुहीनता, दान-पुण्य धर्म-कृत्यादि में रुचि होगी । मासान्त में विश्वासपात्रों से धोखा एवं गृह-प्रपंच में अति व्यय की संभावना रहेगी । ता० ५-६-१३-१४-२२-२३-२४ नेष्ट हैं ।

कर्क :—जन्मस्थ मंगल, धनस्थ शनि वक्री हो जाने से दुःख, मानसिक व्यथा, रोग प्रकोप, अन्धकारमय भविष्य की अनुभूति होगी; किन्तु अधिक चिन्ता की बात नहीं है । ता० १५ से छठें सूर्य का प्रवेश आपकी सुरक्षा करेगा । रोग-ऋण-शत्रु-बाधाएँ दब जायेंगी । मुँह पर किसी को कुछ कहने का साहस न होगा । स्वल्पतर आय में उचित व्यय-व्यवस्था करने की आदत डाल लें तो उत्तम होगा । ता० ७-८-१५-१६-२५-२६ अशुभ हैं ।

सिंहः—प्रगति के साथ मंगलमय परिवर्तन होगा । अधिक कार्य-व्यस्तता से दुर्बलता और थकान का अनुभव करेंगे । स्थाई साधनों के अतिरिक्त अन्य कई मार्ग से द्रव्य-लाभ होगा । स्वास्थ्य में सुधार, शत्रुओं के पराजय का सुख, व्यक्तित्व में गंभीरता का समावेश होगा । कुटुम्ब द्वारा सामयिक सहयोग मिलेगा । संचित कामना पूरी होंगी । श्रेष्ठजन को आशातीत लाभ संभव है । ता० १-९-१०-१७-१८-२७-२८ नेष्ट हैं ।

कन्याः—व्यापारिक दशा सामान्य रहेगी । कुटुम्ब एवं इष्ट-मित्रों से प्रसन्नता प्राप्त होगी । कोई मित्र लाभ पहुँचाने की सफल चेष्टा करेगा । अध्ययन में रुचि बढ़ेगी । मानसिक एवं शारीरिक श्रम अधिक करना पड़ेगा । उत्तम कर्तृत्व के फलस्वरूप मान-प्रतिष्ठा इज्जत-शोहरत की वृद्धि होगी । महिलाओं का गृहस्थ-जीवन पूर्ण सुखी होगा । साम्पत्तिक स्थिति सन्तोषजनक रहेगी; व्यय नियंत्रित रहेगा । ता० ३-४-११-१२-२०-२१-३०-३१ अशुभ हैं ।

तुलाः—गृहस्थ जीवन संकटों से मुक्त रहेगा । चौपाये जानवरों की वृद्धि, वाहन-लाभ, मनोरंजन-भ्रमण में रुचि होगी । माता का स्वास्थ्य बाधायुक्त रहेगा । कृषि भूमि वाणिज्य की दिक्कतें दूर होंगी । साहस-पराक्रम-पुरुषार्थ का लाभ होगा । जनसम्पर्क बढ़ेगा । गर्भवती महिलाओं को पुत्र-लाभ होगा । सामर्थ्य वाद-विवाद, प्रतिस्पर्धा में सर्वतोमुखी विजयी रहेंगे । कला-कौशल की रुचि व्ययप्रद होगी । ता० ५-६-१३-१४-२२-२३ खराब हैं ।

वृश्चिकः—मास-फल अशुभ है। सन्तान के बुद्धि-दोष से पीड़ा होगी। तामसी गुणों के उदय, सट्टे-वायदे के व्यवसाय से हानि होगी। शत्रु-बाधा, रोग-भय, झगड़ा-झंझट-कलह, मुकदमेबाजी की आशंका है। परतन्त्र जीवन की अनुभूति होगी। स्त्रीपक्ष से मानसिक व्यथा, धातु-क्षय से निर्बलता, व्यावसायिक लेन-देन में गड़बड़ी, अस्वाभाविक भोग-वासना की वृद्धि होगी। वायुयान की यात्रा कष्टकर रहेगी। ता० ७-८-१५-१६-२५-२६ नेष्ट हैं।

धनुः—आकस्मिक धन-हानि होगी। विद्यार्थियों की दिमागी अस्थिरता बढ़ेगी। सत्वगुण का क्षय, सन्तति के स्वास्थ्य में बाधा, बहन-बहनोई से उलहना सुनना पड़ेगा। उत्तरार्द्ध में दाम्पत्यजीवन का सुख मिलेगा। लाभप्रद यात्रा होगी। वणिक्वृत्ति प्रगति के मार्ग पर अग्रसर रहेगी। उद्यान-प्रियता, उद्यमशीलता, चित्रकारिता एवं औषधि-प्रयोग में रुचि होगी। पुखराज रत्न धारण करना उत्तम होगा। ता० १-९-१०-१७-१८-२८-२९ नेष्ट हैं।

मकरः—लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होगी। ख्याति-लाभ, सद्भावना की उत्पत्ति, आकस्मिक यात्रा, धर्मकृत्य-सम्पादन, पाण्डित्य-लाभ, प्रतिभा का चमत्कार फैलेगा। लाटरी से भी कुछ लाभ की उम्मीद है। भाग्य साथ देगा; परन्तु पेट-कमर और हृदय के समीपवर्ती अंगों की सुरक्षा अनिवार्य है। ता० ११ से अष्टम भाव में शनि और ता० १५ से सप्तम भाव में मंगल वक्री होकर अधिक कष्टकर स्थिति पैदा करेगा। ता० २-३-४-११-१२-१९-२०-२१-३०-३१ नेष्ट हैं।

कुम्भः—साहसिक कामों में रुचि बढ़ेगी। प्रबन्ध-दक्षता से घरेलू जीवन सुखी रहेगा। स्वाभाविक विनम्रता, शिक्षा का विकास, इष्टदेव की उपासनात्मक रुचि बढ़ेगी। उत्तरार्द्ध में मामापक्ष से चिन्ता, वाद-विवाद, परतंत्रता और असंवेदनशीलता का दुर्योग है। चोरी-डकैती से धन-सम्पत्ति की सुरक्षा पर ध्यान दें। वाहन का उपयोग सावधानी पूर्वक करें; वर्ना परिणाम नेष्ट होगा। यात्रा का प्रोग्राम रद्द कर दें। ता० ५-६-१३-१४-२२-२३-२४ कष्टप्रद हैं।

मीनः—मासारम्भ में भाग्य-संघर्ष का सामना करना पड़ेगा। स्त्री-जनित वेदना, नौकर-चाकरों से विश्वास-घात, इच्छाशक्ति मर्माहत होगी। जूए-सट्टे से क्षतिग्रस्त होना पड़ेगा। उत्तरार्द्ध में सद्बुद्धि का लाभ, भाग्योदय, आध्यात्मिक अभ्युदय, विवेक-प्रतिभा की जागृति, सद्ग्रन्थावलोकन का सुअवसर मिलेगा। चलचित्र-उद्योग से सम्बन्धित लोग विशेष उन्नति करेंगे। नौकरीवालों के लिए स्थानान्तरण योग है। ता० ७-८-१५-१६-२५-२६ खराब हैं।

सरल होड़ाचक्र (राशि-माला)

नक्षत्र	अश्विनी				भरणी				कृत्ति.
चरण	१	२	३	४	१	२	३	४	१
राशि मेष के अक्षर	चू	चे	चो	ला	ली	लु	ले	लो	अ
नक्षत्र	कृत्तिका			रोहिणी				मृगशिरा	
चरण	२	३	४	१	२	३	४	१	२
राशि वृष के अक्षर	इ	उ	ए	ओ	वा	वी	वू	वे	वो
नक्षत्र	मृगशिरा		आर्द्रा				पुनर्वसु		
चरण	३	४	१	२	३	४	१	२	३
राशि मिथुन के अक्षर	का	की	कु	घ	ङ	छ	के	को	हा
नक्षत्र	पुन.	पुष्य				आश्लेषा			
चरण	४	१	२	३	४	१	२	३	४
राशि कर्क के अक्षर	ही	हू	हे	हो	डा	डी	डू	डे	डो
नक्षत्र	मघा				पूर्वा फाल्गुनी				उ. फा.
चरण	१	२	३	४	१	२	३	४	१
राशि सिंह के अक्षर	मा	मी	मू	मे	मो	टा	टी	टू	टे
नक्षत्र	उ. फा.			हस्त				चित्रा	
चरण	२	३	४	१	२	३	४	१	२
राशि कन्या के अक्षर	टो	पा	पी	पू	ष	ण	ठ	पे	पो
नक्षत्र	चित्रा		स्वाती				विशाखा		
चरण	३	४	१	२	३	४	१	२	३
राशि तुला के अक्षर	रा	री	रू	रे	रो	ता	ती	तू	ते
नक्षत्र	वि.	अनुराधा				ज्येष्ठा			
चरण	४	१	२	३	४	१	२	३	४
राशि वृश्चिकके अक्षर	तो	ना	नी	नू	ने	नो	या	यी	यू
नक्षत्र	मूला				पूर्वाषाढ़ा				उ. षा.
चरण	१	२	३	४	१	२	३	४	१
राशि धनु के अक्षर	ये	यो	भा	भी	भू	धा	फा	ढा	भे
नक्षत्र	उत्तराषाढा			श्रवण				धनिष्ठा	
चरण	२	३	४	१	२	३	४	१	२
राशि मकर के अक्षर	भो	जा	जी	खी	खू	खे	खो	गा	गी
नक्षत्र	धनिष्ठा		शतभिषा				पूर्वा भाद्रपदा		
चरण	३	४	१	२	३	४	१	२	३
राशि कुम्भ के अक्षर	गू	गे	गो	सा	सी	सू	से	सो	दा
नक्षत्र	पू. भा.	उत्तरा भाद्रपदा				रेवती			
चरण	४	१	२	३	४	१	२	३	४
राशि मीन के अक्षर	दी	दू	थ	झ	ञ	दे	दो	चा	ची

इस चक्र द्वारा किसी के जन्म या पुकारने के नाम के पहले अक्षर से उसकी जन्म-राशि या नाम-राशि, जन्म-नक्षत्र-चरण सहज ही जाना जा सकता है। नाम के अक्षरों में श, स, ब, व तथा छोटी-बड़ी मात्राओं का फर्क आचार्यों ने नहीं माना है तथा नाम का पहला अक्षर संयुक्ताक्षर हो तो उसके प्रथम वर्ण को ग्रहण करना चाहिये (संयोगाक्षरे नाम्नि ग्राह्यं तत्रादिमाक्षरम्)। पञ्चशलाका एवं सप्तशलाका-चक्रों में क्रूर ग्रह पूरे नक्षत्र को वेध करते हैं; किन्तु शुभ ग्रह उसके केवल चरण का वेध करते हैं। विशेष जानकारी के लिए 'ज्योतिष-रहस्य' प्रथम खण्ड का पृष्ठ ६६-६७ देखिए!

व्यापार-भविष्य सन् १९७७ ई०

लेखक—प्रो० बी० सी० मेहता 'ज्योतिष-मार्तण्ड' संचालक—जैन-ज्योतिष-ब्यूरो, ब्यावर (राजस्थान)

"चिन्ताहरण जंत्री" के प्रिय पाठकों की सेवा में गत १७ वर्षों से हम अपने व्यापार-भविष्य सम्बन्धी लेख प्रस्तुत करते आ रहे हैं जिससे जंत्री के पाठक बन्धु आशातीत लाभ उठाकर आये दिन हमें प्रशंसा-पत्र एवं शुभ कामनाएँ भेजते रहे हैं जिसके लिये हम उनका हार्दिक आभार प्रकट करते हैं। सन् १९७६ ई० की ता. १६, १७, १८ जून को देहरादून में अखिल भारतीय ज्योतिर्विज्ञान का सम्मेलन हुआ। सौभाग्य से हमारे इस "चिन्ताहरण जंत्री" के प्रमुख सम्पादकजी श्रीजगजीवनदास जी गुप्त तथा प्रकाशक श्रीठाकुर प्रसाद एण्ड सन्स-फर्म के वरिष्ठ संचालक श्रीगणेश प्रसादजी साहब भी इस सम्मेलन में पधारे तथा अनायास हमारा उनसे मिलना हो गया। देहरादून का यह अखिल भारतीय ज्योतिर्विज्ञान सम्मेलन सन् १९७४ की साल के सहारनपुर-सम्मेलन की अपेक्षा कई गुना अधिक सफल रहा। इस सम्मेलन की अध्यक्षता श्री बी. वी. रमन ज्योतिष-सम्राट् सम्पादक एस्ट्रोलॉजिकल मैगजीन, बेंगलोरवालों ने की तथा देश के बड़ी दूर-दूर के स्थानों से ज्योतिष-विज्ञान के अद्वितीय अनुभवी विद्वान् इसमें सम्मिलित हुए। यह सम्मेलन तीन दिन ता० १६-१७-१८ जून तक चला। इसमें कुछ प्रमुख एवं विशिष्ठ-ज्योतिषियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया जिनमें हमारी इस 'चिन्ताहरण जंत्री' के सम्पादक **श्रीजगजीवनदासजी गुप्त** भी थे। उनको **'ज्योतिष-शिरोमणि'** की उपाधि से विभूषित किया गया तथा आपके जान-पहचाने इस लेख के लेखक **प्रोफेसर बी० सी० मेहता** को 'ज्योतिष-रत्न' की उपाधि से सम्मानित किया गया। बनारस के कुछ विशिष्ठ ज्योतिष-मनीषियों के इस सम्मेलन में सम्मिलित होने से देहरादून का यह सम्मेलन अत्यधिक सफल रहा। अखिल भारतीय ज्योतिर्विज्ञान-सम्मेलन को कुछ विशिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपलब्धि इस सम्मेलन में हुई जिससे सम्मेलन का भविष्य विशेष उज्ज्वल प्रतीत होता है।

व्यवसायियों को ज्योतिषियों का सहारा

सर दोराब टाटा-स्मारक-व्याख्यानमाला में प्रसिद्ध उद्योगपति श्री जे० आर० डी० टाटा ने कहा था कि "देश के बहुत से व्यवसायी, जिनमें कुछ विशिष्ट व्यवसायी भी हैं, अपने कारबार में अर्थ-शास्त्रियों से सलाह न लेकर ज्योतिषियों से राय लेते हैं।

"हम लोगों में बहुत से ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें इस क्षेत्र में शैक्षिक प्रशिक्षण नहीं मिला है, उच्चतर गणित और भौतिक विज्ञान की तुलना में अर्थशास्त्र बड़ा गहन विषय प्रतीत होता है। अर्थशास्त्र पर लिखी गयी पुस्तकें और लेख अनर्गल प्रतीत होते हैं और बोधगम्य नहीं होते।

आगे श्रीटाटा ने कहा था—जो व्यवसायी अधिक चुस्त हैं वे अर्थशास्त्री तथा ज्योतिषी दोनों से सलाह कर निर्णय करने में अपने को अधिक सुरक्षित समझते हैं। इसका कारण यह है कि अर्थशास्त्री के लिए भूत-कालीन घटनाओं का विश्लेषण करना तो आसान होता है, लेकिन भविष्य के बारे में कुछ कहना कठिन जान पड़ता है जबकि ज्योतिषी भावी कार्यक्रम तथा उसके मुहूर्त दोनों के विषय में भविष्यवाणी करता है। यह बात जरूर है कि कभी-कभी परिणाम विपत्तिमूलक होता है।"

गत वर्ष हमारा यह "व्यापार-भविष्य" का लेख जंत्री के पेज ७७ से ८२ तक छपा था। उसमें हमने खास-तौर से रूई कपास चाँदी सोना तिलहन गुड़ खाँड़ अनाज दाल-बाना पाट कुष्टा आदि प्रमुख बाजारों की घट-बढ़ का काफी विस्तृत विवेचन शनि राहु केतु तथा बृहस्पति के योगा-योगों के आधार पर किया था। उपरोक्त ग्रहोंके अलावा पाश्चात्य ज्योतिषियों ने तीन नये ग्रहों का पता लगाया हैं, वे हैं—हर्शल, नेप्च्यून तथा प्लूटो। ये ग्रह बहुत बड़े हैं तथा दरअसल इनका प्रबल प्रभाव व्यापारिक जगत पर पड़ता है। प्राचीन ज्योतिष में तो सबसे ज्यादा धीरे चलने-वाला ग्रह शनि है। यह एक राशि में लगभग ३० महीने अर्थात् २॥ वर्ष तक रहता है; लेकिन उपर्युक्त तीन ग्रह शनि ग्रह से भी बहुत ज्यादा बड़े हैं। हर्शल एक राशि में सात वर्ष रहता है, नेप्च्यून १४ वर्ष तक तथा प्लूटो २१ वर्ष तक एक राशि में चलता है। इन तीनों ग्रहों का भी बाजारों की घट-बढ़ पर बहुत बड़ा वर्चस्व है तथा इन ग्रहों से ही तेजी मंदी की लम्बी लाइन चलती है। अपने लेख में स्थानाभाव से हम उन ग्रहों का विवेचन अबतक नहीं कर सके; लेकिन कई पाठक बन्धुओं का बराबर आग्रह रहा है कि इस लेख में इन बड़े ग्रहों का बाजारों पर पड़नेवाले प्रभाव का विवेचन अवश्य करना चाहिए। हम भी ऐसा ही महसूस करते हैं कि इन ग्रहों का विवेचन किये बिना हमारा यह व्यापारिक-भविष्य-सम्बन्धी लेख अधूरा-सा रहता है। यद्यपि हम हरसाल छापनेवाले अपने भावी-फलों में इन तीनों ग्रह हर्शल, नेप्च्यून तथा प्लूटो का

विवेचन सबसे पहले करते हैं ताकि पूरे साल के व्यापारिक-भविष्य का एक संक्षिप्त नक्शा पाठक बन्धुओं के सामने आ जाय। भविष्य में हम हरसाल इस चिन्ताहरण जंत्री के अपने लेख में भी इन तीन बड़े ग्रहों का विवेचन प्रस्तुत करते रहेंगे।

उपरोक्त तीन ग्रहों में नेप्च्यून ग्रह का असर बाजारों की घटा-बढ़ी पर विशेष रूप से अनुभव में आता है। यह नेप्च्यून एक राशि में पूरे १४ वर्ष रहता है। सन् १९६७ की साल से यह ग्रह वृश्चिक राशि में चल रहा है। राशि-मंडल की अष्टम राशि वृश्चिक है। उसका स्वामी-ग्रह मंगल है। "नेप्च्यून" ग्रह मीन राशि का मालिक माना गया है जबकि प्राचीन ज्योतिष के अनुसार मीन राशि का मालिक गुरु ग्रह है। अंग्रेजी ज्योतिष में नेप्च्यून क्रूर एवं अशुभ ग्रह माना गया है। वृश्चिक राशि में गुरु जब आता है तब इसका प्रभाव तेलबाना चाँदी सोना तथा रूई कपास में तेजी का पड़ता है तथा बाजार-भाव काफी बढ़ जाते हैं। अतः वृश्चिक राशि में नेप्च्यून को भी तेलबाना चाँदी सोना रूई कपास-बाजारों में हम तेजीसूचक एवं तेजी-प्रधान मानते हैं; लेकिन एक बात का अनुभव हमने इस वृश्चिक के नेप्च्यून का किया है कि जब यह वक्र होता है तब तो इसका असर उपरोक्त बाजारों में तेजी प्रधान बन जाता है और मार्गी चलता है तब इसका तेजी का असर निकल जाता है और यह मंदी के झटके देता रहता है।

वृश्चिक राशि में जबतक यह चलेगा तबतक हर साल की १४ मार्च को वक्र होगा तथा २३ अगस्त को मार्गी होगा। अतः हर साल २३ अगस्त से १४ मार्च का पीरियड इसका मन्दीसूचक तथा १४ मार्च से २३ अगस्त तक तेजी-सूचक समझ कर ही धंधा करना चाहिये।

गत वर्ष भी ता० १४ मार्च १९७५ को यह ग्रह वक्री हुआ था और यहाँ से इसका तेजी का प्रभाव रूई कपास चाँदी तेलबाना आदि में बढ़ा और इस वक्री नेप्च्यून की तेजी का प्रभाव २३ अगस्त १९७६ तक उत्तम-मध्यम चलता रहेगा। अतः नेप्च्यून के हर साल दो पीरियड एवं चांस ही विशेष महत्त्व के हम मानते हैं—

(१) १४ मार्च १९७७ से ता० २३ अगस्त १९७७ तेजी प्रधान;

(२) ता० २३ अगस्त १९७७ से १४ मार्च १९७८ तक यह मंदी प्रधान रहेगा।

वृश्चिक में नेप्च्यून जब तक चलता रहेगा, चाँदी १०००-९०० से नीची कभी नहीं जायेगी। रूई कल्याण २०००-१९०० नीचे नहीं जा सकेगी तथा तेल आदि भी नीचे में बम्बई ४० के आसपास समझना चाहिये। इन भावों में तेजी का धंधा करनेवालों को रिस्क (जोखम) कम होगी नोट कर लें।

नेप्च्यून के बाद हर्शल ग्रह भी व्यापारिक बाजारों की घट-बढ़ के लिहाज से महत्त्वशाली है। हम अंग्रेजी ज्योतिष के अपने अनुभव के आधार पर मानते हैं कि हर्शल कुंभ राशि का मालिक है और प्राचीन ज्योतिष सिद्धान्तानुसार कुंभ राशि का मालिक शनि है। अतः हर्शल का प्रभाव शनि-सदृश ही हम मानते हैं। शनि अत्यधिक क्रूर ग्रह है और यह तेजी-प्रधान ग्रह ही माना गया है। इसका स्वभाव खेती एवं पैदावार को येनकेन नष्ट करना तथा आशा से कम उत्पादन करने का है। हर्शल करीब ५ वर्षों से निरयण तुला राशि में तथा सायन वृश्चिक राशि में चल रहा है।

तुला राशि चूँकि जलतत्त्व की दूसरी राशि है, इसलिये बाजारों की घट-बढ़ के लिहाज से यह बड़ी महत्त्व की मानी गई है। तुला राशि के अन्तर्गत चाँदी रूई कपास एवं तेलबाना अलसी अरण्ड सरसों आते हैं। हर्शल सन् १९७५ से स्वाती नक्षत्र में चल रहा है। ता० १८ अप्रैल १९७६ को राहु भी स्वाती नक्षत्र में प्रविष्ट हो गया है। अतः राहु हर्शल दोनों ही क्रूर ग्रह इस तुला राशि एवं स्वाती नक्षत्र में हो जाने से ता० १८ अप्रैल १९७६ के बाद बड़ी तेजी का यह फेक्टर बन गया है। हर्शल वक्र होने से इसका राहु से तुला राशि में पूर्ण सम्बन्ध हो गया है। अतः यह तेजी का भयंकर योग हो गया है। राहु स्वाती नक्षत्र में २५ दिसम्बर ७६ तक चलेगा; लेकिन ता० ११ जुलाई १९७६ को हर्शल वक्री से मार्गी हो गया है; अतः ता० १८ अप्रैल १९७६ से बना तेजी का बड़ा योग ता० १४ जुलाई को समाप्त हो सका। चूँकि राहु स्वाती नक्षत्र में चलेगा। अतः यह तेल तिलहन आदि बाजारों में बड़ी मंदी नहीं आने देगा। बाजार घट-घट कर बढ़ सकता है।

हर्शल तो पूरे साल १९७७ तक इसी तुला राशि में चलता रहेगा, लेकिन जब तक यह वक्र चलेगा तब तक इसको तेजीसूचक तथा मार्गी होने पर मंदीसूचक समझना चाहिये।

हर्शल के बाद पाश्चात्य ज्योतिष का एक ग्रह और रह जाता है; वह है प्लूटो। यह अभी कन्या राशि में चल रहा है। प्लूटो एक राशि में २१ वर्ष तक रहता है। कन्या में यह १९६७ में आया है तथा करीब १२ वर्ष उसमें और चलेगा। कन्या राशि उत्पादन की राशि है। और इसमें रहते प्लूटो जितना चाहिये, उतना उत्पादन नहीं होने देगा। यह भी एक तेजीसूचक ग्रह है। कन्या राशि मतान्तर से हमारे देश भारतवर्ष की राशि मानी गई है। अतः इसमें प्लूटो जैसे बड़े एवं क्रूर ग्रह का प्रसार बाजारों में बड़ी मंदी आने नहीं देगा। जीवनोपयोगी चीजों में बड़ी मंदी को यह रोकता रहेगा। प्लूटो अभी हस्त नक्षत्र में चल रहा है। हस्त में जब यह वक्र होता है तो आर्द्रा नक्षत्र को वेध करता है। हर वर्ष यह प्लूटो ता० १४ जनवरी से १८

जून तक वक्र चलेगा। वह पीरियड इसकी तेजी का समझना चाहिये।

भारतीय ज्योतिष सिद्धान्तानुसार शनि ग्रह का व्यापारिक ज्योतिष में विशेष महत्त्व है। शनि एक राशि में पूरे २॥ वर्ष अर्थात् ३० महीने रहता है। सन् १९७५ की २३ जुलाई को यह शनि कर्क राशि में आया। पूरे साल १९७६ में यह शनि कर्क में ही चलता रहेगा तथा १९७७ की ता० ७ सितम्बर को यह सिंह राशि में प्रवेश हो जायेगा; पश्चात् इसी राशि में वक्री मार्गी गति से चलता रहेगा।

कर्क राशि में शनि जब पुष्य नक्षत्र में चलता है तो यह तेजीसूचक समझा जाता है। पुष्य नक्षत्र तेल-बाना एवं अन्य प्रमुख जिंसों के बाजारों का विशिष्ट नक्षत्र माना जाता है। कर्क राशि एवं पुष्य नक्षत्र में वक्री चलता हुआ शनि ता० २८ मार्च १९७६ को मार्गी हुआ; वहाँ से इसकी तेजी का पावर बढ़ा। ता०११ जुलाई१९७६ को यह पश्चिम में अस्त हुआ; वहाँ इसकी तेजी का पावर भी कुछ कम हुआ। अतः शनि कर्क में चलता हुआ ता०२७ अगस्त १९७६ को आश्लेषा नक्षत्र में प्रविष्ट हुआ। ता० ६ सितम्बर १९७७ तक इसी कर्क राशि एवं पुष्य आश्लेषा नक्षत्र में शनि वक्र मार्ग गति से चलता रहेगा। यहाँ यह ज्यादा तेजी करने का पावर नहीं रखता; तेलबाना आदि बाजारों में समय-समय पर यह मंदी के झटके देगा।

ता० ७ सितम्बर १९७७ को शनि कर्क राशि छोड़कर सिंह राशि में प्रविष्ट हो जायेगा। सिंह राशि राशिचक्र की पञ्चम राशि है तथा इसका स्वामी ग्रह सूर्य है। सिंह राशि में चार चरण मघा नक्षत्र के, चार चरण पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र के तथा एक चरण उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र का होता है। इसमें प्रथम नक्षत्र मघा का स्वामी केतु, दूसरे नक्षत्र पूर्वाफाल्गुनी का स्वामी शुक्र तथा तीसरे नक्षत्र उत्तराफाल्गुनी का मालिक सूर्य ग्रह है। अतः सिंह राशि का शनि पहले केतु नक्षत्र मघा को क्रास करेगा। मघा नक्षत्र तिलहन एवं खासकर अलसी का नक्षत्र माना गया है। अतः शनि का मघा नक्षत्र-चार तेलबाना में बड़ी तेजी का फैक्टर है; नोट कर लें! शनि का प्रसार उक्त प्रकार से सन् १९७६-७७ में होगा। शनि दर-असल क्रूर एवं तेजीसूचक ग्रह ही है। अतः जब तक यह तेजी के राशि नक्षत्र में चलेगा, तब तक यह तेजी का ही प्रकोप पैदा करता रहेगा। शनि के प्रभाव में तेल-बाना विशेषरूप से है, सो ध्यान रहे!

शनि के बाद "गुरु" ग्रह का महत्त्व व्यापारिक ज्योतिष में विशेषरूप से माना गया है। गुरु अत्यधिक सौम्य अर्थात् शुभ ग्रह है। यह एक राशि में एक साल रहता है तथा मंदी का विशेष प्रभावशाली ग्रह है। जब-जब बाजारों में मंदी की बड़ी क्राइसिस आती है, तब-तब इस गुरु के योगायोग का ही विशेष वर्चस्व देखने को मिलता है। प्राचीन एवं अर्वाचीन दोनों प्रकार के ज्योतिष-सिद्धान्तानुसार गुरु-ग्रह को ही बाजार-भाव को गिरानेवाला ग्रह माना गया है। शनि राहु की बड़ी तेजी की पावर को रोकनेवाला अथवा कम करनेवाला यदि कोई ग्रह है तो केवल यह एक गुरु ग्रह ही है। इसका असर शनि राहु से बिल्कुल उल्टा अर्थात् विपरीत होता है। शनि राहु फसल एवं पैदावार को कम करनेवाले माने गये हैं, जबकि गुरु के प्रभाव से फसल पनपती तथा पैदावार में बढ़ोतरी होती है। अतः शनि राहु के साथ-साथ गुरु ग्रह की पोजीशन का भी हर साल ध्यान रखना अत्यन्त आवश्यक है। गत ३ वर्षों से गुरु अतिचारी चल रहा है। यों गुरु एक राशि में एक वर्ष तक रहता है; लेकिन सन् १९७४ से १९७६ तक इस गुरु ने हर वर्ष ८ राशियों से प्रसार किया है। सन् १९७६ की साल में गुरु प्रारम्भ में मीन में चला; ता. २५ फरवरी ७६ को मेष में, ता. ८ जुलाई को वृष में आया तथा ता. ८ दिसम्बर १९७६ को पुनः वक्र गति से मेष में आया। आगे ता. २२ फरवरी १९७७ को गुरु पुनः वृष में प्रवेश करेगा। चूँकि गुरु ग्रह धन-सम्पति एवं वैभव का मालिक ग्रह माना गया है अतः इस प्रकार की इसकी अतिचारी पोजीशन हर बड़े धनवान व्यक्ति के लिये परेशानी का कारण पैदा करता है। तथा अतिचारी गुरु का बाजारों की घट-बढ़ पर असर भी उल्टा-सीधा पड़ता है। सन् १९७७ ई० में गुरु की विशिष्ट पोजीशनों को हम नीचे लिखते हैं :—

ता.८दि.७६को	वक्री गुरु का मेष.प्रवेश	स्टैं.टा.	घं.१४मि.३७		बजे
,,१५-१-७७ ,,	मार्गी	,,	,,	,, १६-२१	बजे
,,२२-२-७७ ,,	गु.मा.गतिसेवृष.	,,	,,	१८-४४	,,
,,२१-४-७७ ,,	रोहिणी में	,,	,,	२-३३	,,
,,२२-५-७७ ,,	पश्चिम में अस्त	,,	,,	६-१९	,,
,,१८-६-७७ ,,	मृगशीर्ष में	,,	,,	१४-३५	,,
,,१९-६-७७ ,,	उदय पूर्व में	,,	,,	११-२२	,,
,,१८-७-७७ ,,	का मिथुनराशि-प्रवेश	,,		१०-५५	,,
,,२०-८-७७ ,,	कासायनकर्कराशिमेंप्रवेश	,,		१८-१६	,,
,,२२-८-७७ ,,	आर्द्रा नक्षत्रमें	,,	,,	०-२७	,,
,,२४-१०-७७ ,,	गुरु वक्री ,,	,,	,,	१६-२४	,,
,,२९-१२-७७	वक्र ग.से मृगशीर्षमें	,,	,,	१४-८	,,
,,३१-१२-७७,, ,,	सायन मिथुनमेंप्रवेश	,,		५-१३	,,

एक बड़े महत्त्व की बात यह है कि ता. १८ जुलाई ७७ को जब गुरु मिथुन राशि में प्रविष्ट हो जाता है तब यह अपना अतिचारीपन भी समाप्त कर देता है। अब यह वापस राशि में वक्र गति से नहीं आयेगा एवं ता. २३ अक्टूबर तक सीधे आगे बढ़ता जायेगा। इस अवधि में

व्यापारी वर्ग को बहुत राहत मिलेगी ; क्योंकि तब यह बृहस्पति अपना अतिचारीपन छोड़ देगा। इस प्रकार गुरु के पोजीशन की उपर्युक्त तारीखें बड़े महत्त्व की हैं। आप इनको अपनी डायरी में नोट करलें—इन तारीखों से दो तीन दिन बाजार का ट्रेण्ड देखकर जो बाजार जिधर चले, उधर ही आप अपना व्यापार शुरू कर दें। तेजी चले तो तेजी का, मंदी चले तो मंदी का व्यापार कर लें ; आपको निश्चित कम-से-कम २०-२५ दिन का एक अच्छा चांस प्राप्त हो जायेगा ; नोट कर लें !

उपरोक्त बड़े ग्रह नेप्च्यून हर्शल प्लूटो शनि राहु-तथा बृहस्पति ग्रहों के सन् १९७६-१९७७ के राशि नक्षत्र-चार तथा योगायोगों का बाजारों में पड़नेवाले सामूहिक असर का विवेचन हमने प्रस्तुत किया है। अब अलग-अलग जिसवार विवेचन एवं बाजारोंकी घट-बढ़ का भविष्य-दिग्दर्शन सन् १९७६-१९७७ के लिए आपकी सेवा में प्रस्तुत करते हैं :—

रूई-कपास-बाजार—रूई कपास सूत कपड़ा-बाजारों का भविष्य-दिग्दर्शन हमने गत वर्ष इसी चिंताहरण जंत्री के अपने लेख में पृष्ठ ७९ पर किया था जिसमें ता. २७ मार्च १९७६ के बाद बहुत बड़ी तेजी का तूफान आने की भविष्यवाणी की थी तथा हर व्यापारी बन्धु से तेजी का व्यापार ही करने की विनती की थी। हमारी वह भविष्य-वाणी शतप्रतिशत सही साबित हुई। रूई कल्यान २२००-२३०० से ४००० टच हो गई। क्या यह व्यापारिक ज्योतिष का जीता-जागता प्रत्यक्ष चमत्कार नहीं है ? आप आज भी सन् १९७६ की "चिन्ताहरण जंत्री" में हमारा उक्त लेख एवं भविष्यवाणी पढ़ सकते हैं। जिन व्यापारियों ने कपास में तेजी का व्यापार किया होगा, उनके घर में नोटों की बरसात अवश्य हुई होगी। हमने यह बड़ी तेजी तुला राशि का राहु तथा हर्शल के योग से की थी। ता० १२ अक्टूबर ७५ को राहु तुला राशि में प्रविष्ट हुआ और १८ अप्रैल १९७६ को यह स्वाती नक्षत्र में आया। स्वाती नक्षत्र में हर्शल वक्र चल रहा था। इसी के आधार पर हमने इस रूई कपास में बड़ी तेजी की भविष्यवाणी की थी। ता० २७ मार्च ७६ को सायन वृष में गुरु के प्रवेश से तेजी का श्रीगणेश हुआ और तेजी बढ़ती ही गई। हमारा ऐसा विश्वास है कि जबतक राहु इस स्वाती नक्षत्र एवं तुला राशि में चलता रहेगा बड़ी मंदी नहीं आयेगी ; लेकिन ता० २४ अगस्त १९७६ को तेजी का यह बड़ा प्रकोप गुरु के सायन मिथुन-राशि में आने के बाद मिट जाता है तथा आगे रूई पुनः एक बार २८०० के घरों में आ सकेगी, इससे ज्यादा मंदी सन् १९७६ में हमको नहीं जँचती है ; क्योंकि तुला राशि खास रूई की राशि है और स्वाती नक्षत्र रूई का खास नक्षत्र है। अतः इसकी पकड़ थोड़ी-बहुत चलती रहेगी। ता० २६ दिसम्बर ७६ को राहु स्वाती नक्षत्र को छोड़कर चित्रा नक्षत्र में प्रवेश करेगा। यहाँ से रूई में पुनः मंदी की प्रतिक्रिया हो सकेगी। यह मंदी पुनः ता० १५ मार्च १९७७ तक येनकेन चलती रहेगी तथा यहाँ एकबार पुनः नीचे भाव हो सकेंगे।

ता० १५ मार्च १९७७ से एक बार पुनः तेजी का प्रकोप बढ़ेगा। और यह तेजी उत्तम-मध्यम १७-१८ जुलाई ७७ तक चलेगी ; फिर एक बार मंदी के झटके आवेंगे ; लेकिन ७ सितम्बर ७७ के बाद पुनः तेजी की प्रतिक्रिया शुरू हो जायेगी; सो उत्तम-मध्यम अगली दीपावली अथवा दिसम्बर १९७७ तक चलती रहेगी, नोट कर लें !

तिलहन-बाजार-भविष्य—तिलहन के अन्तर्गत तेल मूँगफली अलसी एरण्ड सरसों कपासिया वेजीटेबल घी आदि बाजार हैं। तिलहन में सबसे ज्यादा असर शनि ग्रह का हम मानते हैं ; नं० २ राहु, नं० ३ मंगल, नं० ४ गुरु-ग्रह का। शनि कर्क राशि एवं पुष्य नक्षत्र में इन बाजारों में तेजीसूचक है। हमने अपने गत वर्ष के लेख में केवल दो चांस मंदी के लिखे हैं; ता.१८ सितम्बर १९७५ से ४ जनवरी ७६ तथा २४ अगस्त १९७६ से २३ अक्टूबर १९७६ तक; बाकी टाइम तेजी का लिखा था; लेकिन हमने एक मंदी ता० ६ जून १९७६ को सायन सिंह में शनि-प्रवेश से भी धारी थी। यह बात हमारी बिल्कुल गलत सिद्ध हुई। सायन सिंह के शनि-प्रवेश ने तेजी का ही विशेष फोर्स बढ़ाया; हमने इसके कारण की खोज की तो हमें हमारी गलती समझ में आ गई। कारण यह हुआ कि यह सायन का शनि भी अतिचारी था तथा राहु हर्शल तुला में साथ-साथ स्वाती नक्षत्र में भी चल रहे थे। यों हम ता० २८ अप्रैल ७६ से ता० २४ अगस्त १९७६ तक का पीरियड तेजी का धारते थे; क्योंकि तिलहन-जन्म-कुण्डली में वायु-तत्त्व की राशियों में जब-जब क्रूर ग्रहों का प्रसार होता तब-तब तेजी आती रही है। सन् १९७३-७४ में मिथुन राशि पर शनि था, तब भी बड़ी तेजी तिलहन-बाजारों में आई थी जिसका विवेचन सन् १९७३-७४ की अपनी इसी जंत्री के लेख में प्रस्तुत कर रखा है।

सन् १९७७ की साल में भी हमको तिलहन-बाजारों में तेजी के दो-तीन बड़े चांस दृष्टिगत होते हैं।

सन् १९७७ की साल में ता. २२ फरवरी को जब वृष का गुरु आयेगा, तब बाजार में एक लाइन शुरू होगी। हमारा ख्याल है कि यहाँ से यह तेजी करेगा ; लेकिन एक अनुरोध है कि आप दो-तीन दिन का बाजार-रुख देख लें; यदि तेजी चल पड़े तभी तेजी का धंधा करें अन्यथा नहीं; क्योंकि सन् तुला राशि ... रहा है। ता. ३० अप्रैल १९७७ को राहु का कन्या राशि में प्रवेश होता है और

ता. ७ सितम्बर ७७ को शनि सिंह राशि एवं मघा नक्षत्र में प्रवेश करता है। अतः यहाँ पुनः तेजी की बड़ी लाइन बन सकेगी ; नोट कर लें!

चाँदी-सोना—चाँदी-सोना बाजारों में मन्दी के कोई ग्रह असर नहीं कर रहे हैं। हमारा ध्यान था कि विगत ता. ३ अगस्त १९७३ से सायन कर्क में शनि-संचरण से जो तेजी शुरू हुई थी, वह ता. ९ जून १९७६ को सायन सिंह में शनि के आने से समाप्त हो जायेगी; लेकिन तेजी समाप्त नहीं हुई। इसका केवल एक कारण हम मानते हैं कि सायन राहु वृश्चिक राशि में चल रहा है। अतः यह योग मंदी को ठहरने नहीं देता। ता. ३० दिसम्बर १९७६ को यह सायन राहु तुला राशि में आता है तब वह मंदी का एक अच्छा चांस दे सकता है। सन् १९७७ में ता. २२ फरवरी को गुरु पुनः वृष राशि में प्रविष्ट होता है। तब पुनः बाजारों में तेजी की प्रतिक्रिया शुरू हो सकेगी।

ता ३०अप्रैल '७७ को निरयन राहु तुला राशि छोड़कर कन्या राशि में प्रवेश करता है। यहाँ पुनः एक नई लाइन चाँदी-सोना बाजारों के लिये बन सकेगी। आप दो-तीन दिन की घट-बढ़ बाजारों की देखकर जिधर बाजार चले, उधर की लाइन का व्यापार शुरू कर दें ; अच्छा चांस मिलेगा। हमारा ख्याल है कि यह एक मंदी का झटका देगा।

ता. ७ सितम्बर ७७ को शनि सिंह राशि में प्रवेश करता है। यह योग हमको मदी का लगता है; धीरे-धीरे मंदी का वातावरण हो जायेगा; विशेष सावधानी रखें!

विशेष सूचना—इस साल हम चाँदी-सोना-बाजार का विशेष खोजपूर्ण विवेचन एवं व्यापारिक भविष्य-दिग्दर्शन अपने नये साल सन् १९७७ के "भावीफल" में देने का प्रयास करेंगे, अतः आप यदि चाँदी के व्यापार में विशेष दिलचस्पी रखते हैं तो अवश्य हमारा वायदा तथा हाजिर बाजार-भविष्य सन् १९७७ मँगाने की कृपा करें। यह "भावी-फल" करीब ३०० पेज का होगा तथा इसकी कीमत ३०) हमने इस वर्ष रखी है। इसमें १९ प्रमुख जिंस-बाजारों का अत्यन्त खुलासेवार दीपावली १९७६ से दिसम्बर १९७७ तक का बहुत विस्तारपूर्वक विवेचन व भविष्य प्रस्तुत होगा ; अवश्य मँगावे। आपको बेहद पसन्द आयेगा।

गुड़-खाँड़—गुड़-खाँड़-बाजार में विशेषकर गुरु शनि राहु तथा मंगल का असर अनुभव में आता है। गुड़-खाँड़के लिये हमने गत वर्ष १९७६ की साल में तेजी की ही प्रधानता लिखी थी। नये साल में भी गुड़-खाँड़ बाजारों में हमको तेजी की प्रधानता ही लगती है। ता. २४ अगस्त १९७६ को सायन मिथुन में गुरु और शनि के अस्त होने से बाजारों में मंदी की लाइन शुरू होने पर वह घटा-बढ़ी के साथ ता. २१ फरवरी ७७ तक चल सकेगी ; उसके बाद पुनः एक तेजी की संभावना प्रतीत होती है। यह तेजी उत्तम-मध्यम ता. ५ सितम्बर ७७ तक चलेगी और फिर मिथुन में गुरु के प्रवेश से पुनः मदी का वातावरण हमको लगता है। गुड़-खाँड़ में इस वर्ष जब भी मंदी आये, तेजी का धंधा करने की व्यापारियों को हम सलाह देते हैं।

अनाज-दालवाना—अनाज-दालवाना में सबसे ज्यादा असर शनि व राहु का हम मानते हैं। गत वर्ष कर्क राशि में शनि तथा तुला राशि एवं स्वाती नक्षत्र में राहु के प्रसार से अनाज-दालवाना के उत्पादन में कमी तथा बरसात की खेंच का योग बना था। ता. २८ अप्रैल ७६ से राहु तुला एवं स्वाती में प्रविष्ट हुआ और ता. ११ जुलाई १९७६ को शनि अस्त हुआ। अतः १० जुलाई ७६ तक का योग बहुत तेजीप्रधान था। ता.११ जुलाई को शनि अस्त होने से इसने दुष्काल का योग थोड़ा कम कर दिया। इसके कारण देशव्यापी बरसात होने की सम्भावना है तथा ऊँचे भावों में बाजारों में मंदी की प्रतिक्रिया हो सकेगी; लेकिन ता.२५ दिसम्बर ७६ तक राहु स्वाती में चलेगा, तब तक बहुत बड़ी मंदी की आशा नहीं रखनी चाहिये। १९७७ की साल में अनाज-दालवाना में बहुत अच्छी घटा-बढ़ी हमको लगती है। साल के शुरू से ता.२० फरवरी तक एक मदी, बाद में धीरे-धीरे तेजी आ सकती है। ता. १८ जुलाई ७७ को मिथुन में गुरु-प्रवेश के बाद बाजारों में झड़पी मदी लगती है ; क्योंकि मिथुन का गुरु होने के बाद इसका जो अतिचारीपन ता. १४ फरवरी १९७५ से चालू है, वह मिट जायेगा जिससे सारे देश एवं विश्व को आर्थिक शांति मिलेगी। तथा गत दो साल से बड़े-बड़े धन कुबेरों को जो अशांति रही है, वह मिट जायेगी तथा व्यापारियों में एक नई प्रगति का जोग १ सकेगा। **नोट कर लें!**

आपके लाभ की बात :—वायदा व सट्टे तथा किसी भी तरह के हाजिर का व्यापार आप इस वर्ष सन् १९७६ की साल में करना चाहते हैं तो पहले आप अपनी "जन्म-कुण्डली" खोलकर नीची लिखी बातें जरूर देख लें।

यदि आपकी जन्म-कुण्डली में नं० ४ या ५ की संख्या की राशि में सूर्य, चन्द्रमा अथवा मंगल ग्रह बैठे हैं तो आपको किसी प्रकार का बड़ा तथा रिस्की (जोखम का) व्यापार नहीं करना चाहिये ; क्योंकि आपके उक्त ग्रहों के ऊपर शनि ग्रह का ट्रांजिट चलेगा। अतः आप एक बार अपनी जन्म-कुण्डली की नकल हमारे पास भेज दें।

जिनका जन्म ता. १५ जुलाई से १५ अगस्त के बीच में होगा, उन्हीं के जन्म-चक्र में सूर्य ४ संख्या की राशि में होगा तथा ता. १५ अगस्त से १६ सितम्बर के पीरियड में जिनका जन्म होगा, उनका सूर्य ५वीं संख्या की राशि में होगा।

इसी प्रकार जिनकी जन्म-कुण्डली में तुला व कन्या राशि में अर्थात् नं० ७ व ६ की संख्या में सूर्य चन्द्रमा मंगल एवं गुरु बैठे हों; चाहे इनमें-से एक ही ग्रह हो, चाहे दो या चार हों, उनके लिये भी १९७६-७७ का साल बाधक साल है। अतः यदि आप व्यापार करना चाहते हैं तो पहले हमारे पास अपनी जन्म-कुण्डली की एक नकल भेज दें तथा हमारी राय व सलाह आने पर ही व्यापार करें। हम आपको खराब ग्रहों का उपचार भी लिख भेजेंगे। कुण्डली में ७ व ६ संख्या के खाने में यदि ये ग्रह बैठे हैं तो उन पर राहु का ग्रहण सन् १९७६-१९७७ की साल में चलेगा, सो सावधान रहें! "चिन्ताहरण जंत्री" के पाठकों के लिये प्रति कुण्डली के निरीक्षण एवं उपचार बताने की फीस सिर्फ ७) तथा अन्य के लिये रु० १५) होगी। कुण्डली के साथ मनिऑर्डर आनेपर ही उपचार एवं कुण्डली का फलादेश भेजा जा सकेगा; नोट कर लें!

* एक विशेष सूचना *

शनि राहु तथा बृहस्पति ग्रह का बाजारों की घट-बढ़ पर सबसे ज्यादा असर पड़ता है वे तीनों ही महत्त्वपूर्ण ग्रह सन् ७७ में अपनी राशि एवं नक्षत्र चेंज करते हैं। अतः सभी प्रमुख बाजारों में जबर्दस्त उथल-पुथल तथा तूफानी घटा-बढ़ी चलेगी। हमने अपने इस लेख में हर साल से भी ज्यादा विस्तारपूर्वक बाजारों का भविष्य दिग्दर्शन किया है; फिर भी हम कितना ही प्रयास करें जंत्री में स्थान की कमी से जितना खुलासावार भविष्य हम चाहते हैं, उतना नहीं लिख सकते। अतः हमने हर साल की तरह इस साल सन् १९७७ के लिए भी दो "भविष्य-फल" प्रकाशित किये हैं। नं०१. वायदा तथा हाजिर-बाजार भविष्य-फल सन् १९७७ कीमत ३०) पेज संख्या ३००. नं० २. तिलहन-बाजार-भविष्य १९७७. कीमत २५), पेज २५०।

नं० १. "भावी-फल" में रुई कपास चाँदी सोना तिलहन पाट बारदाना गुड़ खाँड़ अनाज किराना आदि प्रमुख १९ बाजारों का भविष्य-दिग्दर्शन किया है। कुल ८(आठ) पुस्तकों को स्वतन्त्र रूप से इस एक ही 'भावी-फल' में सलग्न किया है। दीपावली १९७६ से दिसम्बर ७७ तक के १४महीनों के स्पेशल चांस, मासिक साप्ताहिक एवं दैनिक भविष्य इसमें प्रस्तुत हैं। आपको बेहद पसन्द आयेगा।

नं० २. तिलहन-बाजार-भविष्य-१९७७ में तिलहन की प्रत्येक जिंस तेल सींगदाना अलसी अरण्डा सरसों कपासिया तथा बेजीटेबुल प्रत्येक बाजार का अलग जिसवार खुलासा भविष्य दिया हुआ है। आप अवश्य मँगावें; आपको अपने व्यापार में बेहद मदद मिलेगी। एक बार हमारा "भावी-फल" मँगाने के बाद हर साल आप मँगवाना चाहेंगे। दोनों भावी-फल एक साथ मँगाने का केवल ४५) पोस्टेज फ्री है।

एक बात और—यदि आप किसी एक जिन्स-बाजार का हमसे हर महीने विशेष मार्गदर्शन व चांस चाहते हैं तो वह भी हम भेज सकेंगे। उसका लवाजम केवल ५१) पूरे वर्ष का हम आपसे लेंगे। आपको हर महीने पत्र रिपोर्ट हम भेजते रहेंगे। एक से ज्यादा जिंस के भी स्पेशल वार्षिक ग्राहक बन सकते हैं। आज ही लिखिये,

प्रोफेसर बी. सी. मेहता
"ज्योतिष-मार्तण्ड, ज्योतिष रत्न"
जैन-ज्योतिष-ब्यूरो, ब्यावर-(राजस्थान) Pin. 30590.

❀ नवर[illegible]-धारण की सर्वोत्तम विधि ❀

दोष हीन गुनवन्त लख, समै चन्द्र सुभ वार।
कचन आसन सिद्ध कर, जड़ा रत्न अंग धार॥
मेषे रवि ससि वृषपर होई। मकर भौम कन्या बुध जोई॥
गुरू कर्क भृगु पर रह मीना। तुल पर शनि राहु मिथुईना॥
धनु पर केतु उच्च इमिमानी। जड़ा रत्न नवग्रह सुभ जानी॥
सोध नवांसक ससि बलवाना। वार नखत तिथि समै सुआना॥
उच्च रासि इमि ग्रह जब जाई। एक-एक रत्न जड़ावत जाई॥
काढ़ि समै दिन जड़ नव जाई। करे दान मणि सब मँगवाई॥
देव बन्धु जन द्विज जिमवाई। विधिवत पूजि रत्न अंग लाई॥
देत न कष्ट नष्ट ग्रह कोई। अन धन सुत सुख सम्पत्ति होई॥
सुन अमरीष कहा सिर नाई। बहुत काल में ग्रह इमि आई॥
सुगम रीति कहिए मुनिराई। जासो रत्न वेगि अंग लाई॥
उत्तम रीति प्रथम हम गाई। दूसरि रीति सुनहु चित लाई॥
ऊँच नवांसक में ग्रह लाई। एक-एक रत्न जड़ावत जाई॥
मेष राशि पर रवि लख पं[illegible]॥
गुरु भृगु मंद राहु पुनि केतू। साध ऊँच ग्रह मणि जड़ देतू॥

❀ नवरत्न अँगूठी में जड़ने की विधि ❀

—छन्द उरवसी—

रविरत्न पर्म निधान जे, ग्रह बीच मानक आनजे॥
शशि रत्न सील निधान है, अगनव्य[1] मोति-स्थान है॥
महिपुत्र तेज निधान सो, दखिनेस[2] मूंग लगान सो॥
बुध रत्न रूप निधान सो, धर पन्न कोनीसान[3] सो॥
गुरु बुद्धि दायकमान जे, पुपराग उत्तर जानजे॥
भृगु रत्न कला अनूप है, दिस पूर्व हीरा भूप है॥
शनि ज्ञान-दृष्टि महान जे, पछिमेस सुभ लीलान जे॥
छलि राहु वीर महान् सो, नइरित्य मेदक मान सो॥
बलिकेत करम विधान सो, वयडूर बायव लान सो॥
इमि रत्न सुभ जड़ पैनता, सुत सम्पती सब चैन ता॥
दोहा—दोष हार नवरत्न सुभ, धार समै दिन देख।
देव [illegible] सिद्धि काज मन लेख॥

१ अग्निकोण। २ दक्षिण। ३ इशानकोण।

हस्तसामुद्रिक से व्याधि-ज्ञान


लेखक—श्रीहरिदत्त शर्मा एम. ए., बी. एड., सरस्वती सदन, सुजानगढ़ (राजस्थान)

मानव-बालक जन्म के साथ अपना उचित तापक्रम (९८·४ फ़ारनहाइट) लेकर भूतल पर अवतरित होता है। खान-पान, उपयुक्त वातावरण के अभाव एवं शुभद ग्रहों की पूर्ण दृष्टि प्राप्त न होने से वह रोगग्रस्त हो जाता है। विभिन्न निदान-प्रक्रिया में यह भी एक तथ्य है कि बारह क्षार(लवणों) में-से किसी एक के अभाव से रोग-विशेष उत्पन्न होता है और शरीर में आवश्यक लवण पहुँचाने पर व्यक्ति स्वस्थ हो जाता है। हस्तसामुद्रिक हमें इस विषय में पूर्व-सूचना देता है जिससे सतर्क होकर हम स्वस्थ रह सकते हैं। वैद्य-डॉक्टर जीभ देखकर कब्ज का पता लगा लेते हैं; वनस्पति-



विज्ञानवेत्ता पत्ते की रेखा आदि को देखकर पेड़ के पुरानेपन को, उसे मिलनेवाले खाद एवं पत्ते की ताजगी का पता लगा लेते हैं। इसी प्रकार हाथ एक ऐसा ग्राफिक रेकॉर्ड है जिसमें विभिन्न घटनाओं के अलावा व्यक्ति में विभिन्न रोगों के होने का भी संकेत प्राप्त हो जाता है।

हाथ में रेखाओं के अलावा नाखून भी रोग निदान-प्रक्रिया में बड़े सहायक हैं। हम जो भी भोजन करते हैं, वह २८।-९ दिन बाद पूर्ण शुद्ध धातु शुक्र बनता है। अन्य छः धातुओं के छः मैल निकलते हैं जिनमें मल, मूत्र, पसीना, बाल आदि हैं। नख भी इसी प्रक्रिया में हड्डी का मैल है। नख में काला-नीलापन, गड़ारीदार एवं खड़ी रेखाएँ हों तो यह सब राजयक्ष्मा का संकेत होता है। नखों की जड़ में यदि चन्द्रमा की आकृति का श्वेतभाग काफी बड़ा हो तो यह शरीर में कैलसियम(चूने) के अभाव को बतलाता है। इससे नकसीर फूटना, दूध का अच्छा न लगना एवं शारीरिक सुदृढ़ता की कमी जाहिर होती है।



साधारणतया हाथ में एक ही स्वास्थ्य-रेखा होती है (देखिए हस्त चित्र में रेखा क–ख)। पौर्वात्य और पाश्चात्य पद्धति में अन्तर अवश्य है। पाश्चात्य पद्धति में इसी स्वास्थ्य-रेखा को 'लाइन ऑफ हेपेटीका' या 'लीवर लाइन' कहते हैं तो पौर्वात्य में इसे बुध-रेखा या व्यापार-रेखा कहते हैं। बुध अथवा व्यापार ठीक से व्यवस्थित तभी रह सकता है जब हमारा पेट ठीक रहता हो। वैसे, शरीर के चारों वर्णों में सिर को ब्राह्मण, भुजा को क्षत्रिय तथा पेट को वैश्य माना गया है और पैर को शूद्र ! (**ब्राह्मणोऽस्य मुखमासि बाहु राजन्य कृत्उ रुतद्स्य**) इस तरह पेट और व्यापार पर्यायवाची बन गये हैं। कीरो के अनुसार हाथ में इस रेखा का न होना शुभ माना जाता है। अन्य विशेषज्ञों ने [illegible] को अच्छी स्वास्थ्य का चिन्ह बताया है जो अधिक

मानव-मस्तिष्क विनाशके निकट

डाक्टर आईवान खोरोल नामक प्रमुख रूसी चिकित्सकने अपनी रिपोर्टमें यूनेस्कोसे अनुरोध किया है कि मानव-मस्तिष्क की रक्षाके लिए वह विश्वव्यापी अभियान चलाये। उनका कहना है कि मानव-मष्तिष्क पृथ्वीपर सर्वोत्तम मानसिक उपकरण है; लेकिन वह विनाशके कगार पर पहुँच गया है।

डाक्टर खोरोलका कहना है कि करोड़ों व्यक्ति दीर्घकाल से मानसिक तनाव से पीड़ित हैं। इसका सभ्यता प जो खतरनाक प्रभाव पड़ सकता है उसे सामान्यतया लोग महसूस नहीं कर पाते।

उन्होंने चेतावनी दी है कि मानसिक तनाव के परिणाम-स्वरूप मानव की शक्ति का दु:खद ह्रास हो सकता है जिसकी उपेक्षा नहीं करनी चाहिए। बीसवीं शताब्दि में प्रत्येक व्यक्ति के जितनी ज्ञान की अपेक्षा की जाती है उससे उसकी स्मरण-शक्ति पर आवश्यकता से अधिक बोझ पड़ जाता है।

मस्तिष्क के विनाश के अन्य कारण भी हैं; जैसे, दैनिक जीवन में कार्यबाहुल्य, राजनीतिक, नैतिक और तकनीकी परिवर्तनों में हो रही तीव्र वृद्धि और उनके अनुरूप मानव का अपनेको ढाल न पाना; तदनुरूप अपने को ढालनेकी मानसिक क्षमता मानव के पास निस्सीम नहीं है।

ठीक जान पड़ता है। यही रेखा (क–ख) यदि दूर चलकर आयु-रेखा को काटती है तो यह मृत्यु की सूचना है जिसका वर्षमान आयु-रेखा से निश्चित करना चाहिये। आयु-रेखा में (च) स्थान पर यदि कोई यव होगा तो उस (वयमान पर आकृति में ३२ से ३४ वें वर्ष में) शरीर में लम्बी बीमारी होगी। वह दुर्बल एवं क्षीण होगा। यदि बचाव-रेखा, मंगल-रेखा (र–ग) सुस्पष्ट है तो शरीर रोग से मुकाबला करता हुआ नीरोग रहेगा। आयु-रेखा के अन्त में दो संकेत हुआ करते हैं—बारीक रेखायें नीचे की ओर भुकाववाली हों या आयु-रेखा द्विशाखा में विभक्त हो। पहली स्थिति में (म) शरीर का नाड़ी-केन्द्र दुर्बल होता है; दूसरी स्थिति (०) में दो बातें होती हैं—(१) पेशाब में शक्कर आना तथा (२) जन्म-स्थान से मृत्यु-स्थान का भिन्न होना।

स्वास्थ्य-रेखा पर मस्तक-रेखा के पास यदि एक यव पाया जाय तो व्यक्ति को टॉन्सिल(गले की गिल्टियों) का मर्ज होता है। इसी प्रकार के कई यवों की माला उसी रेखा पर हो तो वह राजयक्ष्मा का संकेत होता है; लेकिन इसके साथ नख और त्वचा के चिन्ह भी भलिभाँति देख लेने चाहिये। प्राचीन काल में इस रोग की अवधि एक हजार दिन की होती थी, लेकिन आज के युग में प्रथम स्टेज पर ही इसकी सफल चिकित्सा सुलभ हो गयी है।

नेत्र-ज्योति के विकार, अंधेपन में सूर्य-पर्वत एवं अनामिका अँगुली के नीचे गोल वृत्त इस दोष की पूर्व-जानकारी दे देता है। लेखक ने ९०% अंधे व्यक्तियों के इस पर्वत पर यही चिन्ह पाया है। अमृतसर में अंधे बालकों के स्कूल में १० में-से ८ छात्रों के पूर्ण वृत्त और दो के अस्पष्ट अर्ध-वृत्त थे, जिनकी आँखे थोड़े दिन पहले ही चली गई थीं। यही गोलाकार चिन्ह यदि चन्द्र-पर्वत पर हो तो यात्रा में डूबने से मृत्यु का संकेत देता है। इसके साथ-साथ यदि चंद्र-पर्वत पर गुणा (×) का चिन्ह हो तो यह डूबकर बचने का संकेत है, मृत्यु का नहीं। चटगाँव में एक बार समुद्री तूफान के चपेट में जो नाविक आ गये थे, उन सब के हाथों में यही गुणा (×) का चिन्ह था।

स्वस्थ शरीर में, माना कि, स्वस्थ दिमाग रहता है; लेकिन कभी-कभी इसके विपरीत भी देखा गया है। स्वस्थ दिमाग में अत्यधिक चिन्ताओं एवं अन्य मनोविकार से भी शरीर में रोग व्याप्त हो जाते हैं। मध्यमा अंगुली के नीचे एक बड़ा यव और भाग्य-रेखा में कहीं पर कोई द्वीप का होना इस तथ्य की ओर संकेत देता है। स्वास्थ्य-रेखा टेढ़े-मेढ़े रास्ते से गुजरती हो और उसमें एक द्वीप या यव हो तो पौर्वात्य पद्धति में यह दिवालिये होने की सूचना है; लेकिन यह असंगत लगता है; क्योंकि इसे व्यापार-रेखा माना जाय तो उस हालत में भी सूर्य-रेखा या भाग्य-रेखा पर अन्य कोई-न-कोई संकेत अवश्य होता है।

सामुद्रिक शास्त्र के ज्ञाताओं में गेटिंग्स, जेक्विन, गफ्फार आदि ने स्वास्थ्य-रेखा को सामान्यतया उदर-रोगों से सम्बन्धित बताया है। हल्की दोहरी रेखा होने से कब्ज, आँतों की खराबी जानी जाती है। डेसबोरिल्स ने बुध-पर्वत की उँचाई से इस रेखा की उत्पत्ति हृदय-रोग का कारण बताया है। केवल मस्तक-रेखा को न छूती हुई और चन्द्र-पर्वत से ऊपर के भाग में इसकी हल्की-सी उपस्थिति एक अच्छे स्वास्थ्य का लक्षण माना गया है। केथराइन सेंट हिल ने दोनों हाथों में दो-दो स्वास्थ्य-रेखाओं का पास-पास होना अच्छे स्वास्थ्य के लिए शुभ संकेत बताया है। पाश्चात्य देशों में यह नियम अधिक उपयुक्त है। भारत में दोहरी रेखा अच्छे स्वास्थ्य के पक्ष में नहीं। अगर स्वास्थ्य-रेखा पर एक ऐसा बड़ा यव (द्वीप) हो जो मस्तक-रेखा को बीच में लिए हुये हो तो लीवर की खराबी या पीलिया(पाण्डु रोग) होना पाया जाता है।

हृदय-रेखा और मस्तक-रेखा कभी-कभी ऐसी संगति करती हैं कि दोनों अधिक नजदीक होकर सँकरा स्थान बना लेती हैं जो दमा की शिकायत उत्पन्न करती हैं तथा ऐसे व्यक्ति को न पहाड़ पर चढ़ना चाहिये और न तैरना ही चाहिए।

हाथ में शुक्र-मुद्रिका (गर्डल ऑफ वेनस) हो, साथ ही यदि शुक्र-पर्वत के वृत्त का चतुर्थांश पूर्ण गोलाकार न होकर आयु-रेखा संकीर्णता लिए हुए हो तो उस व्यक्ति को धातु दौर्बल्य-दोष होता है, संतान कम होती या नहीं होती अथवा अल्पायु होती है। इस मत की पुष्टि सब(कॉटन, बेनहम, कीरो, जरमेन) ने की है। मस्तक-रेखा पर कहीं काला या नीला बिंदु पाया जाना टायफाइड का संकेत देता है। भारतीय विद्वान के. सी. सेन का ऐसा मत है तथा दास और क्रॉम्पटन ने भी इसकी पुष्टि की है। इसके विपरीत नो. जेक्विन के मतानुसार हाथ की पेपलरीरिजेज में जो डेल्टाज होते हैं, उनका कटाव हो जाय तभी उनसे उक्त व्याधि का संकेत मिलता है; क्योंकि प्रत्येक व्याधि का पूर्व-ज्ञान शरीर के कुछ अवयवों को आन्तरिक रूप से हो जाता है—जिनमें कोषाणु, ग्रन्थियाँ एवं त्वचा मुख्य हैं। हृदय-रेखा पर भी किसी बिंदु का होना नेत्र-विकार का सूचक है। नखों पर जो कभी-कभी सफेद धब्बा नजर आता है, वह शरीर में प्रोटीन व चर्बी की कमी का द्योतक है। छोटे नखवाले निर्णय लेने में बड़े जल्दबाज होते हैं तथा चौकोर छोटा नख हृदय को दुर्बल बनाता है। नखों की पूरी बढ़ोतरी समानरूप से नहीं होती है—अँगूठा १४० दिन, कनिष्ठा १२१ दिन तथा पूरे नख को अँगुली में आने तक तर्जनी भी १२४ दिन का समय ले लेती है।

शुक्र-पर्वत को घेरनेवाली आयु-रेखा पर जहाँ काला बिंदु हो या जहाँ से नीचे की ओर जानेवाली कोई रेखा निकलती हो, उस वयमान पर व्याधि का प्रारम्भ होता है। लम्बी बीमारियों या गम्भीर व्याधि के परिणाम उन्हीं से सम्बन्धित हैं और तदनुसार व्यक्ति की आयु का प्रामाणिक समय निश्चित करना चाहिए। साथ में उसी आयु पर भाग्य-रेखा या सूर्य-रेखा पर कोई रुकावट (तिरछी रेखा) अवश्य होगी। ऐसी रुग्णतासूचक रेखाओं में कहीं पर कोई आयतन या वर्ग हो तो भयंकर स्थिति से सुरक्षा व बचाव हो सकता है। अँगूठा और कनिष्ठा अँगुली के मूल भाग को मिलानेवाली रेखा हाथ पर खींची जाय तो वह आयु-रेखा को जहाँ काटेगी, वह स्थान ३५ वर्ष की आयु का सूचक होता है। इस रेखा पर आयु की बढ़ोतरी मणिबन्ध की ओर होती जाती है। इसके विपरीत भाग्य और सूर्य-रेखा पर आयु का संकेत मणिबन्ध से ऊपर की ओर होता है। भाग्य-रेखा जहाँ मस्तक-रेखा को स्पर्श करे, वहाँ ३४ साल का वय तथा जहाँ हृदय-रेखा को स्पर्श करे, वहाँ ५५ साल का वय मानना चाहिए। अधिक रेखाओंवाली महिलाओं के हाथ में यदि चन्द्र-पर्वत दबा हुआ हो और वहाँ एक तारा हो तो हिस्टीरिया होने का अंदेशा बना रहता है। यदि हृदय-रेखा, मस्तक-रेखा व आयु-रेखा तीनों एक ही स्थान पर मिलें तो मशीन या औजार की चोट एवं दुर्घटना से बचे रहना चाहिये। आयु-रेखा में उस दुर्घटना के समय मंगल(सहायक) रेखा के कटाव को देखना चाहिए। वहाँ मंगल-रेखा सुस्पष्ट रहना बचाव का संकेत है। मस्तक-रेखा यदि शनि-पर्वत के नीचे टूट गई हो और एक लाल धब्बा वहाँ किसी एक किनारे पर हो तो व्यक्ति भयंकर दुर्घटना का शिकार होगा।

उपर्युक्त व्याधियों के अलावा दोनों हाथों की रेखाओं का अध्ययन कर अन्य स्पष्ट तथ्य पाठकों के समक्ष पुनः रखे जा सकते हैं।

पूर्वाह्णकालादिषुयात्रा—पूर्वाह्णेऽप्युत्तरां गच्छेत्प्राचीं मध्यन्दिने तथा। दक्षिणां चापराह्णे तु पश्चिमामर्द्धरात्रके ॥ (एवं कृते सूर्यो दक्षिणे भवति)न तत्राङ्गारकोविष्टिर्व्यतीपातो न वैधृतिः। सिद्धचन्ति सर्वेकार्याणि यात्रायां दक्षिणे रवौ ॥

पूर्वाह्ण में उत्तर दिशा की यात्रा करे, दोपहर में पूर्व की यात्रा करे, अपराह्ण में दक्षिण दिशा की यात्रा करे, अर्धरात्रि में पश्चिम दिशा की यात्रा करे। ऐसा करने पर सूर्य दक्षिण की ओर हो जाता है; यात्रा में यदि सूर्य दक्षिण की ओर हो तो मंगलवार, भद्रा, व्यतीपात तथा वैधृति का दोष नहीं होता है तथा सब कार्य सिद्ध होते हैं।

पूर्वाह्णकालादिषु यात्रायां वर्ज्यनक्षत्राणि—पूर्वाह्णे ध्रुवमिश्रभैर्न नृपतेर्यात्रा न मध्याह्नके। तीक्ष्णाख्यैरपराह्णके न लघुभैर्नो पूर्वरात्रे तथा। मैत्राख्यैर्नच मध्यरात्रि समये चोग्रैस्तथा नोचरे रात्र्यन्ते हरिहस्तपुष्यशशिभिः स्यात् सर्वकाले शुभा ॥

ध्रुव तथा मिश्र नक्षत्रों में पूर्वाह्ण में यात्रा न करे। तीक्ष्ण नक्षत्रों में मध्याह्न के समय यात्रा न करे। लघु नक्षत्रों में अपराह्ण के समय यात्रा न करे। मैत्र नक्षत्रों में पूर्व-रात्रि के समय यात्रा न करे। उग्र नक्षत्रों में मध्यरात्रि के समय यात्रा न करे। चर नक्षत्रों में रात्रि के अन्त में यात्रा न करे। श्रवण, हस्त, पुष्य तथा मृगशिरा नक्षत्रों में सब समयों की यात्रा शुभ है।

उषःकालो विनापूर्वां गोधूलिः पश्चिमां विना। विनोत्तरां निशीथः सनयाने याम्यां विनाभिजित् ॥ पूर्वाह्णेऽप्युत्तरां गच्छेत्प्राचीं मध्यन्दिने तथा। दक्षिणां चापराह्णे तु पश्चिमामर्धरात्रके ॥

पूर्वदिशा की यात्रा को छोड़कर अन्यत्र उषःकाल शुभ है। पश्चिम दिशा को छोड़कर अन्यत्र गोधूलि शुभ है। उत्तर दिशा को छोड़कर अन्यत्र अर्धरात्रि शुभ है। दक्षिण दिशा को छोड़कर अन्यत्र अभिजित् शुभ है। पूर्वाह्ण में उत्तर दिशा की, दोपहर में पूर्व की, अपराह्ण में दक्षिण की, अर्धरात्रि में पश्चिम की यात्रा करे।

उषःकालादि प्रशंसा—उषः प्रशंसते गर्गः शकुनञ्च वृहस्पतिः। अङ्गिरा मन उत्साहं विप्रवाक्यं जनार्दनः ॥ गर्ग मुनि उषःकाल की प्रशंसा करते हैं। बृहस्पति शुभाशुभ शकुन की प्रशंसा करते हैं, अंगिरा ऋषि कहते हैं कि जब चित्त में उत्साह, उमंग हो तब यात्रा करनी चाहिऐ। जनार्दन का मत है कि जब ब्राह्मण आज्ञा दे तब ही यात्रा शुभ है।


योग नक्षत्र शकुन मुहूर्त-सिद्धिः—योगात्सिद्धिर्धरणिपतीनामृक्ष गणैरपि भूदेवानाम्। चौराणामपि शुभशकुनैरुक्त मुहूर्तैरन्यमनुजानाम् ॥ राजाओं को ग्रह-योग से, ब्राह्मण को नक्षत्र से, चोरों को शकुन से, शेष मनुष्यों को मुहूर्तों से यात्रा सिद्ध होती है।

छींक-विचार—छींक प्रायः सब दिशाओं की खराब होती है। अपनी छींक महा अशुभ होती है। गौ की छींक मरण करती है। बायीं और पीछे की ओर छींक हो तो दोषकारक नहीं है। "सम्मुख छींक लड़ाई माखे। छींक दाहिनी द्रव्य बिनासे ॥ ऊँची छींक कहै जयकारी। नीची छीक होय भयकारी ॥" कन्या, विधवा, मालिन, धोबिन, रजस्वला, वेश्या, चमाइन का छींक विशेष अशुभ होती है। आसन, शयन, शौच, दान, भोजन, औषधि-सेवन, विद्यारम्भ और बीज बोने के समय, युद्ध या विवाह में जाते समय छींक हो तो शुभ फलदायक होती है। शराब, सुँघनी, पीनस-सर्दी से होनेवाली छींक, बच्चे और बूढ़े की छींक तथा हठ से [illegible] निष्फल होता है। लगातार छींकने पर यदि छींक न रुके तो मनुष्य जिस काम के लिए जा रहा हो, उसमें विघ्न अवश्य होगा। 'एक नाक दो छींक। काम बने सब ठीक ॥'—यह भी लोकोक्ति है।

अंकशास्त्र और वर्षफल-विचार

लेखक—श्रीविजय भानु गुप्त नं० ७ नेहरू मार्केट, वाराणसी।

अंकशास्त्र का उपयोग वर्षफल-विचार की दृष्टि से भी किया जा सकता है। इसका अध्ययन-क्षेत्र विस्तृत है, इसलिए इसकी विस्तृत मीमांसा करने पर ही व्यक्तिगत् उपयोगिता प्राप्त हो सकती है।



अंकशास्त्र के अन्तर्गत् जहाँ प्रत्येक दिन यानी तारीख को हम व्यक्तिगत दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण समझते हैं, वहीं मास की उपयोगिता आम बातों के लिए है; परन्तु वर्ष के बारे में अध्ययन मनुष्य के भावी लक्ष्य की ओर इंगित करता है। इस लेख में हम वर्ष से सम्बन्धित उपलब्धियों पर ही विचार करेंगे। चूंकि हमारा विवेचन पाश्चात्य पद्धति पर आधारित है, इसलिए हम वर्ष के ईसवी सन् को ही प्रमुखता देते हुए उसी के विषय में विचार करेंगे। जो ईसवी सन् बीत चुके हैं, वे इतिहास की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण हैं; लेकिन आगे आनेवाला वर्ष हर किसी के लिए सुखद भविष्य की कामना से परिपूर्ण होता है। अतः आगामी सन् १९७७ ई० के विषय में ही विवेचन करना श्रेयस्कर होगा।

विस्तृत दृष्टिकोण के अन्तर्गत पहले हम यह देखें कि जिस देश में हम रहते हैं उस देश के लिए, अर्थात् 'भारत' के लिए यह वर्ष कैसा है। भारत का नाम-नम्बर निकालने पर

B H A R A T
2 5 1 2 1 4 = 15

आता है अर्थात् अंकशास्त्र की दृष्टि से १+५=६ नम्बर का यह देश है। वर्ष १९७७ भी १+९+७+७=२४=२+४=६नम्बर के अन्तर्गत आता है। आशय यह कि भारत के लिए १९७७ का वर्ष बहुत अनुकूल है। दोनों एक ही नम्बर के अन्तर्गत होने के कारण सामंजस्य एवं सानुकूलता का वातावरण बराबर ही परिलक्षित होता रहेगा। अंक-शास्त्र की दृष्टि से नम्बर ६ शुक्र ग्रह का प्रतोक है। शुक्र में आकर्षण-शक्ति की प्रधानता होती है। तात्पर्य यह कि इसवर्ष भारत अपनी आकर्षण-शक्ति के प्रभाव में अधिकाधिक राष्ट्रों को लायेगा, उन्हें अपना मित्र बनाएगा, यहाँ तक कि उसके विरोधी भी उसकी आकर्षण-शक्ति से खिचकर मित्रता का हाथ उसकी ओर बढ़ायेंगे।

शुक्र ग्रह सौंदर्य, भोग-विलास, राग-रंग, नाटचकला, पेंटिंग, गीत-संगीत तथा प्रेमानुराग का प्रतीक है। इसलिए इस वर्ष भारत में कला एवं संगीत का अधिक विकास होगा। भोग विलास की वस्तुओं का अधिक उत्पादन, उपयोग एवं व्यवसाय होगा। हर तरफ सुन्दरता की ओर विशेष ध्यान दिया जायेगा, जैसा अभी से ही सरकारी आदेश प्रसारित कर दिया गया है कि सड़कों के किनारे वाले मकानों की रंगाई में एकसासाम्य होना अनिवार्य है ताकि शहरों में नया सौन्दर्य दृष्टिगोचर हो। सरकारी रोकथाम के बावजूद भी इस वर्ष शादियाँ अधिक होंगी तथा बच्चे भी अधिक पैदा होंगे।

शुक्र ग्रह से प्रभावित लोग अपने कर्त्तव्यों के प्रति भी विशेष जागरूक होते हैं। इसलिए किसी न्यायोचित पक्ष में यदि भारत ने समर्थन दे दिया तो बड़े से बड़ा खतरा उठाकर भी उससे पीछे वह नहीं हटेगा, प्रत्युत अपने मित्र पर कोई मुसीबत आ पड़ी तो उसके निराकरण में भारत आखिरी दम तक मित्र का साथ देगा। शुक्र ग्रह से प्रभावित लोगों की विचारधारा एवं कार्य-प्रणाली में कुछ जिद्दीपन भी होता है; लेकिन वे अपनी आकर्षण-शक्ति से दूसरों को अभिभूत कर लेते हैं; बल्कि एक तरह से उन्हें अपना मुरीद बना लेते हैं। आशय यह कि भारत में कतिपय कार्य-प्रणाली के क्रियान्वयन में कुछ जिद्दीपन

सात के अंक का महत्त्व

कानपुर ११ जनवरी ६८' में प्रजा समाजवादी पार्टी की कार्य-कारिणी के सदस्य श्रीहरिविष्णु कामथ ने यहाँ कहा था कि भारत वर्ष के लिए सन् में सात की संख्या का अपना पृथक् महत्त्व है।

जब सन् में ७ का अंक आ जाता है तो कोई-न-कोई महत्त्वपूर्ण घटना घटित होती है।

आपने '७' के अंक का विश्लेषण करते हुए बताया कि सन् १९०७ में मिंटो रिफार्म्स एक्ट बनाया गया और उसे १९१७ में लागू किया गया।

सन् १९२७ में साइमन कमीशन आया और १९३७ में प्रथम बार कांग्रेस ने शासन सँभाला। १९४७ में देश स्वतन्त्र हुआ। १९५७ में प्रथम बार केरल में कम्यूनिष्ट मंत्रि-मंडल बना।

अब सन् १९६७ में सभी दलों के किसी-न-किसो प्रांत में मंत्रि-मंडल बन गये तथा कांग्रेस को अपदस्थ होना पड़ा। आ० स०

की झलक अवश्य दिखाई देगी ; लेकिन कुछ दिनों बाद लोग उनके ऐसे अभ्यस्त हो जायेंगे अथवा कायल हो जायेंगे कि विरोध करना छोड़ देंगे ; फिर कुछ दिनों बाद तो सब कार्य सहजरूप से चलने लगेगा। इतनी अच्छाइओं के बावजूद नम्बर ६ में एक दुर्गुण भी है कि उसका माध्यम अपनी आकांक्षा-पूर्ति में इतना अधिक संलग्न हो जाता है कि दूसरों का हिता-हित भी भूल जाता है। इसलिए व्यभिचार कदाचार एवं लूट-खसोट की ओर अग्रसर हो जाता है। नम्बर ६ की अधिक पुनरावृत्ति से दुष्प्रवृत्तियों का उद्भव हो जाता है, जैसाकि बाइबिल तथा अन्य लेखों (Writings) में तीन छ. (६,६,६) को पाशविकता की संज्ञा दी गई है। उसका भी ठोस आधार है। ६ + ६ + ६ = १८ = १ + ८ = ९ नम्बर युद्ध और संघर्ष का प्रतीक है जबकि छः नम्बर शान्ति एवं सद्भाव का प्रतीक है। इसलिए भारत को भी पाशविक मनोवृत्ति तथा व्यभिचार की रोकथाम के लिए पूर्ण मुस्तैदी बरतनी पड़ेगी।

१९७७ का यदि हम सूक्ष्म विवेचन करें तो देखेंगे कि व्यावहारिक दृष्टि-कोण से १९७७ के बदले सिर्फ ७७ को ही प्रयोग में लाया जाता है। सन् ७७ के अंकों में इकाई एवं दहाई दोनों की संख्याएं ७ ही है। जहाँ हम इकाई की संख्या को अधिक महत्त्व देते हैं, वहीं दहाई की संख्या का सामञ्जस्य भी देखते हैं। इस प्रकार दोनों की संख्याएँ एक ही होने पर आपसी सम्बन्ध में एकरूपता होना स्वाभाविक है। इसका आशय यह कि इस वर्ष ७ के अंक का, इकाई एवं दहाई दोनों में रहने के कारण, अधिक महत्त्व रहेगा। नम्बर ७ नेप्च्यून ग्रह का प्रतीक है जो चन्द्रमा का सहधर्मी ग्रह है। नेप्च्यून में भी जल-तत्त्व प्रधान है। इसलिए इस वर्ष वर्षा की अधिकता के कारण बाढ़ एवं जल-प्लावन की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। जल-तत्त्व होने के कारण समुद्र के रास्ते विदेशों से व्यापार में भी वृद्धि होगी। व्यक्तिशः जिनका जन्म-नम्बर ७ है, उनके लिए देश-विदेश की यात्रा भी सम्भावित है।

तेरह की करामात

चण्डीगढ़ १६ मार्च '७२ की यह कहानी एक ऐसी पार्टी की है जिसका जन्म ता० १३ जून को हुआ था और फरवरी ता० १३ को ही जिसका अन्त हो गया।

गुरनामसिंह अकाली दल के सचिव श्रीराजिन्दरसिंह का कथन है कि दल का जन्म १३ जून १९७१ को हुआ और १३ फरवरी १९७२ को वह समाप्त हो गया। उन्होंने कहा कि १३ का अंक इस पार्टी के लिए ऐसा दुर्भाग्यपूर्ण रहा है कि १३ फरवरी को दल की कार्य-समिति के बीस सदस्यों में-से १३ सदस्यों ने दल से त्यागपत्र दे दिया। दल की कारवाई-रजिस्टर के १३वें पृष्ठ तक ही कारवाई अंकित है।

यही नहीं, १३ फरवरी को ही दल के चपरासी ने अपनी दादी के मर जाने पर कार्यालय में कार्य करना बन्द कर दिया था।

इसी तारीख को दल के सचिव श्रीराजिन्दर सिंह और उनके साथियों ने दल से इस्तीफा देकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

विगत १३ मार्च को ही दल के चार उम्मीदवार पंजाब-विधान-सभा के निर्वाचन में पराजित घोषित किये गये।

—यू० एन० आई०

व्यक्तिगत दृष्टिकोण से वार्षिक भविष्य की गणना के लिए पहले अपनी आयु निर्धारित करनी चाहिए। जैसे, किसी का जन्म जनवरी १९३६ में है तो जनवरी १९७७में उसकी आयु ४१ वर्ष पूरी होकर ४२ वीं लगी। अब ४२ की संख्या के मूलांक ४ + २ = ६ का मिलान १९७७ के मूलांक ६ से करें। सामंजस्य होने पर वर्ष शुभफलदायी होगा अन्यथा परेशानी रहेगी। अंकों के आपसी सम्बन्ध के विषय में आप बराबर पढ़ते आ रहे हैं; फिर भी मूल तौर पर ध्यान में रखें कि १, २, ४, ७ का एक दूसरे से सम्बन्ध अच्छा होता है; ऐसा ही ३, ६ एवं ९ के लिए भी समझें। ५ का सम्बन्ध अन्य अंकों से न विशेष अच्छा होता है और न विशेष उलझन-कारक। ८ अंक का सम्बन्ध १, २, ३, ४ से अच्छा समझें; लेकिन ४ आने पर सावधानी बरतनी भी आवश्यक है।

वर्ष-फल की जानकारी के लिए एक दूसरे तरीके से भी विचार करें। आपको अपने नाम का नम्बर निकालने पर जो मूलांक प्राप्त हो, उसमें अपने जन्म-नम्बर को जोड़ें, फिर जो योगांक प्राप्त हो उसे ईसवी सन् के मूलांक में जोड़ें; इस प्रकार से जो कंपाउण्ड नम्बर प्राप्त हो उसका विवेचन सन् १९७३ की इस जन्त्री में छपे हमारे लेख में देखें; वर्ष-फल का रहस्य दृष्टिगोचर हो जायेगा।

साधारणतया अंकशास्त्र के आधार पर वर्ष-फल की जानकरी के लिए हमें अपनी जन्म-तारीख के नम्बर से वर्ष के मूलांक का मिलान करना चाहिए। वर्ष १९७७ का मूलांक ६ आता है, इसका भविष्य यदि नम्बर एकवालों के लिए अर्थात् जिनका जन्म १, १०, १९,२८ तारीखों में हुआ है, उनके लिए देखें तो हमें ज्ञात होगा कि १ नम्बर का ६ नम्बर से पारस्परिक सम्बन्ध नहीं है; लेकिन १ नम्बर इतना प्रतिभाशाली नम्बर है कि उसे ६ नम्बर को आधीन बनाने में कोई विशेष कठिनाई नहीं होगी तथापि पारस्परिक सम्बन्ध न रहने के कारण उलझनों का सामना तो करना पड़ सकता है। अन्ततोगत्वा इस वर्ष को हम एक नम्बरवालों के लिए साधारणतया अच्छा ही समझेंगे। किसी

भी तरह की प्रतियोगिता में एक नम्बरवालों को सफलता-प्राप्ति के लिए बड़ी नीतिमत्ता से काम लेना होगा अन्यथा ६ नम्बरवालों से मुकावला पड़ने पर किसी (art of magic) जादू की करामात का शिकार हो सकते हैं।

२ नम्बरवालों के लिए भी यह वर्ष साधारण ही जायेगा। वैवाहिक सम्बन्ध जिसका टलता रहा होगा, उसके लिए यह वर्ष विवाहकारक है। २ नंबर एवं ६ नम्बर में कोई विशेष अनुकूलता तो नहीं हैं; लेकिन ६ नम्बर २ नम्बर को आकृष्ट अधिक करता है। इसलिए २ नम्बर-वालों को संयम से अधिक काम लेना चाहिए अन्यथा रोग एवं पारिवारिक व्यथा से अवश्य पीड़ित हो जायेंगे।

३ नम्बरवालों के लिए यह वर्ष प्रायः अच्छा रहेगा। कुछ वर्षों से चली आ रही उनकी समस्याओं का समाधान इस वर्ष सम्भावित है। सुख-ऐश्वर्य एवं भोग-विलास की सामग्री में पैसा अधिक खर्च होगा; लेकिन भविष्य को दृष्टिगत् रखते हुए अपनी समस्याओं के समाधान के प्रति अधिक जागरूक रहें। जिद्दीपन की आदत त्यागकर इस वर्ष अपना काम निकालने की तरकीब पर ही ध्यान दें।

४ नम्बरवालों के लिए यह वर्ष न विशेष अच्छा है और न-ही खराब; फिर भी ७७ के दुहरे ७ अंक के दृष्टिकोण से यह वर्ष अच्छा ही जाना चाहिए। नौकरी एवं व्यवसाय में तरक्की सम्भावित है; लेकिन स्थानान्तरण का भी योग बनता है। किसी भी प्रतियोगिता में अपनी कुटिल नीति का अनुसरण करने पर ही सफलता सम्भावित है। पारिवारिक दुश्चिन्ता एवं रोग-प्रकोप से सतर्क रहें।

५ नम्बरवालों के लिए यह वर्ष साधारण ही रहेगा। बहुत धैर्य एवं सहनशीलता से काम लेने पर ही सफलता की आशा की जा सकती है। किसी भी प्रकार का गर्व एवं घमंड की मनःस्थिति आ जाने पर बना-बनाया काम बिगड़ सकता है। इसलिए आत्म-संयम से कार्य करें।

६ नम्बरवालों के लिए तो यह वर्ष विशेषतः अच्छा है। नौकरी, व्यवसाय एवं पारिवारिक सुख की दृष्टि से भी यह वर्ष शुभद है। जिनका विवाह किसी कारणवश रुका पड़ा होगा, उनके लिए यह वर्ष निश्चय ही विवाह-कारक है तथा विवाहोपरान्त जिनको बच्चे नहीं हुए हैं, उन्हें नूतन शिशु के शुभागमन की सूचना भी मिलनी चाहिए। दूसरों से सहयोग-प्राप्ति के लिए भी यह वर्ष अच्छा है। रुके हुए काम पूरा करने की चेष्टा करें, साथ-साथ अपनी कमजोरी भी जाहिर न होने दें। कुसंगति एवं दुर्व्यवहार से परिस्थितियाँ विपरीत भी जा सकती हैं जिससे सावधान रहें!

७ नम्बरवालों के लिए भी यह वर्ष अच्छा रहेगा। देश-विदेश की यात्रा अन्यथा तीर्थ-यात्रा तथा नौकरीवालों को स्थानांतरण सम्भावित है। व्यवसायिक दृष्टिकोण से यह वर्ष ७ नम्बरवालों के लिए प्रतिकूल नहीं है; किन्तु शीघ्रता एवं जल्दीबाजी में निर्णय लेने पर नुकसान हो सकता है। यन्त्र-मन्त्र-तन्त्र की सिद्धि के लिए उन्हें यह वर्ष उत्तम है।

८ नम्बरवालों के लिए तो यह वर्ष कुछ अच्छा नहीं प्रतीत होता। उन्हें अपने अधिकारों के प्रयोग में ज्यादा कड़ाई न बरतनी चाहिए अन्यथा परेशानी बढ़ेगी। पारिवारिक एवं सामाजिक स्थितियाँ भी कुछ विशेष अनुकूल नहीं होंगी; फिर भी अपनी विचारधारा पर नियन्त्रण रखते हुए यथाअवसर अपना काम निकाला जा सकता है। आर्थिक सहयोग पाने के लिए चापलूसी से भी काम लेना होगा।

९ नम्बरवालों के लिए यह वर्ष उत्तम फलदायी होगा। अपने ऊपर थोड़ा नियन्त्रण एवं बुद्धिमानी से काम लें तो इस वर्ष उन्हें हर कार्य में सफलता हस्तगत होगी। नौकरी एवं व्यवसाय में तरक्की की दृष्टि से भी यह वर्ष अच्छा है। रुके-रुकाये सभी काम हल होंगे। कुछ कार्य-साधन के लिए सतत प्रयास एवं संघर्ष भी करना पड़ सकता है; लेकिन नीतिमत्ता एवं बुद्धि-चातुर्य से तो सब कार्य अपने आप हल हो जायेंगे। किसी भी कार्य में पराकाष्ठा तक जाने की चेष्टा न करें अन्यथा परिणाम विपरीत होगा।

वर्षफल-विचार की दिशा में अंकशास्त्र के और भी प्रयोगों से काफी सही परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं; लेकिन उसका विवेचन इस छोटे-से लेख के सीमित दायरे में सम्भव नहीं; फिर भी साधारणतया जिन विषयों को गणना में लेना ही चाहिए, उनकी ओर इस लेख में पाठकों का ध्यान आकृष्ट किया गया है।

साढ़े-तीन मुहूर्त—१. चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, २. वैशाख शुक्ल तृतीया (अक्षय तृतीया), ३. आश्विन शुक्ल दशमी (विजया दशमी), ४. कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा ये चार स्वयंसिद्ध मुहूर्त हैं। इसमें कोई भी शुभ कार्य करने के लिए पञ्चाङ्ग-शुद्धि देखने की आवश्यकता नहीं। इन समयों में बालकों को विद्यारम्भ करवा सकते हैं। इसमें प्रथम तीन मुहूर्त पूर्णबली तथा चौथा अर्धबली होने से इसको साढ़े तीन मुहूर्त कहते हैं।

घबाड़-मुहूर्त—सूर्य-नक्षत्र से दिन-नक्षत्र तक गिनकर जितनी संख्या हो, उसको ३ से गुणा दें और गुणनफल में तात्कालिक तिथि-संख्या मिलाने से जो संख्या आवे, उसमें ७ का भाग दें (कोई आचार्य ९ का भाग देने को लिखते हैं) शेष ३ रहे तो उस नक्षत्र-तिथि के योगकाल में घबाड़ योग है, ऐसा समझना। यह योग प्रयाण (यात्रा) में शुभ माना जाता है।

मतांतर से पञ्चक-विचार—शुक्ल प्रतिपदा तिथि से गततिथियों की संख्या में लग्न की राशि-संख्या को जोड़कर नौ (९) का भाग दें। शेष १ बचने से मृत्युपञ्चक, २ से अग्निपञ्चक, ४ से राजपञ्चक, ६ से चोरपञ्चक, ८ से रोगपञ्चक जानें। बलवान लग्न हो, बुध या शुभग्रह केन्द्र, त्रिकोण में हो तो पञ्चक का कोई दोष नहीं होता।

जन्म-कुण्डली के अनुभूत योग

[पं० श्रीकैलाशनाथ उपाध्याय]



शुभगृह महँ जो मंदग्रह रहै भौम बुध साथ।
सूर्य विलोकै ताहि यदि मनुज होइ बुधनाथ ॥
बुध भार्गव मृतिन मद७ दशम१० मंदिर करै निवास।
नारि प्रकृति सो होइ नर, नर संग करै विलास ॥
भृगु मंगल मद७ दशम सुख४ जो निवास कर योग।
त्रिय-स्वभाव नर होइ सो नर सो राखै भोग ॥
जिनके बुध भृगु राहु सँग सप्तम भाव बिराज।
लहै सर्वदा राज-सुख होवै वेश्या बाज ॥
चंद्र शुक्र ते अग्र गृह मंद रहै तनुधाम।
भृगु शशि देखैं ताहि तन होइ सुजाक सकाम ॥
मंद रहै जो केंद्र महँ देखै रवि कवि चंद।
सूर्य्य गृह वा जनित यों होइ सुजावीमंद ॥
रहै वक्र ग्रह गृह महै जेहिके दानवनन्द।
क्षीणवीर्य सो होइ जन करै त्रिया आनन्द ॥
मंगल जेहिके षष्ठ गृह रहै शुक्र के संग।
लखै पापग्रह ताहिको तेहि तन बढ़ै अनंग ॥
शुक्र तुला झख वृष मिथुन जाके करै निवास।
काम अधिक बहु बाम संग सो जन करै विलास ॥
लखै न भार्गव चंद्रमहि शशि को देखै मंद।
देहि नयन रुज मनुज को शील कर्म१० मद चंद ॥
तनुगत मंगल चंद को निरखै भृगु सुर चंद।
होइ काण दृग मनुज सो नयन-ज्योति सो मंद ॥
अग्रभाग मंगल रहै रवि ते व्यय धन-धाम।
सौम्यरहित तेहि नयन महँ चिह्न क मतिग्राम ॥

रहै शुक्र शनि-दृष्ट जो लग्नाष्टम गृह माँहि।
पीड़ा ते जल बहै दृग चोंधर जानौ ताहि ॥
एक अंश व्यय१२ गृह रहै जेहिके मंगल चंद।
दृग में किञ्चित चिह्न तेहि कहिय नयन-सुख मंद ॥
धन गृह जलचर राशि गत शनियुत अमृत भानु।
'कैलाशनाथ' तेहिको कहै दादवान तेहि जानु ॥
मंद सहित जेहिके रहै भास्कर द्वादश केंद्र।
दद्रुवान तेहिको कहै श्रीशुकदेव बुधेन्द्र ॥
चौपाई—जेहिके रिपु-गृह नायक चंदा।
पाप-दृष्ट-युत बलते मंदा ॥
पिलहि रोग उपजै तनु ताके।
शुभ खग जौ न लखै चंदा के ॥
सप्तम-पति तनु नाथ निशेशा।
पाप-दृष्ट कर पिलहि कलेशा ॥
तैसो प शनैश्चर याके।
रुज मंदाग्नि होइ तनु ताके ॥
होइ शनैश्चर क्रूर सो दृष्टा।
सुख४ तनु१ सप्तम७ भाव अनिष्टा ॥
पिलहि व्याधियुत सौख्य बिहीना।
होइ मनुज शनि जो बल-क्षीना ॥
जाके क्रूर केंद्र गृह माहीं।
विकल शरीर करै तब ताहीं ॥
रहै केंद्र रवि निर्बल चंदा।
राखै तेहि आलस ते मंदा ॥
दोहा—रहै लग्न महँ शुक्र जो, लखै पूर्ण दृग मंद।
कटि तट शीतक बात वश, कुटिल रहै दुखकंद ॥
भृगु गुरुयुत चौथे भवन, शनि बुध कुज इक ठाँव।
विकल तासु कर पद रहै, परिपीड़ित करिहाँव ॥
छंद मौक्तिक—रहै सुख-गेह नवाष्टम नाथ।
खल ग्रह ते खग खेचर साथ ॥
कहै श्रुति ज्योतिष पंगुल ताहिं।
गणेश आचार्य निबन्धन माहिं ॥
परै सुख महँ शनि मंगल राहू।
तथा रिपु-मंदिर वासर नाहू ॥
रहै बलहीन शुभग्रह संगु।
कहैं शुकदेव मुनी तेहि पंगु ॥
रह शनि षष्ठपती व्यय भाव।
खलग्रह वीक्षित क्षीण प्रभाव ॥
कहै तेहि ज्योतिष पंगुल पाय।
रहै दुख वायुरुजा तनु छाय ॥
दिवाकर सौम्य शनैश्चर साथ।
परै मृति, षष्ठ, करै रुज हाथ ॥

रहै जेहिके शनि भार्गव कर्म ।
नपुंसक ताहि करै हरि शर्म ।।
रहै रजनीकर केहरि रासि ।
लखै कुज को मदनालय बासि ।।
करै तेहि मानव को तब काण ।
कहै यह ज्योतिष-योग-पुराण ।।
परस्पर देखहिं चंद्र दिनेश ।
करै जब वैषम राशि निवेश ।।
तथा निरखै बुध सूर्य्य-कुमार ।
नपुंसक ताहि करै हत सार ।।
लखै विषमर्क्ष गतो ग्रह वक्र ।
रहै सम राशि निवासिय अर्क ।।
रहै विषमर्क्ष गतो तनु चद ।
कुजे क्षिति संठ करै तेहि मद ।।
रहै भृगु मंगल अष्टम गेह ।
करै तब वायु रुजा तेहि देह ।।
करै तेहिके तनु अण्डक वृद्धि ।
कहै जेहिके मति शोक-समृद्धि ।।

दोहा—भौम राशिगत चंद्रमा रह सप्तम आगार ।
अण्ड-रोग तेहिके कही सीत बात अधिकार ।।
शुक्र चंद कुज-गृह परै गुरु शनि देखै ताहि ।
शुक्र रक्त के दोषते अण्ड-रोग बढ़ि जाहि ।।
मेष वृषभ धनु लग्न जो होइ क्रूर ग्रह-दृष्ट ।
दंत रोग तेहिको कही अष्टम परै अनिष्ट ।।
जन्म-लग्न वा धनु वृषभ खल खग करै निवास ।
मस्तक तासु पिराइ नित शिर खल्वाट विभास ।।
क्रूर रहै धनु नवम सुख औ पँचयें अंगार ।
सो नर राजकसूर करि निवसै कारागार ।।

ज्योतिष के ऐसे ही अनुभूत अकाट्य योगों के द्वारा चमत्कारी फलादेश प्राप्त करने के लिए वंश-परम्परागत ज्योतिषी पं० श्रीकैलाशनाथ उपाध्याय से पत्र-व्यवहार कीजिए। पुस्तकाकार जन्म-कुण्डली-निर्माण की दक्षिणा ३१), वर्ष-फल २१), संपूर्ण जीवन का चमत्कारी फलादेश लिखने की दक्षिणा ६१) है ।

❀ सम्मुख शुक्र-विचार ❀

दैत्येज्यो ह्यभिमुखदक्षिणे यदि स्याद् गच्छेयुर्न हि शिशुगर्भिणीनवोढाः । बालश्चेद्व्रजति विपद्यते नवोढा चेद्वन्ध्या भवति च गर्भिणी त्वगर्भा ।। पित्र्ये गृहे चेत्कुचपुष्पसम्भवः स्त्रीणां न दोषः प्रतिशुक्रसम्भवः । भृग्वङ्गिरोवत्स वशिष्ट-कश्यपात्रीणां भरद्वाजमुनेः कुले तथा ।।२।। उदेतियस्यां दिशि यत्र याति गोलभ्रमाद्वाऽथ ककुब्भसंस्थे । त्रिधोच्यते सम्मुख एव शुक्रो यत्रोदितस्तां तु दिशं न यायात् । यदा पूर्वोदितः शुक्रः पश्चिमे दक्षिणे शुभः । पश्चिमे चोदिताः शुक्रः पूर्वोत्तर शुभप्रदः ।। अस्तंगते गुरौ शुक्रे सिंहस्थे वा बृहस्पतौ । दीपोत्सवलेनैव कन्या भर्तृगृहं व्रजेत् ।। उपचयगते जीवे भृगौ केन्द्रमुपागते । शुद्धे लग्ने शुभाक्रांते गन्तव्यं भर्तृमंदिरम् । पौष्णादि वह्निमाद्याङ्घ्रि यावत्तिष्ठति चंद्रमाः । तावच्छुक्रो भवेदन्धः सम्मुखे दक्षिणे हितम् ।। एकग्रामे पुरे वापि दुर्भिक्षे राष्ट्र-विप्लवे । विवाहे तीर्थयात्रायां प्रतिशुक्रो न दुष्यति ।।

जिस दिशा में शुक्र सम्मुख तथा जिस दिशा में दक्षिण (दाहिने) हो, उन दिशाओं में बालक, गर्भवती स्त्री तथा नूतन विवाहिता स्त्री यात्रा न करे । यदि बालक जाय तो विपत्ति पड़ती है । नूतन विवाहिता स्त्री जाय तो बाँझ हो जाती है। गर्भवती स्त्री जाय तो उसका गर्भपात होता है । यदि पिता के घर में कुच निकल आये तथा रजोदर्शन होने लगे तो सम्मुख शुक्र का दोष नहीं है । भृगु अंगिरा वत्स वशिष्ठ कश्यप अत्रि भारद्वाज गोत्रवालों को सम्मुख शुक्र का दोष नहीं है । सम्मुख शुक्र तीन प्रकार का होता । (१) जिस दिशा में शुक्र का उदय हो । (२) उत्तर दक्षिण गोल-भ्रमणवशात् जिस दिशा में शुक्र रहे (३) अथवा कृत्तिका आदि नक्षत्रों के वश जिस दिशा में हो ; उस दिशा में जानेवाले को शुक्र सम्मुख होगा । जिस दिशा में उदय हो, उस दिशा में यात्रा न करे । यदि पूर्व में शुक्र का उदय हो तो पश्चिम और दक्षिण दिशाओं तथा नैऋत्य और अग्निकोण विदिशाओं को जाना शुभ है । यदि पश्चिम में उदय हो तो पूर्व तथा उत्तर दिशाओं एवं ईशान, वायव्य विदिशाओं में जाना शुभ है । जब बृहस्पति अथवा शुक्र अस्त हो गये हों अथवा सिंहस्थ बृहस्पति हो, कन्या का रजोदर्शन पिता के घर में होने लगा हो, अच्छा मुहूर्त न मिले तो दीपावली के दिन कन्या पति के घर जाय । बृहस्पति उपचय में हो, शुक्र केन्द्र में हो, लग्न शुभ(शुद्ध)हो तथा शुभग्रह से युत हो तब स्त्री पति के घर को यात्रा करे। जब चंद्रमा रेवती से लेकर कृत्तिका के प्रथम चरण के बीच में रहता है तब तक शुक्र अंधा हो जाता है । इसमें सम्मुख अथवा दक्षिण शुक्र का दोष नहीं है । एक ही ग्राम अथवा एक ही नगर में, दुर्भिक्ष, राज्य-परिवर्तन के समय, विवाह तथा तीर्थ-यात्रा में प्रति-शुक्र का दोष नहीं होता ।

कुम्भ मीन लग्नयोर्निषेधः—कुम्भ कुम्भांशको त्याज्यौ सर्वदा जगतै बुधैः । मीने यात्रातिदुःखदा ।।

यात्रा में कुम्भ लग्न अथवा कुम्भ का नवांश सर्वदा वर्जित करना चाहिए । मीन लग्न में यात्रा करने से मार्ग में दुःख मिलता है ।

अयोगे सुयोगोऽपि चेत्स्यात्तदानीमयोगं निहत्यैष सिद्धिं तनोति ।
परे लग्नशुद्ध्या कुयोगादिनाशं दिनार्द्धोत्तरं विष्टिपूर्वं च शस्तम् ।।

जब एक ही समय में एक अच्छा योग हो, दूसरा बुरा योग हो तो अच्छा योग बुरे योग का नाश करके सिद्धि देता है । किन्हीं आचार्यों का मत है कि जब लग्न की शुद्धि हो तो कुत्सित योग का नाश हो जाता है तथा दोपहर के उपरान्त भद्रा का दोष नहीं रहता ।

❀ तांत्रिक-साधना ❀

॥ हनुमद्देव का वीर-साधन ॥

लेखक—ब्रह्मलीन योगिराज परमहंस स्वामी श्रीनिगमानन्दजी सरस्वती

[आवश्यक सूचना—बंगाल के वीर-भूमि जिलान्तर्गत तारापुर नामक ग्राम में उत्तर-वाहिनी द्वारिका नदी के तीर पर विख्यात तारापीठ है। यह महापीठ नहीं, किंतु एक प्रसिद्ध सिद्धपीठ है। यहीं महाकौल 'वामाक्षेपा' नामक एक परम सिद्धपुरुष हो गये हैं जिनका संक्षिप्त परिचय 'कल्याण' मासिक पत्र के शक्ति-अंक, संत-अंकादि में प्रकाशित हो चुका है। इस लेख के लेखक स्वर्गीय स्वामी श्रीनिगमानन्दजी सरस्वती ने उन्हीं महात्मा वामाक्षेपा की कृपा से तंत्रोक्त 'शव-साधना' में सिद्धि-लाभ कर जगन्माता के प्रत्यक्ष दर्शन एवं वर-प्राप्ति से अपना जीवन कृतार्थ किया था। भारतीय तंत्र-शास्त्र के ऐसे अधिकारी विद्वान् एवं सिद्धपुरुष का लेख जंत्री में इस प्राचीन विद्या के प्रेमियों के उपकारार्थ प्रकाशित किया जा रहा है; किंतु इस लेख में जितनी जानकारी लेखक ने स्वयं दी है, उसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार का विवरण या सूचना देना हमारे लिये सम्भव नहीं है। स्वर्गवासी स्वामीजी के शिष्यों में अब कौन, कैसे हैं, कहाँ पर हैं; हमें स्वामी जी का लेख कब कहाँ से किसके द्वारा प्राप्त हुआ" आदि सूचनायें प्राप्त करने के लिए जंत्री-कार्यालय में पत्रों का ताँता लगा रहता है; किंतु इस प्रकार की कोई भी सूचना देना हमारे लिए सर्वथा अशक्य होने से हम सभी पत्र-प्रेषकों से सविनय क्षमा-प्रार्थी हैं; साथ ही सर्वसाधारण के सूचनार्थ यह भी निवेदन है कि इस जंत्री में विज्ञापित, मूल्य लेकर विक्रय किए जानेवाले, यंत्रों की फलवत्ता के विषय में भी हमारी कोई जानकारी और जवाबदेही नहीं है। —संपादक]

योगिनी-साधन के द्वारा जिस प्रकार भोग-विलास किया जा सकता है, उसी प्रकार हनुमत्-साधन के द्वारा शौर्य-वीर्य प्राप्त करके पृथ्वी में अपना आधिपत्य स्थापित किया जा सकता है। इस कारण हम हनुमद्देव की साधन-प्रणाली भी लिख रहे हैं। यह साधन-प्रणाली महापुण्यजनक और महापातक नाशक है। हनुमद्देव की साधना अति गुह्य है और मानव के लिए शीघ्र सिद्धिदायक है। उनकी ही कृपा से अर्जुन त्रिलोकविजयी हुए थे, यथा—

एतन्मन्त्रमर्जुनाय प्रदत्तं हरिणापुरा।
जयेनसाधनं कृत्वा जितं सर्वचराचरं ॥ —(तंत्रसार)

हनुमत्-साधना का मत्र पहले श्रीहरि ने अर्जुन को दिया था। अर्जुन ने इस मत्र का साधन करके चराचर जगत् पर विजय प्राप्त किया था।

गुरुदेव से हनुमन्मन्त्र ग्रहण करके नदी-तट पर, विष्णु-मन्दिर में, निर्जन स्थान में अथवा पर्वतों में एकाग्रचित्त होकर साधन करना चाहिए।

'हं पवननन्दनाय स्वाहा' यह दशाक्षर हनुन्मन्त्र मानव के लिए कल्पवृक्ष के समान है। हनुमद्देव के अन्य मत्रों की अपेक्षा यह मंत्र श्रेष्ठ है, आशुफलप्रद है और अत्यन्त सहज साध्य भी है। अन्यान्य मत्रों की भांति इस मत्र में, यंत्र-पूजा या होमादि नहीं करना पड़ता; केवल जप करने से ही सिद्धि प्राप्त होती है। साधन-प्रणाली इस प्रकार है—

साधक ब्राह्ममुहूर्त में उठकर सध्या वन्दनादि नित्य-क्रिया समाप्त कर चुकने पर नदी-तट पर जाकर स्नान करे; स्नान के बाद तीर्थावाहनपूर्वक आठ बार उपर्युक्त मूल मत्र का जप करे। इसके बाद उस जल से अपने मस्तक को बारह बार अभिषिक्त करे; फिर वस्त्र-युगल पहन कर नदी के किनारे अथवा पर्वत पर बैठकर "ह्रां अगुष्ठाभ्यां नमः" इत्यादि विधि से करन्यास और "ह्रां हृदयाय नमः" इत्यादि विधि से अंगन्यास करे। पश्चात् अ-कारादि षोडश स्वरवर्णों का उच्चारण करके बायीं नाक के छेद में वायुपूरण, क-कारादि नकारान्त पंचविंशति वर्णों का उच्चारण करके कुम्भक और य-कारादि क्षकारान्त नौ वर्णों का उच्चारण करके दक्षिण नासिका से वायु-रेचन करे। इस प्रकार दाहिनी नाक में पूरण, उभय नासापुट में वायु-धारण द्वारा कुम्भक और वाम नासा में रेचन करे। इस प्रकार अनुलोम विलोम क्रम से तीन बार प्राणायाम करे, फिर मंत्र वर्ण द्वारा अङ्गन्यास करके हनुमद्देव का ध्यान करना चाहिये।

ध्यान मंत्र—ध्यायद्रणे हनुमन्तं कपिकोटीसमन्वितम्।
धावन्तं रावण जतुं दृष्ट्वा सत्वरमुत्थितम् ॥
लक्ष्मण च महावीरं पतितं रणम् तले।
गुरञ्च क्रोधमुत्पाद्य गृहीत्वा गुरु पर्वतम् ॥
हाहाकारैः सदर्पैश्च कम्पयन्त जगत्रयं।
आब्रह्माण्ड समाव्याप्य कृत्वा भीमं कलेवरम् ॥

अर्थ—"हनुमानजी रण-क्षेत्र के बीच में हैं और करोड़ों कपियों से घिरे हुए हैं। ये रावण की पराजय के निमित्त दौड़ रहे हैं; इनको देखकर रावण शीघ्र खड़ा हो रहा है। महावीर लक्ष्मण रणभूमि में गिरे हुए हैं। यह देखकर ये क्रोध के साथ महापर्वत उखाड़ कर सदर्प हाहाकार शब्दों के साथ त्रिभुवन कम्पायमान कर रहे हैं। ये ब्रह्माण्ड-व्यापी भीमकलेवर प्रकट करके अवस्थान करते हैं।" ध्यान के इस भावपर विचार करते-करते मंत्र जपना चाहिये।

इस ध्यान के अनुसार हनुमद्देव की चिन्ता करते-करते पूर्वोक्त मंत्र का यथानियम छः हजार बार जप करना चाहिये। जप के अन्त में पुनः तीन बार प्राणायाम करके जप समर्पण करना चाहिये।

इस प्रकार छः दिन तक जप करके सातवें दिन लगातार दिनरात जप करते रहना चाहिये। इस प्रकार दिन-रात एकाग्रचित्त से जप करने पर रात्रि के चतुर्थ याम में महाभय-प्रदर्शनपूर्वक अवश्य ही हनुमद्देव साधक के पास आ जायँगे। यदि साधक भय त्याग कर दृढ़ प्रतिज्ञ हो सके तो वे साधक को अभिलाषित वर प्रदान करते हैं। यथा—


विद्यां वापि धनं वापि राज्यं वा शत्रुनिग्रहम्।
तत् क्षणादेव चाप्नोति सत्यं सत्यं सुनिश्चितम् ॥—तन्त्रसार

साधक विद्या, धन, राज्य अथवा शत्रु-निग्रह इनमें जिस किसी की अभिलाषा करे, तत्क्षण वही वर प्राप्त करता है, इसमें सन्देह नहीं है, फिर तो साधक वर-लाभ करके सुख-पूर्वक संसार में विचरण कर सकेगा।


चमत्कारिक अद्भुत यंत्र

लेखक—ज्योतिष-शास्त्री, डॉ. रामेश्वर प्रसाद त्रिपाठी
"निर्भय" "तंत्राचार्य"
प्लाट ७६६, ब्लाक वाई किदवई नगर कानपुर २०८०२१

धन-ऐश्वर्य-प्राप्ति के लिये सिद्ध विंशति (बीसा यंत्र)




यह सिद्ध विंशति (बीसा यंत्र) हमें अपने सुहृद बंधु श्रीजगजीवन दासजी गुप्त द्वारा प्राप्त हुआ था। इस त्रिकोणात्मक यंत्र के ९ कोष्ठों में एक से लेकर पूरे नौ अंक हैं, एवं किसी अंक की पुनरावृत्ति भी नहीं हुई। इस यंत्र को सर्वप्रथम दीपावली, नवरात्र, ग्रहण आदि पर्व में विधिवत् सिद्ध कर लेना चाहिये; फिर किसी शुभ मुहूर्त में अष्टगंध या केशर की स्याही से इसे भोजपत्र पर लिखकर ताँबे, चाँदी या स्वर्ण के यत्र (खोल) में भरें; फिर शुद्ध मोम भरकर यंत्र का ढक्कन मजबूती से बन्द कर दें ताकि यंत्र में पानी आदि न जा सके। इस यंत्र को गले, अथवा दाहिनी भुजा में धारण करना अथवा कैशबक्स, तिजोरी आदि में रखना चाहिये। इससे धन-ऐश्वर्य एवं सर्व-सुखों की प्राप्ति होती है।



मंदिर-भवन-कूप आदि निर्माण तथा भाग्योदय हेतु
* बीसा यंत्र *


इस यंत्र को दीपावली, नवरात्र अथवा शुक्लपक्ष में जिस दिन गुरुवार(वृहस्पति) हो, उस दिन से लिखना आरम्भ करें। शुद्ध स्वच्छ कागज पर केशर की स्याही से प्रति दिन नियत संख्या में लिखते रहें। जब ९००० यंत्र लिख डालें तो उन सबका धूप, दीप, नैवेद्य आदि से पूजन करें; फिर उन लिखे यंत्रों को एक-एक कर गंगाजी या किसी बहती हुई नदी में प्रवाहित करें; उस समय मनोवांछित फल का मन में स्मरण करते रहें। आपकी मनोकामना पूर्ण होगी।



इस यंत्र को भोजपत्र पर उपरोक्त रीत्यानुसार तैय्यार कर धारण भी कर सकते हैं।

त्रय तापों से मुक्तिकारक महासिद्धिप्रद विंशति यंत्र

यह यंत्रराज लौकिक सुख-समृद्धि के अतिरिक्त पारलौकिक एवं आध्यात्मिक उन्नति में पूर्ण सहायता पहुँचाने



वाला है। जो लोग जीवन के सच्चे सुख-प्राप्ति के अभिलाषी हैं उन्हें इस सिद्ध बीसा यंत्र के प्रत्यक्ष चमत्कार का अनुभव होगा। यंत्र-निर्माण और धारण उपर्युक्त प्रथम बीसा यत्र की भाँति करना चाहिये।

प्रत्येक कार्य में सफलता एवं व्यापारोन्नति हेतु
* अद्भुत चौंतीसा यंत्र *

इस यंत्र को दीपावली, नवरात्र, ग्रहण, आषाढ़ी पूर्णिमा (गुरुपूर्णिमा) आदि किसी पुनीत पर्व पर शुद्ध स्वच्छ कागज पर केशर की स्याही से १०८ बार लिखें तथा नवार्ण मंत्र, अथवा अपने इष्ट मंत्र के कम-से-कम ९००० मंत्र-जप द्वारा अभिमंत्रित करें; फिर यह मंत्र सिद्ध हो जायेगा; पश्चात्

इस यंत्र को भोजपत्र पर अष्टगंध या केशर से अथवा इनके अभाव में रक्तचंदन (लालचंदन) से अनार वृक्ष की कलम से लिखकर उसे शीशे में मढ़वाकर दूकान, गद्दी, आफिस, मकान आदि में रख दें अथवा चाँदी या शुद्ध तांबे की तावीज में भरकर दाहिनी भुजा या गले में धारण करें। यह बड़ा ही चमत्कारिक अचूक यंत्र है ;

ॐ श्रीं श्रियै नमः

७	१२	१	१४
२	१३	८	११
१६	३	१०	५
९	६	१५	४

परीक्षित है। नोट—कागज पर १०८ लिखे हुये यन्त्रों को नदी में प्रवाहित कर दें अथवा कुएं में डाल देना चाहिये।

भूत, पिशाच, चुड़ैल, डाकिनी, शाकिनी, वैताल, जिन्नात आदि के कष्ट-निवारणार्थ इस्लामी यंत्र

यावसत यावसत यावसत यावसत यावसत यावसत यावसत

याहू	११	१४	१	८	यावसत यावसत
याहू याहू	४	५	१०	१५	यावसत यावसत
याहू याहू	६	३	१६	९	यावसत यावसत
याहू याहू	१३	१२	७	२	यावसत

बहक्क याजिब्राइल यामीकाइल याइस्राफील याइज्राइल जो कोई अमुका को देहो का दरद दे रहा है उसे इस फलीते से जला दीजिये।

इस इस्लामी यंत्र को सर्व प्रथम दीपावली, होली, ग्रहण आदि पर्व में सिद्ध कर लेना चाहिये। यंत्र को भोजपत्र पर केशर की रोशनाई से लिखे। यंत्र लिखते समय जहाँ "अमुक" लिखा है, उस स्थान पर उस स्त्री या पुरुष, बालक या बालिका का नाम लिखें जो प्रेतादि बाधा से ग्रस्त हो ; फिर जितना बड़ा यंत्र हो, उतना बड़ा ही कोरा कपड़ा लालरंग या कालेरंग का लें। जिस स्थान पर यह कार्य करना हो, उस स्थान की थोड़ी-सी जगह को मिट्टी से लीप-पोत कर वहाँ उक्त कपड़े का टुकड़ा रक्खें; उसी कपड़े पर यंत्र रखें; फिर धूप दीप नैवेद्य पुष्प आदि चढ़ा कर अब्दुल कादिर जीलानी को मन में स्मरण करके लोबान सुलगावें; तदुपरान्त उस कपड़े समेत यंत्रको बत्ती की तरह लपेट कर बत्ती बनालें और एक कटोरी, कसोरा आदि में शुद्ध चमेली का तेल डाल कर उस बत्ती को उसी में डुबोकर बत्ती जला दें। जब तक वह दीपक जलता रहे, उस मरीज को उस बत्ती की रोशनी दिखाते रहें। इस प्रयोग से हर तरह की प्रेतादि बाधा दूर होकर रोगी ठीक हो जायेगा। परीक्षित है।

* भूत-प्रेतादि दोष-निवारण इस्लामी यंत्र *

इस इस्लामी यंत्र को किसी पर्व पर सिद्ध कर लें; फिर केशर (जाफरान) की स्याही बनाकर यंत्र भोजपत्र पर लिखें और धूप दीप पान फूल नैवेद्य से पूजन करें। लोबान

या करमाईल	२	या ज़िबराईल
३	१०	७
या दरदाईल	८	या तिनकोफाईल

की धूनी दें, पश्चात् यंत्र को ताँबे के खोल(यंत्र) में भरकर बाधा से पीड़ित व्यक्ति को धारण करा दें। यंत्र (तावीज) को काले रंग के डोरे में पिरोकर गले में पहनना अथवा दाहिनी भुजा में बांधना चाहिए। समस्त प्रेतादि बाधाएँ नष्ट हो जायेंगी।

लग्नज्ञानमतिकठिनम्—त्रुटेः सहस्रभागो यो लग्नकालः स उच्यते। ब्रह्मापि तं न जानाति किं पुनः प्राकृतोजनः॥ एक त्रुटि का हजारवाँ भाग लग्न-काल कहलाता है। ब्रह्मा भी इसको नहीं जानते हैं, साधारण आदमी का क्या ठिकाना ?

लग्न-प्रशंसा—लग्न का विचार छोड़कर जो कुछ काम किया जाय, वह सब निष्फल होता है, जैसे ग्रीष्म ऋतु में क्षुद्र नदियाँ सूख जाती हैं। तिथि नक्षत्र योग अथवा चन्द्र के बल का कोई महत्त्व नहीं ; गर्ग, नारद तथा कश्यप मुनि केवल लग्न की प्रशंसा करते हैं। जो लग्न अपने बलवान स्वामी से अथवा बलवान शुभग्रहों से दृष्ट हो, पापग्रहों से युत अथवा दृष्ट न हो, वह लग्न बलवान होता है।

लग्न-शुद्धि—लोग कहते हैं कि चन्द्रमा का बल प्रधान है ; किंतु शास्त्रों के अनुसार लग्न-बल ही प्रधान है। लग्न से ग्यारहवें स्थान में सब ग्रह शुभ होते हैं। ३, ८ स्थानों में सूर्य अथवा शनि शुभ होते हैं। धन अथवा तृतीय स्थान में चन्द्रमा शुभ होता है। ३, ६ स्थानों में मंगल शुभ होता है। २, ३, ४, ५, ६, ९, १० स्थानों में बुध तथा बृहस्पति शुभ होते हैं। २, ३, ४, ५, ९, १० स्थानों में शुक्र शुभ होता है। ३, ५, ६, ८, ९,१०, १२ स्थानों में राहु शुभ होता है।

चरत्रय-निषेध—चर लग्न, चरनवांश तथा चर राशि में स्थित चन्द्रमा, ये तीनों चर निषिद्ध हैं। वर-कन्या के प्राणों का नाश करनेवाले हैं। उदाहरण—कर्क अथवा मेष लग्न हो, तुला का नवांश हो, तुला अथवा मकर में चन्द्रमा हो तो वधू को वैधव्य होता है।

❁ सर्व कार्य-सिद्धि के लिये होरा-मुहूर्त ❁

कालहोरेति विख्यातं सौम्ये सौम्यफलप्रदा । सूर्य शुक्र बुधाश्चन्द्रो मन्दजीवकुजाः क्रमात् ।
यो वारो यत्र दिवसे तदादि गणयेत्क्रमात् । शुभग्रहस्य सुखदो मुहूर्तोनिष्टदुःखदः ।।
गुर्वविवाहे गमने च शुक्रो बौधे सौम्यः सर्वकार्येषु चन्द्रः । कुजे युद्धं राजसेवा रवौ च मन्दे वित्तं चेति होरा क्रमाद्वै ।।
यस्य ग्रहस्य वारेषु कर्म किञ्चित्प्रकीर्तितम् । तस्य ग्रहस्य होरायां सर्व कर्म विधीयते ।।

सर्व कार्य-सिद्धि के लिये होरा-मुहूर्त पूर्ण फलदायक और अचूक है ; पाठक अमल में लाकर सफल मनोरथ हों। सात ग्रहों के सात होरे हैं जो दिन-रात के २४ घण्टों में घूमकर मनुष्य को कार्य-सिद्धि के लिए अशुभ समय में भी सुसमय सुअवसर प्रदान करते हैं। सूर्य का होरा राज-सेवा के लिये उत्तम है; प्रवास के लिये शुक्र का होरा ; ज्ञानार्जन के लिये बुध का होरा ; सर्व कार्य-सिद्धि के लिये चन्द्रमा का होरा ; द्रव्य-संग्रह के लिये शनि का, विवाह के लिये गुरु का तथा युद्ध, कलह और विवाद के लिए मंगल का होरा श्रेष्ठ होता है। प्रत्येक होरा १ घण्टे का होता है। जिस दिन जो 'वार' होता है, उस वार के प्रवृत्तिकाल (यानी सूर्योदय के समय) से १ घण्टा तक उसी वार का होरा रहता है। उसके बाद १ घण्टे का दूसरा होरा उस वार से छठे वार का होता है। इसी प्रकार दूसरे होरे के वार से छठे वार का होरा तीसरे घण्टे तक रहता है। इस क्रम से २४ घण्टे में २४ होरे बीतने पर अगले वार के सूर्योदय-समय उसी (अगले) वार का होरा आ जाता है। जिस कार्य की सिद्धि के लिए ऊपर जो होरा श्रेष्ठ लिख आये हैं, किसी भी दिन उस होरे के १ घण्टे-मुहूर्त में वह कार्य करेंगे तो सफलता आपके हाथ रहेगी। प्रत्येक वार के २४ घण्टों का होरा ज्योतिष-प्रेमी तत्काल मालूम कर सकें, इस वास्ते नीचे चक्र भी दिया जा रहा है। साथ ही खूब अच्छी तरह समझ लेने के लिए उदाहरण दिया जाता है। मान लीजिये, आज गुरुवार है और आज ही आपको कहीं प्रवास करना (जाना) है। ऊपर प्रवास के लिए शुक्र का होरा श्रेष्ठ लिख आये हैं; अतः मालूम करना है कि आज गुरुवार के दिन शुक्र का होरा किस-किस समय रहेगा। चक्र में गुरुवार के सामने खाने में देखा तो चौथे, ग्यारहवें और अठारहवें घण्टे में शुक्र का होरा मिला। अतः आज वृहस्पतिवार को सूर्योदय-समय से ३ या १० अथवा १७ घण्टे बाद के एक-एक घण्टे तक के शुक्र-होरा में आपको जाना चाहिये। इसी प्रकार अन्य दिनों के होराओंके विषय में भी समझ लें।

वार	हो. १	हो. २	हो. ३	हो. ४	हो. ५	हो. ६	हो. ७	हो. ८	हो. ९	हो. १०	हो. ११	हो. १२	हो. १३	हो. १४	हो. १५	हो. १६	हो. १७	हो. १८	हो. १९	हो. २०	हो. २१	हो. २२	हो. २३	हो. २४
र.	र.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	र.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	र.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	र.	शु.	बु.
चं.	चं.	श.	गु.	मं.	र.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	र.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	र.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.
मं.	मं.	र.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	र.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	र.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	र.	शु.
बु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	र.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	र.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	र.	शु.	बु.	चं.	श.
गु.	गु.	मं.	र.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	र.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	र.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	र.
शु.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	र.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	र.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	र.	शु.	बु.	चं.
श.	श.	गु.	मं.	र.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	र.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.	र.	शु.	बु.	चं.	श.	गु.	मं.

बिना सारणी के किसी वार को अभीष्ट होरा-ज्ञानार्थ—

नियम १. किसी भी वार का प्रथम होरा वारेश (उसी वार) से प्रारम्भ होता है।

२. तत्पश्चात् क्रमशः होरा-ज्ञानार्थ उक्त प्रथम होरा(वारेश)के विपरीत क्रम से वारों को एक-एक के अंतर से गिनें। जैसे, बुधवार को प्रथम होरा बुध का, तत्पश्चात् विपरीत क्रम से मंगल को छोड़ कर सोम(चंद्र)का होरा होगा एवं रवि को छोड़कर शनि का होरा होगा। इसी क्रम से आगे शेष२१होरा उस दिन व्यतीत होंगे।

भारत के हर स्थान के लिये शास्त्रोक्त वार-प्रवृत्ति का स्टैं० टा० जानने की विधि—जिस तारीख की वार-प्रवृत्ति यानी वार के आरम्भ होने का स्टैं. टा. जानना हो, उस तारीख के बेलान्तर मिनट को उसके धन या ऋण चिह्न के अनुसार घं. ६ मि. २७ में जोड़ या घटा देने से उस तारीख के वार-प्रवेश का सूक्ष्म, शुद्ध स्टैं. टा. सहज ही ज्ञात हो जायेगा जो होरा-मुहूर्त-साधन में विशेषतः उपयोगी है। 'ज्योतिष-रहस्य' प्रथम खण्ड में पृष्ठ सं. ४३ से ४५ तक हर वर्ष काम देनेवाली बेलान्तर-सारणी छपी है जिसमें प्रत्येक तारीख का बेलान्तर मिनिट +, − चिह्न के साथ दिया गया है।

स्वेदेशसूर्योदयतोत्र वारः सर्वेषु कार्येषु नियोजनीयः । लंकोदयाद्यास्ति दिनप्रवृत्तिस्ततः प्रयोज्याः किलकालहोरा ।।

विशेष—प्रत्येक व्यक्ति को अपनी राशि के स्वामी-ग्रह के शत्रु-ग्रहों की होरा को यात्रा, विवाद, युद्धादि में यत्नपूर्वक त्याग करना चाहिये। जैसे मान लीजिए, देवदत्तजी की जन्म-राशि के स्वामी गुरु हैं और गुरु के शत्रुग्रह बुध और शुक्र हैं। अतः देवदत्तजी को बुध और शुक्र के नैसर्गिक शुभ-ग्रह होने के नाते उनकी होराओं में उक्त कार्य न करने चाहिये, अन्यथा परिणाम में शुभ के बजाय अशुभ फल होगा। इसी प्रकार गुरु के मित्र शुभग्रह चन्द्र हैं। अतः इनकी होरा में ही यत्नपूर्वक उक्त कार्य करना होगा।

❀ चौघड़िया-मुहूर्त ❀

उद्वेगश्चामृतो रोगो लाभः शुभचरौ मृतिः । सूर्यः शुक्रो बुधश्चन्द्रो मंदोजीवो धरासुतः ॥
सूर्यादौ क्रमतो ज्ञेयो रात्रौ पञ्चमगोऽह्निषट् । सूर्यो बृहस्पतिश्चन्द्रः शुक्रो भौमः शनिबुधः ॥

दिन की चौघड़िया

	रवि	सोम	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
पहली चौघ.	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल
दूसरी चौघ.	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ
तीसरी चौघ.	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग
चौथी चौघ.	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग
पाँचवीं चौघ.	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर
छठवीं चौघ.	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ
सातवीं चौघ.	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत
आठवीं चौघ.	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल

रात की चौघड़िया

	रवि	सोम	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
पहली चौघ.	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ
दूसरी चौघ.	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग
तीसरी चौघ.	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ
चौथी चौघ.	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत
पाँचवीं चौघ.	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर
